रजिस्ट्री सं. डी (डी एन)-127

REGISTERED NO. D. (D.N.) 127

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग 1—खण्ड 1

Part I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 76] नई दिल्ली, शुक्रवार, मार्च 30, 1990/चैत्र 9, 1912

No. 76] NEW DELHI FRIDAY MARCH 30, 1990/CHAITRA 9, 1912

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

वाणिज्य मन्त्रालय

(आयात व्यापार नियंत्रण)

नई दिल्ली, दिनांक 30 मार्च 1990

सार्वजनिक सूचना सं 2 आई टी सी (पी एन)/90-93

विषय .—प्रक्रिया पुस्तक, 1990-93 (खण्ड-1 एवं खण्ड-2)

फाइल सं. एच डी/1/1/90-93—इस सार्वजनिक सूचना के उपाबन्ध में प्रक्रिया पुस्तक, 1990-93 (खण्ड-1) दी गई है ।

तेजेन्द्र खन्ना, मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात

अध्याय-1

प्रस्तावना

उद्भव

1. भारत में आयात व्यापार नियंत्रण को द्वितीय महायुद्ध के प्रारम्भिक काल में युद्धकालीन उपाय के रूप में आरम्भ किया गया था । इस सम्बन्ध में भारत रक्षा नियमावली के अधीन प्रदत्त अधिकारों को लागू करने के लिए 20 मई, 1940 को एक अधिसूचना जारी की गई । इस अधिसूचना का मुख्य उद्देश्य विदेशी मुद्रा के स्रोतों को सुरक्षित करना और वास्तविक आयात पर प्रतिबन्ध लगाना था जिससे कि जलयानों के लिए उपलब्ध सीमित स्थान पर पड़ने वाले दबाव को कम किया जा

सके । प्रारम्भिक आदेश के अनुसार आयात की जाने वाली केवल उन 68 वस्तुओं पर नियंत्रण लागू किया गया जिनमें ज्यादातर उपभोक्ता वस्तुएं थीं । विदेशी मुद्रा के स्रोतों पर दबाव पड़ने के कारण बाद में आयात नियंत्रण अन्य वस्तुओं पर भी लागू कर दिया गया । 31 दिसम्बर, 1940 को कच्चे इस्पात और अर्धविनिर्मित इस्पात पर भी नियंत्रण लागू कर दिया गया । 15 फरवरी, 1941 को मशीन के औजारों के आयात पर भी नियंत्रण लागू कर दिया गया । 23 अगस्त, 1941, को बहुत-सी अन्य वस्तुओं को विशेषकर पूंजीगत माल और औद्योगिक आवश्यकता की वस्तुओं को भी आयात नियंत्रण की सीमा में ले लिया गया । इस प्रकार आयात नियंत्रण के अन्तर्गत आने वाली वस्तुओं की सीमा बढ़ती गई। जनवरी, 1942 में कुछ और मदें भी इसकी सीमा में ले ली गईं । 1 जुलाई, 1943 को अन्तिम रूप से एक समेकित अधिसूचना जारी की गई जिसमें मशीन के औजारों के अतिरिक्त सभी नियंत्रित मदें शामिल थीं ।

विधान का विकास

2. युद्ध समाप्त होने पर भारत रक्षा नियमावली रद्द हो गई, इसलिए आयात व्यापार नियंत्रक उपबन्धों को जारी रखने के लिए सितम्बर, 1946 में आयात उपाबन्ध (जारी रखना) अध्यादेश, 1946 जारी किया गया। अन्त में इन नियमों के बदले में आयात और निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 (1947 का 18) बनाया गया जो शुरू में 25 मार्च, 1947 से तीन वर्ष के लिए लागू किया गया । तत्पश्चात्, इस अधिनियम की वैधता 5-5 वर्ष की दो अवधियों के लिए लगातार बढ़ा दी गई, जिसकी पहली अवधि छः वर्ष थी और इसके बाद दूसरी अवधि 31 मार्च, 1971 तक 5 वर्ष की थी । इसके बाद इस अवधि को अनिश्चित काल के लिए बढ़ा दिया गया । इस अधिनियम के अधीन समय-समय पर अनेक अधिसूचनाएं जारी की गईं । इनकी जगह 7 दिसम्बर, 1955 को आयात (नियंत्रण) आदेश सं. 17/55 के नाम से समेकित आदेश जारी किया गया । इस आदेश में समय-समय पर संशोधन किया गया और यह अब तक लागू है । आयात सुविधाओं के दुरुपयोग के विरुद्ध कड़ी कार्यवाई करने की दृष्टि से उपाबन्ध बनाने के लिए 4 नवम्बर, 1975 का आयात और निर्यात (नियंत्रण) संशोधन अध्यादेश 1975 (1975 की सं. 19) जारी किया गया । बाद में इस अध्यादेश के स्थान पर संसद ने आयात और निर्यात (नियंत्रण) संशोधन अधिनियम, 1976 पारित किया । 30 मार्च, 1990 तक यथासंशोधित आयात और निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 तथा आयात (नियंत्रण) आदेश 1955 को इस पुस्तक के खण्ड 2 में पुनः प्रस्तुत किया गया है ।

3. यथासंशोधित निर्यात (नियंत्रण) आदेश, 1988 को आयात-निर्यात नीति 1990—93 खण्ड-दो में पुनः प्रस्तुत किया गया है ।

नियंत्रण के अधीन आने वाली मदें

4. वास्तव में आजकल सभी वस्तुएं आयात नियंत्रण के अधीन हैं और इन्हें आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की अनुसूची 1 में शामिल कर लिया गया है । इस प्रकार की मदों का आयात करना निषेध है। लेकिन, लाइसेन्स के अनुसार अथवा उक्त आदेश के अन्तर्गत जारी किए गए सीमा शुल्क निकासी परमिट अथवा केन्द्र सरकार द्वारा जारी किए गए खुले सामान्य लाइसेन्स या यदि वे मदें उक्त आदेश के खण्ड 11 में उल्लिखित किसी शर्त के अन्तर्गत आती हैं, तो उनका आयात किया जा सकता है । सोने, चांदी, करेंसी नोट, बैंक नोट और सिक्कों के आयात पर विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम, 1973 के अन्तर्गत रिजर्व बैंक आफ इंडिया का नियंत्रण है ।

आयात/निर्यात नीति

5. (1) आयात/निर्यात नीति भारत के असाधारण राजपत्र में सार्वजनिक सूचनाओं के द्वारा घोषित की जाती है। आयात-निर्यात नीति दो खण्डों में जारी की गई है। खण्ड-1 में आयात एवं निर्यात संवर्धन के लिए नीति और प्रक्रिया निहित है और खण्ड-2 निर्यात लाइसेंसिंग शर्तों के अधीन मदों के सम्बन्ध में है । ये मूल्यांकित प्रकाशन हैं और क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकारियों, प्रकाशन नियंत्रक, दिल्ली और सरकारी प्रकाशनों में अन्य प्राधिकारी व्यापारियों के साथ बिक्री के लिए उपलब्ध है ।

(2) आयात एवं निर्यात संवर्धन नीतियों में स्थिरता और अविच्छिन्नता लाने के सरकार के उद्देश्य के परिणामस्वरूप इस बार आयात एवं निर्यात नीति 1 अप्रैल, 1990 से 31 मार्च, 1993 तक तीन वर्ष की अवधि के लिए घोषित की जा रही है। लेकिन, सरकार इस नीति में संशोधन/परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखती है जो कि उपर्युक्त अवधि के दौरान समय-समय पर सार्वजनिक हित में आवश्यक होते हैं । संशोधन आदि, यदि कोई हो, तो यथा पूर्व सार्वजनिक सूचनाएं/संशोधन आदेशों, आदि के माध्यम से अधिसूचित किए जाएंगे जो कि समय-समय पर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा जारी किए जाते हैं । उक्त नीति पुस्तक के प्रावधान समय-समय पर अधिसूचित ऐसे आशोधनों/संशोधनों के अधीन हैं ।

(3) इस पुस्तक में निहित अनुदेश और गाईडलाइन्स समय-समय पर किए गए इस प्रकार के संशोधनों/परिवर्तनों के अधीन लागू हैं ।

(4) यद्यपि यह नीति तीन वर्ष की अवधि के लिए है, लाइसेंसिंग वार्षिक आधार पर लागू रहेगा और सभी हकदारियां अब तक के रूप में, तदनुसार आंकी जाएंगी ।

(5) इस पुस्तक में जहां कहीं "वर्ष" अथवा "लाइसेंसिंग वर्ष" शब्द आते हैं, उनका अर्थ 1 अप्रैल से प्रारम्भ होने वाले 31 मार्च तक के "वित्तीय वर्ष" से लगाया जाना चाहिए ।

(6) मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात सार्वजनिक सूचना जारी करके किसी भी लाइसेन्स अवधि या पण्य वस्तु के आयातकों/निर्यातकों का किसी भी श्रेणी के सम्बन्ध में

आयात लाइसेन्स जारी करने के लिए कोई भी विशेष क्रियाविधि प्रस्तुत कर सकते हैं । ऐसे मामलों में आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने के लिए और उन पर विचार प्रकट करने के लिए निर्धारित क्रियाविधि केवल उसी सीमा तक लागू होगी जो उस सार्वजनिक सूचना में निर्धारित की जाती है ।

आयात के देश

6. जब तक कि लाइसेंसों में अन्यथा उल्लेख न किया गया हो, आयात के लिए लाइसेंस और खुले सामान्य लाइसेन्स और फिजी को छोड़कर संसार के किसी देश से और किसी भी देश का आयात करने के लिए वैध होंगे ।

आयात व्यापार नियंत्रण विनियमनों का अतिक्रमण

7. इस समय लागू आयात और निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम 1947 और आयात (नियंत्रण)आदेश, 1955 इस पुस्तक के खण्ड 2 में उद्धृत किए गए हैं । आयातक और अन्य सम्बद्ध व्यक्ति आयात और निर्यात (नियन्त्रण) अधिनियम, आयात (नियन्त्रण) आदेश और निर्यात (नियन्त्रण) आदेश और इसके अन्तर्गत जारी होने वाले अन्य आदेशों में दिए गए प्रावधानों को ध्यानपूर्वक पढ़ें क्योंकि उनका किसी प्रकार का उल्लंघन करने पर उन्हें सजा दी जाएगी ।

शिकायत भेजने के लिए प्राधिकृत अधिकारी

8. आयात व्यापार नियन्त्रण आदेश सं. 98/85-88 दिनांक 29-2-88, के द्वारा अधिनियम के खण्ड 6 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग कर केन्द्रीय सरकार ने अधिनियम के खण्ड 5 के अधीन सजा योग्य किसी भी प्रकार के अपराध के सम्बन्ध में अदालत में लिखित रूप में शिकायत करने के लिए निम्नलिखित प्राधिकारियों को प्राधिकृत किया है :—

(1) संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात (2) उप मुख्य नियंत्रक, आयात एवं निर्यात (3) सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) के अधीन सीमाशुल्क के अधिकारी (4) लोहा एवं इस्पात, और लोहा एवं इस्पात विकास आयुक्त (5) केन्द्रीय जांच ब्यूरो के आर्थिक जुर्म स्कंध के पुलिस अधीक्षक ।

9. जुर्माने के अलावा जोकि यथा-संशोधित आयात तथा निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम और सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के अधीन लगाए जा सकते हैं, जारी किए गए लाइसेन्स, जैसा भी मामला हो, आयात (नियंत्रण) आदेश में उल्लिखित एक या अन्य स्थितियों में रद्द अथवा अप्रभावित किए जा सकते हैं।

आयात लाइसेन्स प्रक्रिया से छूट

प्रास प्रतिबन्धों से छूट

10. (1) आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 के बचत खण्ड 11 के अन्तर्गत उल्लिखित माल के आयात के लिए किसी आयात लाइसेन्स या सीमाशुल्क निकासी परमिट की आवश्यकता नहीं है ।

(2) आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की बचाव कंडिका 11 (1) (ञ) उस माल के आयात के लिए आयात लाइसेंस अथवा सीमाशुल्क निकासी परमिट प्रस्तुत करने से छूट देती है जिस माल का आयात भारतीय सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 की धारा-20 के अधीन पुनः आयात करने पर सीमाशुल्क से विमुक्त है। पुनः आयात करने पर आयात लाइसेन्स/सीमाशुल्क निकासी परमिट प्रस्तुत करने की यह छूट उस माल के आयात पर भी लागू होगी जिसके लिए आयातक को भारतीय सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 की धारा-20 के प्रावधानों के अनुसार शुल्क वापसी और निर्यात करने के समय उपलब्ध की गई उत्पाद शुल्क/सीमा शुल्क के बदले में सीमा शुल्क चुकाना है ।

11. आयात (नियंत्रण), आदेश 1955 के उप-खण्ड 11 (1) (छछ) में यह दिया गया है कि उपहार के रूप में प्राप्त किए गए माल से भिन्न इस खण्ड के अन्तर्गत आयातित माल के सम्बन्ध में भुगतान भारतीय रिजर्व बैंक की अनुमति से विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत व्यापारियों के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित बातें स्पष्ट की जाती हैं :—

(1) कथित उप-खण्ड में वह उपहार-पार्सल शामिल नहीं है जिसके सम्बन्ध में उपहार प्राप्त करने वाले व्यक्ति द्वारा विदेश में रखी गई विदेशी मुद्रा के लेखे में से भुगतान किया जाता है; और

(2) विदेश में विदेशी मुद्रा का वह लेखा जो भारतीय रिजर्व बैंक की अनुमति से परिचालित किया जा सकता है, उसके लेखाधारी व्यक्ति उक्त उप-खंड के अन्तर्गत आयातित माल के सम्बन्ध में ऐसी निधियों में से केवल भारतीय रिजर्व बैंक की अनुमति से, यदि अन्यथा रूप से स्वीकार्य हो, भुगतान कर सकते हैं ।

12. आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 के बचाव खण्ड 11 (1) के उपखंड (ज) के अनुसार सीमाशुल्क प्राधिकारियों को कार्य निष्पादन सम्बन्धी यह अनुदेश जारी किए गए हैं कि निम्नलिखित किस्मों के माल के आयात को प्रत्येक माल के सामने उल्लिखित सीमा तक आयात व्यापार नियंत्रण क्रियाविधियों से छूट दी जाए :—

यात्रियों का असबाब

13. यात्री असबाब के रूप में एक व्यक्ति द्वारा आयातित मोटर वाहनों आदि से भिन्न माल के लिए आयात लाइसेन्स लेने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु यह समय-समय पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और सीमाशुल्क बोर्ड द्वारा जारी किए गए असबाब नियमों के अधीन प्राप्त सीमा तक कुछ सीमाओं/शर्तों के अधीन है। केवल ऐसी वस्तुओं के लिए यह अनुमति दी जाएगी जो असबाब नियमों के अन्तर्गत यथार्थ असबाब समझे जाएंगे ।

14. असबाब नियमों के अधीन माल के आयात के लिए सुविधाओं के ब्यौरे देते हुए संबंधित सीमाशुल्क अधिसूचना और पब्लिक नोटिस इस पुस्तक के खण्ड 2 में उद्धृत किए गए

है। पर्यटकों, कर्मीदलों के लिए लागू नियम और निवास स्थान अन्तरण नियम भी उसी में निहित है।

संयुक्त राष्ट्र संघ

15. संयुक्त राष्ट्र संघ के कर्मचारी और इसकी विशेष एजेन्सियां जो संयुक्त राष्ट्र (विशेषाधिकार एवं प्रतिरक्षण) अधिनियम, 1947 के अन्तर्गत सीमाशुल्क कर के भुगतान से मुक्त हैं, के द्वारा माल का आयात जिसमें आयात के समय संयुक्त राष्ट्र संघ या इसकी विशेष एजेन्सियों द्वारा उनके संयुक्त राष्ट्र संघ के अभिकर्ताओं द्वारा या इसकी विशेष एजेन्सियों जो भी हर्ष द्वारा प्रकाशनों का आयात शामिल है।

भारतीय डाक्टरों द्वारा चिकित्सा उपस्कर का आयात

16. भारत में व्यवसाय करने के लिए विदेश से लौटने वाले भारतीय डाक्टरों (मेडिकल प्रैक्टीशनरों) को अधिकतम दो लाख रुपए के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के नए या उपयोग किए गए चिकित्सा उपस्करों की अनुमति दी जा सकती है बशर्ते कि (1) सम्बद्ध व्यक्ति कम से कम दो वर्षों की अवधि से लगातार विदेश में रह रहा हो; (2) आयातित उपस्कर भारत में उसके अपने निजी पेशे के उपयोग के लिए अपेक्षित हों, (3) विषयाधीन उपस्कर विदेश से उसकी विदेशी मुद्रा की कमाई से खरीदा गया हो। दो लाख रुपये की अधिकतम मूल्य सीमा उन मामलों में लागू नहीं होगी जहां विषयाधीन उपस्कर का उपयोग आयातक द्वारा उसके भारत लौटने से पूर्व विदेश में कम से कम एक वर्ष की अवधि के लिए किया गया है।

व्यवसायिकों द्वारा वैज्ञानिक औजार/उपकरणों का आयात

17. (1) भारत में स्थायी रूप से रहने के लिए आने वाले उच्च योग्यता प्राप्त व्यवसायिकों को नए या उपयोग किए गए व्यवसायिक वैज्ञानिक औजारों या उपकरणों के आयात की अनुमति अधिकतम दो लाख रुपए के मूल्य तक बिना किसी आयात लाइसेंस या सीमाशुल्क निकासी परमिट के दी जा सकती है बशर्ते कि :—

(1) संबंधित व्यवसायिक कम से कम दो वर्षों की अवधि से लगातार विदेश में रह रहा हो;

(2) आयातित उपस्कर की आवश्यकता भारत में उनके निजी उपयोग के लिए हो; और

(3) उपस्कर विदेश में विदेशी मुद्रा की उसकी निजी कमाई में से खरीदा गया हो।

दो लाख रुपये की अधिकतम मूल्य सीमा उन मामलों में लागू नहीं होगी जहां विषयाधीन उपस्कर का उपयोग आयातक द्वारा उसके भारत लौटने से पूर्व विदेश में कम से कम एक वर्ष की अवधि के लिए किया गया हो।

इस उद्देश्य के लिए उच्च योग्यता प्राप्त व्यवसायिक वह व्यक्ति होगा जो किसी भारतीय विश्वविद्यालय या मान्यप्राप्त विदेशी विश्वविद्यालय से विज्ञान प्रौद्योगिकी, इंजीनियरी या चिकित्सा में स्नातकोत्तर डिग्री या इसके बराबर डिग्री रखता हो और जिसने अपनी विशिष्टता के क्षेत्र में विदेश में एक साल से अधिक वैतनिक पेशा किया हो।

(2) जिस मामले में उपर्युक्त पैरा 16 और 17 (1) में उल्लिखित आयातित चिकित्सा उपस्कर/औजार का मूल्य दो लाख रुपये से अधिक होता हो, उसमें सीमाशुल्क निकासी परमिट जारी करने के लिए मुख्य नियन्त्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को आवेदन-पत्र भेजना चाहिए। यह तभी किया जा सकता है जबकि आयातक उपर्युक्त कण्डिका 16 और 17 (1) में यथा व्यवस्थित उच्च मूल्य सीमा में छूट के लिए पात्र नहीं हों।

विदेशी पर्वतारोहण अभियान दल द्वारा असबाब के रूप में माल

18. विदेशी पर्वतारोहण अभियान दलों के सदस्यों द्वारा असबाब के रूप में आयातित माल, बशर्ते कि ऐसा माल :—

(1) सीमाशुल्क कर की भुगतान से मुक्त हो; और

(2) माल की निकासी के समय आयातक सीमाशुल्क प्राधिकारियों को यह घोषणापत्र दे कि वह भारत छोड़ेगा तो गैर-उपभोज्य माल का पुनः निर्यात किया जाएगा।

टिप्पणी :—यदि आयातित माल अभियान दल के किसी एक सदस्य का नहीं है, परन्तु सारे दल का है तो दल के नेता द्वारा उपर्युक्त (2) में उल्लिखित घोषणा पत्र दिया जा सकता है; तब यह देखना उसका उत्तर-दायित्व होगा कि उसके द्वारा भारत छोड़ने के समय तक विषयाधीन माल का पुनः निर्यात कर दिया जाता है।

पेन्टिंग्स

19. चिल्ड्रन बुक ट्रस्ट, नेहरू हाउस, नई दिल्ली को संबोधित "शंकर्स इंटरनेशनल कम्पीटीशन की पेन्टिंग्स" के लिए बच्चों की पेन्टिंग।

धर्मार्थ संगठनों/व्यक्तियों द्वारा खाद्य पदार्थ आदि

20. जाति, धर्म या वर्ण के किसी भेद के बिना गरीबों और दरिद्रों को मुफ्त वितरण के लिए किसी विदेशी लोकोपकारी संगठन से या व्यक्तियों से मुफ्त उपहारों के रूप में किसी धर्मार्थ संगठन या किसी व्यक्ति द्वारा प्राप्त वस्तुएं जैसे खाद्य पदार्थ औषधियां, कपड़े और कम्बल, अधिसूचना सं. 85/82 कस्टम, दिनांक 15 मार्च, 1982 (समय-समय पर यथासंशोधित) के अनुसार सीमाशुल्क से मुक्त हैं।

खाद्य पदार्थ के पार्सल

21. उपहार के रूप में विदेश से भेजे गए खाद्य पदार्थ के पार्सल।

विदेशी नागरिकों द्वारा खाद्य पदार्थ और खाद्य सामग्री

22. भारत में रहता हो परन्तु भारत का नागरिक न हो, ऐसे व्यक्ति द्वारा वे खाद्य पदार्थ और खाद्य सामग्री (फल उत्पाद, अलकोहल और तम्बाकू को छोड़कर) जो अधिसूचना सं. 135-कस्टम्स दिनांक 20-6-1966 (समय-समय पर यथासंशोधित) के अनुसार सीमाशुल्क से मुक्त है, बशर्ते कि एक व्यक्ति जिसके साथ उस पर निर्भर कोई संबंधी न रहता हो उसके मामले में एक वर्ष में लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य 800/- रुपये से अधिक न हो और जिस व्यक्ति के साथ उस पर निर्भर कोई संबंधी रहता हो उसके मामले में लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य एक वर्ष में 1600/- रुपये से अधिक न हो।

भारतीय रेडक्रास सोसायटी को मुफ्त उपहार

23. भारतीय रेडक्रास सोसायटी को विदेशों से प्राप्त मुफ्त उपहार बशर्ते कि एसे माल पर सीमा शुल्क छूट हो।

राहत सप्लाई और पैकेज

24. विदेशी सरकार के साथ भारत सरकार द्वारा किए गए समझौते में शामिल किसी सरकारी एजेंसी या अन्य अनुमोदित एजेंसी के माध्यम से समझौते में दी गई शर्तों के अधीन उपहारों के रूप में प्राप्त राहत सप्लाई और पैकेज—बशर्ते कि वे सीमा-शुल्क से मुक्त हों।

राष्ट्रीय रक्षा कोष को दान

25. राष्ट्रीय रक्षा कोष को दान में दी गई वस्तुएं या रक्षा कर्मचारियों के उपयोग के लिए भारत सरकार को दान में दी गई वस्तुएं और भारतीय रेडक्रास सोसायटी को दान में दिए गए ऊन/ऊनी वस्त्र और ऊनी परिधान, बशर्ते कि वे कस्टम अधिसूचना सं. 168, 169 और 170-कस्टम्स, दिनांक 8-11-1972 (समय-समय पर यथासंशोधित) अनुसार सीमाशुल्क से मुक्त हों।

अभिदर्शित सिनेमाटोग्राफिक फिल्मों का बान्डिंग

26. सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा सेन्सरशिप पुनरीक्षा या पुनः निर्यात के लिए आयात की गई और बांड में रखने के लिए अनुमित अभिदर्शित फिल्में।

आकाशवाणी और दूरदर्शन को टेलीविजन/टेप रिकार्डिंग आदि का उपहार

27. टेलीविजन/टेप रिकार्डिंग, विद्युतीय रिकार्डिंग/डिस्क्स और ग्रामोफोन रिकार्ड्स के मुफ्त उपहार जिनमें कोई विदेशी मुद्रा शामिल नहीं है और जिनका कोई वाणिज्यिक मूल्य नहीं हो, की अनुमति आकाशवाणी अथवा दूरदर्शन को है।

विदेशी प्रचारकों अर्थात् रेडियो, प्रेस, फिल्मों, दूरदर्शन दलों और दूरदर्शन कम्पनियों द्वारा उपस्करों, कोरी फिल्मों आदि का आयात

28. (1) भारत आने वाली विदेशी दूरदर्शन कम्पनियों द्वारा आयात किए गए उपस्कर और कोरी फिल्मों को आयात व्यापार नियंत्रण से छूट दी जाएगी; इसकी शर्त यह होगी कि विदेश मंत्रालय के विदेश प्रचार प्रभाग से और जहां आवश्यक हो, गृह मंत्रालय से भी निकासी प्राप्त करने के बाद, भ्रमण विदेश मंत्रालय/सूचना और प्रसारण मंत्रालय/पर्यटन विभाग द्वारा प्रायोजित किया हो। निकासी की अनुमति देते समय सीमाशुल्क प्राधिकारी आयातक से बैंक गारन्टी या अन्य जमानत के साथ इस सम्बन्ध में एक वचन-पत्र प्राप्त करेंगे कि भारत छोड़ते समय आयातक आयातित मदों का पुनः निर्यात कर देगा।

(2) भारत में फिल्मों की शूटिंग के लिए पुनः निर्यात के आधार पर विदेशी फिल्म कम्पनियों द्वारा सिनेमा उपस्कर और कोरी फिल्म के आयात को आयात व्यापार नियंत्रण प्रतिबन्ध से मुक्त किया गया समझा जाएगा, बशर्ते कि विषयाधीन आयात को वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) द्वारा सीमा शुल्क से छूट दे दी गई हो और इसके लिए या तो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय या विदेश मंत्रालय (विदेश प्रचार प्रभाग) द्वारा निकासी प्रदान कर दी गई हो।

फिल्मों का आयात

29. दूरदर्शन, भारतीय राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार, शिवाल फिल्म सोसायटी, बम्बई और भारतीय फिल्म और दूरदर्शन संस्थान द्वारा (1) उपहार के रूप में (2) उधार के आधार पर (3) विनिमय के आधार पर (फीचर फिल्मों सहित) फिल्मों का जिन मामलों में विदेश व्यापार में लगे हुए जलयान तटीय व्यापार आयात नियंत्रण प्रतिबन्ध के बिना ही अनुमित किया जाएगा।

जिन मामलों में विदेश व्यापार में लगे हुए जलयान तटीय व्यापार में हस्तान्तरित कर दिए जाते हैं, उनमें पोत के भंडारगारों का हस्तान्तरण

30. उन मामलों में जहां विदेश व्यापार में लगे हुए जलयान तटीय व्यापार को हस्तान्तरित कर दिए जाते हैं, उनमें जलयान के उपभोज्य भण्डार को सीमाशुल्क के भुगतान पर जलयान के साथ ही हस्तान्तरित करने की अनुमति दी जाती है।

विज्ञापन ब्लाक्स

31. प्रेषित माल के साथ विज्ञापन ब्लाक्स जो भारतीय प्रेस में विदेशी व्यापार संस्थाओं द्वारा दिए गए विज्ञापन से संबंधित समाचार प्रतिष्ठानों को निःशुल्क भेजे गये हों, बशर्ते कि उनका लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य किसी भी एक समय में 800/- रुपये से अधिक न हो।

अनुमोदन के आधार पर मरकत और अन्य बहुमूल्य रत्नों और हीरों का आयात और निकासी से पहले अन्तर्वस्तुओं की जांच

32. जल मार्ग या वायुमार्ग (डाक से भिन्न) द्वारा आयातित मरकत, हीरे और अन्य बहुमूल्य पत्थर आ पहुंचने पर निरीक्षण के लिए बांड में रखे जाते हैं। माल की वह मात्रा

जो निरीक्षण के पश्चात् अनुमोदित की जाती है, उसकी निकासी की अनुमति वैध आयात लाइसेंस के मद्दे दी जा सकती है ।

टिप्पणी—पूर्वोक्त सुविधा डाक पार्सलों द्वारा मरकतों और बहुमूल्य रत्नों के आयात के मामले में उपलब्ध नहीं होगी क्योंकि यूनिवर्सल पोस्टल कनवेन्शन के अन्तर्गत एक पार्सल दो भागों में विभाजित नहीं किया जा सकता अर्थात् एक भाग रख लेने और दूसरा भाग भेजने वाले को लौटा देने के लिए विभाजित नहीं किया जा सकता है । इसलिए, डाक पार्सलों की अन्तर्वस्तुएं या तो स्वीकार की जा सकती है या कुल मिलाकर अस्वीकार की जाती है । लेकिन, यदि माल पाने वाला ऐसा चाहेगा तो आयातक या उसके एजेन्ट को ऐसे डाक पार्सलों की अन्तर्वस्तुओं का सीमाशुल्क प्राधिकारियों के नामें डाल दिया जाएगा और एक बार लाइसेंन्स के जाएंगी । निरीक्षण की अनुमति सीमाशुल्क प्राधिकारी द्वारा निर्दिष्ट समय और तिथि को दी जाएगी । यदि आयातक नियुक्त समय और तिथि को निरीक्षण के लिए नहीं आता है तो पार्सल भेजने वाले को लौटा दिया जाएगा । यदि आयातक पार्सल को स्वीकार कर लेता है तो वह वैध लाइसेंस के आधार पर इसकी निकासी प्राप्त कर सकता है और पार्सल का सारा मूल्य लाइसेन्स के नामें डाल दिया जाएगा और एक बार लाइसेन्स के नामें डाला गया मूल्य रद्द नहीं किया जाएगा ।

निर्यातकों द्वारा नमूने

33. विदेश यात्रा के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रदान की गई विदेशी मुद्रा की ब्लैन्किट रिहाई के मद्दे निर्यात संवर्धन के लिए निर्यातकों द्वारा आयातित नमूने ।

लेबल, कीमत टैग और निर्यात उत्पादों के लिए ऐसी ही वस्तुएं

34. (1) भारतीय निर्यातकों को विदेशी क्रेताओं द्वारा दिए गए विशेष आदेशों के आधार पर माल पर लगाए जाने के लिए विदेशी क्रेताओं द्वारा भेजे गए लेबल, कीमत टैग और बटन और बैल्ट जैसी ट्रिमिंग सामग्री की निकासी की अनुमति दी जा सकती है, बशर्ते कि सीमाशुल्क प्राधिकारी मामले की प्रमाणिकता से सन्तुष्ट हो । इसमें मुफ्त में सम्भरित किए जाने वाले "हैंगर्स" के वे आयात भी शामिल होंगे जिनका पोशाकों के साथ पुनः निर्यात किया जाना है ।

(2) पोशाकों, सलाई से बुने हुए वस्त्रों और तैयार मदों के पंजीकृत निर्यातक जब वे बाहर से आ रहे हों तो उन्हें किसी भी आयात नियंत्रण के बिना अधिकतम 1,000 रुपये (लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य) तक के लिए असबाब के एक भाग के रूप में लेबल्स के आयात करने की अनुमति होगी ।

वाणिज्यिक नमूने/विज्ञापन सामग्री

35. वे वाणिज्यिक नमूने और विज्ञापन सामग्री, जिनका आयात 7-11-1952 को जनेवा में हुए अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के अनुसार सीमाशुल्क कर से मुक्त है । देखें सीमाशुल्क अधि-सूचना सं. 185 और 186 दिनांक 2-8-76 और सं. 33 दिनांक 7-2-86 ।

अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय प्रदर्शनियों या मेलों के लिए अपेक्षित प्रदर्शन की वस्तुएं

36. भारतीय व्यापार मेला प्राधिकरण या भारत सरकार द्वारा अनुमोदित अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय प्रदर्शनियों या मेलों के संबंध में अपेक्षित गैर-उपभोज्य माल के आयात की अनुमति बिना किसी आयात लाइसेन्स या सीमाशुल्क निकासी परमिट के दी जा सकती है बशर्ते कि भारत में आयात की तिथि से 6 महीनों की अवधि के भीतर विषयाधीन माल का पुनः निर्यात किया जाए और माल की निकासी के समय इस उद्देश्य के लिए एक अपेक्षित बांड और बैंक गारन्टी या सक्षम सीमाशुल्क अधिकारी की संतुष्टि के लिए कोई दस्तावेज सीमाशुल्क प्राधिकारियों को भेजा जाए । प्रदर्शनी से संबंधित सामग्री जहां अनुमेय है, के लिए क्रियाविधि अध्याय-8 में दी गई है ।

37. प्रदर्शन की वस्तुओं से संबंधित उपभोज्य मदों जैसे मुद्रित सामग्री, पैम्फलेट, साहित्य आदि के आयात को भी आयात व्यापार नियंत्रण क्रियाविधि से छूट होगी । विज्ञापन की वस्तुओं के अतिरिक्त उपभोज्य माल की निकासी की अनुमति भी सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा सीमाशुल्क निकासी परमिट या आयात लाइसेन्स के बिना दी जा सकती है ।

निजी प्रदर्शनी और प्रदर्शन के उद्देश्य के लिए पुनः निर्यात की शर्त के साथ आयात

38. (1) निजी प्रदर्शनी/प्रदर्शन के उद्देश्य के लिए उपस्कर के आयात की अनुमति बिना किसी भी आयात लाइसेन्स सीमाशुल्क निकासी परमिट के दी जाएगी बशर्ते कि विषयाधीन माल आयात करने की तिथि से 6 महीने की अवधि के भीतर पुनः निर्यात किया जाए और संबद्ध सीमाशुल्क प्राधिकारी के माध्यम से और उसके पास से माल की निकासी के समय आयातक इस उद्देश्य के लिए एक बांड और बैंक गारन्टी या साक्ष्य सीमा शुल्क अधिकारी की संतुष्टि के लिए किसी दस्तावेज का निष्पादन करे ।

(2) आयातक अगर छः महीने की निर्दिष्ट अवधि के भीतर माल को पुनः निर्यात नहीं कर पाता तो समय अवधि बढ़ाने के लिए उसे संबंधित सीमाशुल्क प्राधिकारी को आवेदन करना चाहिए जो गुण-अवगुण के आधार पर पुनः निर्यात की समय अवधि को बढ़ाने की मंजूरी पर विचार करेगा । एक वर्ष से अधिक समय अवधि बढ़ाने के अनुरोधों पर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात गुण-अवगुण के आधार पर विचार करेंगे और उतनी समय अवधि बढ़ाई जाएगी जितनी का वह निर्णय लेंगे ।

(3) प्रदर्शन की वस्तुओं की बिक्री, यदि अनुमेय हो तो, निर्यात के लिए अनुमति बांड अवधि के भीतर केवल वैध आयात लाइसेन्स के मद्दे दी जाएगी । यह सुविधा ऐसे वास्तविक उपयोक्ताओं को भी उपलब्ध होगी जो खुले सामान्य लाइसेन्स के अन्तर्गत उसी माल का आयात करने के लिए पात्र हैं ।

खुले सामान्य लाइसेन्स सं. 4 के अन्तर्गत आयात

39. यथासंशोधित खुला सामान्य लाइसेन्स सं. 4 निर्धारित शर्तों के अधीन लाइसेन्स तथा सीमाशुल्क निकासी परमिट के बिना कुछ मदों के आयात की अनुमति देता है। यह सुविधा निम्नलिखित प्रकार से उपलब्ध है :—

(1) सीमाशुल्क प्राधिकारी खुले सामान्य लाइसेन्स सं. 4 के अन्तर्गत अनुमेय नमूनों और विज्ञापन सामग्री की निकासी की अनुमति दे सकते हैं, चाहे सम्बन्धित आयातक को भाड़ा और बीमा खर्च क्यों न देना पड़े, बशर्ते कि नमूनों अथवा विज्ञापन सामग्री का कुल मूल्य जिसमें भाड़ा और बीमा खर्च भी शामिल हो, एक प्रेषण में खुले सामान्य लाइसेंस सं. 4 में दर्शाई गई सीमा से अधिक न हो। ऐसी परिस्थिति में, सीमाशुल्क समाहर्ता संबंधित प्रविष्ट बिल पर समुचित रूप से पृष्ठांकन करेगा ताकि आयातक भाड़ा और बीमा खर्च के सम्बन्ध में भारतीय रिजर्व बैंक से प्रेषण सम्बन्धी सुविधाएं प्राप्त कर सके।

(2) कुछ मामलों में तत्काल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वास्तविक तकनीकी और व्यापार नमूनों का आयात हवाई भाड़ा पार्सल द्वारा किया जाना चाहिए जबकि प्रेषण का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य खुले सामान्य लाइसेंस सं. 4 में निर्धारित सीमा से अधिक होता हो। वास्तविक तकनीकी और व्यापार नमूनों की निःशुल्क की गई ऐसी आपूर्ति के संबंध में यदि विदेशी संभरक बीमा और वायु भाड़े से संबंधित खर्च भी सहता है तो सीमा शुल्क प्राधिकारी निकासी की अनुमति दे सकता है बशर्ते कि आयात अन्यथा रूप से खुले सामान्य लाइसेन्स सं. 4 के अन्तर्गत आता हो।

(3) यद्यपि खुले सामान्य लाइसेन्स सं. 4 में किसी विशेष प्रकार के आयातक का उल्लेख नहीं है जो कि नमूने आयात करने के लिए पात्र है यह स्पष्ट किया जाता है कि केवल ऐसे आयातक जो कि उत्पादन अथवा वाणिज्यिक बिक्री अथवा माल के वितरण से संबंधित हैं वे, विदेशी संभरकों से निःशुल्क नमूने/विज्ञापन सामग्री मंगवा सकते हैं। जो आयातक उत्पादन अथवा वाणिज्यिक बिक्री अथवा वितरण से संबंधित नहीं हैं उन्हें ये रियायतें नहीं मिलेंगी। लेकिन वे निर्यात संवर्धन परिषद और निर्यात व्यापार सदन जिनके पास मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात, नई दिल्ली द्वारा जारी किया गया निर्यात व्यापार सदन प्रमाण-पत्र है उन्हें सीमा-शुल्क प्राधिकारियों द्वारा खुले सामान्य लाइसेन्स सं. 4 के अन्तर्गत तकनीकी और व्यापार नमूनों के आयात के संबंध में रियायत दी जाएगी।

(4) व्यापार नमूना वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए सम्बद्ध मद की बिक्री को बढ़ाने के लिए है। विनिर्माता द्वारा तकनीकी नमूने की आवश्यकता उसके अन्तिम उत्पाद(दों) के डिजाइन को सुधारने/उसका विकास करने के लिए है। फिनिश्ड उपभोज्य वस्तुओं का व्यापार नमूनों के रूप में आयात करने की अनुमति नहीं होगी। खुले सामान्य लाइसेन्स संख्या 4 के अन्तर्गत व्यापार नमूना के रूप में आयात की जाने वाली उस मद के लिए सीमा-शुल्क प्राधिकारी अनुमति नहीं देगा यदि विषयाधीन मद पोतलदान के समय चालू नीति के अन्तर्गत आयात के लिए अनुमेय नहीं हो। सीमा शुल्क प्राधिकारी तकनीकी नमूने के रूप में आयात की जाने वाली मद के लिए भी अनुमति नहीं देगा यदि आयातक इस मद के उत्पादन में नहीं लगा हुआ हो और न ही इस स्थिति में हो कि वह सीमा शुल्क प्राधिकारी को संतुष्ट कर सके कि विषयाधीन मद के उत्पादन के लिए उसकी योजना संबंधित प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित कर दी गई है।

टिप्पणी :—वास्तविक तकनीकी और व्यापार नमूनों या विज्ञापन सामग्री के कई परेषणों के आयात जो उसी संभरक द्वारा उसी प्रेषिति को भेजे जाते हैं और उसी मेल से प्राप्त होते हैं (यद्यपि प्रत्येक प्रेषण का मूल्य विशिष्टिकृत मूल्य सीमा से अधिक नहीं होता है) तो एक प्रेषण में वास्तविक तकनीकी और व्यापार सामग्री अथवा विज्ञापन सामग्री के लिए आयातों के लिए रखी गई सीमा का उल्लंघन समझा जाएगा और इसलिए खुले सामान्य लाइसेन्स में निहित सुविधा के लिए पात्र नहीं होंगे।

कमियों को दूर करने के लिए माल का पुनः आयात और उसके बाद पुनः निर्यात

40. भारतीय विनिर्मित माल का निर्यात और माल पाने वाले से मरम्मत और पुनः निर्यात के लिए विनिर्माता द्वारा उस माल की वापस प्राप्ति।

विदेशी तकनीशियनों द्वारा निजी असबाब के रूप में निर्माण औजारों का पुनः निर्यात के आधार पर आयात

41. (1) अध्ययन, अनुसंधान अथवा अनुमोदित कार्यक्रमों के लिए भारत में आने वाले विदेशी तकनीशियन/विशेषज्ञों को भारत में उनके कार्य से संबंधित औजारों और उपस्करों को पुनः निर्यात के आधार पर सीमा शुल्क निकासी परमिट के बिना ही निकासी के लिए स्वीकृति दी जा सकती है और यह स्वीकृति ऐसी वचनबद्धता के अधीन होगी जिसे सीमा-शुल्क प्राधिकारी आवश्यक समझें।

(2) संरचना कार्य के लिए आने वाले विदेशी तकनीशियनों को संरचना कार्य के लिए आवश्यक संरचना औजार/परीक्षण उपकरण के लिए सीमा शुल्क निकासी परमिट के बिना ही पुनः निर्यात के आधार पर आयात करने की स्वीकृति दी जाएगी किन्तु यह

सीमाशुल्क प्राधिकारी द्वारा मांगी जाने वाली अपेक्षाओं के अधीन होगा ।

वैज्ञानिक उपस्कर

42. वैज्ञानिक अनुसन्धान या गैर-वाणिज्यिक शिक्षा के उद्देश्य के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जिन वैज्ञानिक या शैक्षिक संस्थानों (लाभ न कमाने वाले) का अनुमोदन किया जा सकता है या कर दिया गया है, वे पुनः निर्यात की शर्त के अधीन नीचे निर्दिष्ट वैज्ञानिक उपस्कर का आयात कर सकते हैं बशर्ते कि वे उपस्कर अधिसूचना सं. 84/एफ-11/75-कस्टम-5, दिनांक 11-9-1971 (समय-समय पर यथासंशोधित) के अनुसार सीमाशुल्क से मुक्त हों :—

(1) वैज्ञानिक उपस्कर जैसे औजार, उपकरण, मशीन या उनके उप-साधित्र;

(2) ऊपर (1) में उल्लिखित वैज्ञानिक उपस्कर के अतिरिक्त पुर्जे; और

(3) जो वैज्ञानिक उपस्कर केवल वैज्ञानिक अनुसंधान या शिक्षा के उद्देश्य के लिए उपयोग में लाया जाता है, उसके रख-रखाव, जांच करने, टेस्ट करने या मरम्मत करने के लिए विशेष रूप से रूपांकित यंत्र ।

निर्यात के प्रयोजनों के लिए नमूनों को बनाने के लिए विदेशी क्रेताओं/विशेषज्ञों/सलाहकारों द्वारा सामान/औजारों का आयात ।

43. भारत आने वाले विदेशी क्रेताओं/विशेषज्ञों/सलाहकारों को जो कि निर्यात उत्पाद के नमूनों जिन्हें वे भारत से खरीदना चाहते हैं के विनिर्माता के लिए सामान/औजारों की निकासी, सीमा शुल्क निकासी परमिट के बिना अनुमति की जाए बशर्ते की ऐसे आयातित सामान/औजारों का मूल्य प्रत्येक मामले में 5000/-रु. से अधिक न हो। निकासी के समय, सीमा शुल्क प्राधिकारी आयातित माल से विनिर्मित उत्पाद (दों) को सुनिश्चित करने के लिए आयातक के पासपोर्ट में आयातित माल की मात्रा तथा मूल्य की विस्तृत जानकारी देते हुए आवश्यक प्रविष्टि करेगा ताकि आयातित मदों का पुनः निर्यात किया जा सके । परिष्कृत उत्पाद(दों) के पुन. निर्यात के मामले में छीजन आयातित माल के मूल्य के 10 प्रतिशत से अधिक के लिए अनुमति नहीं की जाएगी ।

अध्याय 2

सामान्य लाइसेन्स क्रियाविधि

44. इस अध्याय में आयात लाइसेंस क्रियाविधि दी गई है। इस पुस्तक में दिए गए अनुदेश, सम्बद्ध आयात नीति प्रावधानों के अधीन होंगे ।

आयातकों के लिए महत्वपूर्ण संकेत

45. (1) लाइसेन्स के लिए निर्धारित प्रपत्र में आवेदन किया जाना चाहिए ।

(2) आवेदन-पत्र को साफ और ठीक तरह भरना चाहिए । कोई भी कालम खाली नहीं छोड़ना चाहिए। आवेदन-पत्र के कालमों में जहां कहीं भी आवश्यक हो, वहां 'हां' या 'नहीं' या 'लागू नहीं होता है' शब्दों का इस्तेमाल करें। यदि आवेदक किसी विशेष कालम का उत्तर देने में असमर्थ हो, तो उसे उसका वास्तविक कारण बताना चाहिए ।

(3) निर्धारित प्रपत्र में सूचना सही और ईमानदारी से देनी चाहिए ।

(4) आवेदित मूल्य के आधार पर आवेदन शुल्क की अदायगी की मूल बैंक रसीद/डिमाण्ड ड्राफ्ट आवेदन पत्र के साथ भेजनी चाहिए ।

(5) सभी आवश्यक कागजात आवेदन-पत्र के साथ दिए जाने चाहिए और आवेदन-पत्र के आवरण पत्र में प्रत्येक कागजात का विवरण देते हुए उन सभी संलग्नकों के ब्यौरे देने चाहिए ।

(6) आवेदन-पत्र पर किसी प्राधिकृत व्यक्ति के कार्यालय तथा आवासीय पते और पद सहित हस्ताक्षर होने चाहिए ।

(7) आवेदक का पूरा पता साफ-साफ अक्षरों में लिखा होना चाहिए ।

(8) यदि लाइसेन्स प्राधिकारी की कोई सन्दर्भ संख्या है, तो उसका सही और पूरा सन्दर्भ उद्धृत करना चाहिए ।

(9) प्रक्रिया में यथाव्यवस्थित आवेदन-पत्र डाक से उपयुक्त संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी अथवा प्रायोजित प्राधिकारी को भेजे जाने चाहिए अथवा लाइसेंसिंग प्राधिकारी अथवा प्रायोजित प्राधिकारी, जैसा भी मामला हो, के कार्यालय के काउन्टर पर दिए जाने चाहिए ताकि निर्धारित अंतिम तिथि को या इससे पूर्व लाइसेंसिंग प्राधिकारी के पास पहुंच जाएं ।

(10) वास्तविक उपयोक्ता को एक ऐसा समेकित आवेदन-पत्र प्रस्तुत करना चाहिए जिसमें यूनिटों के लिए प्रत्येक तैयार-उत्पाद के लिए अपेक्षित कच्चे माल और संघटकों की आवश्यकता को शामिल कर लिया गया हो उसी एकक द्वारा विनिर्मित संबंद्ध अंतिम उत्पादों के लिए केवल एक ही आवेदन-पत्र भेजा जाना चाहिए ।

(11) आवेदकों को आयात किए जाने वाले माल की सूची संलग्न करते हुए यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि पत्तन से माल की निकासी के समय सम्भावित असुविधा को दूर करने के उद्देश्य से सूची अच्छे और टिकाऊ कागज पर तैयार की गई है । जिन यूनिटों के नाम महानिदेशालय, तकनीकी विकास के रजिस्टर में दर्ज हैं उनके आवेदकों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उन्होंने लाइसेंस प्राधिकारी को प्रस्तुत करने के लिए माल की सूची की जो प्रतियां तैयार की हैं वे महानिदेशालय, तकनीकी विकास द्वारा निकासी की गई सूची के अनुसार हैं ।

(12) आयात लाइसेंस प्राप्त करने पर, लाइसेन्सधारी को सावधानीपूर्वक इस बात की जांच कर लेनी चाहिए कि लाइसेन्स

सभी तरह से पूर्ण है । लाइसेन्सधारी को विशेष रूप से निम्नलिखित बातों की जांच करनी होगी :—

(क) लाइसेंस पर सही आयातक-निर्यातक कोड दिया हो;

(ख) क्या लाइसेन्स के साथ आयात के लिए स्वीकृत वस्तुओं की सूची लगी है, यदि ऐसी का उल्लंघन लाइसेंस में किया गया है ।

(ग) क्या सूची के प्रत्येक पृष्ठ पर लाइसेंस प्राधिकारी ने विधिवत् रूप से हस्ताक्षर किए हैं ।

(घ) क्या सूची के प्रत्येक पृष्ठ पर लाइसेन्स प्राधिकारी ने सुरक्षा सील लगाई है ।

(ङ) यदि सूची में कुछ परिवर्तन किए गए हैं, तो क्या लाइसेन्स प्राधिकारी ने विधिवत् रूप से उनको साक्ष्यांकित किया है ।

(च) क्या लाइसेन्स की दोनों प्रतियों पर लाइसेन्स प्राधिकारी की सुरक्षा सील लगाई है ।

(छ) क्या लाइसेन्स पर लगाई गई शर्तों पर लाइसेन्स प्राधिकारी ने विधिवत् हस्ताक्षर किए हैं ।

(ज) यदि लाइसेन्स में से कोई शर्त काट दी गई है, तो क्या लाइसेन्स प्राधिकारी ने उसे साक्ष्यांकित किया है ।

(झ) क्या विदेशी ऋण पर जारी किए गए लाइसेन्सों के मामले में ऋण पर लागू होने वाली शर्तों को लाइसेन्स के साथ संलग्न कर दिया गया है, यदि लाइसेन्स में इस तरह के आदेश का संदर्भ है, तो क्या ऐसी शर्तों पर लाइसेन्स प्राधिकारी ने विधिवत् हस्ताक्षर किए हैं ।

(ठ) लाइसेन्स पर या लाइसेन्स के साथ संलग्न सूची पर या लाइसेन्स के साथ नत्थी की गई शर्तों पर लाइसेन्स प्राधिकारी द्वारा किए गए प्रत्येक हस्ताक्षर को विधिवत् प्रमाणित करने के लिए हस्ताक्षर के ऊपर सुरक्षा सील लगी है ।

यदि लाइसेंसधारी को यह पता लगे कि लाइसेन्स किसी भी प्रकार से अपूर्ण है, तो उसे यह बात तुरन्त सम्बन्धित लाइसेन्स प्राधिकारी के ध्यान में लानी चाहिए और लाइसेन्स प्राधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए लाइसेन्स वापस कर देना चाहिए ।

आयातक-निर्यातक कोड संख्या

46. आयातकों/निर्यातकों के लिए आयातक-निर्यातक कोड संख्या (आईईसी) को आबंटन की गई नई पद्धति वाणिज्य मंत्रालय की सार्वजनिक सूचना सं. 238-आई.टी.सी. (पी.एन.)/85-88 दि. 23-12-87 द्वारा अधिसूचित की जा चुकी है । प्रत्येक व्यक्ति को (चाहे वह अकेला व्यक्ति अथवा कोई फर्म या कम्पनी आदि हो) भारत में अथवा बाहर से माल के आयात-निर्यात के लिए कोड नम्बर की आवश्यकता होगी जब तक कि इससे छूट के लिए मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा विशिष्ट रूप से अनुमति न दी गई हो । कोई भी सीमा शुल्क प्राधिकारी तब तक किसी व्यक्ति को भारत में अथवा बाहर से आयात-निर्यात करने की अनुमति नहीं देगा जब तक कि उस व्यक्ति के पास वैध आयात-निर्यात कोड नम्बर नहीं होगा । अतः आयातकों/निर्यातकों को अपेक्षित कोड नम्बर को प्राप्त करने के लिए शीघ्र आवश्यक कदम उठाने के लिए परामर्श दिया जाता है । इन कोड नम्बरों को क्षेत्रीय आयात व्यापार नियंत्रण लाइसेंसिंग प्राधिकारियों द्वारा आबंटित किया जाएगा । जब कभी भी किसी कम्पनी के नाम, स्वामित्व अथवा उसके गठन में कोई परिवर्तन होता है, तो इसकी सूचना तुरन्त आयात-निर्यात कोड आबंटित करने वाले संबद्ध लाइसेंसिंग प्राधिकारी को दी जानी चाहिए ।

(2) भारत में माल का आयात करने वाले प्रत्येक व्यक्ति (चाहे वह व्यक्ति हो, फर्म हो या कम्पनी आदि हो) को इस परिशिष्ट के प्रावधानों के अनुसार "आयातक कोड संख्या (आई. सी. एन.)" प्राप्त करना होगा । यह प्रावधान एक एजेन्ट के रूप में या प्राधिकार पत्र के धारक के रूप में, या आयात लाइसेन्स के हस्तांतरी के रूप में माल का आयात करने वाले व्यक्ति के लिए भी समान रूप से लागू होगा । इस संबंध में यथा संशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955, दिनांक 7 दिसम्बर, 1955 में एक उपबन्ध किया गया है ।

(3) सीमाशुल्क प्राधिकारी उस व्यक्ति को आयात की अनुमति नहीं देंगे जिसके पास सम्बद्ध आयात-व्यापार नियंत्रण लाइसेन्स प्राधिकारी द्वारा आबंटित की गई कोड संख्या नहीं होगी । संबंधित प्रविष्टि बिल में अपनी कोड संख्या उद्धृत आयातक के लिए अनिवार्य होगा ।

(4) किसी व्यक्ति को आबंटित की गई कोड संख्या उस व्यक्ति द्वारा किसी भी अन्य वस्तु के आयात के लिए वैध होगी ।

(5) निम्नलिखित मामलों में आयातकों को कोड संख्या प्राप्त करने से छूट दे दी जाएगी :—

(1) यथासंशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की बचाव धारा 11 (1) में आने वाले आयातकों को तथा यथासंशोधित निर्यात (नियंत्रण) आदेश, 1988 की बचाव धारा 15 के अन्तर्गत आने वाले निर्यातक ।

(2) केन्द्रीय या राज्य सरकार के मन्त्रालयों/विभागों को ।

(3) अपने निजी उपयोग के लिए उस माल का आयात करने वाले व्यक्तियों को जो व्यापार या निर्माण या कृषि से संबंधित न हों ।

(6) कोड संख्या के आवंटन के लिए आवेदनपत्र निर्धारित प्रपत्र में निर्धारित शुल्क सहित तीन प्रतियों में उस क्षेत्रीय आयात व्यापार नियंत्रण लाइसेन्स प्राधिकारी को प्रस्तुत करने चाहिए जिसके अधिकार क्षेत्र के प्रदेश में आवेदक रहता हो। क्षेत्रीय लाइसेन्स प्राधिकारियों के अधिकार क्षेत्र इस पुस्तक के परिशिष्ट-2 ख में निर्दिष्ट किए गए हैं।

(7) जिस कम्पनी/फर्म की ब्रांचें हों उसके, मामले में केवल कम्पनी के मुख्य कार्यालय अथवा पंजीकृत कार्यालय द्वारा ही कोड संख्या के आबंटन के लिए आवेदन करना चाहिए। ब्रांच कार्यालय, मुख्य कार्यालय/पंजीकृत कार्यालय को आवंटित कोड संख्या का ही उपयोग करेगा।

(8) प्रत्येक नए आयात/निर्यातक के आवेदन पत्रों को जिसमें नए/प्रस्तावित औद्योगिक यूनिटें सम्मिलित हैं, आई ई. सी. नम्बर का आबंटन इस पुस्तक के पैरे—62 द्वारा गठित जांच समिति द्वारा प्रारम्भिक रूप से जांच करने के अधीन होगा।

आयातक की श्रेणी

47. (1) आयातकर्त्ताओं को लाइसेन्स जारी करने के प्रयोग के लिए निम्नलिखित मुख्य श्रेणियों में बांटा गया है :—

(1) वास्तविक उपयोक्ता

(क) औद्योगिक

(ख) गैर-औद्योगिक

(2) स्टार निर्यातक सहित पंजीकृत निर्यातकर्ता अर्थात् जो पंजीकृत निर्यातकर्ताओं के लिए आयात नीति के अन्तर्गत आयात करते हैं।

(3) अन्य

(2) लाइसेन्स के आवेदन पत्रों पर सम्बद्ध लागू नीति के अनुसार विचार किया जाता है।

आवेदन-पत्र प्रपत्र

48. (1) लाइसेन्स के लिए आवेदन-पत्र निर्धारित प्रपत्र में होने चाहिएं।

(2) आवेदन-पत्र सरकारी प्रकाशनों के प्राधिकृत विक्रेताओं से खरीदा जा सकता है। यदि फार्म तुरन्त उपलब्ध नहीं है, तो आवेदक निर्धारित फार्म की टाइप, साइक्लोस्टाइल या मुद्रित प्रतियों का उपयोग कर सकता है।

(3) पावती और लाइसेन्स भेजने के लिए अपना पता लिखा हुआ पावती कार्ड जिसमें आवेदन पत्र का विवरण दिया गया हो और अपना पता लिखा हुआ 19 सें. मी.×11.5 सें मी. का एक कपड़े की लाइनिंग वाला लिफाफा आवेदन के साथ भेजना चाहिए। यदि लाइसेंस एवं अन्य पत्राचार द्रुतगति डाक से अपेक्षित हैं तो आवेदन शुल्क के साथ अतिरिक्त 100/- रु. बैंक रसीद/डिमांडड्राफ्ट के साथ जमा करना चाहिए तथा अग्रेषण पत्र में इसका हवाला दिया जाना चाहिए।

आवेदन-पत्रों पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति

49. आयात लाइसेन्स के लिए प्रत्येक आवेदन-पत्र या आयात-निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 या आयात (नियंत्रण आदेश), 1955 के अन्तर्गत अन्य दस्तावेज या प्रपत्र आवेदक द्वारा स्वयं या/आवेदक द्वारा विधिवत/कानूनी रूप से प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए। आवेदन-पत्र/दस्तावेज/प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति द्वारा धारित ऐसे कानूनी प्राधिकारी की स्थिति और स्वरूप क्या है, यह उसके पद की सरकारी मोहर और उसके पूर्ण निवास स्थान के पते के साथ स्पष्ट रूप से दिया जाना चाहिए अन्यथा लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा कोई विचार नहीं किया जाएगा। ये बातें किसी सारणीबद्ध मद के सीधे आबंटन के लिए सारणीबद्ध अभिकरण को दिए गए आवेदन-पत्रों के लिए समान रूप से लागू होती हैं।

लाइसेंसिंग प्राधिकारी

50. (1) लाइसेंस प्राधिकारी का पद, क्षेत्राधिकार एवं पता परिशिष्ट-2ख में दिया गया है। जहां यथोचित स्थित हो, उसी के अनुसार ही आवेदन-पत्र इन प्राधिकारियों को देने चाहिए।

(2) पंजीकृत निर्यातक को आयात प्रतिपूर्ति लाइसेन्सों के लिए परिशिष्ट 2-ख में उल्लिखित सम्बद्ध लाइसेन्स प्राधिकारी से आवेदन करना चाहिए।

(3) जब तक अन्यथा रूप से प्रावधान न हो, वास्तविक उपयोक्ता को चाहिए कि वह उसी लाइसेंस प्राधिकारी को आवेदन करें जिसके क्षेत्राधिकार में आवेदक का कारखाना स्थित है।

(4) वास्तविक उपयोक्ताओं (औद्योगिक) को एक से अधिक स्थानों पर स्थित होने पर सभी फैक्टरियों की जरूरतों के लिए समेकित आवेदन-पत्र देने का विकल्प होगा। ऐसे मामलों में प्रत्येक एकक की जरूरतों को समेकित आवेदनपत्र के लिए संलग्न सूची में अलग से दर्शाना चाहिए और जिसमें प्रत्येक के लिए उपभोक्ता प्रमाण-पत्र भी अलग से साथ हों। लाइसेंस प्राधिकारी जिनके क्षेत्राधिकार में पंजीकृत मुख्य कार्यालय स्थित है, को दिए गए समेकित आवेदन-पत्र के आधार पर नीति की शर्तों के अनुसार प्रत्येक एकक को उसके लिए अनुज्ञेय मूल्य/मद के लिए अलग लाइसेंस जारी किये जाएंगे।

5. जहां अकेला एकक एक से अधिक अन्तिम उत्पादों का विनिर्माण करता है वहां अन्तिम उत्पाद-वार आवेदन-पत्र देना चाहिए। यह सुविधा तब उपलब्ध होगी यदि यूनिट के पास अंतिम उत्पाद वार भिन्न मशीनरी है। लेकिन, सम्बद्ध अन्तिम उत्पादों के लिए केवल एक ही आवेदन-पत्र भेजा जा सकता है।

प्रायोजक प्राधिकारी

51. (1) प्रायोजक प्राधिकारियों की सूची परिशिष्ट-2-ग में दी गई है।

(2) लघु उद्योग यूनिटों के मामले में अनुपूरक लाइसेंस प्रदान करने के लिए आवेदन पत्र सम्बन्धित उद्योग निदेशक/आयुक्त या उसके द्वारा नामित कोई ऐसा अधिकारी जो संयुक्त निदेशक से छोटे पद का न हो, के द्वारा सिफारिश किया जाना अपेक्षित है ।

(3) यदि किसी मामले में लागू नीति के अधीन प्रायोजक प्राधिकारी के माध्यम से आयात आवेदन पत्र भेजे जाते हैं तो यूनिटों की आयात आवश्यकताओं का निर्धारण प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा उनके लिए लागू आयात नीति को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा ।

(4) अनुपूरक आयात लाइसेन्स दिए जाने के लिए संबंधित प्रायोजक प्राधिकारी की सिफारिशें उस पुस्तक के अध्याय–5-ख दिए गए प्रपत्र में दी जाए ।

(5) आयात आवेदन पत्रों पर कार्रवाई करने के मामले में विकास आयुक्त (लघु उद्योग) प्रायोजक प्राधिकारियों को ऐसे सामान निदेश दे सकता है जो वह वांछित या आवश्यक समझे । वह प्रायोजक प्राधिकारियों द्वारा लाइसेंस जारी करने के लिए की गई सिफारिशों की यह देखने के लिए कार्योत्तर जांच भी कर सकता है कि क्या वे सामान्य नीति के अनुरूप हैं ।

पंजीकरण स्कीम

52. जिन यूनिटों को उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 के अन्तर्गत औद्योगिक लाइसेन्स या पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है, उन्हें यह परामर्श दिया जाता है कि समय-समय पर अपने आवेदन-पत्रों की अधिक सुविधापूर्वक निपटान के लिए वे अपने आप को सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी से पंजीकृत कराएं । जिन यूनिटों के पास प्रायोजक अधिनियम के अन्तर्गत लाइसेन्स या पंजीकरण प्रमाण-पत्र हैं, वे भी अपनी अन्य आवश्यकताओं यदि कोई हों, तो उनके सम्बद्ध में ऐसा कर सकते हैं ।

53. (1) लघु उद्योगों के पंजीकरण की पद्धति 1960 से प्रचलित रही है । पैमाना आयातित निवेश की आवश्यकता वाले सभी लघु उद्योग और जो इस पद्धति के अंतर्गत आते हैं उन्हें अपने आप को सम्बद्ध राज्य के उद्योग निदेशक के पास पंजीकृत करना होता है ।

(2) वास्तविक उपयोक्ता (गैर-औद्योगिक) को इस आयात नीति के उद्देश्य के लिए राज्य के उद्योग निदेशकों के साथ स्वयं को पंजीकृत कराने की आवश्यकता नहीं है, यद्यपि कुछ मामलों में उनके आयात आवेदन-पत्रों को राज्य के उद्योग निदेशकों की सिफारिश की आवश्यकता है ।

54. आयात लाइसेन्स के लिए या सरणीबद्ध मद के आबंटन के लिए अपने आवेदन-पत्र में आवेदक को इस पद्धति के अन्तर्गत यूनिट को आबंटित पंजीकरण संख्या (और उसकी तिथि) उद्धृत करनी चाहिए । वैध पंजीकरण संख्या के बिना ऐसे आवेदन-पत्र सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिये जायेंगे । प्रत्येक लाइसेन्स प्राधिकारी और सरणीबद्ध अभिकरण को एतद्द्वारा मार्गें ऐसी सूचना मांगने के लिये प्राधिकृत किया जाता है जिसे पंजीकरण की वैधता या क्षेत्र के विषय में वह अपने आपको सन्तुष्ट करने के लिए आवश्यकता समझे ।

55. (1) राज्य उद्योग निदेशकों, लाइसेन्स प्राधिकारियों और संबद्ध सरणीबद्ध अभिकरणों को उनके क्षेत्राधिकार में लघु उद्योगों को जारी किए गए प्रत्येक पंजीकरण प्रमाण पत्र की एक प्रति भेजेंगे । राज्य के उद्योग निदेशकों द्वारा लाइसेन्सों को रद्द करने या उनमें कुछ संशोधन करने के विषय में सूचना लघु उद्योग को भेजे जाने वाले पत्र के साथ-साथ ही लाइसेन्स प्राधिकारियों और सरणीबद्ध अभिकरणों को प्रायोजक प्राधिकारियों को प्रत्येक लाइसेंसिंग अवधि के प्रारम्भ में उनके पास पंजीकृत एककों की एक अद्यतन सूची भी लाइसेन्स प्राधिकारियों और सरणीबद्ध अभिकरणों को भेजी जानी चाहिए ।

(2) यदि एक विद्यमान एकक एक नए अंतिम उत्पाद के विनिर्माण के लिये (अतिरिक्त मशीनरी के साथ या उसके बिना) पंजीकृत हो तो राज्य के उद्योग निदेशक ऐसे नए अन्तिम उत्पाद की प्रविष्टि वर्तमान पंजीकरण प्रमाण-पत्र में करेंगे जो कि उस यूनिट के पास पहले से ही है; ऐसे मामलों में अलग पंजीकरण प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया जाएगा और सम्बद्ध यूनिट आयात लाइसेन्स के उद्देश्य के लिए विद्यमान यूनिट के रूप में समझी जाती रहेगी ।

56. यदि पंजीकरण के समय लघु यूनिट उत्पादन नहीं कर रही है तो पंजीकरण प्रमाणपत्र अन्तिम जारी किया जाएगा । इसे यूनिट के उत्पादन प्रारम्भ करने पर स्थायी प्रमाणपत्र द्वारा परिवर्तित कर दिया जाएगा ।

57. महानिदेशक, तकनीकी विकास की सूची से लघु पैमाना क्षेत्र को हस्तांरित की गई यूनिटों को अपने आपको तत्संबंधी राज्य उद्योग निदेशकों से शीघ्र ही पंजीकृत करा लेना चाहिए और इसी तरह इसके उलटे लघु पैमाना क्षेत्र से महानिदेशक, तकनीकी विकास को हस्तांतरित यूनिटों को । लेकिन, ऐसे मामलों में महानिदेशक, तकनीकी विकास या राज्य के उद्योग निदेशक, जो भी हो, के पास पंजीकरण के लिये पड़े हुए मामलों में संबद्ध एक वर्ष की अवधि के लिए अपनी वर्तमान स्थिति में ही आयात की सुविधा (पूंजीगत माल से भिन्न) प्राप्त करते रहेंगे ।

58. (1) लेकिन उपर्युक्त प्रावधानों की सामान्यता को ध्यान में रखे बिना गत वित्तीय वर्ष के लिए लघु पैमाने की यूनिटों के उपर्युक्त लाइसेंस पहले से उनके पास पंजीकरण प्रमाणपत्रों के आधार पर या लाइसेंसिंग अवधि में उनको जारी किए गए प्रमाण-पत्रों के आधार पर आवेदक द्वारा यह घोषणा प्रस्तुत करने पर प्रदान किए जाएंगे कि उनका पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द नहीं किया गया है या वापस नहीं लिया गया है और यह कि यूनिट वास्तव में प्रचलित है ।

(2) उप-पैरा 1 में दिए गए प्रावधान सरणीबद्ध करने वाले अभिकरणों द्वारा सरणीबद्ध मदों के आबंटन के लिए भी लागू होंगे ।

आवेदन शुल्क

59. (1) आयात आवेदन-पत्रों की विभिन्न श्रेणियों के लिए चुकाए जाने वाले शुल्क का मापक्रम आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की अनुसूची 3 में दिया गया है, देखिए इस पुस्तक का खण्ड-दो जिसमें सीमाशुल्क निकासी परमिटों के लिए मापक्रम भी शामिल है । प्रत्येक आवेदन-पत्र के साथ निर्धारित शुल्क के भुगतान का लक्ष्य देते हुए एक वैध बैंक रसीद/डिमांड ड्राफ्ट होना चाहिए । यदि आवेदक को आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 के अन्तर्गत ऐसे भुगतान से छूट प्राप्त है तो यह स्पष्ट रूप से आवेदन-पत्र में निर्दिष्ट होना चाहिए ।

(2) शुल्क चुकाने के लिए क्रियाविधि परिशिष्ट-2-ग में दी गई है ।

(3) सरणीबद्ध करने वाले अभिकरण से नीति के अन्तर्गत सरणीबद्ध मद के सीधे आबंटन चाहने वाले आवेदक को शुल्क चुकाने की आवश्यकता नहीं है ।

(4) यदि अनुमेय हो तो, जमा किए गए आवेदन शुल्क की वापसी मांग के लिए अनुसरण की जाने वाली क्रिया विधि परिशिष्ट 2-ग में दी गई है ।

आयात लाइसेंसों के अनुमोदन के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि/तिथियां

60. (1) वास्तविक उपभोक्ता (औद्योगिक और गैर--औद्योगिक) से विभिन्न प्रकार के आवेदन पत्र को प्राप्ति की अंतिम तिथि सम्बन्धित प्रयोजन अधिकारियों और सम्बन्धित लाइसेंसिंग अधिकारियों के द्वारा निम्न प्रकार से रखी जायेगी।

क्र० सं०	आवेदन पत्र का प्रकार	आवेदक पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि प्रयोजक अधिकारी द्वारा	लाइसेंसिंग अधिकारी द्वारा
1	2	3	4
(1)	कच्चे माल संघटक उपभोज्य और अतिरिक्त पुर्जों के आयात के लिए	(i) वर्ष 1990-91 और 1991-92 के दौरान उस लाइसेंसिंग वर्ष की 31 जनवरी जिस लाइसेंस वर्ष से आवेदन पत्र सम्बन्धित था	(i) संबंधित प्रायोजक अधिकारी द्वारा विधिवत संस्तुति प्राप्त लाइसेंसिंग वर्ष 1990-91 और 1991-92 की अवधि में उस लाइसेंसिंग वर्ष का 31 मार्च जिससे आवेदन पत्र संबंधित था ।
(2)	सामान्य हकदारी के अनुसार प्रतिबन्धित/वारन्टी अतिरिक्त पुर्जों के लिए अनुपूरक लाइसेंस	शून्य	(ii) सम्बन्धित प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा की गई सिफारिश के साथ लाइसेंसिंग वर्ष का 31 मार्च
(3)	उपर में वर्णित हकदारी से अधिक अतिरिक्त पुर्जों के आयात के लिए अनुपूरक लाइसेंस ।	(ii) लाइसेंसिंग वर्ष 1990-91 और 1991-92 के दौरान जिस वर्ष से आवेदन संबंधित है, लाइसेंसिंग वर्ष की 31 जनवरी ।	
(4)	कच्चे माल, संघटकों, उपभज्यों तथा अतिरिक्त पुर्जे, के आयात लाइसस लिए अनुपूरक लाइसस (वारंटी तथा बिक्री सेवा के बाद/प्रतिबंधित अतिरिक्त पुर्जों के लिए)	1992-93 के लाइसेंसिंग, वर्ष के दौरान प्राप्त आवेदनों के लिए 15 दिसम्बर, 1992	सम्बन्धित प्रायोजिक प्राधिकारी द्वारा विधिवत अनुमोदित वर्ष 1992-93 के लाइसेंसिंग वर्ष के आवेदनों के लिए 15 फरवरी, 1993
(5)	वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) अनुपूरक लाइसेंस दिए जाने के लिए आवृत्ति प्रचालन	प्रायोजक अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं	उस लाइसेंसिंग वर्ष की 28 फरवरी, जिससे आवेदन-पत्र सम्बन्धित है ।
(6)	आटोमैटिक लाइसेंस	प्रायोजक प्राधिकारी के माध्यम से, प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं	उस लाइसेंसिंग वर्ष का 30 सितम्बर जिससे आवेदन-पत्र सम्बन्धित है ।
(7)	प्रजनन के उद्देश्य से सांडों और घोड़े के बच्चों के आयात के लिए लाइसेंस	कुछ नहीं	उस लाइसेंसिंग वर्ष की 31 मई, जिससे आवेदन-पत्र सम्बन्धित है ।

--------		-----------
(8) पूंजीगत माल के आयात के लिए लाइसेंस	कुछ नहीं	कुछ नहीं
(9) आयात कालीन स्पेयरस के आयात के लिए लाइसेंस	कुछ नहीं	कुछ नहीं
(10) व्यक्तियों द्वारा वैयक्तिक प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के आयात के लिए लाइसेंस	कुछ नहीं	कुछ नहीं
(11) अन्य	कुछ नहीं	उस लाइसेंसिंग वर्ष की 28 फरवरी, जिससे आवेदन-पत्र सम्बन्धित है ।

(2) स्टार निर्यातकों सहित पंजीकृत निर्यातकों से आवेदन-पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि निम्नलिखित होगी:—

क्रम सं०	आवेदन-पत्र का प्रकार	लाइसेंसिंग अधिकारी द्वारा आवेदन-पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि
1	2	3
(1)	आयात प्रतिपूर्ति लाइसेंस	निर्यात के समय की समाप्ति के उपरान्त तीन महीने की समयावधि के अंदर अथवा परेषित निर्यातों के मामले में, जैसा भी मामला हो, बिक्री की प्राप्ति की अवधि की समाप्ति से
	टिप्पणी (1) :	ऐसे मामलों में जहां बिक्री की अग्रिम प्राप्ति हो जाती है अथवा जहां भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित आस्थगित अदायगी शर्तों के अनुसार निर्यात किया जाता है, आयात प्रतिपूर्ति लाइसेंसों के आवेदन प्रस्तुत किए जाने की समय सीमा की गणना वास्तविक निर्यातों के समय के संदर्भ में की जायेगी।
	टिप्पणी (2) :	आयात प्रतिपूर्ति लाइसेंसों के दिए जाने के लिए दूसरा आवेदन-पत्र तथा देर से प्रस्तुत आवेदन-पत्रों के मामलों में, पुस्तक के पैरा 304 में निहित प्रावधान लागू होंगे।
(2)	अतिरिक्त लाइसेंस	उस लाइसेंसिंग वर्ष का 30 सितम्बर जिससे आवेदन-पत्र सम्बन्धित है ।
	टिप्पणी (1) :	ऐसे मामलों में जहां निर्यात/सदन प्रमाणपत्र/व्यापार सदन प्रमाण-पत्र सम्बन्धित लाइसेंसिंग वर्ष के 30 सितम्बर के बाद जारी किया जाता है वहां लाइसेंस प्रदान करने के लिए आवेदन पत्र निर्यात सदन प्रमाण-पत्र, व्यापार सदन प्रमाण पत्र के जारी किए जाने की तिथि से दो माह की समयावधि के अंदर प्रस्तुत करना होगा ।
	टिप्पणी (2) :	देर से प्रस्तुत आवेदन पत्रों पर इस पुस्तक के पैरा में 304 निहित प्रावधानों के अनुसार विचार किया जायेगा ।
(3)	शुल्क मुक्त स्कीम/ डायमंड अग्रदाय लाइसेंस के अन्तर्गत अग्रिम/ विशेष अग्रदाय लाइसेंस ।	कुछ नहीं

3. आई.आर.एम.ए.सी. लाइसेन्स के लिए आवेदन पत्र प्राप्ति की कोई अंतिम तिथि नहीं होगी ।

4. यदि उल्लिखित अंतिम तिथि को कोई सार्वजनिक अवकाश रहता है अथवा आवेदक के सामर्थ के बाहर के कारणों से, आवेदन-पत्र उक्त अंतिम तिथि को या उससे पहले लाइसेंसिंग अधिकारी/कार्यालय में नहीं पहुंच पाता है तो आगामी कार्य दिवसों पर प्राप्त आवेदन-पत्र को उल्लिखित अन्तिम तिथि पर ही प्राप्त माना जायेगा ।

5. ऊपर निर्धारित अंतिम तिथि (यों) के बाद प्राप्त आवेदन-पत्र को अस्वीकृत कर दिया जायेगा और एसे मामलों में शुल्क वापसी अनुमेय नहीं होगी ।

त्रुटिपूर्ण आवेदन-पत्र

61. आयात आवेदन-पत्र जो (1) निर्धारित प्रपत्र में नहीं होंगे; (2) अपेक्षित आवेदन शुल्क के लिए बैंक रसीद/डिमाण्ड ड्राफ्ट के साथ नहीं होंगे; (3) आवश्यक दस्तावेजों के साथ नहीं होंगे; (4) जिन के साथ हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति के प्राधिकार को निर्दिष्ट करने वाले दस्तावेज नहीं होंगे या (5) जो नीति में निर्धारित अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त किए जाएंगे, उन्हें अस्वीकार कर दिया जायेगा । आवेदकों से आशा की जाती है कि वे आवेदन-पत्र के सभी कालम सत्यता-पूर्वक और उचितरूप से पूर्ण करेंगे । इन सब बातों को सुनिश्चित रूप से पूर्ण करने के लिए वे काउण्टर सहायता पद्धति से सहायता प्राप्त कर सकते हैं ।

आवेदन-पत्रों की प्रारम्भिक संवीक्षा के लिए स्क्रीनिंग समिति

62. (1) आयातकों/निर्यातकों के प्रत्यायक की प्रारम्भिक जांच के लिए सभी लाइसेंसिंग कार्यालयों में उप मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात के नेतृत्व में या उससे ऊंचे अधिकारी और मुख्य नियन्त्रक आयात-निर्यात के मुख्यालय में स्क्रीनिंग समितियों का गठन किया गया है । इन समितियों के निम्नानुसार सदस्य होंगे :—

1. (क) निर्यात आयुक्त-मुख्यालय के लिए

(ख) लाइसेंसिंग कार्यालय के प्रमुख-संबंधित लाइसेंसिंग कार्यालय के लिए

2. आयकर विभाग/केन्द्रीय उत्पाद शुल्क विभाग के प्रतिनिधि

3. तकनीकी प्राधिकरण महानिदेशक तकनीकी विकास निदेशक उद्योग के प्रतिनिधि

4. संबंधित निर्यात संवर्धन परिषद के प्रतिनिधि

(2) नए आयातकों/निर्यातकों से निम्न श्रेणियों के प्राप्त आवेदन-पत्र या नियमित आयातकों/निर्यातकों से प्राप्त आवेदन-पत्र जो कि आयात-निर्यात नियंत्रण अधिनियम और उसके अन्तर्गत जारी किए गए आदेशों के अन्तर्गत प्रतिकूल नोटिस में आये हैं । जिनका प्रत्यक्ष आयात और निर्यात व्यापार नियन्त्रण संगठन को नहीं मालूम है, उन्हें स्क्रीनिंग समिति के प्रारम्भिक जांच से गुजरना होगा ।

(1) आयात निर्यात कोड सं. प्राप्त करने के लिए

(2) एस.पी.एस. पंजीयन संख्या प्राप्त करने के लिए

(3) शुल्क छूट स्कीम के अन्तर्गत अग्रिम विशेष अग्रदाय लाइसेंस की प्राप्ति के लिए चाहे वह अग्रिम लाइसेंसिंग समिति के आर्थिक अधिकार क्षेत्र में आता हो या जहां निवेश और उत्पाद के नियम बने हुए हों ।

(4) डायमण्ड रत्न एवं आभूषणों के अग्रदाय लाइसेन्स की प्राप्ति के लिए

(3) इन स्क्रीनिंग समितियों को सचिवालय सहायता संबंधित अनुभागों, जो उपर्युक्त प्रकार के आवेदन-पत्र देखते हैं, द्वारा दी जाएगी ।

(4) स्क्रीनिंग समितियों की बैठक पखवारे में एक बार या प्राप्त आवेदन-पत्रों की संख्या के आधार पर आवश्यकतानुसार की जायेगी ।

(5) स्क्रीनिंग समितियां नए आवेदकों के प्रत्येक और वास्तविकता के बारे में आश्वस्त होने के बाद, यदि आवश्यक होगा तो संबंधित लाइसेंसिंग अधिकारी द्वारा गुणों के आधार पर आगे जांच-पड़ताल के लिए सिफारिश किए जाने पूर्व समिति आवेदक की स्थिति की जांच करेगी ।

(6) यदि स्क्रीनिंग समिति का यह दृष्टिकोण है कि आवेदक के प्रत्ययक संतोषजनक नहीं है तो वे आवेदन-पत्र को अपील शर्त पर अस्वीकार कर सकती है ।

(7) लाइसेंसिंग कार्यालय या मुख्यालय की स्क्रीनिंग समिति के निर्णय के लिए खिलाफ अपील मुख्यालय में मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात को की जा सकती है जो कि व्यथित फर्म को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर दे सकते हैं फर्म चाहे तो, और अपील पर आदेश जारी कर सकते हैं ।

(8) पूर्वोक्त धारा के होते हुए भी जहां कहीं भी लाइसेंसिंग कार्यालय के प्रमुख उप मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात से निम्न एनरोलमेंट स्तर के न हो, आयात-निर्यात कोड नम्बर/एस.पी.एस. एनरोलमेंट नम्बर/शुल्क छूट योजना के अन्तर्गत अग्रिम या विशेष अग्रदाय लाइसेंस/डायमण्ड रत्न और आभूषणों के लिए अग्रदाय लाइसेन्स देने के लिए प्राधिकृत हैं यदि वे स्वयं इस बात से सन्तुष्ट हैं कि आवेदक एक विनिर्माता/निर्यातक है। वे लिखित में आदेश दे सकते हैं कि आवेदक का केस स्क्रीनिंग समिति की पूर्व जांच की शर्ताधीन नहीं है ।

मुद्रा क्षेत्र

63. निम्नलिखित दो प्रकार के आयात लाइसेन्स जारी किए जाते हैं :—

(1) "सामान्य मुद्रा क्षेत्र लाइसेन्स" जो सभी देश से आयात के लिए वैध है, किन्तु उन देशों को छोड़कर जहां से आयात निषेध है; और

(2) "विशिष्ट लाइसेन्स" जो कि विशिष्ट वंश या देशों से आयात के लिए वैध हैं ।

लाइसेंसिंग अवधि

64. आयात एवं निर्यात नीति तीन वर्षों के लिए घोषित की गई है । लेकिन, "लाइसेंसिंग अवधि" अप्रैल से मार्च तक जारी रहेगी ।

मदों का वर्गीकरण

65. (1) इस पुस्तक के खण्ड-2 में उद्धृत आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की अनुसूची-1 आयात व्यापार नियंत्रण अनुसूची के नाम से जानी जाती है और इसमें आयात व्यापार के अंतर्गत आने वाले सभी मदों का वर्गीकरण दिया गया है ।

(2) इस पुस्तक के खण्ड-2 में उद्धृत आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की अनुसूची-1 में पहली अप्रैल, 1988 से सीमा शुल्क टैरिफ (संशोधन) अधिनियम, 1985 की पहली अनुसूची के अनुसार (संशोधन) किया गया है । संशोधित आयात व्यापार नियंत्रण अनुसूची के 21 खण्ड हैं, जिन्हें 99 अध्यायों में उप-विभाजित किया गया है ।

दो प्रतियों में जारी किया गया लाइसेंस

66. सामान्यतः आयात लाइसेन्स की दो प्रतियां जारी की जाती हैं । इनमें से एक प्रति, जो सीमा शुल्क के प्रयोजन के लिए होती है, आयातकर्ता को आयात किए गए माल को छुड़ाने के लिए प्रविष्टि बिल के साथ सीमा शुल्क प्राधिकारियों को प्रस्तुत करनी होगी । दूसरी प्रति अर्थात् विदेशी मुद्रा नियंत्रण प्रति आयातक को साख-पत्र प्राप्त करने के लिए या विदेशी मुद्रा भेजने के लिए बैंक को प्रस्तुत करनी है आयातकों को ऐसा प्रेषण करते समय मुद्रा विनियमन नियंत्रण प्रक्रिया के अनुसार प्रपत्र भरना पड़ेगा । जिन मामलों में विदेशी मुद्रा न भेजी जानी हो, उनमें लाइसेन्स को मुद्रा विनियम नियंत्रण प्रति जारी नहीं की जाती ।

लाइसेन्सों को संयुक्त धारक के रूप में बैंक

67. (1) जहां किसी आयातकर्ता ने किसी बैंक के माध्यम से एक अपरिवर्तनीय साख-पत्र खोला हो और बाद में वह बिल की अदायगी न कर पाए और उस सम्बन्धित बैंक ने विदेशी पूर्तिकर्ताओं को विदेशी मुद्रा में भुगतान करने का वचन भी दिया हो तो बैंक को आयात करने में काफी कठिनाई होती है क्योंकि उसके पास लाइसेन्स नहीं होता । ऐसी सम्भावना से बचने के लिए विनिमय बैंक या जिन प्राधिकृत विक्रेताओं के माध्यम से साख-पत्र खोला गया हो उन्हें उस सीमा तक लाइसेन्स का संयुक्त धारक समझा जाएगा, जहां तक वे वस्तुएं उस क्रेडिट के अंतर्गत आती हों, इससे बैंक विदेशी पूर्तिकर्ताओं के साथ किए गए वचन का पालन कर सकता है ।

(2) इस पैरा के उप-पैरा (1)) में उल्लिखित मामलों में और उन मामलों में भी जहां सामान किसी बैंक या किसी राज्य वित्त निगम के पास बंधक हो और उधारकर्ता अपनी शर्तों को पूरा न करें तो जैसा भी मामला हो, बैंक या राज्य वित्त निगम के पास रखे आयातित सामान के संबंध में यथासंशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की धारा 10-ग के उपबंधों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी । ऐसे मामलों में इस पुस्तक में लिखी कार्य पद्धति के अनुसार वास्तविक उपभोक्ताओं या राज्य व्यापार निगम/खनिज और धातु व्यापार निगम, राज्य लघु उद्योग या इसी प्रकार की किसी अन्य एजेन्सी को सामान बेचा जा सकता है ।

(3) इस संबंध में निम्नलिखित कार्यावधि तत्काल अपनाई जाएगी :—

(1) ऐसे मामलों में सामान की निकासी करने वाले बैंक सीमा शुल्क कार्यालय को इस आशय का प्रमाण-पत्र देंगे कि सामान का आयात कर लिया गया है और वैध आयात लाइसेन्स और पक्के अपरिवर्तनीय साख-पत्र के प्राधिकार के अधीन बैंकों या उनके एजेन्टों ने विदेशी मुद्रा प्रेषित कर दी है ।

(2) वे लाइसेन्स की विदेशी मुद्रा नियंत्रण प्रति भी प्रस्तुत करेंगे और यदि वह उपलब्ध न हो, तो वे लाइसेन्स और लाइसेन्सधारी का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत करेंगे ।

(3) लाइसेन्स पर पृष्ठांकन करने का प्रभाव यह होगा कि यदि धनराशि की प्रविष्टि सीमा शुल्क कार्यालय द्वारा रखे जाने वाले रजिस्टर में की जाएगी और उसमें इस बात का भी उल्लेख किया जाएगा कि माल की निकासी बैंकों द्वारा की गई है । यदि मूल लाइसेन्सधारी आयात लाइसेन्स की सीमा शुल्क प्रति बाद में और जैसे ही प्रस्तुत करता है तो यह वस्तु स्थिति तत्काल अपने आप ही स्पष्ट हो जाएगी कि कुछ ऐसा सामान भी पहले ही छुड़ा लिया गया है जो लाइसेन्स में शामिल है और तब सीमा शुल्क कार्यालय उस सामान की राशि को लाइसेन्स के नामे डाल देगा ।

(4) लाइसेन्स की सीमा शुल्क प्रति के किसी अन्य पत्तन उपयोग न करने को सुनिश्चित करने हेतु बैंकों द्वारा ऐसी निकासी की सूचना लाइसेन्स के शेष मूल्य के साथ सीमा शुल्क द्वारा सभी अन्य पत्तनों को भेजी जाएगी ।

लाइसेंसों के मूल्य के नामे डालने के लिए प्रक्रिया

68. पंजीगत माल, कच्चे माल, संघटकों, अतिरिक्त पुर्जों आदि के संबंध में आयात लाइसेन्सों के मूल्य नामे डालने के लिए विस्तृत प्रक्रिया परिशिष्ट 2-थ में दी गई है ।

69. भारत अमरीका समझौते के ज्ञापन के अन्तर्गत आयात

1. भारत अमरीका के समझौते के ज्ञापन के अंतर्गत कुछ विशेष पंजीगत माल, कच्चा सामान, संघटकों आदि का आयात अमरीका के निर्यात नियंत्रण अधिनियम की शर्तधीन है। अमरीका सरकार तथा भारत सरकार के बीच समझौते ज्ञापन के संदर्भ में अमरीका संभरकों को भारतीय आयातकों द्वारा उन प्रयोजनों के लिए जिनके लिए आयात प्रमाण-पत्र की आवश्यकता है तथा इन मदों के अमरीकी निर्यातकों को निर्यात लाइसेन्स प्राप्त करना होगा ।

2. उपरोक्त के अनुसरण में आयात प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए निम्नलिखित मनोनीत अथवा प्रमाण-पत्र जारी करने वाले प्राधिकारियों (आई.सी.आई.ए.) की व्यवस्था की गई है :—

(1) इलैक्ट्रानिकी विभाग कम्प्यूटर तथा कम्प्यूटर बेसड सिस्टम आयात के लिए ।

(2) तकनीकी विकास महानिदेशालय संगठित सेक्टर एककों, जो इसके अधीन पंजीकृत हों (कम्प्यूटर) और कम्प्यूटर बेसड सिस्टम के आयात के अतिरिक्त) ।

(3) रक्षा मंत्रालय—केवल सुरक्षा से सम्बन्धित मदों के लिए ।

(4) मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात लघु उद्योगों तथा अन्य जो उपर्युक्त कहीं शामिल न हों ।

(5) भारत का दूतावास, वाशिंगटन, डी.सी.—उपरोक्त में से किसी के भी लिए ।

3. इन सभी मामलों में आयात प्रार्थना-पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन परिशिष्ट-2ख में दिए गए प्रपत्र में दिए जाने होंगे आयातक ऐसे आवेदन-पत्र संबंधित आयात प्रमाण-पत्र जारी करने वाले प्राधिकारियों (आई.सी.आई.ए.) को करेंगे जैसा कि उपरोक्त उप-पैरा (2) में निर्दिष्ट है ।

4. लघु एककों के मामले में कम्प्यूटर तथा कम्प्यूटर आधारित सिस्टम को छोड़कर खुले सामान्य लाइसेंस मदों के आयात के आवेदनों सहित आयात प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन डेवेलपमेंट कमिश्नर (लघु उद्योग के कार्यालय के माध्यम से दिए जाएंगे । डी.सी. (लघु उद्योग) का कार्यालय आयात प्रमाण-पत्र देने की सिफारिश करते हुए यह प्रमाणित करेगा कि आयात की जाने वाली मदें खुले सामान्य लाइसेन्स के अंतर्गत आती हैं । इस सिफारिश के आधार पर मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात का कार्यालय आवेदक को आयात प्रमाण-पत्र और आयात लाइसेन्स जारी करेगा ।

5. खुले सामान्य लाइसेन्स मदों के आयात के मामले में पात्र आयातक उपरोक्त उप पैरा-2 के अनुसार आई.सी.आई.ए. को आयात प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए आवेदन करेंगे । आई.सी.आई.ए. द्वारा प्रमाण-पत्र जारी किए जाएंगे तथा आयातक को सीधे ही भेजे जाएंगे तथा इसकी एक-एक प्रति (1) विदेश मंत्रालय (ए.एस.एस. अनुभाग) नई दिल्ली, (2) इलेक्ट्रानिकी विभाग, नई दिल्ली और (3) मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात का कार्यालय (आई.पी.सेल) नई दिल्ली को भेजी जाएंगी ।

6. लाइसेन्स उपयुक्त मदों के आयात के मामले में आयात नीति और प्रक्रिया पुस्तक के अनुसार सामान्य प्रक्रिया आयात लाइसेन्स दिए जाने के लिए आयात नीति और प्रक्रिया को अपना कर संबंधित प्रायोजक प्राधिकारी की सिफारिश के आधार पर जारी की जाएगी । आयात लाइसेन्स दिए जाने के पश्चात उपर्युक्त उप पैरा (2) में उल्लिखित आई.सी.आई.ए. द्वारा आयात प्रमाण-पत्र जारी किए जाएंगे ।

नई/प्रस्तावित औद्योगिक इकाइयों द्वारा आयात

70. नई/प्रस्तावित औद्योगिक इकाईयों जो अनुपूरक लाइसेन्स या पूंजीगत माल लाइसेन्स संबंधित लाइसेन्सिंग प्राधिकरण से प्राप्त कर रही हैं या संबंधित सरणीबद्ध एजेन्सी सरणीबद्ध मदों का आबंटन प्राप्त कर रही है को लाइसेन्स/सरणीबद्ध मदों की राशि के 25% तक की राशि की बैंक गारण्टी का बांड इस आशय से निष्पादित करना होगा कि इस बारे में वे संबंधित प्रायोजिक प्राधिकारी से एक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेंगे कि उक्त एकक में आयातित मद का उपयोग 18 माह के समय के भीतर किया था (या ऐसा बढ़ाया हुआ समय जो लाइसेन्सिंग प्राधिकारी सरणीबद्ध अभिकरण द्वारा अनुमित किया गया था) आयातित माल के प्रथम परेषण की निकासी प्राप्त हो जाने की तिथि से या सरणीबद्ध मदों की वास्तविक विमुक्ति से जैसा भी मामला हो वो विनिर्माण के लिए किया है जिसके लिए सरणीबद्ध मद आबंटन/लाइसेन्स दिया गया था । ऐसा प्रमाण-पत्र उपरोक्त अनुबद्ध समय के समाप्ति के एक माह के भीतर ही देना होगा । बैंक गारण्टी सहित निष्पादित उक्त बांड प्रथम आयातित परेषण की सीमा शुल्क से निकासी से पहले या संबंधित सरणीबद्ध अभिकरण से प्रथम परेषण की वास्तविक विमुक्ति जैसा भी मामला हो, संबंधित लाइसेन्सिंग प्राधिकरण या के लाइसिंग एजेन्सी जैसा भी मामला हो द्वारा स्वीकृत कराया जाना चाहिए । इन प्रयोजनों के लिए बैंक गारण्टी और बांड का प्रोफार्मा परिशिष्ट 2-ग में दिया गया है । लाइसेन्सिंग प्राधिकारी/संबंधित सरणीबद्ध अभिकरण की संतुष्टि तथा जैसा कि इस पैरा में दिया गया है निर्यात आभार की प्रतिपूर्ति के पश्चात् ही बैंक गारण्टी सहित उक्त बांड का विमोचन करेंगे ।

पंजीकरण का पत्तन

71. आयात तथा निर्यात नीति के अंतर्गत जारी किया गया प्रत्येक आयात लाइसेन्स, यदि अन्यथा रूप से विशिष्टिकृत नहीं हो, तो भारत में किसी भी सीमा शुल्क पत्तन (वायु सीमा शुल्क सहित) के माध्यम से माल के आयात के लिए वैध होगा । किसी भी प्रकार का पृष्ठांकन नहीं किया जाएगा या इस संबंध में इसकी आवश्यकता नहीं होगी । अतः प्रत्येक लाइसेन्सधारी को सलाह दी जाती है कि वह अपने लाइसेन्स को सीमा-शुल्क अधिनियम, 1962 और उसमें बताए गए नियम एवं क्रियाविधि के अंतर्गत पत्तन के उस उचित सीमा-शुल्क प्राधिकारी के पास पंजीकृत कराएं जिसके माध्यम से वह आयात करना चाहता है ।

सहायक लाइसेंसिंग

72. (1) किसी एक सीमा-शुल्क भवन के विभिन्न अनुभागों के माध्यम से माल की निकासी को सुविधाजनक बनाने के लिए लाइसेन्सिंग प्राधिकारी वर्तमान वास्तविक उपयोक्ता लाइसेन्स के मद्दे सहायक लाइसेन्स जारी करने के अनुरोध पर विचार करेंगे। सहायक लाइसेन्स जारी करने के लिए अनुरोध उसी सम्बद्ध लाइसेन्सिंग प्राधिकारी को किया जा सकता है जिसने मुख्य लाइसेन्स जारी किया है ।

(2) हवाई अड्डों पर माल की निकासी के लिए सहायक लाइसेन्स हवाई अड्डों पर सीमा-शुल्क प्राधिकारी के माध्यम से माल की निकासी के लिए सहायक लाइसेन्स जारी करने के अनुरोधों पर भी विचार किया जाएगा ।

(3) सहायक लाइसेन्स के लिए आवेदन-पत्र आवेदक को सहायक लाइसेन्स के लिए आवेदन करते समय निम्नलिखित बातें ध्यान में रखनी चाहिए :—

(1) सम्भरक देश के माल के प्रेषण/पोतलदान के लिए सहायक लाइसेन्स के आवेदन-पत्र काफी पहले प्रस्तुत किए जाने चाहिएं । तथापि लाइसेन्सिंग प्राधिकारी मुख्य लाइसेन्स के समाप्त होने के बाद सहायक लाइसेन्स देने के आवेदन-पत्र पर विचार कर सकता है ताकि मुख्य लाइसेन्स की वैधता अवधि के भीतर लदान किए गए माल की लाइसेन्सधारी निकासी करने में समर्थ हो सके ।

(2) सहायक लाइसेन्स देने की सुविधा तभी दी जाएगी जब कि मूल लाइसेन्स का मूल्य 50 लाख रुपए या अधिक हो । प्रत्येक सहायक लाइसेन्स का मूल्य और इसके साथ ही साथ मुख्य लाइसेन्स में शेष रहा मूल्य 10 लाख रुपए से कम नहीं होगा ।

(3) सहायक लाइसेन्स की केवल सीमा-शुल्क प्रयोजन प्रति ही जारी की जाएगी और सहायक लाइसेन्स जारी करते समय लाइसेन्सिंग प्राधिकारी उसी पर पंजीकरण पत्तन को पृष्ठांकित करेगा । किसी भी हालत में सहायक लाइसेन्स की मुद्रा विनिमय नियंत्रक प्रति जारी नहीं की जाएगी ।

(4) जहां सहायक लाइसेन्स प्रदान किया जाए तो वह अंकित मूल्य के प्रतिबंध या मुख्य लाइसेन्स के लिए लागू किन्हीं अन्य शर्तों के अधीन होगा । आयातकों के लिए छूट है कि वे अंकित मूल्य प्रतिबंध की अनुमेय सीमा में विशेषतया वैध मदों के लिए अलग से सहायक लाइसेन्स के लिए आवेदन करें और प्राप्त करें । उन लाइसेन्स जिन पर प्रतिबंधित अनुमेय मदों का मूल्य दर्शाया गया हो मुख्य या मूल लाइसेन्स के मद्दे गैर-प्रतिबंधित मदों के लिए आयात के लिए भी वैध होगा ।

(5) सहायक लाइसेन्स के लिए आवेदन के साथ प्रत्येक सहायक लाइसेन्स के लिए रु. 100/- (केवल सौ रुपए) आवेदन-शुल्क की अदायगी की बैंक रसीद/बैंक ड्राफ्ट लगा होना चाहिए ।

(6) सहायक लाइसेन्स की वही वैध-अवधि होगी जोकि मुख्य लाइसेन्स की है । पुनर्वैधीकरण यदि कोई हो, मुख्य या मूल लाइसेन्स के संबंध में मंजूर किया जाता है तो वह सहायक लाइसेन्स पर भी लागू होगा । लाइसेन्सिंग प्राधिकारी की सुविधा के लिए सहायक लाइसेन्स पर वैध अवधि को दर्शाएगा ।

(7) संदर्भ और जांच की सुविधा की दृष्टि से सहायक लाइसेन्स पर मुख्य लाइसेन्स की संख्या और तारीख पृष्ठांकित की जाएगी ।

जब सहायक लाइसेन्स जारी किया जाएगा तो लाइसेन्सिंग प्राधिकारी मुख्य लाइसेन्स पर उपयुक्त पृष्ठांकन करेगा । (सीमा-शुल्क उद्देश्य के लिए प्रति) और इसे सहायक लाइसेन्स के मूल्य/मदों की सीमा में उस माल की निकासी के लिए वैध करेगा ।

"स्पिलट-अप लाइसेन्स"

73. (1) लाइसेन्सिंग प्राधिकारी विभिन्न सीमा-शुल्क पत्तनों पर माल की निकासी हेतु मुख्य लाइसेन्स के मद्दे "स्पिलट अप" लाइसेन्स(सों) को जारी करने के लिए अनुरोधों पर विचार कर सकते हैं । आवेदकों को आयात लाइसेन्सों की स्वीकृति हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत करते समय "स्पिलट अप" लाइसेन्स (सों) के जारी किए जाने के लिए विशिष्ट अनुरोध करना चाहिए ।

(2) प्रत्येक "स्पिलट अप" लाइसेन्स की न्यूनतम मूल्य 25 लाख रुपए होगा ।

(3) वास्तविक उपभोक्ता लाइसेन्सों के मामले में "स्पिलट अप" लाइसेन्स (सों) जारी करते समय लाइसेन्सिंग प्राधिकारी मूल लाइसेन्स के साथ-साथ प्रत्येक "स्पिलट अप" लाइसेन्स को निम्न प्रकार से पृष्ठांकित करेगा :—

"लाइसेन्सधारी इस बात को सुनिश्चित करेगा कि मुख्य लाइसेन्स और "स्पिलट अप" लाइसेन्स(सों) दोनों के मद्दे किया गया "एकल मद" को कुल आयात निर्धारित न्यूनतम मूल्य सीमा से अधिक नहीं होना चाहिए और वह सम्बद्ध प्रविष्टि बिल पर इस संबंध में एक घोषणा हस्ताक्षरित करेगा ।

(4) इस मामले में जहां मुख्य लाइसेन्स किसी मद के आयात हेतु प्रतिशत मूल्य सीमा के साथ-साथ कुल मिला कर अधिकतम मूल्य सीमा दोनों के अध्यधीन वैध हो, मुख्य लाइसेन्स और प्रत्येक "स्पिलट अप" लाइसेन्स पर भी दो प्रतिशत मूल्य सीमा के अलावा, उनके संबंध में यथानुपात विशिष्ट मूल्य सीमा भी दी जाएगी, ताकि "स्पिलट अप" लाइसेन्स (सों) का मद-वार मूल्य अनुमेय सीमा से अधिक न हो ।

(5) अतिरिक्त लाइसेन्सों के मामले में संबंधित लाइसेन्सिंग प्राधिकारी "स्पिलट अप" लाइसेन्स(सों) को जारी करते समय इस बात को सुनिश्चित करेगा कि ढील की सुविधा जहां कहीं अनुमेय हो उसके अंतर्गत कुल धारिता को केवल मुख्य लाइसेन्स पर ही रखा जाएगा ।

(6) उपर्युक्त "स्पिलट अप" लाइसेन्स सुविधा आर.ई.पी./स्पेशल आर.ई.पी. लाइसेन्सों, डी.टी.सी. और डायमंड आभूषण लाइसेन्सों और शुल्क मुक्त स्कीम के अंतर्गत जारी लाइसेन्सों के संबंध में उपलब्ध नहीं होगी ।

(7) प्रत्येक "स्पिलट अप" लाइसेन्स के लिए 500/- रुपए की फीस बैंक रसीद/बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से देय होगी ।

प्रतिस्थापन लाइसेंस

74. (1) पहले आयात किया हुआ माल जो खराब पाया गया था या प्रयोग के लिए दोषपूर्ण पाया गया था या आयात के बाद खो गया था या नष्ट हो गया था, उस माल के बदले में आयात किए गए माल की निकासी खुले सामान्य लाइसेंस सं. 4 के अधीन अनुमेय की जाएगी बशर्ते कि उक्त खुले सामान्य लाइसेंस के अधीन निर्धारित शर्तें पूर्ण कर दी गई हों। ऐसे प्रतिस्थापन आयात के संबंध पोत लदान उस तिथि से 24 मास के भीतर करना चाहिए जिस तिथि से सीमा-शुल्क द्वारा पहले हो आयात किए गए माल की निकासी की गई हो या मशीनों या उनके पुर्जों के मामलों में गारण्टी अवधि के भीतर पोत लदान करना चाहिए। उन मामलों में जहां पोत लदान 24 मास के भीतर नहीं किया गया है, सामान्यतया उस पर विचार नहीं किया जाएगा। लेकिन, आवेदक के नियंत्रण के बाहर के कारणों की वजह से वास्तविक कठिनाइयों वाले मामले में लाइसेंस प्राधिकारी प्रत्येक मामले के निवेदन पर गुणवत्ता के आधार पर विचार करेगा। ऐसे मामलों में, आवेदकों को चाहिए कि वे वही दस्तावेज प्रस्तुत करें जो आयात के लिए खुले सामान्य लाइसेंस सं. 4 में निर्धारित किए गए हैं, और यह कारण भी बताएं कि खुले सामान्य लाइसेंस सं. 4 के अधीन क्यों नहीं किए जा सके।

(2) जिन मामलों में वास्तविक आयात होने से पहले माल का लदान या अवतरण कम मात्रा में हुआ पाया जाए या माल यात्रा में खोया गया पाया जाए और इसका पता कस्टम के माध्यम से निकासी के समय चले तो वह माल पूरा करने के लिए कोई नया लाइसेंस उन मामलों में जारी नहीं किया जाएगा जिनमें जिस आयात लाइसेंस के मद्दे आयात किया गया था वह अब भी वैध हो। ऐसे मामलों में कम मात्रा में लादे गए, कम मात्रा में अवतरित या यात्रा में खोए गए माल के बदले प्रतिस्थापन आयात कस्टम प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए प्रमाण-पत्रों के आधार पर किए जा सकते हैं। उन मामलों में जहां कम माल के लदान का विदेशी संभरकों, जो कि बिना मूल्य के कम माल के लदान को बदलने के लिए तैयार है द्वारा सत्यापन किया गया है के लिए सीमा-शुल्क द्वारा कम माल के लदान के प्रमाण-पत्र के आधार पर सीमा-शुल्क निकासी परमिट जारी किया जाएगा। अन्य मामलों में कम मात्रा में लादे गए, कम मात्रा में उतारे गए या यात्रा में खोए गए, इनमें जो भी हो, उस माल के विषय में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने पर संबद्ध लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा नया लाइसेंस जारी किया जाएगा।

(3) उपर्युक्त उप-कण्डिका (1) और (2) में न आने वाले मामलों में प्रतिस्थापन लाइसेंस जारी करने के लिए लाइसेंस प्राधिकारी आवेदन-पत्र पर गुणवत्ता के आधार पर विचार कर सकते हैं। ऐसे आवेदन-पत्र संबद्ध आवेदकों की श्रेणी के लिए संगत प्रपत्र में दिए जाने चाहिएं।

आयात/सीमा-शुल्क निकासी परमिटों/रिलीज आदेशों की अनुलिपि प्रतियां

75. जहां लाइसेंस, (अग्रिम/अदाय लाइसेंस छोड़कर) सीमा-शुल्क निकासी परमिट या रिलीज आदेश खो जाता है या अस्थानस्थ हो जाता है तो अनुलिपि प्रति के लिए आवेदन-पत्र पर केवल तभी विचार किया जाएगा जब संबंधित लाइसेंस प्राधिकारी निवेदन की प्रामाणिकता के बारे में संतुष्ट हो जाता है। सूखे मेवों के आयात के लिए, आयात लाइसेंस के मद्दे, लाइसेंस की अनुलिपि प्रति जारी नहीं की जाएगी।

76. स्वतंत्र रूप से हस्तान्तरणीय आर. ई. पी. लाइसेंसों और अतिरिक्त लाइसेंसों के मामले में कोई अनुलिपि प्रति जारी नहीं की जाएगी। लेकिन, ऐसे मामलों में लाइसेंस प्राधिकारी केवल उस स्थिति में अनुलिपि लाइसेंस प्रदान करने के लिए आवेदन-पत्रों पर विचार कर सकते हैं जहां मूल लाइसेंस खो गया हो, या आयात तथा निर्यात नियंत्रण संगठन में अस्थानस्थ हो गया हो तो ऐसे आवेदन-पत्रों के लिए संयुक्त मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात द्वारा निर्णय लिया जाएगा। (उन मामलों में जहां उप मुख्य नियंत्रक ही सब से बड़ा अधिकारी है, वहां जिस क्षेत्र में वह कार्यालय पड़ता है वहां के संयुक्त मुख्य नियंत्रक का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा)।

77. जिस पत्तन पर लाइसेंसधारी ने लाइसेंस पंजीकृत करवाया है, उसके संबंध में घोषणा-पत्र के साथ अनुलिपि लाइसेंस देने के लिए ऐसे आवेदन-पत्र मूल लाइसेंस/रिलीज आदेश जारी करने वाले लाइसेंस प्राधिकारी को भेजे जाने चाहिएं। ऐसे आवेदन-पत्रों के साथ आवेदन शुल्क के रूप में 100 रु. की बैंक रसीद/डिमाण्ड ड्राफ्ट और परिशिष्ट 2-क में निर्धारित स्टाम्प पेपर पर उचित न्यायिक प्राधिकारी या नोटरी पब्लिक या शपथ आयुक्त के सम्मुख विधिवत् शपथ लेकर एक शपथ-पत्र भी होना चाहिए।

78. लाइसेंस/रिलीज आदेश की अनुलिपि प्रति को अनुलिपि के रूप में चिन्हित किया जाएगा (आयात लाइसेंसों के मामले में सीमा-शुल्क निकासी और मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रतियां दोनों पर) और लाइसेंस जारी करने वाले प्राधिकारी द्वारा स्पष्ट शब्दों में निम्न प्रकार से पृष्ठांकन किया जाएगा :—

चूंकि लाइसेंस/सीमा-शुल्क निकासी परमिट/रिहाई आदेश सं. . . . . दिनांक . . . . . का पूर्ण मूल्य या आंशिक मूल्य . . . . रु. तक उपयोग करने पर रद्द कर दिया गया था, इसके बदले में लाइसेंस/सीमा-शुल्क निकासी परमिट/रिहाई आदेश जारी किया गया है।

79. लाइसेंस की अनुलिपि जारी करने की सूचना लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा उस सीमा-शुल्क प्राधिकारी को भेजी जाएगी जिसके पास मूल लाइसेंस पंजीकृत कराता है। उन मामलों में जहां लाइसेंस सीमा-शुल्क प्राधिकारी के पास पंजीकृत करवाने से पूर्व खो गया है, उसकी सूचना सभी सीमा-शुल्क प्राधिकारियों को भेजी जायेगी। मूल लाइसेंस रद्द करने के आदेश भारत के राजपत्र में प्रकाशित किए जायेंगे।

आयात/सीमाशुल्क निकासी परमिटों/रिलीज आदेशों की अनुलिपि से आयात

80. (1) आयात लाइसेंस लागत-बीमा-भाड़ा के आधार पर मूल्य के साथ जारी किए जाते हैं। आयात जिनके पास (1) आर.

ई. पी. लाइसेन्स (अतिरिक्त लाइसेंसों सहित), (2) कच्चे माल/संघटकों/उपभोज्यों/अतिरिक्त पुर्जों के आयात के लिए वास्तविक उपयोक्ता लाइसेंस तथा (3) पूंजीगत माल/हैवी इलेक्ट्रिकल प्लांट के लिए आयात लाइसेंसों, जो ऐसे लाइसेंसों के मद्दे एयर इण्डिया/इण्डियन एयर लाइन्स तथा इण्डियन वैसल्स जिसमें पूरे वैसल्स चार्टर्ड शामिल हैं अथवा ट्रांसशिपमेन्ट आधार पर या भारतीय शिपिंग कम्पनियों द्वारा सलोर चार्टर पर आधारित हैं और भारतीय तथा भारत में अपरिवर्तनीय भारतीय रुपयों में वायुयान का भाड़ा चुकाते हैं, को चुकाए गए भाड़े के समतुल्य मूल्य के बराबर उस मात्रा के माल (बीमा प्रभारों सहित) का आयात अनुमित किया जाएगा। ऐसे चुकाए गए भाड़ों/प्रभारों की राशि को लाइसेन्स के नामे नहीं डाला जाएगा ताकि आयातक उस सुविधा का लाभ उठा सकें। लाए गए आयातित माल, चार्टर आधार पर जिसमें 'ट्रांसशिपमेन्ट' अथवा 'सलोर' चार्टर्ड वेसिस एयर इण्डिया/इण्डियन एयर लाइन्स द्वारा सम्मिलित है, इसी प्रकार उपर्युक्त सुविधा के लिए भी पात्र होंगे।

(2) यह सुविधा इन शर्तों के अधीन होगी (1) आयात, लाइसेन्स के समस्त मूल्य से अधिक नहीं होगा (2) यदि लाइसेन्स में अलग मदों के लिए कोई अंकित मूल्य प्रतिबन्ध लगाया गया हो, तो वह बढ़ाया नहीं जाएगा, और (3) आयात संचालन हेतु अन्य शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

(3) जो लाइसेन्सधारी यह सुविधा प्राप्त करना चाहते हैं उनके लिए यह आवश्यक नहीं होगा कि वे इस विषय में लाइसेन्स प्राधिकारी से कोई पृष्ठांकन प्राप्त करें। यदि अन्यथा रूप से सही है तो इन व्यवस्थाओं के अनुसार सीमा-शुल्क प्राधिकारी आयात के लिए अनुमति देंगे। इसी प्रकार से विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत व्यापारी भी ऐसे मामलों में विदेश में धन प्रेषण के लिए वायुयान भाड़े की धनराशि लाइसेन्स के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के नामे नहीं डालेंगे।

4. ऐसे लाइसेंसधारी जो इस सुविधा का लाभ लेने के इच्छुक हैं उनके पास उनके आदेश और साखपत्र (जहां खोले गए हों) में यह स्पष्ट अनुबन्ध होना चाहिए कि विदेशी सम्भरक विदेश में एयर इण्डिया/इण्डियन एयर लाइन्स भारतीय पोत के बुकिंग कार्यालयों को यह परामर्श देगा कि प्रेषण (णों) को इस पैरे के अधीन भारत में आयात किया जा रहा/किए जा रहे हैं और इस संबंध में हवाई मार्ग बिल/पोत परिवहन बिल के ऊपरी सिरे पर सुस्पष्ट संकेत दिया जाना चाहिए। ऐसे संकेत बिल से एयर इण्डिया/इण्डियन एयर लाइन्स भारतीय पोत कम्पनी को यह सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी कि प्रेषण वास्तविक रूप में उनके कैरियर/पोत द्वारा ही ले जाया गया था और न कि किसी पूलिंग व्यवस्था में एयर लाइन्स/पोत को हस्तांरित किया गया है।

5. लाइसेन्सधारक इसके लिए भी उत्तरदायी होगा कि लाइसेंसधारी उन लाइसेंस (सों) के ब्यौरे एयर इण्डिया/इण्डियन एयर लाइन्स/भारतीय पोत कम्पनी को भेजेंगे जिनके मद्दे इण्डियन एयर लाइन्स/पोत कम्पनी को सम्पर्क करने के समय आयात किया है और उसे एयर लाइन्स पोत के किसी साझीदार को हस्तांतरण करेगा। ब्यौरे नीचे दी गई सूचना स्लिप के प्रपत्र में भेजे जाने चाहिएं।

6. शुल्क छूट स्कीम के अन्तर्गत कोई लाइसेंसधारी केवल मूल्य में ही इस सुविधा को प्राप्त कर सकता है बशर्ते कि लाइसेंस में निर्धारित मात्रा की सीमा में वृद्धि न हो। सीमा शुल्क प्राधिकारियों के मूल्यांकन के उद्देश्य से यदि लाइसेंस का लागत भाड़ा मूल्य ऐसे आयात के लिए पर्याप्त न हो, तो सम्बन्धित लाइसेंसिंग प्राधिकारी लागत-बीमा-भाड़ा में मूल्य में वृद्धि करने का विचार कर सकते हैं, लाइसेंस की सीमा-शुल्क प्रयोजन प्रति पहले से लगाए गए निर्यात आभार के जहाज पर निःशुल्क मूल्य में अनुरूप वृद्धि के बिना विचार किया जा सकता है। ऐसे मामलों में मूल्य में वृद्धि की मात्रा भारतीय रुपये में भुगतान की गई भाड़े की राशि तक सीमित होगी अथवा सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा प्रमाणीकृत लागत भाड़ा मूल्य में कमी तक होगी। इसके और संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी की सन्तुष्टि के लिए एयर इण्डियन/इण्डियन एयर लाइन्स/इण्डियन वैसल्स के माध्यम से आयातित माल के सम्बन्ध में साक्ष्य के रूप में दस्तावेजी सबूत लाइसेन्सधारक द्वारा दिया जाएगा।

सूचना स्लिप

(1) लाइसेंसधारक का नाम और पता।

(2) उस आर. ई. पी./ए. यू./सी. जी. लाइसेंस की संख्या और तारीख जिसके मद्दे आयात किया गया है।

(3) उपर्युक्त (2) में उल्लिखित आर. ई. पी./ए. यू./सी. जी. लाइसेंस का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित मूल्य में से निकासी के लिए पड़े/लम्बित आयात प्रेषण का मूल्य।

लाइसेन्सधारक या उसके

दिनांक :

स्थान :

पूर्तिकर्ताओं को भुगतान

81. (1) यदि खुले सामान्य लाइसेंस के अंतर्गत माल का आयात किया जाना है तो, विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत विक्रेता इस बात से संतुष्ट होने पर कि जिन वस्तुओं के आयात के लिए आदेश दिया गया है, वे वस्तुएं खुले सामान्य लाइसेंस के अंतर्गत शामिल की गयी हैं, तो उनके सम्बन्ध में वे साख-पत्र खोल सकते हैं या अन्य प्रकार से धन भेज सकते हैं।

(2) जो वस्तुएं खुले सामान्य लाइसेन्स के अन्तर्गत नहीं आती, उनके सम्बन्ध में जब तक आयातकर्ता के पास विदेशी मुद्रा-विनिमय नियंत्रण प्रति सहित एक वैध आयात लाइसेन्स न हो तब तक न तो साख-पत्र खोला जा सकता है और न ही विदेशी मुद्रा

भेजी जा सकती है । विदेशी मुद्रा के किसी प्राधिकृत विक्रेता को यदि विदेशी मुद्रा के प्रेषण के लिए आवेदन भेजना हो, तो लाइसेन्सधारी को चाहिए कि वह प्राधिकृत विक्रेता को लाइसेन्स की एक प्रति प्रस्तुत करें जिस पर "विदेशी मुद्रा नियंत्रक संबंधी प्रयोजनों के लिए" लिखा होना चाहिए ।

(3) यह नोट कर लेना चाहिए कि सौदे तय करने के प्रयोजन से जिस अवधि के लिए साख-पत्र खुला रखा जाना चाहिए । उसे निर्धारित करने के लिए कोई भी आयात-व्यापार समय खुले सामान्य लाइसेंस या वैध लाइसेंस के समाप्त होने की तारीख को ध्यान में रखा जाना चाहिए ।

लदान सम्बन्धी दस्तावेज प्राप्त करने से पहले कोई राशि न भेजी जाए

82. यह नोट कर लिया जाए कि यद्यपि सामान के लदान/रवानगी से पहले लाइसेंस की विदेशी मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति के आधार पर साख-पत्र खोला जा सकता है, लेकिन उसका प्रेषण तभी संभव होगा जब लदान संबंधी दस्तावेज प्राप्त हो चुके हों । पूंजीगत माल और भारी विद्युत संयंत्रों के लाइसेन्स के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक विदेशी पूर्तिकर्ताओं को बयाने की राशि के रूप में आंशिक भुगतान करने का प्राधिकार दे सकता है ।

83. (1) आयात लाइसेन्स में दिया गया मूल्य हमेशा आयात की जाने वाली वस्तुओं के मूल्य के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के बराबर होता है, और उसमें पूर्तिकर्ता/विनिर्माता द्वारा आयातकर्ता या एजेन्ट को दिया गया कमीशन भी शामिल होता है । सीमाशुल्क के प्रयोजनों के लिए आयात-लाइसेन्स की राशि के नामे डाले जाने वाला मूल्य, आयात की गयी वस्तुओं के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के बराबर होगा और इसका निर्धारण सीमा शुल्क प्राधिकारी करेंगे । आयात लाइसेन्स के अन्तर्गत दी गयी वस्तुओं के मूल्य की अदायगी के संबंध में विदेशी मुद्रा विनिमय नियंत्रण विनियम लागू होंगे और इस राशि में विदेशी पूर्तिकर्ताओं/विनिर्माताओं द्वारा आयातकर्ताओं/एजेन्टों को दिया जाने वाला कमीशन, छूट और इसी प्रकार की अन्य कटौतियों को शामिल नहीं किया जाएगा । अतः लाइसेंस प्राधिकारी लाइसेंस पर इस आशय की एक शर्त विशेष रूप से लिखेगा कि इसके मद्दे किए जाने वाले प्राधिकृत भुगतान में विदेशी पूर्तिकर्ताओं/विनिर्माताओं द्वारा भारत के आयातकर्ताओं/एजेन्टों को दिया जाने वाला कमीशन, छूट और इसी प्रकार की अन्य कटौतियां शामिल नहीं होंगी ।

टिप्पणी :—वस्तुओं के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य में जहाज के कुलियों का खर्च भी शामिल है, क्योंकि यह भी भाड़े का ही एक भाग है और ऐसे खर्च लाइसेन्स के नामे डाले जाते हैं ।

(2) यदि सामान पोत निःशुल्क भाव पर मंगाया गया हो तो लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य का पूरी तरह उल्लेख नहीं हो सकता । ऐसे मामलों में, रुपयों में भुगतान करने के लिए बीमे और भाड़े की लागत के लिए कुछ गुंजाइश रखनी पड़ती है । जब भाड़े या बीमे की रकम का भुगतान भारत में रुपयों में हुआ है, तो उस राशि को विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत विक्रेता के लाइसेन्स के मूल्य में से घटा दिया जाएगा ।

सीमा-शुल्क सदनों द्वारा आयात लाइसेन्स को अनन्तिम रूप से नामे डालना

84. सीमा-शुल्क कार्यालय कभी-कभी आयातित वस्तुओं के भारित मूल्य को अनन्तिम रूप से आयात लाइसेन्सों की राशि के नामे डाल देते हैं । बाद में जांच करने के पश्चात या किसी अपील पर कोई लाइसेंस-अवधियों के बाद लदान की मात्रा कम कर दी जाती है 'भारित मूल्य' में कमी के कारण लाइसेन्स का पुनर्वैधीकरण नहीं किया जाएगा ।

विदेशों में मरम्मत होने के बाद माल का पुनः आयात

85. जो माल आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 के अनुच्छेद 11 (1) (ब) जो इस पुस्तक के खण्ड—दो में दर्शाए गए खुले सामान्य लाइसेन्स सं. 1 के अधीन नहीं आते हैं और जो मरम्मत करवाने और बाद में वापस मंगवाने के लिये निर्यात किए जाते हैं, उन मामलों में आयातक को पहले से ही आयात लाइसेन्स प्राप्त करना चाहिए और मरम्मत करवाने के लिए माल का निर्यात संबंध लाइसेन्स प्राधिकारी से उसके लिए पुनः लाइसेन्स प्राप्त करने के बाद करना चाहिए । जहां माल की मरम्मत करवाने के बाद पुनः आयात में विदेशी मुद्रा का भुगतान शामिल होता है, वहां मरम्मत, भाड़ा एवं बीमा की लागत के लिए प्रेषित की जाने वाली धन-राशि लाइसेंस के आवेदन-पत्र में संकेतित होनी चाहिए । तथापि, मरम्मत आदि के लिए विदेश भेजे जाने वाले उपभोक्ता ड्यूरेबलों के लिए स्वीकृति नहीं दी जाएगी ।

उपर्युक्त प्रावधान मरम्मत आदि के लिए बाहर भेजी गयी भारतीय मूल की मदों के लिए भी लागू होगा । लेकिन, ऐसे मामलों में महानिदेशक, तकनीकी विकास से इस संबंध में एक प्रमाण-पत्र आवश्यक होगा कि विषयाधीन माल की भारत में मरम्मत नहीं की जा सकती ।

टिप्पणी :—(1) उपरोक्त पैरा में निर्दिष्ट "मरम्मत" शब्द में पुनः संसाधित और उन्नयन करने को भी शामिल समझा जाए । तथापि महानिदेशक तकनीकी विकास से इस आशय का प्रमाण-पत्र लिया जाना आवश्यक होगा कि उक्त संसाधन/उन्नयन भारत में नहीं किया जा सकता था ।

(2) आधिकृत विदेशी संवाददाताओं के मामले में व्यावसायिक उपकरणों की मरम्मत के लिए आवेदन-पत्रों पर प्रेस सूचना ब्यूरो की सिफारिश पर विचार किया जाएगा ।

निपटान गए, पुराने या पुनः ठीक किए गए माल का आयात

86. (1) 7 दिसम्बर, 1955 को यथा संशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 के अनुसार प्रत्येक लाइसेंस की एक शर्त यह है कि जब तक लाइसेन्स में अन्यथा निर्दिष्ट न हो, जिन वस्तुओं के लिए लाइसेंस दिया गया है वे निपटान किए

गए माल से भिन्न नई वस्तुएं होंगी । निपटाने योग्य वस्तु चाहे वे नई ही क्यों न हों, उनको नई नहीं समझा जाएगा ।

(2) निपटाए जाने वाले या पुराने अथवा मरम्मत किए गए माल के आयात के लिए आवेदन मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली के पूर्व अनुमोदन के बिना स्वीकार नहीं किए जाएंगे । लेकिन, मरम्मत किए गए पुराने पूंजीगत माल के आयात के लिए इस पुस्तक के अध्याय 3 में दी गई क्रिया-विधि लागू होगी ।

वास्तविक उपयोक्ता के व्यापार के नाम, गठन या स्वामित्व में परिवर्तन

87. जब तक हस्तान्तरी द्वारा पूर्ण रूप से या व्यक्तिगत रूप से हस्तान्तरक के बैध आभारों और दायित्वों को ले नहीं लिया जाता है तब तक लाइसेंसधारी के नाम गठन या स्वामित्व में परिवर्तन को प्रभावित करने के लिए मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली का अनुमोदन आवश्यक नहीं है ।

88. जहां इसके परिणामस्वरूप व्यापार क्रियाकलाप या लाइसेंसधारी के नाम में कोई परिवर्तन नहीं होता है अर्थात् अंतर्गत सम्पत्ति में कोई हस्तान्तरण नहीं होता (उसके नाम में) तो वर्तमान लाइसेंस में किसी आवश्यक संशोधन के लिए इस लाइसेंसधारी को उस लाइसेंस प्राधिकारी के पास आवेदन करना चाहिए जिसने लाइसेंस जारी किया था । ऐसे निवेदन सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी के माध्यम से किए जाने चाहिए ।

89. परिवर्तन की तिथि के बाद लाइसेंस के लिए दिए गए प्रथम आवेदन-पत्र में यह स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त होना चाहिए कि उसके विनिर्माता के व्यापार के स्वामित्व या व्यवस्था में परिवर्तन किए बिना उसके नाम में परिवर्तन हुआ है । यदि लागू आयात नीति की शर्तों के अनुसार ऐसे आवेदन-पत्र सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी के माध्यम से न भेज कर सीधे ही लाइसेंस प्राधिकारी को भेजने की जरूरत पड़े तो वास्तविक उपयोक्ता अपने प्रमाण-पत्र के साथ प्रायोजक प्राधिकारी के लिए इस आशय का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें कि प्रायोजक प्राधिकारी के पास वास्तविक नाम का पंजीकरण तदनुसार संशोधित कर दिया गया है ।

90. जहां वास्तविक उपयोक्ता के व्यापार के नाम में परिवर्तन होने पर या परिवर्तन हुए बिना उसके स्वामित्व या गठन (विभाजन द्वारा परिवर्तन भी उसमें शामिल है) में परिवर्तन होता है तब निम्नलिखित प्रावधान लागू होंगे :—

(1) यदि मूल स्वामी से सम्बद्ध औद्योगिक एकक में आयातित मशीन या अन्य कोई आयातित माल रखा था तो उसे सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी से नए स्वामी या पुनः स्थापित उद्यम, जैसा भी मामला हो, व्यापार हस्तान्तरित करने की पूर्व अनुमति लेनी चाहिए । मूल स्वामी को भी सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी को परिवर्तन की सूचना देनी चाहिए । उस मामले में जहां किसी साझीदार के प्रवेश करने या अलग हो जाने से मृत्यु हो जाने के कारण व्यापार की व्यवस्था में परिवर्तन होता है और पुनः स्थापित फर्म उनके नाम या पते में परिवर्तन किए बिना ही सारा व्यापार संभाल लेती है तो प्रायोजक प्राधिकारी की पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं है । मूल फर्म को केवल परिवर्तन की सूचना लाइसेंस प्रदान करने वाले और सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारियों को भेजनी चाहिए ।

(2) ऊपर उल्लिखित (1) में परिवर्तन होने पर, मूल स्वामी को चाहिए कि हस्तान्तरित की जाने वाली सभी मशीनरी एवं एकक में उपयोग किए जाने के लिए आयातित सभी सामग्री को नए स्वामी या पुनः स्थापित उद्यम, जैसा भी मामला हो, के नाम में हस्तान्तरित कर दे ।

(3) जहां मूल स्वामी को आयात लाइसेंस जारी किया गया हो और उक्त लाइसेंस के मद्दे माल के आयात से पूर्व व्यापार के स्वामित्व या गठन में परिवर्तन हो जाता है, तो आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की शर्तों के अनुसार व्यापार के वास्तविक और नए स्वामी को, जिस लाइसेंस प्राधिकारी ने लाइसेंस जारी किया था, उस नए स्वामी या पुनः स्थापित उद्यम, जैसा भी मामला हो, के नाम में लाइसेंस हस्तान्तरण की अनुमति के लिए संयुक्त आवेदन-पत्र देना चाहिए। आवेदन-पत्र नए स्वामी के प्रायोजक प्राधिकारी के माध्यम से दिया जाना चाहिए और आवेदन-पत्र में यह स्पष्ट कर देना चाहिए कि व्यापार के हस्तान्तरण के संबंध में वास्तविक स्वामी के लिए उचित अनुमोदन प्रायोजक प्राधिकारी से ले लिया है या नहीं जैसा कि ऊपर उपखंड (1) में बताया गया है ।

(4) यदि परिवर्तन के समय कोई उपर्युक्त लाइसेंस पास में नहीं है तो नए स्वामी या पुनः स्थापित उद्यम का जैसा भी मामला हो, परिवर्तन की तिथि के बाद लाइसेंस के लिए दिए गए प्रथम आवेदन-पत्र में यह स्पष्ट सूचित किया जाना चाहिए कि व्यापार के स्वामित्व या गठन में परिवर्तन हो चुका है यदि वर्तमान आयात नीति की शर्तों के अनुसार ऐसे आवेदन-पत्र सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी को न भेज कर लाइसेंस प्राधिकारी को सीधे ही भेजने आवश्यक हों तो आवेदन-पत्र के साथ इस आशय का साक्ष्य होना चाहिए कि व्यापार के स्वामित्व या व्यवस्था के संबंध में वास्तविक स्वामी के लिए प्रायोजक प्राधिकारी का पूर्ण अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है और नए स्वामी को सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी के पास विधिवत् पंजीकृत करवा दिया गया है ।

91. जहां वास्तविक उपयोक्ता फैक्टरी या आयातित मशीनरी का केवल एक ही हिस्सा हस्तान्तरित करता है या जहां वह व्यापार या फैक्टरी जिसके लिए उक्त माल आयात किया गया था, उसे बेचे बिना जब कोई वास्तविक उपयोक्ता किसी अन्य आयातित माल को बेचने का प्रस्ताव रखता है; या जहां वास्तविक उपभोक्ता अपनी फैक्टरी/विनिर्माण करने वाले एकक से संबंधित आयातित कच्चे माल, संघटक, उपभोज्य व्यापार को बेच देता है, परन्तु

खरीददार सम्बद्ध औद्योगिक सामग्री या अतिरिक्त पुर्जे प्राप्त नहीं करता है और वास्तविक उपयोक्ता को ऐसा माल दूसरा पार्टी को बेचना पड़ता है, तो ऐसी बिक्री इस अध्याय में अन्यथा रूप से निर्धारित प्रक्रिया और आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की धारा 10-ग द्वारा नियंत्रित होगी ।

92. प्रायोजक प्राधिकारी की सिफारिश के आधार पर लाइसेंसों के हस्तान्तरण के आवेदन-पत्रों पर लाइसेंस प्राधिकारी केवल उन्हीं मामलों पर विचार करेगा जहां आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 के अधीन हस्तान्तरी लाइसेंस प्राप्त करने से विवर्जित या निलंबित या आस्थागित नहीं हुआ हो। उसी प्रकार से प्रायोजक प्राधिकारी व्यापार के हस्तान्तरण के निवेदनों पर केवल उन्हीं मामलों में विचार करेंगे जब हस्तान्तरक और हस्तान्तरी दोनों ही आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 के अधीन लाइसेंस प्राप्त करने से विवर्जित या निलंबित या आस्थागित न किए गए हों ।

93. उपर्युक्त प्रावधान पंजीकृत निर्यातकों को जारी किए गये लाइसेंसों के लिए भी समान रूप से लागू होंगे । ये केवल आयात नीति, 1978-79 तथा इसके पश्चात् के अधीन जारी किए गए आर. ई. पी. लाइसेंसों में लागू नहीं होंगे, यदि वे स्वतंत्र रूप से हस्तान्तरणीय हों ।

आयातित माल का हस्तान्तरण करना/उधार देना

94. (1) जहां वास्तविक उपयोक्ता जिस उद्देश्य के लिए माल प्राप्त करता है, उसके लिए आयातित माल का उपयोग करने में असमर्थ होता है या आयातित माल उसकी आवश्यकताओं से अधिक है, तो वह सम्बद्ध प्रायोजक अधिकारी की लिखित अनुमति से अन्य वास्तविक उपयोक्ता को ऐसे आयातित माल को हस्तान्तरित कर सकता है या उधार दे सकता है बशर्ते कि क्रेता और विक्रेता वास्तविक उपयोक्ता (उधार देने वाला और लेने वाला) एक ही प्रायोजक प्राधिकारी के क्षेत्राधिकार में हों । "तथापि, उन फर्मों के संबंध में जिनकी एक से अधिक यूनिट उसी ही प्रकार के उत्पाद का विनिर्माण करती है लेकिन एक ही स्थान अथवा भिन्न राज्यों में उसी प्रायोजक प्राधिकारी के क्षेत्राधिकार में आते हैं तो उनको अपनी एक यूनिट से अन्य यूनिट/यूनिटों में ट्रांसफर करने के लिए पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं है । तथापि इस संबंध में संबंधित प्रायोजक प्राधिकारी को सूचना दी जानी चाहिए ।"

(2) वास्तविक उपयोक्ता को आयातित अधिशेष/अप्रयुक्त कच्चा माल/संघटक और उपभोज्य माल को बेचने के लिए आयात की तिथि से पांच साल व्यतीत होने के पश्चात् लाइसेंसिंग अधिकारी की अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी । तथापि इस बारे में एक सूचना पंजीकृत डाक से संबंधित लाइसेंसिंग अधिकारी और संबंधित प्रायोजक अधिकारी तथा 30 दिन के भीतर वास्तविक उपयोक्ता खरीदार के प्रायोजक अधिकारी को भी देनी होगी ।

95. जहां तत्संबंधी प्रायोजक प्राधिकारी अलग-अलग हों, परन्तु संविदा करने वाले वास्तविक उपयोक्ता उसी राज्य या संघ क्षेत्र में स्थित हों, तो (राज्य) उद्योग निदेशक, आयातित माल के हस्तान्तरण करने/उधार देने की लिखित अनुमति दे सकता है और बाद में उसका अनुश्रवण भी कर सकता है ।

96. अन्य मामलों में, लाइसेंस प्राधिकारी की पूर्व लिखित अनुमति आवश्यक है । हस्तान्तरण की शर्तों पर सहमत होने पर दोनों वास्तविक उपयोक्ता अर्थात् क्रेता और विक्रेता को क्रेता वास्तविक उपयोक्ता के प्रायोजक प्राधिकारी के माध्यम से आवेदन करना चाहिए ।

97. उपर्युक्त व्यवस्थाएं खुले सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत आयातित या सारणीबद्ध अभिकरण से प्राप्त किए गए माल के लिए भी लागू होंगी ।

पूंजीगत माल का हस्तान्तरण

98. केवल वास्तविक उपयोक्ता के नाम में आयातित पूंजीगत माल जिसमें अतिरिक्त पुर्जे उनके उपसाधित (या अनुषंगी शामिल है के हस्तान्तरण के लिए उनके आयात की तिथि से 5 वर्ष व्यतीत होने के पश्चात् लाइसेंस प्राधिकारी से कोई अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी । तथापि, इसकी सूचना प्रायोजक प्राधिकारी के साथ-साथ संबंधित लाइसेंस प्राधिकारी को बिक्री के 30 दिन के भीतर पंजीकृत डाक से भेजी जानी चाहिए । क्रेता को यह सुनिश्चित करना होगा कि सम्बन्धित माल के खरीदने से यह अनुरक्षित/प्राधिकृत क्षमता से अधिक नहीं होगा । बशर्ते कि यह उन मामलों के लिए लागू नहीं होगा यदि कहीं द्विपक्षीय समझौते के अनुसार इस संबंध में लाइसेंस में कोई विशेष शर्त है ।

माउल्ड्स का हस्तान्तरण

99. उत्पाद विनिर्माण के लिए वास्तविक उपयोक्ताओं द्वारा उत्पादन इकाइयों के लिए प्रायोजक प्राधिकारी तथा मुख्य नियंत्रक आयात व निर्यात का कार्यालय, नई दिल्ली को सूचना देते हुए पार्ट्स मोल्ड करने/घड़ने के लिए उधार के तौर पर आयातित माउल्ड्स का हस्तान्तरण किया जा सकता है ।

अनुसूचित बैंकों द्वारा आयातित माल का निपटान

100. अनुसूचित बैंक के पास पड़े आयातित माल को सार्वजनिक क्षेत्र एजेन्सी या राज्य (लघु) औद्योगिक विकास निगम को स्थानान्तरित किए जाने के लिए प्रायोजक प्राधिकारी या लाइसेंसिंग प्राधिकारी की अनुमति प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है, उस मामले में जहां (क) जिस लाइसेन्स के मद्दे माल का आयात किया गया था उसको संयुक्तधारक के रूप में सीमा-शुल्क से माल की निकासी करवा ली हो या (ख) आयात किया गया माल बैंक के पास लाइसेंसधारी द्वारा गिरवी रखा हुआ हो और लाइसेन्सधारी विषयाधीन माल को छुड़ाने की स्थिति में न हो बशर्ते कि बैंक ने बिक्री के लिए ऐसा अधिकार प्राप्त कर लिया है ।

101. जब राज्य व्यापार निगम/धातु एवं खनिज व्यापार निगम या इसी प्रकार के अन्य अभिकरण बैंक से आयातित माल खरीदने के इच्छुक न हों और बैंक प्रायोजक प्राधिकारी या प्रसिद्ध अखबारों के उचित विज्ञापन के माध्यम से ऐसे माल का

कोई अन्य क्रेता नहीं ढूंढ पाता है तो बैंक माल की नीलामी की अनुमति के लिए सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी से सम्पर्क कर सकता है, बशर्ते कि लाइसेंसधारी बिक्री के लिए सहमत हो या बैंक के पास वैध संविदा सम्बन्धी शर्तों के अन्तर्गत अन्यथा रूप से माल बेचने के लिए वैध अधिकार हो ।

राज्य (लघु) औद्योगिक विकास निगम सहित सार्वजनिक क्षेत्र के अभिकरणों द्वारा माल का निपटान

102. जहां कुछ वास्तविक उपयोक्ताओं की ओर से सार्वजनिक क्षेत्र के अभिकरण ने माल आयात किया हो और ये वास्तविक उपयोक्ता माल उठाने में असमर्थ हों तो लाइसेंस प्राधिकारी की अनुमति के बिना दूसरे वास्तविक उपयोक्ता को माल बेच सकते हैं, परन्तु उस बिक्री की सूचना इसमें बिक्री की तिथि से 30 दिनों के भीतर लाइसेंस प्राधिकारी को भेजी जानी चाहिए ।

सार्वजनिक क्षेत्र के औद्योगिक उपक्रमों द्वारा माल का हस्तान्तरण

103. सार्वजनिक क्षेत्र के औद्योगिक संस्थान, सार्वजनिक या निजी क्षेत्र में दूसरे पात्र वास्तविक उपयोक्ता को, आयातित कच्चे माल, संघटक, उपभोज्य सामग्री या अतिरिक्त पुर्जे हस्तान्तरित कर सकते हैं । जो एकक हस्तान्तरणों को प्रभावी करते हैं उन्हें ऐसे हस्तान्तरण की तिथि से 30 दिनों के भीतर ऐसे हस्तान्तरण का विवरण रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रायोजक प्राधिकारी के साथ-साथ लाइसेंस प्राधिकारी को भी भेजना चाहिए । उपर्युक्त प्रावधानों के अधीन न आने वाले मामले के लिए लाइसेंस प्राधिकारी की अनुमति आवश्यक है ।

104. जहां तत्सम्बन्धी प्रायोजक प्राधिकारी अलग-अलग हों, वास्तविक उपयोक्ताओं से भिन्न को आयातित अतिरिक्त पुर्जों का निपटान कर सकते हैं बशर्ते कि उनके द्वारा इन्हें वास्तविक उपयोक्ताओं का निपटान करने के लिए सभी सम्भव उपाय किए गए हों और यह उपक्रम के मुख्य कार्यकारी द्वारा इस संबंध में एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की शर्त के अधीन होगा कि वह परियोजना जिसके लिए ये अतिरिक्त पुर्जे आयात किए गए थे पहले से ही पूर्ण हो चुकी है और आने वाले पांच वर्षों की अवधि के लिए किसी भी अन्य कार्य या परियोजना के लिए अब उन की आवश्यकता नहीं है । ऐसे मामलों में सम्बद्ध प्रशासनिक मंत्रालय का पूर्व अनुमोदन आवश्यक होगा । वह एकक जो हस्तान्तरण करता है उपर्युक्त पैरा 103 में निर्धारित किए गए के अनुसार प्रायोजक प्राधिकारियों एवं लाइसेंसिंग प्राधिकारियों को ऐसे हस्तान्तरण के ब्यौरों से अवगत कराएगा ।

105. उपर्युक्त पैरा 98 के अन्तर्गत न आने वाले पूंजीगत माल के हस्तान्तरण से सम्बन्धित मामले उपर्युक्त पैरा 94–97 और उपर्युक्त 100—104 में किए गए प्रावधानों द्वारा नियंत्रित होंगे ।

सामान्य

106. (1) उपर्युक्त सभी मामलों में क्रेता और विक्रेता वास्तविक उपयोक्ताओं को आयातित कच्चे माल/पूंजीगत माल आदि का मूल्य निर्धारण करना चाहिए ।

(2) उन सभी मामलों में जहां उधार दिया जाता है/हस्तान्तरण होता है, क्रेता और विक्रेता दोनों वास्तविक उपयोक्ता को चाहिए कि इस तरह हस्तान्तरित किए गए/अधिप्राप्त किए गए माल की मात्रा का ब्यौरा परिशिष्ट 5-ख में निर्धारित किए गए के अनुसार आयातित माल के भण्डार की प्राप्ति और उपभोग के लिए रखे गए रजिस्टर में प्रविष्ट करें ।

(3) वास्तविक उपयोक्ता द्वारा खरीदे गए आयातित माल का मूल्य, उसका वर्तमान लाइसेंस यदि कोई हो तो, उसके लिए सामान्य हकदारों के लिए नामे नहीं डाला जाएगा ।

(4) अखबारी कागज उधार देने/हस्तान्तरण करने के मामले में अखबारी कागज (नियंत्रण) आदेश लागू होंगे ।

(5) उपर्युक्त कण्डिकाओं 94—105 में दर्शाए गए प्रावधान उन आयातित माल पर भी लागू होंगे जो अग्नि में नष्ट हो गए हैं अथवा उपयोग के लिए ठीक नहीं है ।

उद्योग संघ, सार्वजनिक क्षेत्र निगम और निर्यात सदनों/व्यापार सदनों के माध्यम से आयात के लिए स्कीम

107. (1) सार्वजनिक क्षेत्र निगम सहकारिता समितियों उद्योग संघ और उनके मान्यता प्राप्त निर्यात सदनों/व्यापार सदनों को लघु एककों को उनकी कच्चे माल, संघटकों, और उपभोज्य सामग्री की आयात आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सहायता प्रदान करने के लिए अनुमति दी जाएगी । वे सम्बद्ध एककों को माल के आयात और वितरण के लिए इस प्रकार के एककों की ओर से निम्नलिखित निर्धारित प्रावधानों के अधीन समेकित लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं :—

(1) इस योजना के अन्तर्गत सम्बद्ध अभिकरण (अर्थात् एक संघ, सहकारिता समिति, सार्वजनिक क्षेत्र, निगम, निर्यात सदन/व्यापार सदन) उन एककों के बारे में समेकित आवेदन पत्र प्रस्तुत करेगा जो उसी राज्य में स्थित हैं और उसी उद्योग में लगे हुए हैं जिन्हें पर्याप्त रूप से आयात की उन्हीं मदों की आवश्यकता है । आवेदन पत्र उसी क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारी को दिए जाएंगे जिसके क्षेत्राधिकार में औद्योगिक एकक स्थित हों । प्रत्येक राज्य/संघ शासित क्षेत्र के एककों के लिए अलग-अलग आवेदन पत्र दिए जाने चाहिए ।

(2) संघों और सहकारिता समितियों के मामले में केवल उन्हीं के आवेदन-पत्रों पर विचार किया जाएगा जिन्हें इस प्रयोजन के लिए सम्बद्ध राज्य उद्योग निदेशक द्वारा मान्यता प्राप्त है ।

(3) आवेदन-पत्र परिशिष्ट 2ग में दिए गए प्रपत्र "ट" में भेजे जाने चाहिए । इनके साथ एक सम्बद्ध एकक के ब्यौरे, उनके नाम और पते (कारखाने के पते सहित) लघु पैमाना एकक पंजीकरण की क्र. सं. विनिर्मित अंतिम-उत्पाद, प्रत्येक मामले में मद वार आवेदित मूल्य और तत्संबंधी कुल मूल्य देते हुए एक

विवरण होना चाहिए । प्रत्येक सम्बद्ध एकक द्वारा इस संबंध में एक घोषणा-पत्र भेजा जाना चाहिए कि आयातित माल का उपयोग "वास्तविक उपयोक्ता" शर्त के अनुसार उसके अपने कारखाने में किया जाएगा। अनुपूरक लाइसेंसों के लिए अभिकरण को सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी के माध्यम से आवेदन करना चाहिए और सपत्त प्रमाण पत्र को छोड़कर उपर्युक्त विवरण भेजे जाने चाहिए और प्रत्येक एकक के लिए एक नोट भेजा जाना चाहिए जिसमें अनुपूरक लाइसेंसों का औचित्य दर्शाया जाना चाहिए ।

(4) ऐसे समेकित आवेदन-पत्र के लिए भुगतान किए जाने वाले आवेदन पत्र शुल्क की गणना आवेदित कुल मूल्य के आधार पर की जाएगी ।

(5) इस योजना के अधीन 'नए' या 'प्रस्तावित' एकक शामिल नहीं किए जाएंगे ।

(6) सम्बद्ध आवेदक अभिकरण के नाम में आयात के लिए अनुमेय मदों की सूची और मूल्य और/या प्रत्येक मद के लिए मात्रा के साथ जारी किए जाएंगे क्योंकि लाइसेन्स का कुल मूल्य सीमाकारी तत्व होंगे ।

(7) आयात लाइसेन्स इन शर्तों के अधीन होगा कि अभिकरण उन सम्बद्ध एककों को आयातित कच्चे माल का वितरण करेगा जिनकी ओर से उसने लाइसेंस प्राप्त किया है और वितरण से रिपोर्ट संबद्ध लाइसेंस प्राधिकारी और संबद्ध प्रयोजक प्राधिकारी को भेजेगा ।

(2) यह योजना "सीधे" आबंटन योजना के अधीन आने वाली सरणीबद्ध मदों के आबंटन प्राप्त करने के लिए भी लागू होगी । विस्तृत जानकारी के लिए अभिकरणों को संबद्ध सरणीबद्ध करने वाले अभिकरण के साथ सम्पर्क स्थापित करना चाहिए ।

(3) यह योजना कुटीर क्षेत्र के एककों या व्यक्तिगत उपयोक्ताओं जैसे मछुए/कृषक आदि को उनके मान्यता प्राप्त संघ या सार्वजनिक क्षेत्र के निगमों के माध्यम से आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भी लागू होगी ।

(4) उपर्युक्त ढंग से प्रदान किया गया कोई लाइसेंस/सीधा आबंटन इस शर्त के अधीन होगा कि इस प्रकार प्राप्त माल उन वास्तविक उपयोक्ताओं को अभिकरणों द्वारा आबंटित किया जाएगा जिनके नाम पर लाइसेंस/सीधे आबंटन के लिए आवेदन पत्र दिया गया था; उसके बदले में, उक्त लाइसेंस आबंटन में भाग लेने वाले प्रत्येक लघुमान एकक व्यक्तिगत रूप से इस प्रकार वास्तविक उपयोक्ता शर्तों के अधीन होंगे मानो कि लाइसेंस/सीधा आबंटन उनके अपने खुद के नाम में और उनके पक्ष में किया गया था ।

(5) विकास आयुक्त (एस एस. आई.)/उद्योग निदेशक की सिफारिशों पर अखिल भारतीय उद्योग संघ के खुले सामान्य लाइसेन्स की मदों के आयात के लिए लाइसेन्स प्रदान करने के आवेदन-पत्रों पर विचार किया जाएगा । आयातित माल वास्तविक उपयोक्ता शर्तों के अधीन संघ के सदस्यों में वितरित कर दिया जाएगा । इस प्रावधान के तहत आवेदन-पत्र मुख्य नियन्त्रक आयात-निर्यात, नई दिल्ली (आयात नीति सैल) को भी भेजे जा सकते हैं । इस प्रावधान के अधीन जो संघ इस सुविधा का लाभ उठाना चाहते हैं उन्हें मुख्य नियन्त्रण आयात-निर्यात नई दिल्ली के पास स्वयं को पंजीकृत कराना चाहिए ।

एजेन्टों के माध्यम से आयात

108. (1) लाइसेंसधारी को लाइसेंस द्वारा अनुमति आयात की व्यवस्था करने के लिए अपने एजेन्ट के रूप में किसी भी व्यक्ति को नियुक्त कर सकता है । लेकिन, लाइसेंस लाइसेंसधारी के ही नाम में रहता रहेगा और लाइसेंसधारी या प्राधिकार-पत्र के धारक के कर्त्तव्यों और आभारों के सम्बन्ध में आयात (नियंत्रण) आदेश 1955 के अन्य प्रावधान संबद्ध व्यक्तियों पर क्रमशः लागू रहेंगे । अन्य शर्तों और कानूनी आवश्यकताओं के अधीन लाइसेंसधारी के लिए यह स्वतंत्रता होगी कि वह, अपना निजी प्राधिकारपत्र निश्चित करें । परन्तु ऐसे प्राधिकारपत्र के धारक के कार्य इन बातों तक सीमित होंगे कि वह आदेश दे, साख-पत्र खोले, माल का आयात करने के लिए भुगतान के धन का परेषण करे, माल के संचालन की व्यवस्था करें और सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की खण्ड 147 को ध्यान में रखते हुए लाइसेंसधारी की ओर से सीमा शुल्क के माध्यम से माल की निकासी कराये और विषयाधीन लाइसेन्स के प्रचालन से सम्बन्धित किसी अन्य मामले की व्यवस्था करें, परन्तु इसके स्वामित्व को नहीं ।

(2) उपर्युक्त उप कण्डिका (1) व्यवस्थित सुविधा विदेशी मशीनरी/औजार विनिर्माता के भारतीय अभिकर्ताओं को उन मामलों में उपलब्ध नहीं होगी जहां लागू सम्बद्ध आयात नीति के प्रावधानों के अधीन स्टाक और बिक्री के लिए अतिरिक्त पूर्जों के आयात के लिए ऐसे अभिकर्ताओं को लाइसेंस जारी कर दिए गए हों ।

109. (1) खुले सामान्य लाइसेंस के अंतर्गत माल का आयात करते समय कोई व्यक्ति केवल आदेश देने, माल का संचालन करने या सीमाशुल्क के माध्यम से माल की निकासी की व्यवस्था करने के लिए एजेन्ट सेवाओं का उपयोग कर सकता है, परन्तु धन परेषण के लिए या साख-पत्र खोलने के लिए नहीं । खुले सामान्य लाइसेंस की सुविधा के लिए हकदार व्यक्ति एजेन्ट के कार्य या अकार्य से उत्पन्न उन्हीं कानूनी आभारों और जुर्मानों का पात्र समझा जाएगा जिनके लिए अन्यथा रूप से वह स्वयं पात्र होता है ।

(2) निम्नलिखित मामलों में एजेन्ट भी पात्र आयातकों की ओर से साख-पत्र खोल सकते हैं और धन का परेषण कर सकते हैं :—

(1) केन्द्रीय या राज्य सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त वैज्ञानिक या अनुसंधान प्रयोगशालाओं, उच्चतर शिक्षा के संस्थानों और अस्पताल के लिए आयात करने वाले एजेन्ट ।

(2) सरकार के विभागों, केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के अपने निजी या इनके द्वारा नियंत्रित सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों और संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित सांविधिक निकायों के लिए माल का आयात करने के लिए एजेन्ट।

(3) मुख्य नियन्त्रक, आयात-निर्यात द्वारा जारी किए गए वैध निर्यात सदन/व्यापार सदन प्रमाणपत्रों के धारक और वास्तविक उपयोक्ताओं की ओर से माल आयात करने वाले निर्यात सदन/व्यापार सदन।

(4) राज्य के संबद्ध उद्योग निदेशक द्वारा मान्यताप्राप्त और अपने सदस्यों की ओर से माल का आयात करने वाली सहकारी समितियां या वास्तविक उपभोक्ताओं के संघ।

(5) वास्तविक उपयोक्ताओं की ओर से माल आयात करने वाले सार्वजनिक उपक्रम/अभिकरण।

(3) उपर्युक्त उपकंडिका (2) में शामिल मामलों में आयातित माल सम्बन्धी सहकारी समिति/संघ या अभिकर्ता द्वारा लाभग्राही वास्तविक उपयोक्ता को दिया जाएगा। ऐसे सारे माल के वितरण का लेखा (रजिस्टर के रूप में) रखा जाना चाहिए और यह लेखा प्रत्येक समय, लाइसेंस प्राधिकारी प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा निरीक्षण के लिए उन्हें उपलब्ध कराया जाएगा।

(4) यदि आयातित माल का किसी भी तरीके से दुरुपयोग किया जाएगा तो ऐसे एजेन्ट द्वारा आयात नीति (सम्बन्धित लाइसेन्स के उपयोग के संबंध में) किसी प्रकार का उल्लंघन किया जाएगा तो उपर्युक्त व्यवस्थाओं से लाइसेंसधारी को मुक्ति नहीं मिल पाएगी या किसी भी प्रकार से उसे आयात (नियंत्रक) आदेश, 1955 के अंतर्गत उत्तरदायित्वों से छुटकारा नहीं मिल जाएगा।

(5) लाइसेंस के संशोधन या पुनर्वैधीकरण के लिए सभी आवेदन केवल लाइसेंसधारी द्वारा किए जाएंगे। उसका यह भी उत्तरदायित्व होगा कि वह ऐसे संशोधन या पुनर्वैधीकरण प्राप्त करने के लिए लाइसेंस प्राधिकारी के सामने लाइसेन्स प्रस्तुत करें। यह कार्य अभिकर्ता द्वारा निष्पादित नहीं किया जा सकता है।

सहयोगी व्यापार संस्थाएं

110 आयात/निर्यात नीति और क्रियाविधियों के उद्देश्य के लिए व्यापार संस्थाएं आपस में सहयोगी हैं या नहीं, इसका निश्चय करने के लिए निम्नलिखित मापदण्ड होंगे :—

(1) दोनों व्यापार संस्थाओं का आय-कर निर्धारण संयुक्त रूप से होता हो या स्वामित्व सामान्य हो; या

(2) दोनों व्यापार संस्थाओं का आयकर निर्धारण अलग-अलग होता हो और उनका स्वामित्व सामान्य न हो;

परन्तु

(क) व्यापार संस्थाओं में से एक संस्था का साझीदार जिसका उस संस्था में प्रमुख भाग हो, वह दूसरी व्यापार संस्था का मालिक हो; या

(ख) व्यापार संस्थाओं में से एक संस्था में साझीदार या कुछ साझीदार दूसरी व्यापार संस्था में प्रमुख भाग रखता हो या रखते हों; या

(3) व्यापार संस्थाओं में से एक संस्था लिमिटेड कम्पनी हो और लिमिटेड कम्पनी का संचालक दूसरी व्यापार संस्था में मालिक के रूप में रुचि रखता हो; या

(4) व्यापार संस्थाओं में से एक संस्था दूसरी संस्था का परामर्शदाता हो या ठेकेदार हो; या

(5) व्यापार संस्थाएं मूल रूप से संचालकों के सामान्य बोर्ड सहित लिमिटेड कम्पनी हों या एक ही परिसर में स्थित पंजीकृत कार्यालयों के साथ लिमिटेड कम्पनी हों।

सनदी/लागत लेखापाल/सनदी इन्जीनियर और कम्पनी सचिव का कार्य और उत्तरदायित्व

111. (1) आयात-नीति के अंतर्गत सनदी/लागत लेखापाल/सनदी इंजीनियर और कम्पनी सचिव को विभिन्न प्रकार के दायित्वपूर्ण कार्य सौंपे गए हैं। उनसे यह आशा की जाती है कि वे संबद्ध आवेदक को ऐसे प्रमाण पत्र देते समय आवश्यक सावधानी और कर्तव्यपरायणता का उपयोग करेंगे। इस प्रकार बनाई गई सरलीकृत प्रक्रिया की सफलता उनके इस तरह के निर्धारित कार्य को करने के उत्तरदायित्व पर निर्भर करती है। ऐसा करने में असमर्थ होने पर और अनुचित या गलत प्रमाण-पत्र देने पर उनके विरुद्ध आयात-निर्यात नियंत्रण विनियमों के कानूनी प्रावधानों के अधीन की गई कार्रवाई से भिन्न दण्डात्मक कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। यह उन सभी व्यक्तियों के लिए बराबर लागू होगा जिन्हें आयात नीति के अधीन इसी प्रकार की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

(2) आयात-निर्यात नीति में विभिन्न प्रावधान शामिल हैं जिनके अनुसार उन आयातकों अथवा उन व्यक्तियों को उपभोग/निर्यात विवरण आदि भेजने हैं जो निर्यात सदन प्रमाणपत्र या व्यापार सदन प्रमाणपत्र या निर्यात निष्पादन प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन कर रहे हैं और उन्हें अपने-निष्पादन व्यावसायिक सनदी लेखापाल, सनदी इंजीनियर या लागत लेखापाल या कम्पनी सचिव जो सम्बद्ध फर्म या कम्पनी या उनकी सहयोगी कम्पनी के साझीदार स्वामी या निदेशक या कर्मचारी न हों से द्वारा सत्यापित करवाने चाहिएं।

(3) आवेदक को कोई प्रमाण-पत्र जारी किए जाने से पूर्व सनदी लेखापाल/लागत लेखापाल/कम्पनी सचिव/चार्टर्ड इन्जीनियर को निम्नलिखित यथार्थताओं से संतुष्ट होना चाहिए :—

(1) आवेदक फर्म का दिए गए पते पर अस्तित्व में होना;

(2) आवेदक फर्म के मालिक/साझेदारों/निदेशकों के घर का पता/बैंक के साथ प्रमाणिकता;

(3) आवेदक फर्म द्वारा बताई गई सही विनिर्माण/व्यापारिक गतिविधियां।

लाइसेंस/रिलीज आदेश देने से इन्कार किया जाना

112. (1) लाइसेंस प्राधिकारी निम्नलिखित मामलों में लाइसेंस/रिलीज आदेश देने से इन्कार कर सकता है :—

(क) यदि आवेदन-पत्र 7 दिसम्बर, 1955 के यथा-संशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की किसी भी शर्त को अनुरूप न हों;

(ख) यदि आवेदन-पत्र में कोई झूठा, छलपूर्ण या भ्रामक वक्तव्य हो,

(ग) यदि आवेदक ने आवेदन-पत्र की पुष्टि में कोई ऐसा प्रलेख प्रस्तुत किया हो जो झूठा हो या जाली या फेर बदल वाला हो;

(घ) यदि लाइसेंस/रिलीज आदेश के लिए दिया गया आवेदन-पत्र किसी भी प्रकार से त्रुटिपूर्ण हो और निर्धारित नियमावली और क्रियाविधि के अनुसार न हो;

(ङ) यदि आवेदक संबंधित और लागू आयात व्यापार नियंत्रण नीति और क्रियाविधि के अनुसार लाइसेंस/रिलीज आदेश पाने का पात्र न हो;

(च) यदि आवेदक कोई ऐसा प्रलेख प्रस्तुत न कर पाए जिसे लाइसेंस प्राधिकारी ने मांगा हो;

(छ) यदि आवेदक लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा निर्दिष्ट समय के भीतर अपने आवेदन-पत्र में किसी कमी को पूरा नहीं कर पाता;

(ज) यदि लाइसेंस/रिलीज आदेश प्राप्त करने के लिए आवेदक ने गलत तरीकों का इस्तेमाल किया हो;

(झ) यदि मद स्वदेशी तौर पर उपलब्ध है; तथा

(ञ) कोई भी अन्य कारण जिसका उल्लेख लिखित रूप में किया गया हो ।

(2) लाइसेंस प्राधिकारी 7 दिसम्बर, 1955 के यथासंशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की धारा 6 की शर्तों के अनुसार भी लाइसेंस देने से इन्कार कर सकता है ।

अप्राधिकृत आयात

लाइसेंसों के अंतर्गत न आने वाले आयात

113. यदि कोई मद जिसके लिए एक लाइसेंस अपेक्षित है (सीमा शुल्क निकासी परमिट सहित) एक वैध लाइसेंस के बिना आयात की जाती है अथवा निकासी की जाती है तो आयातक माल के स्वामी के विरुद्ध सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के अधीन इस पत्र में की गई कार्रवाई को ध्यान में रखे बिना आयात और निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 और इसके अधीन जारी किए गए आदेशों के प्रावधानों के अधीन उचित कार्रवाई की जाएगी ।

114. आयात-निर्यात नीति और प्रक्रिया से संबंधित मामलों में मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा दी गई व्याख्या अंतिम होगी, इन मामलों में संदेह होने की अवस्था में, सीमा शुल्क प्राधिकारियों को माल की निकासी से पूर्व आयात व्यापार नियंत्रण प्राधिकारियों से परामर्श लेना चाहिए ।

संयुक्त समिति

115. वास्तविक कठिनाइयों के मामले में आयातकों की सहायता के लिए, प्रत्येक पत्तन पर लाइसेंस और सीमा शुल्क प्राधिकारियों की संयुक्त समिति बनाई गई है । समिति की नियमित बैठक होती है और आयातों से पहले एवं बाद की पूछताछ और आयातकों की कठिनाइयों पर विचार करती है ।

पोतलदान से पूर्व संशोधनों के लिए निवेदन

116. यदि आयातक लाइसेंस में कोई असंगति पाता है तो उसे संबद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को लाइसेंस में संशोधन के लिए तत्काल आवेदन करना चाहिए । किसी भी मामले में इस प्रकार के संशोधन के लिए संभरक को देश से माल लादे जाने/प्रेषण किए जाने से पूर्व निवेदन करना चाहिए जिससे कि यदि किसी वजह से परिवर्तन या संशोधन की अनुमति नहीं दी जाती है तो आयातक अपने संभरक को आवश्यक समंजन की सलाह दे सकें लाइसेंस में किसी संशोधन या पुनर्वैधीकरण चाहने वाले आवेदक को स्पष्ट रूप से उल्लेख करना चाहिए कि उस लाइसेंस के अधीन आने वाले माल को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से पहले से ही लादा गया है/परेषण किया गया है या नहीं इस विषय में कोई भी भ्रामक/या गलत विवरण देने पर लाइसेंसधारी आयातक पर, आयात व्यापार नियंत्रण नियमों एवं विनियमों के अधीन कार्रवाई की जाएगी ।

117. संभरण देश से माल के पोतलदान/परेषण के बाद लाइसेंस के संशोधन के लिए किए गए निवेदन, यदि कोई हो तो, को आयात व्यापार नियंत्रण प्राधिकारी सरसरी तौर पर रद्द कर सकता है ।

अप्राधिकृत आयात के लिए दण्ड

118. अप्राधिकृत आयात के संबंध में लगाया गया जुर्माना/दण्ड अधिक भी हो सकता है और यहां तक कि माल को जब्त भी किया जा सकता है या माल के आयातक/स्वामी पर मुकदमा भी चलाया जा सकता है । विशेष परिस्थितियों में माल के आयातक/स्वामी को माल के पुनः लदान की अनुमति भी दी जा सकती है; परन्तु, ऐसे मामलों में भी माल का आयातक/स्वामी देय जुर्माने/दण्ड आदि का भागी होगा । इसलिए, आयातक अपने भले के लिए यह आश्वासन दें कि जो कुछ भी माल देश में वे आयात कर रहे हैं वे लाइसेंस में दिए गए ब्यौरों के बिल्कुल अनुरूप है और न तो परेषण लाइसेंस में दिए गए मूल्य या मात्रा की सीमा से अधिक है और न ही जो कुछ भी आयात के लिए प्राधिकृत किया गया है, उससे किसी भी तरह भिन्न है । खुले सामान्य लाइसेंस के अधीन आयात के संबंध में ऐसी ही सावधानियां बरतनी चाहिए ।

जब आयातक लाइसेंस प्रस्तुत करने में असमर्थ हो तब माल को छोड़ना

119. उस मामले में जहां आयातित माल के लिए वैध आयात लाइसेंस रखने का दावा करता है परन्तु वह विभिन्न पत्तनों पर लाइसेंस के अधीन आने वाले माल के पहुंच जाने पर विशेष पत्तन पर सीमा शुल्क समाहर्ता को लाइसेंस प्रस्तुत करने में असमर्थ होता है या अन्य किसी वजह से लाइसेंस प्रस्तुत करने में असमर्थ होता है तो सीमा शुल्क समाहर्ता यदि आयातक के तर्क से संतुष्ट होता है तो जहां तक आयात व्यापार नियंत्रण अधिनियमों का संबद्ध है, आयातक द्वारा बांड या परिशिष्ट 2-ज

में दिए गए प्रपत्र में गारण्टी पत्र प्रस्तुत करने पर माल की निकासी की अनुमति देगा। यह सीमा शुल्क समाहर्ता की इच्छा पर निर्भर होगा कि वह बाद की तिथि को माल के लिए आयात लाइसेंस प्रस्तुत करने के लिए आयातक से बांड या गारण्टी पत्र स्वीकार करे या न करे।

रिलीज आदेश को रद्द करना

120. लाइसेंस प्राधिकारी आयातित माल के आबंटन के लिए जारी किए गए रिलीज आदेशों को रद्द कर सकता है या अन्यथा रूप से उन्हीं आधारों पर अप्रभावी कर सकता है जो आयात लाइसेंस को रद्द करने के लिए लागू होते हैं। रिहाई आदेश रद्द करने की कार्रवाई करने से पूर्व रिहाई आदेशाधिकारी को मामले की सुनवाई के लिए उचित अवसर दिया जाएगा।

कन्टेनरों का उपयोग

121. कम लागत पर आयात करने में देश को समर्थ बनाने के लिए लाइसेंसधारी या खुले सामान्य लाइसेंस के अंतर्गत मात्र व्यक्ति एक ही स्थान/पोतलदान के पत्तन से आरम्भ होने वाले अपने आयातों को कन्टेनरों में अधिक परिमाण में भर सकते हैं।

महामारीनाशी का आयात

122. कोई भी व्यक्ति जो खुले सामान्य लाइसेंस या लाइसेंस के अधीन भुगतान के मुद्दे या मुफ्त नमूने के रूप में या अन्यथा रूप से कीटनाशक का आयात करना चाहता है, उसे चाहिए कि वह आयात के ब्यौरों को दर्शाते हुए पादप सुरक्षा सलाहकार, भारत सरकार, फरीदाबाद को इसकी सूचना भेजें। जिस प्रपत्र में यह सूचना दी जानी चाहिए उसे परिशिष्ट 2-ञ में दर्शाया गया है।

आयात/निर्यात और क्रियाविधियों के संबंध में स्पष्टीकरण :—

123. आयात-निर्यात नीति, 1990—93 के अध्याय-2 के उपाबंधों की ओर विशेष ध्यान दिलाया जाता है जो व्यक्ति आयात-निर्यात नीति और संबंधित क्रिया विधियों के संबंध में किसी प्रकार का मार्गदर्शन प्राप्त करना चाहते हैं वे क्षेत्रीय कार्यालयों के जन संपर्क अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। यदि वे जन संपर्क अधिकारी द्वारा दी गई सूचना से संतुष्ट नहीं हैं तो उन्हें कार्यालय अध्यक्ष से मिलने का अवसर प्रदान किया जाएगा। आयात नीति तथा प्रक्रिया के उपबंधों अथवा किसी मदवार प्रावधान के स्पष्टीकरण मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली से प्राप्त किए जा सकते हैं। ऐसे पत्राचार परिशिष्ट-2-ट में दिए गए प्रपत्र के अनुसार पूर्ण ब्यौरे के साथ तीन प्रतियों में होने चाहिए। मद-वार आयात-नीति का स्पष्टीकरण प्राप्त करते समय साहित्य सहित, नमूना सहित, तकनीकी विशिष्टियां प्रस्तुत की जाएं।

नीति में परिवर्तनों के लिए सुझाव

124. आयात एवं निर्यात नीति में परिवर्तनों के लिए सुझाव परिशिष्ट 2-ठ में दिए गए निर्धारित प्रपत्र में मुख्य नियंत्रक, आयात-नीति, नई दिल्ली को भेजे जाएं। ऐसे सुझाव पर्याप्त हाशिए के साथ पृष्ठ के एक तरफ टाईप करके तीन प्रतियों में भेजे जाएं।

जन-सम्पर्क

125. मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों में जन-सम्पर्क अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। छोटे कार्यालयों में कार्यालय का प्रमुख अधिकारी यह कार्य स्वयं करेगा।

काउण्टर सहायता पद्धति

126. लाइसेंस के लिए आवेदन-पत्रों को शीघ्र निपटाने के लिए लाइसेंस कार्यालयों में "काउण्टर सहायता पद्धति" आरम्भ की गई है। इस पद्धति के अंतर्गत लाइसेंस के लिए आवेदन-पत्रों को औपचारिक रूप से दाखिल करने से पहले उसकी तुरन्त जांच करने के लिए प्रत्येक लाइसेंस कार्यालय में काउण्टर पर कम से कम नियंत्रक के ओहदे का एक अधिकारी उपलब्ध होगा। इसलिए आवेदक काउण्टर पर ऐसे अधिकारी से संपर्क कर सकता है और विधिवत् भरा हुआ अपना आवेदन-पत्र उनको दिखा सकता है। सम्बद्ध अधिकारी आवेदन-पत्र को पढ़ेगा और यदि कोई त्रुटि होगी तो उसे आवेदक को बताएगा। आवेदन-पत्रों की पहले ही इस प्रकार जांच कर लेने से बार-बार पत्राचार करने में और आवेदन-पत्रों को निपटाने में जो विलम्ब होता है इसमें पर्याप्त कमी होगी और इससे आवेदक को सहायता मिलेगी।

127. काउण्टर पद्धति का भी छोटे प्रकार के संशोधनों के लिए भी उपयोग किया जा सकता है जिसमें विस्तृत जांच की आवश्यकता नहीं है जैसे कि टाइम संबंधी गलती को शुद्ध करना माल की सूची में शुद्धि, लाइसेंस या माल की सूची पर सुरक्षा सील लगाना या लाइसेंस पर लगाई जा रही किसी शर्त के नीचे या लाइसेंस के साथ संलग्न माल की सूची के नीचे लाइसेंस प्राधिकारी के हस्ताक्षर। ऐसे मामलों में आवेदन-पत्र उपयुक्त रसीद के बदले "काउण्टर" पर प्राप्त किए जाएंगे और आवेदक को उपर्युक्त रसीद वापस करने पर, लाइसेंस प्राप्त करने के लिए निश्चित तारीख दी जाएगी।

पहचान-पत्र

128. आयात लाइसेंसों/अन्य दस्तावेजों को प्राप्त करने को सुविधाजनक बनाने के लिए आवेदक फर्म के अध्यक्ष/प्रबंध निदेशक, निदेशक साझेदार या प्राधिकृत कर्मचारी को पहचान-पत्र जारी किया जाएगा पहचान-पत्र, परिशिष्ट-2-ड में दिए अनुसार तीन लाइसेंसिंग वर्षों के लिए जारी किए जाएंगे। वर्तमान पहचान-पत्र की वैधता अवधि की समाप्ति के बाद, आवेदन करने तथा अवधि समाप्त पहचान-पत्र मूल रूप में वापिस किए जाने पर नया पहचान-पत्र जारी किया जाएगा। परिशिष्ट-2-थ में दिए गए प्रपत्र में आवेदन-पत्र के साथ (तीन पासपोर्ट साइज) के फोटो और रु. 100/- का शुल्क तथा वैधता अवधि समाप्त मूल पहचान-पत्र साथ भेजें जोकि आवेदक फर्म द्वारा विधिवत प्रायोजित किए जाएं। दस्तावेज/आयात लाइसेंस पहचान-पत्र धारक को कम्पनी फर्म जिससे वह संबद्ध हो कि पूर्ण जिम्मेदारी और जोखिम पर दिए जाएंगे। पहचान-पत्र खो जाने पर 50/- रु. के शुल्क के भुगतान पर अनुलिपि कार्ड जारी किया जाएगा।

विलम्ब की रोकथाम

129. (1) लाइसेंसों के लिए आवेदन-पत्रों या पत्राचारों के निपटान में होने वाले विलम्ब को रोकने के लिए हर प्रकार का प्रयत्न किया जाता है। अत्यधिक विलम्ब के मामलों की सूचना जन-सम्पर्क अधिकारी को दी जा सकती है।

(2) आयात आवेदन-पत्रों पर शीघ्र कार्यवाई करने के लिए क्षेत्रीय लाइसेंस कार्यालयों में एक "समयबद्ध" निपटान पद्धति उपलब्ध है।

शिकायत सैल/समितियां

130. (1) व्यापार तथा उद्योग की शिकायतों को तत्काल दूर करने के लिए मुख्य नियंत्रक, आयात व निर्यात के कार्यालय (मुख्यालय) उद्योग भवन, नई दिल्ली में एक शिकायत सैल की स्थापना की गई है। इन प्रयोजनों के लिए मुख्य नियंत्रक आयात निर्यात की अध्यक्षता में शिकायत समिति का गठन किया गया है। इसी प्रकार, क्षेत्रीय लाइसेंसिंग कार्यालयों में संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात की अध्यक्षता में शिकायत समितियों को गठित किया गया है। भारतीय निर्यात संगठन के महासंघ का एक मनोनीत प्रतिनिधि इन समितियों की बैठकों में प्रतिनिधित्व करेंगे। जहां कहीं शिकायत समिति की बैठक में विशेष निर्यात संवर्धन परिषद् से संबंधित निर्यात उत्पाद के संबंधित निर्यातक की शिकायत पर चर्चा की जानी है वहां संबंधित निर्यात संवर्धन परिषद् के प्रतिनिधि/अधिकारी को आमंत्रित के रूप में शामिल होने की अनुमति दी जाए। व्यापार तथा उद्योग से प्राप्त अभ्यावेदनों/शिकायतों पर शिकायतों को दूर करने के लिए शिकायत सैल/समितियां द्वारा विचार किया जाएगा।

शिकायतों के लिए अभ्यावेदन दिए जाने के लिए प्रपत्र परिशिष्ट-2 में दिया गया है।

(2) मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली/क्षेत्रीय संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, को विलम्ब से संबंधित भेजी गई शिकायतों के शीर्ष पर "विलम्ब के विरुद्ध शिकायत" शब्द विशेष रूप से लिखे होने चाहिए। ऐसी शिकायतों पर उचित समय के भीतर कार्यवाई की जाए, इसको सुकर बनाने के लिए आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी शिकायतें दो प्रतियों में भेजें।

पूछताछ स्लिप

131. यदि किसी आवेदक को उसके आवेदन-पत्र की तिथि से 15 दिनों की अवधि (संशोधन के मामले में 10 दिन) के भीतर उसके आवेदन-पत्र का उत्तर प्राप्त नहीं होता है और वह आवेदक अपने मामले की स्थिति का पता लगाना चाहता है तो वह परिशिष्ट 2-क में दिए गए प्रपत्र में पूछताछ स्लिप भरे और उसे सम्बद्ध लाइसेंस कार्यालय के पूछताछ काउण्टर पर दे। जन-संपर्क अधिकारी/पूछताछ अधिकारी संबंधित सूचना प्राप्त करने के लिए आवेदक को तिथि और समय बताएगा। उसे सूचना एकत्र करने के लिए दी गई तिथि और समय पर कार्यालय से संपर्क करना चाहिए।

मुलाकात

132. सामान्य रूप से सभी मामले पत्राचार द्वारा तय कर लेने चाहिए, परन्तु अपने मामले की स्थिति को सुनिश्चित करने के लिए आवेदक द्वारा पूछताछ स्लिप की सुविधा भी उपलब्ध की जा सकती है। लेकिन, जिन मामलों में पूछताछ स्लिप में दी गई सूचना से या अपील के संबंध में आवेदक संतुष्ट न हुआ हो और वह व्यक्तिगत रूप से मामले पर लाइसेंस प्राधिकारी से विचार-विमर्श करना आवश्यक समझता हो, तो वह संबद्ध अधिकारी से मुलाकात कर सकता है। उचित मामलों/परिस्थितियों में मुलाकातों के लिए उन आवेदनों पर भी विचार किया जा सकता है जिनमें आवेदक ने उपर्युक्त पैरा 131 में उपलब्ध सुविधाओं का उपयोग न किया हो।

133. (1) मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली से और क्षेत्रीय लाइसेंस कार्यालयों के मुख्य अधिकारियों से मुलाकात करने की व्यवस्था उनके निजी सचिवों के माध्यम से करनी चाहिए।

(2) अन्य अधिकारियों से मुलाकात की व्यवस्था सामान्यतः प्रत्येक कार्यालय से संबंध पूछताछ कार्यालय के माध्यम से होनी चाहिए। आवेदक को मुलाकात का उद्देश्य और अपने मामले का ब्यौरा निर्धारित प्रपत्र, (देखिए परिशिष्ट 2-ङ) में देना चाहिए। जन-संपर्क अधिकारियों से मुलाकात करने के लिए प्रपत्र भरने की आवश्यकता नहीं है। विशेष रूप से बाहर से आने वाले आवेदकों को निर्धारित प्रपत्र में सूचना न देने पर मामले का ब्यौरा निर्धारित प्रपत्र, (देखिए परिशिष्ट 2-ङ) में देना करने का मौका दिया जाए।

(3) मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली के कार्यालय में संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात या इससे ऊपर के अधिकारी आवेदक द्वारा परिशिष्ट-ङ का प्रपत्र भरे बिना भी अत्यावश्यक मामलों में मुलाकात की अनुमति दे सकते हैं।

134. जब तक अन्यथा रूप से प्राधिकृत न किया गया हो, मुलाकात केवल सहायक-मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात या इससे ऊपर के अधिकारियों द्वारा मंजूर की जाएगी। यह बात नोट कर लेनी चाहिए कि मुलाकात बुक कराने वाला व्यक्ति आवेदक फर्म या कम्पनी का मालिक/साझीदार/संचालक होना चाहिए या उसका नियमित कर्मचारी होना चाहिए या वह व्यक्ति आवेदक फर्म द्वारा उस लिखित प्राधिकरण पत्र द्वारा प्राधिकृत होना चाहिए जो मुलाकात बुक कराने/मांगते समय पूछताछ अधिकारी और मुलाकात अधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा। मुलाकात चाहने वाले व्यक्ति को ऐसी मुलाकातों से संबंधित सभी अनुदेश जो सभी लाइसेंस कार्यालयों में नोटिस बोर्ड पर लिखे हुए हों या अन्यथा प्रकाशित किए गए हों का अनुपालन करना चाहिए। लेकिन, आयात व्यापार नियंत्रण संगठन के कर्मचारियों के कमरों में प्रविष्टि या स्टाफ के साथ व्यक्तिगत रूप से संबंध पर कठोर प्रतिबंध है।

135. एक लाइसेंस प्राधिकारी अपनी निजी समझ-बूझ से उस व्यक्ति को मुलाकात के लिए मना कर सकता है जो आवेदक

फर्म या कम्पनी का मालिक/साझेदार/संचालक न हों या उसका नियमित रूप में कर्मचारी न हों चाहें, उस व्यक्ति के पास आवेदक फर्म का प्राधिकार पत्र क्यों न हो ।

अपील, पुनरीक्षण और पुनर्विलोकन

अधिनियमों/आदेश(शों) के प्रावधानों के अधीन अपील और परिशोधन

136. उन मामलों में जहां आयात-निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 या आयात (नियंत्रण) आदेश 1955 के अधीन कोई निर्णय अथवा आदेश दिया गया है तो अधिनियम एवं संबद्ध आदेशों में निहित प्रावधानों के अनुसार अपील/पुनरीक्षण किया जा सकेगा ।

137. (1) यथा संशोधित आयात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 के खंड-4-ट के उप-खंड (ख) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार अधिसूचना सं. 1/84, दिनांक 21 नवम्बर, 1984 द्वारा प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, विनिर्दिष्ट सीमाओं के अधीन, निम्नलिखित अधिकारियों को माल जब्त करने या दण्ड देने के लिए प्राधिकृत करती है :—

	आयातित माल का मूल्य जिसके संबंध में अधिकार दिए गए
उपमुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात	1 लाख रुपए तक
संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात	5 लाख रुपए तक
मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात/अपर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात	कोई सीमा नहीं

(2) आयात-निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 के खंड-4-ड के प्रावधानों के अनुसार :—

(क) जहां मूल आदेश उप मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात/संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात ने पारित किए हों तब मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात/अपर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के पास अपील की जाएगी । दूसरी अपील वाणिज्य मंत्रालय में सचिव, या संयुक्त सचिव और मुख्य सतर्कता अधिकारी की अपीलीय समिति को की जाएगी ।

(ख) यदि मूल आदेश मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात/अपर मुख्य नियंत्रक ने पारित किए हों तो उपर्युक्त पैरा (1) में उल्लिखित अपीलीय समिति को अपील की जाएगी, अपीलीय समिति को की जाने वाली अपील अपीलीय समिति सैल, वाणिज्य मंत्रालय, उद्योग भवन, नई दिल्ली को संबोधित की जाए ।

138. जहां आयात-निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 और आयात (नियंत्रण) आदेश 1955 के अधीन उप मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा संयुक्त आदेश पारित किए जाएं तो पहली अपील मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात/अपर मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात को की जाएगी और दूसरी अपील ऊपर निर्दिष्ट अपीलीय समिति को की जाएगी ।

139. (1) आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की धारा 10 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार ने अपनी अधिसूचना दिनांक 27-3-85 के द्वारा आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की धारा 8(1), 8(क) या 9(1) के अधीन की गई कार्रवाई के विरुद्ध अपील की सुनवाई के लिए प्राधिकारी नियुक्त किया है ।

(क) जहां मुख्यालय के बाहर के उप मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात ने कोई आदेश पारित किया हो तो पहली अपील पर निर्णय संबंधित क्षेत्रीय संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा लिया जाएगा। दूसरी अपील अपर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को की जाएगी ।

(ख) जहां मुख्यालय के उप मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा आदेश पारित किया जाता है वहां पर प्रथम अपील मुख्यालय में संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात (प्रवर्तन एवं प्रशासन) को की जाएगी । द्वितीय अपील अपर मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात को की जाएगी ।

(ग) जहां क्षेत्रीय कार्यालयों या मुख्यालय के मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात ने आदेश पारित किया हो तो पहली अपील मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात/अपर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को की जाएगी । दूसरी अपील सरकार के अपीलीय प्राधिकारी को की जाएगी ।

(घ) जहां आदेश मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात/अपर मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात ने पारित किया हो तो पहली अपील वाणिज्य मंत्रालय की अपीलीय समिति को की जाएगी ।

(2) तथापि, मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात समय-समय पर विशिष्ट प्रकार के मामलों पर निर्णय देने के लिए अपीलीय प्राधिकारियों को नियुक्त कर सकता है ।

(3) उपरोक्त उप पैरा (1) में दिए प्रावधानों के बावजूद भी अपीलकर्ता की अपील को दो स्थितियों से अधिक की अनुमति नहीं होगी ।

(4) अधिनियम और इसके अंतर्गत किए गए आदेश(शों) के अधीन की गई अपील के साथ निम्नलिखित सूचना देते हुए एक प्रपत्र संलग्न होना चाहिए :—

(क) वह प्राधिकारी जिसके निर्णय के विरुद्ध अपील की गई है;

(ख) जिस आदेश के विरुद्ध अपील की गई है उसकी एक प्रति;

(ग) क्या अपील, लाइसेंस प्राप्त करने से विवर्जित करने या जब्तकरण के विरुद्ध है (विवर्जन के मामले में, जिस अवधि के लिए अपीलकर्ता को लाइसेंस प्राप्त करने से विवर्जित किया गया हो उस अवधि का भी उल्लेख किया जाए); और

(घ) अपील करने के आधार (संक्षेप में) ।

(5) जिस प्राधिकारी के निर्णय के विरुद्ध अपील की जा रही है, उस अपील की एक प्रति अपीलकर्ता द्वारा इस प्राधिकारी को भी निरपवाद से भेजी जाए ।

अन्य अपीलें

140. (1) जहां कोई व्यक्ति लाइसेंस प्राधिकारी/अपील सुनने वाले प्राधिकारी के निर्णय से सन्तुष्ट नहीं है तो वह उस के लिए निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार उक्त निर्णय के विरुद्ध अपील दे सकता है । मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा इस प्रावधानों की सीमा से बाहर किए गए आवेदकों अपीलकर्ता को सरसरी तौर पर रद्द किया जा सकता है ।

(2) निम्नलिखित किस्म के मामलों में अपील पर विचार किया जाएगा :—

(क) आयात लाइसेन्स के लिए आवेदन पत्र के संबंध में;

(ख) निर्यात आभार को पूरा करने के लिए या आयात लाइसेन्स के लिए लागू किसी भी शर्त के लिए आयातकों द्वारा निष्पादित विधिक करारों/बैंक गारंटी के प्रवर्तन से संबंधित मामलों में ।

(ग) इसके बाद निहित क्रियाविधि उन मामलों में भी आवश्यक परिवर्तनों के साथ लागू होगी जिसमें निर्यातक अपने आवेदन पत्र के विरुद्ध लिए गए निर्णय से असन्तुष्ट हो और इस सम्बन्ध में अपील देना चाहता हो ।

प्रथम अपील

141. (क) जहां सहायक मुख्य नियंत्रक या उप मुख्य नियंत्रक द्वारा मूल निर्णय लिया गया है जो उस लाइसेंसिंग कार्यालय पर प्रशासनिक नियंत्रण रखने वाले संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को अपील की जाएगी ।

(ख) जहां पर मूल निर्णय संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा लिया गया है तो मुख्यालय में मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात द्वारा दो संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात की एक समिति या इस उद्देश्य के लिए नियुक्त उच्च अधिकारियों की समिति द्वारा प्रथम अपील पर निर्णय लिया जाएगा ।

द्वितीय अपील

142. यदि अपीलकर्ता उसकी प्रथम अपील पर अपील प्राधिकारी द्वारा लिए गए निर्णय से संतुष्ट नहीं है तो वह अतिरिक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात या मुख्यालय में मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा इस उद्देश्य के लिए गठित समान पद के किसी अधिकारी के पास द्वितीय अपील कर सकता है ।

अपील प्रस्तुत करने के लिए समय-सीमा

143. (1) अपील जिस आदेश/निर्णय के विरुद्ध अपील की जा रही है उस आदेश/निर्णय की प्राप्ति की तिथि से 45 दिनों के भीतर सम्बन्धित प्राधिकारी को दाखिल की जानी चाहिए । लेकिन, यदि अपीलीय प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट हो कि अपील कर्ता पर्याप्त कारणों से निर्धारित समय में अपील नहीं कर सका तो वह अपील प्रस्तुत करने में 45 दिनों तक हुए विलम्ब को माफ कर सकता है ।

(2) निर्णय भेजते समय, लाइसेंस प्राधिकारी/अपील सुनने वाला प्राधिकारी इस बात का संकेत करेगा कि असंतुष्ट व्यक्ति द्वारा किस प्राधिकारी को अपील के लिए आवेदन किया जाए ।

व्यक्तिगत सुनवाई के लिए अवसर

144. यदि कोई अपीलकर्ता या याचिकावाला उसके द्वारा दायर की गई अपील के सम्बन्ध में व्यक्तिगत रूप से कुछ कहना चाहता है और उसने अपनी अपील में एक विवरण भेजा है या विशेष रूप से इस सम्बन्ध में संकेत किया है तो उसे व्यक्तिगत सुनवाई के लिए अवसर प्रदान किया जाए । लेकिन, यदि अपीलकर्ता/याचिकादाता उसको दिए गए मौके का लाभ नहीं उठाता है तो अपील पर उपलब्ध सामग्री के आधार पर गुणवत्ता के आधार पर निर्णय दे दिया जाएगा ।

अपील के साथ भेजे जाने वाले दस्तावेज

145. (1) अपील के साथ निम्नलिखित दस्तावेज और विवरण दो प्रतियों में भेजे जाने चाहिए :—

(1) अपीलकर्ता का नाम और पता;

(2) आयातक/निर्यातक की श्रेणी,

(3) वह लाइसेंस अवधि जिसमें आवेदन-पत्र सम्बद्ध है;

(4) आयात किए जाने वाले माल का संक्षिप्त विवरण;

(5) मूल आवेदन-पत्र और इसके साथ भेजे गए अन्य दस्तावेजों की प्रति;

(6) निर्णय आदेश के विरुद्ध की गई अपील की एक प्रति;

(7) अपील का आधार;

(8) कोई अन्य दस्तावेज/साक्ष्य जिसके आधार पर अपील की गई है;

(9) इस कथन के साथ कि क्या अपीलकर्ता व्यक्तिगत सुनवाई के लिए इच्छुक है ।

(2) पहली अपील और दूसरी अपील के मामले में क्रमशः 100 रुपये और 200 रुपये की बैंक रसीद/डिमांड ड्राफ्ट शुल्क भुगतान के मुद्दे भी भेजने चाहिए ।

(3) सभी अपील पुनरीक्षा याचिकाओं के पृष्ठ के बिल्कुल ऊपर यह स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए कि यह प्रथम अपील है या द्वितीय अपील है या पुनरीक्षा याचिका है और संबंधित आवेदन की श्रेणी को भी दर्शाया जाना चाहिए ।

स्क्रीनिंग समिति के निर्णय के विरुद्ध अपील

146. लाइसेंस कार्यालय अथवा मुख्य नियंत्रक आयात से निर्यात का कार्यालय मुख्यालय की स्क्रीनिंग समिति के निर्णय के

विरुद्ध निर्धारित प्रक्रिया में अपील मुख्य नियंत्रक आयात व निर्यात का कार्यालय, नई दिल्ली के मुख्यालय की स्क्रीनिंग समिति को की जा सकती है जो कि व्यथित पर व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर प्रदान कर सकती है तथा अपील पर आदेश दे सकती है ।

लाइसेंसिंग समिति के निर्णयों के विरुद्ध अपील

147. उपरोक्त प्रक्रिया संबंध लाइसेंसिंग समितियों नामशः पूंजीगत माल समिति, अग्रिम लाइसेंसिंग समिति अनुपूरक लाइसेंसिंग समिति आदि द्वारा निर्णित मामलों के संबंध में लागू नहीं होगी । तथापि, क्षेत्रीय लाइसेंसिंग समितियों द्वारा लिए गए निर्णयों के विरुद्ध अभ्यावेदन मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात के कार्यालय मुख्यालय की संबद्ध समितियों को किए जा सकते हैं । मुख्यालय की लाइसेंसिंग समितियों के निर्णयों के विरुद्ध अभ्यावेदन मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को किए जा सकते हैं । लाइसेंसिंग वर्ष की समाप्ति पर ऐसे किसी भी अभ्यावेदन जिनमें लाइसेंसिंग समिति द्वारा निर्णय लिया जा चुका है विचार नहीं किया जाएगा ।

निर्यात सदन/व्यापार सदन प्रमाण-पत्र को अस्वीकार अथवा रद्द करने के विरुद्ध अपील

148. (1) पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात-नीति के अधीन निर्यात सदन प्रमाण-पत्र/व्यापार सदन प्रमाण-पत्र प्रदान करने अथवा नवीकरण करने को रद्द करने के निर्णय के विरुद्ध अपील मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात के कार्यालय (ई. पी. 3) में निर्यात व्यापार सदन समिति को की जाएगी ।

(2) यहां उपर्युक्त पैरा 143 तथा 144 में दी गई प्रक्रिया भी लागू होगी ।

निर्यातकों के पंजीकरण/विपंजीकरण से संबंधित अपील

149. (1) यदि कोई निर्यातक इस पुस्तक के परिशिष्ट 15-क में सूचीबद्ध किसी एक पंजीकरण प्राधिकारी द्वारा उसे पंजीकरण अथवा विपंजीकरण से मना करने के निर्णय से संतुष्ट नहीं होता है, तो वह मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के कार्यालय, नई दिल्ली में निर्यात आयुक्त को अपील कर सकता है ।

(2) यदि कोई व्यक्ति उपर्युक्त उप पैरे (1) के अधीन किए गए निर्णयों से सन्तुष्ट नहीं है तो वह अपर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को अपील कर सकता है ।

(3) यहां उपर्युक्त पैरा 143 तथा 144 में दी गई प्रक्रिया भी लागू होगी ।

(4) उपर्युक्त उप पैरे (1) और (2) के अनुसार अपील/अभ्यावेदन पर विचार करने के बाद, यदि निर्णय ऐसा ले लिया जाता है तो अपीलेंट प्राधिकारी या तो निर्यातक का स्वयं पंजीकरण करें या उसके पंजीकरण को बनाए रखे या वह पंजीकरण प्राधिकारी को ऐसे निर्यातक के पंजीकरण करने के लिए या उसका पंजीकरण बनाए रखने के लिए निदेश दे सकता है । ऐसे मामलों में पुनः पंजीकरण या इस पंजीकरण को बनाए रखना ऐसी शर्तों के अधीन होगा जो निश्चित की जाएं ।

पुनरीक्षा के सामान्य अधिकार

150. मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात अपनी ओर से या अन्यथा रूप में किसी निलम्बित मामले में या उसके अधीनस्थ अधिकारी द्वारा किसी भी मामले पर लिए गए निर्णय के संबंध में और इसके साथ-साथ इस अध्याय के किसी भी प्रावधान के अधीन उसके द्वारा मनोनीत, नियुक्त या प्राधिकृत अधिकारियों के समूह/समिति से रिकार्ड मंगवा सकता है और यदि वह उचित और न्यायसंगत समझे तो उसके संबंध में भी आदेश पास कर सकता है ।

अध्याय 3

पूंजीगत माल

प्रक्रिया

151. पूंजीगत माल के आयात के लिए आवेदन पत्र का प्रपत्र निर्धारित किए गए अनुसार परिशिष्ट-3-क में अथवा परिशिष्ट-3-ख जैसा भी लागू हो, 6 अतिरिक्त प्रतियों के साथ आवेदन शुल्क के भुगतान की बैंक रसीद/डिमाण्ड ड्राफ्ट के साथ पूंजीगत माल की सूची की सात प्रतियों सहित होना चाहिए । उद्गम देश/देशों का उल्लेख करने के अतिरिक्त आवेदन-पत्र के साथ निम्नलिखित सूचना देनी चाहिए :—

(क) प्रत्येक मुख्य मद के अलग-अलग लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के साथ पूंजीगत माल की विस्तृत सूची;

(ख) (आवेदित पूंजीगत माल के आयात के देश की मुद्रा में) (1) भाड़ा और (2) लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य में शामिल किए गए बीमे के निमित्त धन राशि को या आयात के वैकल्पिक स्रोत को अलग-अलग दिखाते हुए विदेशी संभरकों के बीजक-प्रपत्र की चार साक्ष्यांकित या फोटोस्टेट प्रतियां; और

(ग) विनिर्माताओं का विवरणी पैम्फलेट (ये आवेदन-पत्रों के शीघ्र निपटान के लिए जितना शीघ्र सम्भव हो सके प्राप्त करने चाहिए और भेजने चाहिए) ।

152. जिन मामलों में आवेदक किसी अनुमोदित वित्तीय संस्थान से पूंजीगत माल की लागत पूरा करने के लिए विदेशी मुद्रा का ऋण मांगना चाहता है उसमें आवेदन-पत्र में इसका उल्लेख विशेष रूप से करना चाहिए । ऐसे आवेदकों से यह आशा की जाती है कि आशय पत्र की प्राप्ति के 6 महीनों के भीतर वित्तीय संस्थान से आवेदन करें ।

आवेदन-पत्र प्रस्तुत करना

153. (1) पूंजीगत माल के आयात के लिए आवेदन-पत्र निम्नलिखित तरीके से प्रस्तुत किए जा सकते हैं :—

(क) जिस मामले में लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य 40 लाख रुपये तक हो उसमें आवेदन-पत्र इस संबंधित प्राधिकारी

प्राधिकारी के द्वारा क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारी को प्रस्तुत करना चाहिए जिसके अधिकार क्षेत्र में लाभभोगी कारखाना या संस्था अथवा उस आवेदन में जहां कहीं दिया गया हो उसके स्थापित स्थित हो ।

(ख) पूंजीगत माल के रूप में एक लाख रुपये के मूल्य तक के उपकरण जो परिशिष्ट-8 में या आयात-निर्यात नीति, 1990—93 (खण्ड-1) में किसी अन्य स्थान पर नहीं किए गए हैं, के आवेदन-पत्र पर क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा विचार किया जाएगा । इससे उच्च मूल्य के आवेदन-पत्रों पर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली द्वारा विचार किया जाएगा ।

(2) जिस मामले में लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य 40 लाख रुपये से अधिक और 1.5 करोड़ रुपए तक हो, आवेदन-पत्र संबंधित प्रायोजक प्राधिकारी के माध्यम से मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात, उद्योग भवन, नई दिल्ली को प्रस्तुत करना चाहिए ।

(3) जिस मामले में लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य 1.5 करोड़ रुपए से अधिक हो, उसमें आवेदन-पत्र औद्योगिक अनुमोदन सचिवालय, औद्योगिक विकास विभाग, नई दिल्ली को प्रस्तुत करना चाहिए । आवेदक द्वारा ऐसे आवेदन-पत्र की एक प्रति साथ-साथ संबंधित प्रायोजक प्राधिकारी को भेजी जानी चाहिए जो अपनी सिफारिशों को शीघ्रता से औद्योगिक अनुमोदन सचिवालय को भेजेगा । ऐसे आवेदन-पत्रों को मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को पृष्ठांकित करने की आवश्यकता नहीं है ।

(4) उपर्युक्त पैरा में उल्लिखित श्री टावर सिस्टम उन मामलों में लागू नहीं होगा जहां आयात नीति/प्रक्रिया पुस्तक में अलग किया विधि दी गई है ।

(5) उपर्युक्त शर्तें उस सीमा के अतिरिक्त सार्वजनिक क्षेत्र के सभी उद्यमों के लिए लागू होती हैं जिस सीमा तक उनके लिए इस प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 171 और 172 की शर्त लागू होती है ।

(2) अधिकतम 5 लाख रुपये (लागत-बीमा-भाड़ा) मूल्य की मशीनरी के आयात के लिए वर्तमान औद्योगिक एकको के आवेदनों पर प्रायोजक प्राधिकारी की सिफारिश के बिना ही सम्बद्ध क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा विचार किया जा सकता है । ऐसे आवेदन-पत्र संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी को सीधे भेजे जा सकते हैं । लेकिन, इसके लिए देशी दृष्टिकोण से निकासी प्राप्त करनी होगी । तथापि नये/प्रस्तावित औद्योगिक एककों द्वारा संबंधित प्रयोजक प्राधिकारी के माध्यम से 5 लाख रुपए तक के मूल्य (लागत बीमा भाड़ा) की मशीनरी के आयात के लिए आवेदन भिजवाया जाना अपेक्षित होगा ।

154. (1) प्रतिस्थापन, संतुलन या आधुनिकीकरण के लिए या सामान्य प्रचालन के लिए मशीनरी के आयात के लिए आवेदन करने वाले विद्यमान यूनिट जब कभी जरूरत पड़े एक लाइसेंसिंग वर्ष में एक से अधिक आवेदन-पत्र भेज सकते हैं । निर्माणाधीन प्रमुख परियोजनाओं के मामले में तथा आपातकालीन परिस्थितियों अर्थात मशीनरी के खराब हो जाने पर या विशेष विदेशी ऋण को पूरा करने के लिए आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए एक लाइसेंसिंग वर्ष में एक से अधिक आवेदन-पत्रों पर भी विचार किया जा सकता है ।

(2) उन मामलों में जहां एक औद्योगिक एकक एक से अधिक अन्तिम उत्पादों के विनिर्माण में लगा हुआ है और उसके पास ऐसे प्रत्येक अन्तिम उत्पाद के लिए अलग-अलग औद्योगिक लाइसेंस या पंजीकरण है तो एक लाइसेंसिंग वर्ष में एक बार से अधिक लागू होने वाली सामान्य प्रक्रिया प्रत्येक अन्तिम उत्पाद के लिए अपेक्षित मशीनरी के लिए भी लागू होगी ।

(3) अखबारी कागज प्रतिष्ठान एक वित्तीय वर्ष में वास्तविक आवश्यकता के अनुसार एक से अधिक आवेदन-पत्र दे सकते हैं ।

155. (1) जिन मामलों में 25 लाख रुपये से अधिक लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के इलैक्ट्रानिकी परक आयात-नीति के पैरा 6 (17) में सम्मिलित दूर संचार उपस्कर को छोड़कर मदों का आयात करने की इच्छा की गई हो, उनमें इलैक्ट्रानिकी विभाग, नई दिल्ली की पूर्व अनुमति लेना आवश्यक होगा । आयात नीति के पैरे 6 (17) के अन्तर्गत सम्मिलित दूर संचार उपस्कर के लिए दूर-संचार विभाग दूर संचार आयोग) की स्वीकृति अनिवार्य है यदि ऐसे आयात का मूल्य 25 लाख रुपये से अधिक हो । इसलिए, आवेदकों को यह सलाह दी जाती है कि वे संबद्ध लाइसेंस प्राधिकारियों को आवेदन-पत्र प्रस्तुत करते समय उपर्युक्त इलैक्ट्रानिकी मदों/दूर संचार उपस्कर का पूर्ण ब्यौरा देते हुए अपने आवेदन-पत्र की एक प्रतिलिपि इलैक्ट्रानिक विभाग अथवा इलैक्ट्रोनिक विभाग (दूर संचार आयोग) जैसा भी मामला हो को भेजें ।

(2) जहां कागज, चीनी, इस्पात, एल्युमीनियम और सीमेन्ट उद्योगों तथा पावर जनरेशन, ट्रांसमिशन तथा डिस्ट्रीब्यूशन रिफाइनरी तथा पैट्रो-कैमिकल्स, गैस-बेस फर्टिलाइजर्स मिश्रित फर्टिलाइजर्स रसायन, ड्रग तथा फार्मास्यूटिकल उद्योगों के लिए भी आयात किए जाने वाले पंजीगत माल में नियंत्रण और औद्योगिक इलैक्ट्रानिक उपस्कर/सब-सिस्टम शामिल हों वहां आयातों की स्वीकृति से पूर्व इलैक्ट्रानिक विभाग महानिदेशक, तकनीकी विकास से परामर्श द्वारा आयात की अनुमति देने से पूर्व विशिष्ट स्वीकृति लेना भी अनिवार्य होगा ।

156. आवेदकों द्वारा पंजीगत माल के आवेदन-पत्रों की प्रतियां महानिदेशक, तकनीकी विकास (जहां महानिदेशक तकनीकी विकास प्रायोजक प्राधिकारी नहीं हो) को देशीय क्षमता की दृष्टि से निकासी के लिए साथ-साथ भेजी जानी चाहिए । महानिदेशक तकनीकी विकास द्वारा देशीय क्षमता की दृष्टि से निकासी की स्वीकृति संबंधित पंजीगत माल समिति की बैठक में दी जाएगी ।

वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) द्वारा पूंजीगत माल का आयात सामान्य

157. उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 में शामिल मदों के विनिर्माण के लिए पूंजीगत माल के वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) के आवेदन-पत्र पर केवल तब विचार किया जाएगा जबकि उसको उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा आशय-पत्र जारी कर दिया गया हो यदि अन्यथा रूप से अनुमति हो, तो आशय-पत्र के औद्योगिक लाइसेन्स के परिवर्तन की प्रत्याशा में पूंजीगत माल के लिए आयात लाइसेन्स भी जारी किया जा सकता है।

158. उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 की शर्तों से छूट वाले संस्थानों के मामले में आवेदन-पत्रों पर केवल तब विचार किया जाएगा जबकि आवेदक आवेदन-पत्र के साथ उस सम्बन्ध में एक घोषणा-पत्र ऐसी छूट के समर्थन में सरकारी अधिसूचना की संख्या और तिथि का उल्लेख करते हुए प्रस्तुत करें।

159. प्रत्येक आवेदन-पत्र के साथ औद्योगिक लाइसेन्स, आशय पत्र या पंजीकरण प्रमाणपत्र जो भी उचित हो, की फोटोस्टेट प्रति होगी।

160. जिस मामले में आशय-पत्र या औद्योगिक लाइसेन्स यह निर्धारित करता है कि संयंत्र और मशीनरी के आयात की अनुमति नहीं दी जाएगी, उस मामले में केवल मशीनरी के आधुनिकीकरण, बदलाई, सुरक्षा परीक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और गुण नियंत्रण उपस्कर के आयात के लिए आवेदन-पत्रों पर लागू नीति के अनुसार विचार किया जा सकता है बशर्ते कि ऐसे उपस्कर का आयात अनुज्ञप्त अनुमोदित क्षमता से अधिक न हो।

161. जिन मामलों में पूंजीगत माल के आयात की व्यवस्था विदेशी सहयोग के अन्तर्गत की जाती है, उनमें आवेदन-पत्र के साथ सम्बन्धित सरकारी अनुमोदन की फोटोस्टेट प्रति, उसके मूल विषय और जिस विशेष धारा के अन्तर्गत आयात किया जाना है, उसका उल्लेख लगा होना चाहिए।

162. आयात-निर्यात नीति, 1990—93 के परिशिष्ट-1 भाग-ख में आने वाले पूंजीगत माल का आयात वास्तविक उपयोक्ताओं के लिए खुले सामान्य लाइसेन्स के अधीन उसमें निर्धारित शर्तों के अधीन अनुमेय होगी। आयात-निर्यात नीति 1990-93 (खंड-1) में दिए गए के अनुसार वास्तविक उपयोक्ताओं का आवधिक विवरण निदेशक सांख्यिकी, मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात का कार्यालय नई दिल्ली को इस पुस्तक के परिशिष्ट-3-ख में भेजने चाहिए

163. (1) संबंधित आयात-निर्यात नीति और इस अध्याय में दिए गये प्रावधानों के अधीन पूंजीगत माल के आयात के लिए आवेदनों पर सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित आयात की अनिवार्यता, महानिदेशालय तकनीकी विकास द्वारा या किसी अन्य संबद्ध प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित आयात देशीय दृष्टिकोण से निकासी और आयात के लिए विदान करने के लिए विदेशी साधनों की उपलब्धता के आधार पर विचार किया जाएगा। यूनिट द्वारा मशीनरी के आयात के मामले में जिसकी निविदा अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा बोली की प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रोजेक्ट प्राधिकारी द्वारा स्वीकार की गई है को स्वीकृत निविदा की सूची में दी गई मशीनरी के आयात के लिए महानिदेशक तकनीकी विकास द्वारा सूची सत्यापन की शर्त के अधीन आयात लाइसेन्स दिया जाएगा।

(2) पूंजीगत माल/हैवी इलेक्ट्रीकल प्लांट के आयात के लिए जारी किए गए सभी लाइसेंस "वास्तविक उपयोक्ता शर्तों" के अधीन होंगे। लाइसेन्स में सीमाकारी गुणक के रूप में मूल्य और मात्रा दोनों का उल्लेख होगा।

विज्ञापन क्रियाविधि

164. जिन मामलों में विज्ञापन प्रक्रिया से सचिव (तकनीकी विकास) और महानिदेशालय तकनीकी विकास द्वारा छूट की मंजूरी दी गई हो उनको छोड़कर 40 लाख रुपये से अधिक मूल्य के पूंजीगत माल के इच्छुक आयातक को अपनी आवश्यकताएं नीचे दिए गए तरीके से विज्ञापित करनी चाहिए ताकि इच्छुक देशी विनिर्माता पहले उत्तर दे सकें। पुरानी मशीनरी जो खुले सामान्य लाइसेन्स में नहीं आती है और उस प्रस्तावित पुरानी मशीनरी का मूल्य 10 लाख रुपये से अधिक है उसके लिए भी विज्ञापन प्रक्रिया अपनाई जाएगी। ऐसे मामले में विज्ञापन तुल्य नई मशीनरी के लिए होगा। अन्य बातों के साथ-साथ विज्ञापन में सम्बद्ध पूंजीगत माल के विशिष्टिकरण के पर्याप्त ब्यौरे, मेक, माडल और/या अन्य ब्यौरे, वितरण की वांछित अवधि और अन्य यथार्थ तथ्य जो आवेदक पसन्द करें, के ब्यौरे दिए जाएंगे। इसमें यह भी उल्लेख होना चाहिए कि सम्बन्धित डाइंग पहले ही उपलब्ध है या बाद में दी जाएगी। (केवल मुख्य मद को विज्ञापित किया जाना चाहिए अर्थात उपसाधित्र अतिरिक्त पुर्जों, औजारों आदि को छोड़कर)।

(2) जहां आयात किए जाने वाले पूंजीगत माल में डी.सी. ड्राइवर्स, प्रोग्रामेबल लाजिक नियंत्रण सिस्टम, इन्स्ट्रुमेन्टेशन सिस्टम, बिजली से तोलने का सिस्टम आदि शामिल हों वहां इन मदों के पूर्ण विशिष्टिकरण विज्ञापन में दिए जाने चाहिएं ताकि देशी विनिर्माताओं से सार्थक उत्तर प्राप्त किए जा सकें। मुख्य मेकेनिकल संयंत्र के एक भाग के रूप में अपूर्ण विशिष्टिकरण के साथ या सामान्य विवरण के अन्तर्गत ऐसी मदों के आयात के लिए स्वीकृति नहीं दी जाएगी।

(3) परियोजना प्राधिकारी विदेश से उपकरणों की खरीद के लिए बातचीत करते समय प्रारम्भिक समय पर स्वयं ही विभिन्न उप-प्रणालियों की परिमाप प्रक्रियाएं प्राप्त करें तथा अपने विदेशी संभरकों/सहयोगियों से उप-प्रणालियों जिनका स्वदेशी प्रक्रिया से अनुकूलन किया सकता है के लिए भी आश्वासन प्राप्त करें।

165. विज्ञापन या तो (1) भारतीय व्यापार पत्रिका में या (2) भारतीय निर्यात बलेटिन में प्रकाशित होना चाहिए। प्रथम (प्रदर्शन के रूप में विज्ञापन) के सम्बन्ध में सभी समाचार भारत

सरकार मुद्रणालय, संत्रागाच्छी, हावड़ा को सम्बोधित किए जाएंगे । इसके साथ ही विज्ञापन सामग्री की एक प्रति विभागीय प्रभारी, भारत सरकार के बुक डिपो सं. 8, के एस. राय रोड, कलकत्ता-1 को भेजी जाए । द्वितीय जनरल के संबंध में प्रबंध निदेशक, भारतीय व्यापार मेला प्राधिकरण, एडमिनिस्ट्रेशन बिल्डिंग, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, नई दिल्ली को संबोधित किया जाना चाहिए । इंजीनियरिंग उद्योग के संघ द्वारा निकाले जा रहे जरनल में भी विज्ञापन प्रकाशित किए जा सकते हैं । इस बारे में सम्पादक, इंजीनियरिंग उद्योग के संघ 23, 26, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली-110 003 को पत्राचार भेजा जाना चाहिए ।

166. विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि (मांगकर्ता) आवेदक को उपलब्ध होगी । देशी विनिर्माता को आफर भेजते समय संबंधित विज्ञापन संबंधी पत्रिका का नाम और तारीख और क्रम सं. को स्पष्ट रूप में दर्शाना चाहिए । मूल आफर को विज्ञापन देने वाले के पास सीधे ही भेजा जाना चाहिए और उसकी प्रति (क) तकनीकी विकास महानिदेशालय, समन्वय अनुभाग, उद्योग भवन, नई दिल्ली और (ख) डी. जी. टी. डी. के प्रायोजित निदेशालय/अन्य संबंधित प्रायोजित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पंजीकृत पावती देय डाक द्वारा भेजा जाना चाहिए । विज्ञापन कर्ता (मांगकर्ता आवेदक) को विज्ञापन में डी. जी. टी. डी. के प्रायोजक निदेशालय का नाम/अन्य प्रायोजित अधिकारियों का स्पष्ट उल्लेख करना चाहिए । प्रस्ताव में विशिष्टिकरण संबंधी विस्तृत विवरण और मद संबंधी पर्याप्त अन्य विवरण दिया जाना चाहिए जिसकी आपूर्ति देशी विनिर्माता करने की स्थिति में हो विवरण की अवधि जिसे सुनिश्चित किया जा सकता है, मूल्य और अन्य महत्वपूर्ण सूचना भी दी जानी चाहिए । अन्य वास्तविक उपभोक्ता जिनके पास अपनी आवश्यकता से सी. जी. सरप्लस है वे भी इसी प्रकार से अपने प्रस्ताव भेज सकते हैं ।

167. ऊपर निर्धारित सीमा का पालन न करने पर देशी विनिर्माता/वास्तविक उपयोक्ता आगे विचार करने के लिए/प्रतिवेदन करने के लिए पात्र नहीं होंगे ।

168. विज्ञापन की तिथि से 45 दिन की अवधि बीत जाने के बाद इच्छुक आयातक विषयाधीन पूंजीगत माल का आयात करने के लिए सम्बद्ध लाइसेन्स प्राधिकारी से लाइसेन्स के लिए आवेदन कर सकता है (यदि ऐसा आवेदन उस तारीख के 12 माह के भीतर सम्बद्ध लाइसेन्स प्राधिकारी या प्रायोजक प्राधिकारी को नहीं किया जाता है और सचिव, तकनीकी विकास विभाग द्वारा उसके नाम में विशेष रूप से छूट नहीं दे दी जाती है तो विज्ञापन की प्रक्रिया दोहराई जानी चाहिए) । आयात के लिए आवेदन-पत्र में विज्ञापन के प्रकाशन की क्रम संख्या और तिथि प्राप्त किए गए प्रस्ताव और आवेदक द्वारा उनके अलग-अलग मूल्यांकन का उल्लेख होना चाहिए । प्रस्ताव अस्वीकार करने के कारण स्पष्ट रूप से देने चाहिए । आवेदन पत्र के साथ विज्ञापन की दो फोटोस्टेट प्रतियां भी होनी चाहिएं ।

169. लेकिन विज्ञापन प्रक्रिया, सिनेमाटोग्राफिक उपस्कर, कम्प्यूटर सिस्टम और उनके अतिरिक्त पुर्जों, आविरूपों, 10% की विदेशी मुद्रा अर्जन के साथ अनुमोदित होटलों द्वारा उपस्करों का आयात, अनुसंधान और विकास प्रयोगशालाओं द्वारा अपेक्षित पूंजीगत माल, अन्य वैज्ञानिक और अनुसंधान संस्थान, केन्द्र या राज्य सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त अन्य उच्चतर शैक्षणिक अनुसंधान संस्थान या अस्पताल के लिए लागू नहीं होगी, साथ ही यह प्रक्रिया भारत में वापिस आने वाले/विदेश में रहने वाले भारतीयों पर लागू विशेष योजना पर भी लागू नहीं होगी ।

परियोजना अनुमोदन बोर्ड

170. मिश्रित प्रस्तावों अर्थात् वे प्रस्ताव जिनके पूंजीगत माल के आयात सहित एक से अधिक अनुमोदन हों, उन पर औद्योगिक अनुमोदन सचिवालय में परियोजना अनुमोदन बोर्ड विचार करेगा । ऐसे मामलों में आवेदनपत्र औद्योगिक अनुमोदन सचिवालय (सामान्य अनुभाग), उद्योग मंत्रालय को प्रस्तुत करने चाहिएं ।

171. (1) 5 करोड़ रुपये तक सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों नई परियोजना की स्थापना करने या पर्याप्त विस्तार करने से सम्बन्धित पूंजी निवेश के मामले में भी औद्योगिक लाइसेंस, विदेशी सहयोग शर्तें यदि कोई हों, के लिए और पूंजीगत माल के आयात के लिए परियोजना अनुमोदन बोर्ड की आवश्यकता होगी । ऐसा आवेदन-पत्र इस सचिवालय को पहले भेजना चाहिए ।

(2) सार्वजनिक क्षेत्र कार्यान्वियन के अन्तर्गत सभी नई परियोजनाओं के लिए 40 लाख रुपए मूल्य तक के पूंजीगत माल के लिए आवेदन-पत्र मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को भेजे जाने चाहिएं न कि सम्बन्धित क्षेत्रीय प्राधिकारियों को, बशर्ते कि आयात के लिए विदेशी मुद्रा सरकार द्वारा परियोजना के नाम में रिहा कर दी गई हो । परियोजना प्राधिकारी को चाहिए कि वह आयात की जाने वाली मदों के सम्बन्ध में भी महानिदेशक तकनीकी विकास से देशी निकासी प्राप्त कर ले ।

172. यदि ऐसा पूंजी निवेश 5 करोड़ रुपये से अधिक हो जाए (उनको छोड़कर जिनके लिए विशेष क्रियाविधि निर्धारित की गई हो) तो आवेदन-पत्र सम्बन्धित प्रशासनिक मंत्रालय के माध्यम से सचिवालय, औद्योगिक अनुमोदन, उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली को प्रस्तुत करने चाहिएं ।

173. लेकिन, उर्वरक परियोजना से सम्बद्ध मिश्रित प्रस्ताव परियोजना अनुमोदन बोर्ड को भेजने के बजाय उर्वरक परियोजना विषयक समर्थक समिति उर्वरक विभाग कृषि मंत्रालय नई दिल्ली को भेजे जा सकते हैं ।

भारी विद्युतीय संयंत्र

174. भारी विद्युतीय संयंत्र और मशीनरी जिसमें संबंधित उपस्कर और विद्युत संयंत्र के लिए अनिवार्य सामग्री भी शामिल है विद्युतीय पावर के जनरेशन या ट्रांसफोर्मेशन के आयात के लिए आवेदन पत्र निर्धारित सी. जी. प्रपत्र में केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के माध्यम से उपर्युक्त पैरा 153 में बताए गए के

अनुसार सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को प्रस्तुत करने चाहिए ।। राज्य विद्युत बोर्ड/संस्थान/परियोजना की आवश्यकताओं के लिए पूंजीगत माल के मामलों में आवेदन-पत्रों के साथ विद्युत बोर्ड/संस्थान/परियोजना से यह घोषणापत्र होना चाहिए कि इस उद्देश्य के लिए विदेशी मुद्रा आवंटित कर दी गई है । ऐसे मामलों में केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण इस क्षेत्र द्वारा सामान्यतः अपेक्षित मदों के लिए या तो अलग-अलग आवेदन-पत्रों के सम्बन्ध में या पैकेज निकासी के रूप में देशी निकासी की स्वीकृति महानिदेशक, तकनीकी विकास से प्राप्त करेगा ।

175. सामान्यः नई परियोजना स्थापित करने या वास्तविक विस्तार के लिए अपेक्षित संयंत्र और मशीन के वास्तविक मूल्य के आयात लाइसेंसों के आवेदनपत्रों पर निम्नलिखित एक या एक से अधिक स्वीकार्य वित्त दान के साधनों के मद्दे विचार किया जाएगा :—

(क) परियोजना की पूंजी में लम्बी अवधि के लिए विदेशी पूंजी निवेश;

(ख) भारतीय औद्योगिक ऋण निवेश निगम, बम्बई और औद्योगिक वित्त निगम, नई दिल्ली से परियोजना के लिए विदेशी मुद्रा ऋण;

(ग) समय-समय पर यथा अनुमोदित और घोषित, विदेशी वित्तदान संस्थान से लम्बी अवधि के लिए विदेशी मुद्रा ऋण;

(घ) भारतीय राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम, नई दिल्ली द्वारा लघु पैमाना उद्योगों के लिए अपनी भाड़ा-खरीद योजना के अधीन वित्तदान किए गए आयात, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली द्वारा इस उद्देश्य के लिए विधिवत अनुमोदित लीजिंग कम्पनी सहित किसी अन्य एजेंसी/कम्पनी के लिए वित्तदान किए गए आयात;

(ङ) विदेशी सरकार या वित्तीय संस्थान से भारत सरकार को ऋण जिसके मद्दे नकद लाइसेंस प्रदान किया जा सकता है; और

(च) भारत सरकार और विदेशों के बीच व्यापार और भुगतान समझौते जिनके मद्दे नकद लाइसेंस प्रदान किया जा सकता है ।

ऋणों के लिए पत्र-व्यवहार

176. आयातकर्ताओं द्वारा कर्जों के सम्बन्ध में विदेशी वित्त दाता संस्थाओं के साथ पत्र-व्यवहार करने के लिए सिद्धान्त रूप में सरकार की पूर्व-स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक है । इस प्रकार के आवेदन सम्बन्धित प्रशासनिक मंत्रालय को भेजे जाएं । इन आवेदनों में यह बताया जाए कि सम्बन्धित उपस्कर का मूल्य, आयात करने का प्रयोजन क्या है, उसे किस देश या किन देशों से आयात किया जाना है, उस आयातित कच्चे माल/उन संघटकों का मूल्य कितना है जिनकी यूनिट को उत्पादन आरम्भ कर देने के बाद हर वर्ष जरूरत होगी, और यदि परियोजना के लिए उद्योग (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1951 के अधीन कोई विनिर्माण लाइसेन्स प्राप्त किया गया हो, तो उस लाइसेन्स का ब्यौरा भी आवेदन-पत्र में दिया जाए ।

नकद या आस्थगित अदायगी पर स्वतंत्र साधनों के आधार पर आयात

177. यदि आयातित संयंत्र और उपकरण पर परिव्यय अपेक्षाकृत कम हो और योजना के कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप तीन वर्ष के अन्दर इससे होने वाली मुद्रा की बचत या उसकी अर्जित राशि से उसे पूरा किया जाना हो (आयात/निर्यात के वर्तमान स्तर को विधिवत् ध्यान में रखते हुए) तो नकद या आस्थगित अदायगी के आधार पर स्वतंत्र साधनों के मद्दे लाइसेन्स देने के लिए कुछ सीमा तक, आवेदन-पत्रों पर विचार किया जा सकता है । सामान्यतः, सरकार अल्प या मध्यम पूर्तिकर्ता क्रेडिट शर्तों पर, आयात को प्रोत्साहन देने का प्रस्ताव नहीं रखती और आस्थगित भुगतान व्यवस्थाओं पर अपवाद स्वरूप मामलों में केवल तब विचार किया जाएगा जबकि सरकार इस बात से सन्तुष्ट हो कि आयात किए जाने के लिए प्रस्तावित संयंत्र और मशीनरी में उत्पादन के परिणामस्वरूप विदेशी मुद्रा की बचत भुगतान आभार को पूर्ण करने के लिए पर्याप्त होगी । इसी प्रकार जिस माल के उत्पादन के लिए संयंत्र का आयात किया जाना है उस माल के निर्यात के लिए सन्तोषजनक गारन्टी है, तो ऐसी व्यवस्था अनुमोदित की जा सकती है ।

लीजिंग कम्पनियों द्वारा वित्त पोषित पूंजीगत माल का आयात

178. सम्बद्ध आयात-निर्यात नीति और इस अध्याय के अधीन पूंजीगत माल, जिनमें वे माल भी शामिल हैं जिनका आयात खुले सामान्य लाइसेन्स के अधीन अनुमेय है, के आयात के लिए उन वास्तविक उपयोक्ताओं से प्राप्त किए गए आवेदन पत्रों पर लीजिंग कम्पनियों द्वारा वित्तदान के लिए सुविधा, जिनके अनुच्छेद में लीजिंग को विशेष रूप से एक लक्ष्य के रूप में माना गया है, के अधीन विचार किया जाएगा जिनके पास प्रदत्त शेयर पूंजी 1 करोड़ रु. से कम नहीं है और जो स्टाक एक्सचेंज की सूची में हैं । खुले सामान्य लाइसेन्स के अधीन आयात के लिए अनुमित पूंजीगत माल के लिए लीज वित्त पोषित के अन्तर्गत आयात के लिए आवेदन पत्र चाहे उनका कितना भी मूल्य हो क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकारी को भेजनी है जबकि अन्य पूंजीगत माल के लिए (प्रतिबन्धित पूंजीगत माल को छोड़कर) आवेदन-पत्र सम्बद्ध लाइसेंसिंग प्राधिकारी को प्रस्तुत किए जाने हैं । आवेदन पत्रों के साथ कम्पनियों के पंजीयक द्वारा विधिवत् साक्ष्यांकित अनुच्छेदों की फोटो प्रति, सनदी लेखापाल का प्रमाणपत्र जिसमें न्यूनतम प्रदत्त पूंजी और आरक्षित पूंजी को दर्शाया गया हो और स्टाक एक्सचेंज द्वारा इस संबंध में एक प्रमाण-पत्र कि वे स्टाक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हैं, भी भेजी जानी चाहिए । लीजिंग कम्पनी द्वारा परिशिष्ट-3ङ में दिए गए निर्धारित प्रपत्र में करार और स्वीकृति पत्र के आधार पर लीजिंग कम्पनी को लाइसेंस का एक संयुक्त धारक बनाते हुए लाइसेन्स पर पृष्ठांकन किया जाएगा । वास्तविक उपयोक्ता आवेदक और लीजिंग कम्पनी दोनों लाइसेन्स पर आरोपित एवं लागू शर्तों के साथ प्रचलित नियमों एवं प्रक्रिया

के अनुपालन के लिए संयुक्त रूप से तथा पृथक-पृथक बाध्य होंगे । सम्बन्धित लाइसेन्स प्राधिकारी के अनुमोदन से पट्टाधारी कम्पनी वास्तविक उपयोक्ता के नाम में आयातित मशीनरी से अपना अधिकार छोड़ सकती है ।

179. योजना की प्राथमिकता और प्रस्तावित वित्तपोषण की पद्धति को ध्यान में रखकर आयात लाइसेन्स के लिए आवेदन पत्रों पर विचार किया जाएगा । नियमानुसार, आयात के वित्तीय स्रोत ऊपर के पैरा 175 में उल्लिखित विकल्पों तक सीमित होंगे । यदि योजना की उचित प्राथमिकता को न समझा गया हो और/या सरकार के पास उपलब्ध निधि को आबंटित न किया गया हो तो ऐसी योजनाओं के संबंध में आयात आवेदनपत्रों को रद्द कर दिया जाएगा ।

कुछ उद्योगों के सम्बन्ध में पूंजीगत माल के आयात के लिए विशेष क्रियाविधि

180. देशी पूंजीगत माल वाले उद्योगों को सुरक्षा प्रदान करने की आवश्यकताओं से सामंजस्य बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय प्राथमिकता प्राप्त उद्योगों में पूंजी निवेश की कुल लागत को कम करने की आवश्यकता को मान्यता प्रदान की गई है और ऐसी परियोजनाओं/उद्योगों को आयात-निर्यात नीति, 1990-93 (खण्ड-1) के अध्याय-3 में अभिज्ञात की गई है । उपर्युक्त क्षेत्रों में से किसी में भी महत्वपूर्ण विस्तार के लिए व्यक्तियों द्वारा ली गई परियोजनाओं के लिए अधिप्राप्त किए जाने वाले वांछित सभी पूंजीगत माल के लिए विश्व निविदाएं आमंत्रित कर सकते हैं और ये निविदाएं इस तथ्य को ध्यान में रखे बिना की जा सकती हैं कि पूंजीगत माल देश में विनिर्मित है या नहीं । माल आपूर्ति करने के लिए देशी विनिर्माताओं को सुअवसर प्रदान करने के लिए आवेदक को पैरा 164 में उल्लेखनीय क्रियाविधि के अनुसार भी विज्ञापन देना चाहिए, परन्तु विज्ञापन का उत्तर देने के लिए न्यूनतम 60 दिनों की अवधि दी जानी चाहिए । जहां कहीं लागू हो, विज्ञापन में पूंजीगत माल की मदें आई. एस. आई. के अनुरूप विशिष्टिकरण निर्दिष्ट होने चाहिए । लेकिन, उत्पादन लागत को कम करने और स्रोतों को आशावादिता की दिशा में ले जाने वाली प्रौद्योगिकी की उन्नति के हित में विशिष्टीकरण में अन्तर की अनुमति दी जाएगी । लेकिन विज्ञापित विशिष्टिकरण आपूर्ति के स्रोतों के केवल अनुकूल ही नहीं होने चाहिए ।

181. यदि उपर्युक्त अनुसार दिए गए विज्ञापन के प्रत्युत्तर में कोई आवेदा हो तो उसकी प्राप्ति के बाद परियोजना प्राधिकारी अधिप्राप्त किए जाने वाले वांछित पूंजीगत माल (या तो आयातित या देशी या आयातित/देशी) के लिए अपने प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं, इन प्रस्तावों के साथ स्थलीय लागत अर्थात् लागत-बीमा-भाड़ा के आधार पर देशी और विदेशी बोलियों के बीच तुलना और विदेशी बोली के संबंध में उद्ग्राह्य शुल्क का एक विवरणपत्र होना चाहिए । प्रस्तावों पर सचिव (औद्योगिक विकास) की अध्यक्षता के अन्तर्गत अधिकृत समिति द्वारा विचार किया जाएगा । उपर्युक्त पैरा 155 के प्रावधान भी ऐसे प्रस्तावों पर विचार करने के लिए संगत होंगे के 8 सप्ताह के भीतर समिति अपने विचारों/सिफारिशों को और सामान्य तौर पर ऐसे प्रस्तावों की प्राप्ति के 8 सप्ताह के भीतर समिति अपने विचारों/सिफारिशों को अन्तिम रूप देगी । इन विचारों/सिफारिशों में समिति के निर्णय में यथा उपर्युक्त विदेशी मुद्रा के स्रोत के साथ-साथ अपेक्षित निकासी भी शामिल होगी । सम्बद्ध आयात लाइसेंस जारी करने के लिए मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को निर्णय से सूचित किया जाएगा ।

182. उपर्युक्त योजना के अन्तर्गत भारतीय परियोजना प्राधिकारियों से उपस्कर के लिए आदेश प्राप्त करने वाले भारतीय संभरकों को ऐसे पूंजीगत माल के विनिर्माण के लिए अपेक्षित कच्ची सामग्री, संघटकों, उपभोज्यों और अतिरिक्त सामान के आयात के लिए अनुमानित देशी उपलब्धता के दृष्टिकोण से किसी भी प्रतिबन्ध के बिना दी जाएगी । उपर्युक्त सुविधाएं अतिरिक्त होंगी और सामान्य नीति के अन्तर्गत वास्तविक उपयोक्ताओं (औद्योगिक) को उपलब्ध सुविधाओं के बदले नहीं होंगी ।

यंत्रों, परीक्षण मशीनों आदि का आयात

183. (1) यन्त्रों, परीक्षण उपस्कर, भार तोलने की मशीनें, प्रयोगशाला उपस्कर, औजारों और टैकल्स आदि के आयात के लिए वास्तविक उपयोक्ताओं के आवेदनपत्र उसी प्रक्रिया द्वारा नियंत्रित किये जायेंगे जो कि इस अध्याय में पूंजीगत माल आयातों के लिए लागू है ।

(2) ऐसे संस्थान (गैर-औद्योगिक) जिन्हें अपने स्वयं के उपयोग के लिए औजारों की आवश्यकता है वे परिशिष्ट-3-क में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैं ।

वास्तविक उपयोक्ता (गैर-औद्योगिक)

184. (1) वास्तविक उपयोक्ताओं (गैर-औद्योगिक) के मशीनरी के आयात के लिए आवेदन-पत्र मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात नई दिल्ली को दिए जाते हैं । इस प्रकार के आवेदन-पत्रों पर विचार राज्य उद्योग निदेशक या राज्य या केन्द्रीय सरकार के आवेदन से संबंधित उचित प्राधिकारियों की सिफारिश पर विचार किया जाएगा । आवेदन-पत्र, जब तक अन्यथा रूप से व्यवस्था न कर दी जाए, इस पुस्तक में वास्तविक उपयोक्ताओं (गैर-औद्योगिक) के लिए निर्धारित प्रपत्र में भेजे जाने चाहिएं । इन आवेदन-पत्रों पर विचार करते समय देशीय दृष्टिकोण से उपलब्धता, आयात के लिए अनिवार्यता, इस उद्देश्य के लिए विदेशी मुद्रा की उपलब्धता और अन्य संबंधित बातों को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा । यूनिट द्वारा मशीनरी के आयात के मामले में जिसकी निविदा अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्दा बोली की प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रोजेक्ट प्राधिकारी द्वारा स्वीकार की गई है को स्वीकृत निविदा की सूची में दी गई मशीनरी के आयात के लिए महानिदेशक तकनीकी विकास द्वारा सूची सत्यापन के बाद आयात लाइसेन्स प्रदान किया जाएगा ।

(2) निर्माण संबंधी मशीनरी के आयात के लिए आवेदन-पत्रों पर विचार संबंधित अभिकरणों द्वारा किया जाएगा । आवेदन-पत्र परिशिष्ट-3क में निर्धारित प्रपत्र में भेजे जाने चाहिएं और

मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को संबोधित किए जाने चाहिएं, जो राज्य सरकार के संबंधित विभाग के साथ परामर्श कर अपनी सिफारिश करेगा । आवेदक को चाहिए कि वह इस बात का उल्लेख करे कि जो उपस्कर वह आयात कर रहा है, वह किस देश से कर रहा है ।

(3) स्टूडियो उपस्कर के आयात के लिए आवेदन-पत्र पर विचार राज्य उद्योग निदेशक या राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम की सिफारिश पर फिल्म स्टूडियो और फिल्म प्रोसेसिंग लेबोरेट्रीज द्वारा किया जा सकता है । आवेदन-पत्र उपर्युक्त पैरा 153 में उल्लिखित लाइसेंस प्राधिकारी को भेजा जाना चाहिए ।

(4) रासायनिक विश्लेषण और अन्य औद्योगिक एककों द्वारा तैयार किए गए उत्पादकों की जांच पड़ताल में लगे हुए एककों के आवेदनपत्रों पर उन आवश्यक मशीनरी मशीन-औजार और उपस्करों के आयात के लिए विचार किया जाएगा जो देश में नहीं बनाए जाते । आवेदनपत्र निर्धारित प्रपत्र में राज्य उद्योग निदेशक के माध्यम से संबंधित क्षेत्रीय लाइसेन्स प्राधिकारियों को भेजे जाने चाहिएं । उद्योग निदेशक को चाहिए कि वे लाइसेंस के लिए सिफारिश करने से पहले महानिदेशक, तकनीकी विकास, नई दिल्ली से देशी निकासी प्राप्त कर लें ।

गैस सिलिन्डरों का आयात

185. गैस सिलिन्डरों के आयात की नीति आयात-निर्यात नीति (खण्ड-1), 1990—93 के अध्याय-3 में दी गई है। पूंजीगत माल के रूप में गैस सिलन्डरों एवम् उनके संघटकों का आयात जारी रहेगा । अर्थात् :—

(1) खाली गैस-सिलिण्डरों का आयात पूंजीगत माल माना जाएगा ।

(2) गैस सहित सिलिण्डरों का आयात अनुपूरक लाइसेन्स के मद्दे संसाधित होगा। तथापि यह प्रमाणित किया जाता है कि वे सिलिण्डर जो कि गैस के पात्र के रूप में आयात किए जाते हैं उपयुक्त सामग्री जो कि सामान्यत: गैसों के स्थानान्तरण के लिए प्रयोग में लाई जाती है के बने होने चाहिए ।

गैस, सिलिण्डरों, कन्टेनरों का पुन: निर्यात आधार पर आयात

186. (1) गैस भरे सिलिन्डर, लौटाने योग्य कोप्स और बोबिन्स, ड्रम क्लोजर्स. समुद्र में चलने वाले कन्टेनरों आदि जैसी मदें जो कि आयातित मदों की सहायक मदें हैं, उनके मामले में सीमा शुल्क प्राधिकारी, उनके पुन: निर्यात करने के तरीके के विषय से अपने आपको संतुष्ट करके उनके आयात की अनुमति बिना किसी लाइसेंस के दे सकते हैं ।

(2) ऊपर पैरा (1) में दिए गए प्रावधान उन खाली गैस सिलिण्डरों के आयात के लिए भी लागू होंगे जिनका गैस भरने के बाद निर्यात किया जाता है । आयातित सिलिण्डरों की निकासी के समय आयातक को विस्फोटक नियंत्रक, नागपुर से सिलिण्डरों की उपयुक्तता के विषय में एक प्रमाणपत्र सीमा शुल्क प्राधिकारियों को प्रस्तुत करना होगा अपेक्षित प्रमाण-पत्र के लिए विस्फोटक निदेशक से सम्पर्क करते समय आयातक को विषयाधीन सिलिण्डरों के ब्यौरे यह निर्दिष्ट करते हुए भेजने चाहिए :—(1) सिलिण्डरों के विनिर्माता का नाम और पता (2) वह विशिष्टिकरण जिसके सिलिण्डर समरूप हैं । (3) वह विशिष्टिकरण जिसके समरूप सिलिण्डरों में फिट किए गए वाल्व हैं और (4) सिलिण्डरों की क्रम संख्या ।

उच्च दबाव वाले खाली औद्योगिक गैस सिलिण्डरों का आयात ।

187. औद्योगिक गैस विनिर्माताओं द्वारा उच्च दाब वाले खाली औद्योगिक गैस सिलिण्डरों के किसी भी मूल्य के निहित होने पर भी आयात के आवंटन पत्रों पर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली द्वारा विचार किया जाएगा । आवेदन पत्र पूंजीगत माल के आयात के लिए निर्धारित प्रपत्र पर भेजे जाने चाहिएं ।

अनुमोदित होटल

188. अनुमोदित होटल अर्थात् एसे होटल जो कि इस उद्देश्य के लिए पर्यटन विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त हैं, वे विदेशी पर्यटकों के लिए खान-पान की विशेष आवश्यकताओं के लिए अपने आवेदन पत्र पर्यटन विभाग, नई दिल्ली के माध्यम से मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदनपत्रों को स्वीकृत करने से पूर्व उस विभाग को लाइसेंसीकृत की जाने वाली मदों के सम्बन्ध में महानिदेशक, पूर्ति एवं निपटान से आवश्यक स्वीकृति लेनी चाहिए । लाइसेंस उस धनराशि के लिए जारी किए जाएं जिसके लिए पर्यटक विभाग ने आर्थिक कार्य विभाग से परामर्श सिफारिश की हो ।

कम्प्यूटर प्रणाली (और उनके प्रारम्भिक पुर्जे)

189. (1) आयात-निर्यात 1990—93 खण्ड-एक के अध्याय-3 में कम्प्यूटर प्रणाली के आयात से संबंधित विस्तृत ब्यौरा दिया गया है। आवेदन-पत्र, यदि कोई हो तो, इलैक्ट्रानिकी विभाग (कम्प्यूटर-कम्यूनिकेशन एण्ड इन्स्ट्रूमेन्टेशन विंग), ए ब्लाक, सी. जी. ओ. काम्पलैक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110 003 जो कि कम्प्यूटर प्रणाली के आयात के लिए प्रायोजक प्राधिकारी है, के माध्यम से भेजे जाएंगे । इस संबंध में आवेदन पत्र परिशिष्ट-3ग में दिए गए प्रपत्र के अनुसार दिया जाएगा जिसकी कार्यवाही पैरा 153 में दी गई प्रक्रिया के अनुसार की जाएगी ।

(2) संगणक प्रणाली का आयात इलैक्ट्रानिकी विभाग की सिफारिश पर निर्यात अभिमुख एककों को अनुमेय किया जाए। आवेदन-पत्र इलैक्ट्रानिकी विभाग (सी. सी. आई. विंग) में "ए" ब्लाक, सी. जी. ओ. काम्पलैक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली के माध्यम से मुख्य नियन्त्रक, आयात-निर्यात का कार्यालय, उद्योग भवन, नई दिल्ली को भेजे जाएं ।

(3) उन मामलों में जहां पर संगणक प्रणाली का आयात उन शर्तों को पूरा करने में असफल होता है जिनके अधीन आयात

अनुमेय है तो उस पर आयात एवं निर्यात नियंत्रण विनियमों आदि के अधीन कार्रवाई की जाएगी ।

(4) ऐसे आवेदन-पत्र इस पुस्तक के परिशिष्ट 3-ग (सोफ्टवेयर नर्यात परियोजना के लिए आवेदन-पत्र) में दिए गए प्रपत्र में दिए जाने चाहिएं ।

(5) अप्रवासी भारतीयों के लिए आयात एवं निर्यात नीति 1990—93 (खण्ड-1) के अध्याय-11 में भी अलग से प्रावधान है ।

निर्यात करने वाली यूनिटों द्वारा पूंजीगत माल का आयात

190. निर्यात करने वाली यूनिटों को दी गई विशेष सुविधाओं के अन्तर्गत पूंजीगत माल के आयात के लिए आवेदन-पत्र निर्धारित दस्तावेजों के अतिरिक्त निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत किए जाने चाहिएं :—

(1) मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात कार्यालय द्वारा प्रदत्त निर्यात निष्पादन प्रमाण-पत्र की एक सत्यापित प्रति;

(2) आयात के औचित्य के साथ आयात की जाने वाली मशीनरी के पूर्ण विवरण अर्थात् निर्यातित उत्पाद;

(3) आयातित मशीनरी की अवतरण लागत तथा सुपुर्दगी की सम्भावित तिथि;

(4) इसी विशिष्टीकरण की स्थानीय मशीन का मूल्य दर्शाते हुए संविदा तथा इसकी सुपुर्दगी सारणी;

(5) आयात की जाने वाली प्रस्तावित मशीनरी की अनिवार्यता के बारे में संबंधित प्रयोजक प्राधिकारी का प्रमाण-पत्र तथा आयातित और स्वदेशी मशीनरी के मूल्यों का अन्तर स्पष्ट करते हुए स्वदेशी तथा विदेशी संभरकों द्वारा उसकी सुपुर्दगी सारणी।

डीजल जनरेटिंग सेट का आयात

191. (1) डीजल जेनरेटिंग सेटों के आयात के लिए आवेदन-पत्र पूंजीगत माल के आयात के लिए परिशिष्ट-3क में उस प्रपत्र में निम्नलिखित सूचना एवं दस्तावेज के साथ मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात नई दिल्ली/एस. आई. ए. नई दिल्ली को जैसा भी मामला हो, दिए जाने चाहिएं :—

(क) जिस वास्तविक उपक्रम या संस्थान के लिए आयात करने की मांग की गई है, उसका ब्यौरा ।

(ख) विद्युत विधान के अनुसार उपयुक्त राज्य विद्युत बोर्ड से या अन्य विद्युत आपूर्ति प्राधिकरण से एक "अनापत्ति प्रमाणपत्र" मूल रूप में आयात आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करना चाहिए ।

(ग) आयात के लिए प्रस्तावित जनरेटिंग सेटों के रेटिंग और अन्य विशिष्टिकरण, आयात का सम्भाव्य देश; लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य और वितरण अनुसूची जिस के साथ विदेशी संभरकों का मूल रूप में बीजक प्रपत्र हो ।

(घ) जिस उपक्रम/संस्थान के लिए (अब) आवेदन किया जा रहा है, उसके लिए आवेदक के पास पहले से ही किसी स्टेन्डबाई कैप्टिव जनरेटिंग क्षमता का ब्यौरा ।

(2) आवेदनपत्रों पर सामान्य क्रियाविधि के अंतर्गत विचार किया जाएगा, परन्तु जो लाइसेन्स प्रदान किया जाएगा, उसकी अवधि इस शर्त के साथ केवल 18 महीने होगी कि सम्भरकों को केवल प्रथम 6 महीनों के अन्दर आदेश दे दिए जाएंगे ।

मुद्रण मशीन का आयात

192. (1) यदि मशीनरी का मूल्य 1.5 करोड़ (लागत-बीमा-भाड़ा) रुपये से अधिक न हो तो अन्य प्रिंटिंग मशीनों आयात-निर्यात नीति, 1990—93 खण्ड-एक के परिशिष्ट-1, भाग-ख में दी गई सूची से भिन्न के आयात के लिए आवेदन-पत्र संबंधित प्रायोजक प्राधिकारी के माध्यम से मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को भेजने चाहिएं और यदि मशीनरी का मूल्य 1.5 करोड़ रुपये से अधिक हो तो आवेदन-पत्र उद्योग मंत्रालय के औद्योगिक अनुमोदन सचिवालय, नई दिल्ली को भेजने चाहिएं ।

(2) वास्तविक उपयोक्ताओं को वास्तविक उपयोक्ताओं द्वारा धारित वैध-लाइसेंस के मद्दे संभरण के लिए मुद्रण मशीनरी के आयात के लिए परियोजना एवम् उपस्कर निगम लि. से प्राप्त आवेदन-पत्रों पर भी विचार किया जाएगा। ऐसे मामलों में जैसा भी मामला हो, आयात आवेदन-पत्र मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली या औद्योगिक अनुमोदन सचिवालय को भेजे जाने चाहिएं ।

पुरानी मशीनरी का आयात

193. (1) 1.5 करोड़ रुपये (लागत-बीमा-भाड़ा) मूल्य तक के पुराने पूंजीगत माल (उपयोग किया हुआ) के आयात के लिए आवेदन पत्र संबंधित प्रायोजक प्राधिकारी के माध्यम से मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को भेजे जाने चाहिएं। इससे अधिक मूल्य के लिए आवेदन पत्र, उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली के औद्योगिक अनुमोदन के लिए सचिवालय को भेजे जाने चाहिएं। क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारी पुराने (उपयोग किए गए) पूंजीगत माल के आयात के लिए किसी भी आवेदन-पत्र पर विचार नहीं करेंगे । पैरा 164 में दिए गए के अनुसार पुरानी मशीनरी के आयात के मामले में विज्ञापन क्रिया विधि का भी अनुसरण किया जाएगा ।

(2) सात वर्ष से अधिक पुरानी मशीन जिसका सम्भावित शेष जीवन 5 वर्ष से भी कम है, उन पर विचार नहीं किया जाएगा ।

(3) जिन मामलों में पुराने (उपयोग किए हुए) पूंजीगत माल के आयात की इच्छा की गई हो उनमें सम्बन्धित आवेदन-पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज/सूचना होनी चाहिए :—

(क) स्वतन्त्र व्यवसायी उस देश के सनदी इंजीनियर या किसी भी इंजीनियरिंग संस्थान से जहां से मशीनरी

का आयात किया जाता हो, के प्रमाण-पत्र जैसा कि आवेदन-पत्र के साथ उपाबन्ध में दिया गया है ।

(ख) सनदी इंजीनियर प्रमाण-पत्र में दिए गए अनुसार आवेदक द्वारा पुरानी मशीनरी की आयु तथा सम्भावित शेष जीवन के बारे में एक वचन-पत्र दिया जाना चाहिए ।

(ग) पुराने संयंत्र और मशीनरी का पूर्ण विशेष विवरण और यदि उपलब्ध हो तो इसके फोटोग्राफ के साथ कीमत (प्रपत्र बीजक)। जहां सम्भव हो, अलग-अलग मूल्य अर्थात् पूंजीगत माल का मूल्य, पुर्जे खोलने की लागत, भाड़ा और बीमा, अलग से प्रपत्र बीजक में दिखाया जाना चाहिए ।

(घ) यदि संभरक से कोई निष्पादन गारन्टी प्राप्त की गई हो, तो उसका स्वरूप ।

(ङ) ऐसे आयातों के औचित्य में संगत सूचना, विशेषकर वे फायदे जो कि आयातित पुराने संयंत्र की शीघ्र प्राप्ति होने के कारण मूल्य में, और लागत में कमी होने से प्राप्त होंगे ।

(च) की गई व्यवथाएं/विशेष अतिरिक्त पुर्जों के लिए प्रस्ताव ।

टिप्पणी —खुले सामान्य लाइसेंस में शामिल मशीनरी की पुरानी मदों का आयात करने के लिए संगत आयात-निर्यात नीति के उपबन्धों का उल्लेख किया जाए ।

क्षेत्रीय दृष्टि से स्वीकृति की वैधता

194. जिन मामलों में पूंजीगत माल के आयात के लिए देशी दृष्टिकोण से निकासी कर दी गई हो, परन्तु पूंजीगत माल के लिए लाइसेंस जारी करने में वित्तीय या औद्योगिक लाइसेंस औपचारिकताओं या क्रियाविधि से संबंधित औपचारिकताओं को पूर्ण करने की प्रतीक्षा की जा रही हो तो ऐसे अनुमोदन की तिथि से अधिकतम 24 महीनों की अवधि इन औपचारिकताओं को पूर्ण करने के लिए आवेदक को उपलब्ध होगी । जिस मामले में यह अवधि अपर्याप्त होगी उसमें नई निकासी मांगनी पड़ेगी । ऐसे मामलों में नए विज्ञापन की आवश्यकता नहीं होगी ।

पूंजीगत माल लाइसेंस पर निर्यात शर्तें

195. पूंजीगत माल के आयात के लिए आवेदन-पत्रों पर प्रत्येक मामले में यथानिश्चित निर्यात शर्तों के अधीन विचार किया जा सकता है; जिसके लिए यथा निर्धारित शर्तों के अनुसार विशेष विवरण और मूल्य/मात्रा के माल का निर्यात निर्धारित समय सीमा के भीतर लाइसेंसधारी को करना होगा। भूटान को निर्यात करने से निर्यात आभार से छुटकारे के लिए पात्रता प्राप्त नहीं होगी, इसी प्रकार नेपाल को भी स्वतंत्र विदेशी मुद्रा में निर्यात करने से निर्यात आभार से छुटकारा नहीं मिलेगा ।

196. (1) निर्यात आभार की शर्त के साथ पूंजीगत माल के आयात के लिए जारी किया गया लाइसेंस अन्य बातों के साथ-साथ इस शर्त के अधीन होगा कि लाइसेंसधारी निर्धारित निर्यात निष्पादन को पूर्ण करने के संबंध में एक बांड भरेगा । स्वीकृति प्रदान करते समय सक्षम प्राधिकारी बांड के समर्थन में एक बैंक गारण्टी निर्धारित कर सकता है । उस मामले में लाइसेंसिंग प्राधिकारी लाइसेंस जारी करने से पूर्व उपयुक्त मूल्य की बैंक गारन्टी प्राप्त करेगा । जिस प्रपत्र में लाइसेंसधारी को कानूनी समझौता देना होगा वह परिशिष्ट 3छ में प्रदर्शित है। यह स्पष्ट कर लिया जाए कि लाइसेंसधारी द्वारा यह बांड/कानूनी समझौता या तो उस क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारी के साथ भरना चाहिए जिसके अधिकार क्षेत्र में वह स्थित है या लाइसेंस के मद्दे आयात किए जाने वाले माल की निकासी के पत्तन पर लाइसेंस प्राधिकारी के साथ, जिस मामले में लाइसेंस प्राधिकारी निकासी के पत्तन पर सम्बन्धित लाइसेंस जारी करने वाले लाइसेंस प्राधिकारी को सम्बन्धित कागजात हस्तांतरण करेगा । लाइसेंसधारी को पूंजीगत माल लाइसेंस जारी करने वाले लाइसेंसिंग प्राधिकारी को उस लाइसेंस कार्यालय के नाम से अवगत कराना चाहिए जिसमें पूंजीगत माल लाइसेंस पर लागू निर्यात शर्तों में लाइसेंसिंग कार्यालय का नाम जहां बांड/विधिक समझौता इस आशय से निष्पादित किया जाएगा कि लाइसेंसिंग प्राधिकारी उस कार्यालय का नाम दर्ज कर सके । पत्तन का लाइसेंसिंग प्राधिकारी जहां बांड या विधिक करार स्वीकार किया गया है बांड या विधिक करार को निष्पादित करने के बाद उसे लाइसेंसिंग प्राधिकारी जिसके अधिकार क्षेत्र में कारखाना स्थित है, को आवश्यक कार्रवाई के लिए अग्रेषित करेगा ।

(2) उन मामलों में जहां निर्यात आभार (I) आशय पत्रों/औद्योगिक लाइसेंस में पूंजीगत माल का आयात निहित नहीं है, (II) पूंजीगत माल के आयात में विदेशी सहयोग का अनुमोदन निहित न हो, और (III) पूंजीगत माल के आयात में डी. जी. टी. डी. पंजीकरण, संयुक्त उपक्रम स्वीकृतियां तथा अन्य स्वीकृतियां निहित नहीं हैं, पर लगाया गया है, ऐसे आभार वाली औद्योगिक यूनिटों के मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, (निर्यात आभार सैल), नई दिल्ली के अन्य विधिक करार/बांड निष्पादित करना होगा ।

197. (1) मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली के कार्यालय में "निर्यात आभार कक्ष" (एक्सपोर्ट आबलिगेशन सेल) के नाम से अभिज्ञात एक कक्ष खोला गया है । जिसका कार्य उन मामलों में अनुवर्ती कार्रवाई करना है जिनमें पूंजीगत माल के आयात लाइसेंस, औद्योगिक लाइसेंस या विदेशी सहयोगियों को अनुमोदन, निर्यात शर्तों के अधीन दिए जाते हैं। सम्बद्ध विनिर्माता यूनिटों को मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, उद्योग भवन, नई दिल्ली (निर्यात आभार कक्ष) को अपने निर्यात निष्पादन निर्दिष्ट करते हुए परिशिष्ट-3छ में दिए गए प्रपत्र में देना अपेक्षित होगा ऐसे विवरणपत्र उन विवरणपत्रों के अतिरिक्त होंगे जो यूनिट को बांड/कानूनी समझौते के अनुसरण में क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारियों और सम्बद्ध प्रशासनिक मंत्रालयों को भेजने पड़ेंगे ।

(2) उन मामलों में जहां मूल निरुपित निर्यात का अल्प मूल्य, निरुपित निर्यात आभार के कुल मूल्य का 10% से अधिक न हो, की प्रतिपूर्ति न की जा सकी हो, आपरित शेष निर्यात आभार की राशि के बराबर आर.ई.पी./अतिरिक्त लाइसेंस के अप्रयोजित मूल्य के अभ्यर्पण आवेदनों का स्वीकार करते हुए उनके नियमित किए जाने के लिए गुण-दोषों के आधार पर मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात (निर्यात आभार एकक) नई दिल्ली द्वारा विचार किया जा सकता है।

198. विनिर्माता निर्यातकों द्वारा अग्रिम लाइसेंस, विशेष अग्रदाय लाइसेंस, आयात-निर्यात पास बुक आदि के मद्दे निर्यात आभार पूरा करने में किए गए निर्यातों को भी पूंजीगत माल के लाइसेंस पर लगाए गए निर्यात आभार को पूरा करने के लिए भी गिना जाएगा।

199. पूंजीगत माल के लाइसेंसों के निर्यात आभार पूर्ण करने के लिए किए गए निर्यात पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात-नीति की अनुसार आयात प्रतिपूर्ति लाइसेंस प्रदान करने के लिए ऐसी शर्तों या प्रतिपूर्ति लाइसेंस प्रदान करने के लिए ऐसी शर्तें या प्रतिबन्धों के अधीन पात्र होंगे जो इस सम्बन्ध में निर्धारित की जाए पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति के अन्तर्गत आयात प्रतिपूर्ति के लिए पात्र समझे गए निर्यातक भी निर्यात आभार को पूरा करने के लिए पात्र समझे जाएंगे।

200. जिस मामले में औद्योगिक यूनिट को आयातित मशीनरी की अनुमति निर्यात आभार की शर्त के अधीन दी जाए और मशीनरी के आयात के लिए यूनिट को सीधे ही आयात लाइसेन्स जारी न किया जाए, परन्तु मशीनरी राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम या किसी ऐसे ही अन्य एजेन्सी के माध्यम से प्राप्त की यूनिट को बांड/कानूनी समझौता राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम जाए तो ऐसे मामले में निर्यात आभार को पूर्ण करने के लिए से मशीनरी प्राप्त करने से पहले भरना पड़ेगा। ऐसे मामलों में राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम आदि को जारी किए गए आयात लाइसेन्सों के मामलों में, इस सम्बन्ध में एक उपयुक्त शर्त होगी।

आयातित पूंजीगत माल का हस्तांतरण अथवा निपटान

201. इस पुस्तक के अध्याय-2 में आयातित पूंजीगत माल के हस्तांतरण/निपटान के लिए प्रक्रिया दी गई है।

छील

202. कीमत में वृद्धि हो जाने के कारण या माल में केवल परिवर्तन के कारण या विशिष्टिकरण में अपेक्षाकृत छोटे-परिवर्तन के कारण, पूंजीगत माल के लाइसेन्स के लागत-बीमा-भाड़ा-मूल्य में अधिकतम 15 प्रतिशत की वृद्धि के लिए आवेदन-पत्र सम्बद्ध लाइसेन्स प्राधिकारी को सीधे भेजे जा सकते हैं। यदि कोई अन्य परिवर्तन होता है तो आवेदक को केवल प्रायोजक प्राधिकारी के माध्यम से सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी से आवेदन करना चाहिए। इस संबंध में परिशिष्ट-2 (ण) के पैरा-1 की ओर भी ध्यान दिलाया जाता है जिसमें सीमा शुल्क प्राधिकारियों तथा विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत व्यापारियों के द्वारा लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा आयात लाइसेन्स पर विनिर्दिष्ट विनिमय दर के आधार पर लाइसेंस के मूल्य के बराबर नामे डाला जाएगा।

अध्याय 4

आयात को सरणीबद्ध करना

203. आयात नीति, 1990-93 के परिशिष्ट-1 में सरणीबद्ध मदों की सूची दी गई है। सरकार द्वारा सम्बद्ध प्रशासनिक मंत्रालयों में निर्धारित नीतियों के अनुसार संचालित की जाएगी।

204. परिशिष्ट-5, भाग-क में सूचीबद्ध मदों के मामले में, पात्र-वास्तविक उपयोक्ता अपनी 6 महीनों अथवा 12 महीनों की आवश्यकताओं को इस प्रकार पंजीकृत की गई बिक्री मूल्य की मात्रा के दो प्रतिशत के हिसाब से अथवा 200,000/- रुपये-इनमें से जो भी कम हो, पेशगी धनराशि के साथ (जहां पर एक सहकारी समिति अथवा कोई संघ अपने वास्तविक उपयोक्ता सदस्य के पक्ष में पंजीकरण करने के लिए प्राधिकृत है, पेशगी धनराशि की इसी प्रकार से गणना की जाएगी अर्थात् इस प्रकार पंजीकत किए गए माल की कुल मात्रा के लिए) पंजीकृत करा सकते हैं। लेकिन सरणीबद्ध अभिकरण अपनी स्वेच्छा पात्र व्यक्तियों से मद (दों) के संबंध में पेशगी धनराशि के लिए नहीं कह सकता है। पेशगी धनराशि नकद अथवा बैंक के माध्यम से भुगतान की जानी चाहिए, लेकिन सरणीबद्ध अभिकरण इसके बदले में अपेक्षित धनराशि की एक बैंक गारन्टी भी स्वीकार कर सकता है। आवेदन-पत्र इस पुस्तक के परिशिष्ट-4 क में दिए गए प्रपत्र में दिए जाएंगे। सरणीबद्ध अभिकरण उसके द्वारा अभिज्ञात मदों के संबंध में स्वयं को आवेदक की पात्रता के बारे में अथवा आवेदक की आवश्यकता होने या आयात का प्रबंध करने से पूर्व आयातित माल के संबंध में आवेदक की आवश्यकताओं की उपयुक्तता के संबंध में, अतिरिक्त सूचना अथवा स्पष्टीकरण ले सकता है।

205. सरणीबद्ध अभिकरण आयात के लिए व्यवस्था से पूर्व ऐसी वित्तीय सहायता जो एक बार में तीन महीनों के लिए पंजीकृत मात्रा के बिक्री मूल्य से अधिक न हो, (जो वह आवश्यक समझे) ले सकता है।

206. (क) देश में निर्मित ऐसी सरणीबद्ध मदों के मामले में वास्तविक उपयोक्ताओं से यह आशा की जाती है कि कच्चे माल, संघटकों तथा उपभोज्यों आदि की अपनी आवश्यकताओं को देशीय स्रोतों से पूरी कर लेंगे। तथापि, सरणीबद्ध एजेन्सी द्वारा केवल मांग और देशीय सप्लाई के बीच अन्तराल को पूरा करने के लिए आयात केवल इस शर्त के अधीन किया जाएगा कि पण्यवस्तु से संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय का अनुमोदन एवं विदेशी मुद्रा उपलब्ध हो। किसी भी मामले में आयातित माल की सप्लाई अथवा जारी किए गए एन. ओ. सी. का मूल्य पिछले दो वित्तीय वर्षों में से किसी एक वर्ष में खपत और उसके 25 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। सरणीबद्ध

एजेन्सी को यह प्रमाणित करना होगा कि एन. ओ. सी. की मदद आयात करने के लिए निहित विदेशी मुद्रा उनको इस उद्देश्य के लिए आबंटित विदेशी मुद्रा में इसकी व्यवस्था कर ली गई है।

(ख) नई यूनिट या विद्यमान यूनिट जिनकी पूर्ववर्ती दो वर्षों में कोई भी खपत नहीं है या विद्यमान वास्तविक उपभोक्ता जिन्हें अतिरिक्त मात्रा की आवश्यकता है तो वे संबद्ध प्रायोजक अधिकारी द्वारा नामित किए जाने पर ही सरणीबद्ध अभिकरण को आवेदन कर सकते हैं।

(ग) नई/प्रस्तावित औद्योगिक यूनिटों को बैंक गारंटी सहित एक बांड का निष्पादन करना होगा तथा संबंधित सरणीबद्ध एजेन्सी से सरणीबद्ध मद के प्रथम परेषण की प्राप्ति से पूर्व इसे संबंधित सरणीबद्ध एजेन्सी से स्वीकृत करवाना होगा। बैंक गारंटी सहित बांड का प्रपत्र इस पुस्तक के परिशिष्ट-2-ड में दिया गया है।

(घ) सरणीबद्ध एजेन्सी के पास किसी भी व्यक्ति द्वारा रजिस्टर की गई अपनी आवश्यकता के बारे में उसे किसी विशिष्ट ब्राण्ड अथवा मेक की मांग करने का कोई अधिकार नहीं होगा।

(ङ) परिशिष्ट 5-क में दिए गए आइटमों में से किसी के वितरण की अनुमति वास्तविक उपयोक्ता के अतिरिक्त अन्य को देना मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात के अधिकार में होगा।

(च) मुख्य नियंत्रक आयात व निर्यात के कार्यालय की अनुपूरक लाइसेंसिंग समिति द्वारा सरणीबद्ध अभिकरण द्वारा जारी "अनापत्ति प्रमाण-पत्र" के मद्दे सीधे आयात लाइसेंस के लिए आवेदन पत्रों पर परन्तु इस प्रयोजन के लिए सरणीबद्ध एजेन्सी को आबंटित विदेशी मुद्रा में से व्यवस्था किए बिना विचार किया जाएगा। सरणीबद्ध मदों के सीधे आयात के लाइसेन्स तभी दिए जाएंगे जब उन्हें मुख्यालय की अनुपूरक लाइसेंसिंग समिति का अनुमोदन प्राप्त हो जाएगा।

207. इस प्रकार से पंजीकृत की गई मात्रा की डिलीवरी की अवधि लाइसेंस वर्ष से आगे बढ़ाई जा सकती है।

गैर—अलौह धातुएं

208. (क) ताम्बे के मामले में वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) अपनी आवश्यकताएं सरणीबद्ध करने वाले अभिकरण (खनिज तथा धातु व्यापार निगम) और देशी उत्पादक सर्वश्री हिन्दुस्तान कापर लि. के पास इस प्रकार करा सकते हैं :—

खनिज तथा व्यापार धातु निगम हिन्दुस्तान कापर लि०

1	2	3
(1)	इन्सुलेटिड वाइंडिंग तार स्ट्रिप्स के विनिर्माता	(1) सभी सरकारी विभाग
(2)	दूर संचार केबल और हिन्दुस्तान केबल्स लि० के विनिर्माता	(2) खनिज तथा धातु व्यापार निगम के अंतर्गत आने वाले सभी केन्द्रीय/राज्य सार्वजनिक उद्यम।
(3)	कम्प्यूटर सेगमेंट/प्रोफाईल्स (केवल सिल्वर बेयरिंग कापर के लिए) विनिर्माता	(3) आटो अनुषंगी के विनिर्माता
(4)	स्विचगियर और ट्रांसफार्मर के विनिर्माता	(4) इन्सुलेटिड केबल के विनिर्माता
(5)	नान-सिल्वर बेयरिंग कापर के कम्प्यूटेटर सेगमेंटस प्रोफाइल्स के विनिर्माता	
(6)	मै० भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लि०, मै० न्यू गवर्नमेंट इलैक्ट्रिक फैक्ट्री बंगलौर	
	(1) सेमिस और अलाय के विनिर्माता; (2) नंगे तांबे की तार/पट्टि	खनिज तथा धातु व्यापार निगम और हिन्दुस्तान कापर लि० प्रत्येक के साथ 50 प्रतिशत।

वि० टि०: कापर वायर राड के लिए सभी वास्तविक उपयोक्ताओं को अपनी अपनी आवश्यकताओं को केवल मैसर्स हिन्दुस्तान कापर लि० के पास रजिस्टर कराना चाहिए।

209. उपर्युक्त के अलावा, वास्तविक उपभोक्ता (औद्योगिक) को अपने अनुज्ञप्त/प्राधिकृत विनिर्माण कार्यकलापों के लिए अपेक्षित अन्य सरणीबद्ध मदों के लिए अपनी आवश्यकताएं इस पुस्तक में दिए गए तरीके और प्रपत्र के अनुसार पंजीकृत करा सकते हैं।

210. सरणीबद्ध मद के आवंटन के लिए एक वास्तविक उपयोक्ता अपनी स्वेच्छा से जब अपनी 6 महीनों अथवा 12 महीनों की आवश्यकताओं का पंजीकरण करता है तो उसे यदि सरणीबद्ध अभिकरण द्वारा इस प्रकार निर्धारित किया गया है, पाक्षिक अथवा मासिक आधार पर डिलीवरी के चरणबद्ध कार्यक्रम से सरणीबद्ध अभिकरण को अवगत कराना चाहिए।

(1) (क) सतत सरणीबद्ध मदें (अर्थात् वे मदें जो पूर्वगामी लाइसेंसिंग अवधि के दौरान सरणीबद्ध सूची में थी

वास्तविक उपयोक्ताओं को अपनी आवश्यकताएं पंजीकृत डाक द्वारा सम्बद्ध सरणीबद्ध अभिकरण को भेजनी चाहिए। सरणीबद्ध अभिकरण ऐसे आवेदन पत्रों की जांच करेगा और मांग का पंजीकरण करेगा तथा 30 दिनों के भीतर पेशगी धनराशि जमा कराने के लिए कहेगा। यदि सरणीबद्ध अभिकरण सप्लाई करने

में असमर्थ हैं तो वे मांग के पंजीकरण के समय इस पुस्तक के परिशिष्ट 4-ख में निर्धारित प्रपत्र में 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र' जारी करेगा और आवश्यकता की प्राप्ति की तिथि से 30 दिनों की अवधि के भीतर "अनापत्ति प्रमाण-पत्र" जारी किया जाएगा ।

(ख) यदि सरणीबद्ध अभिकरण सप्लाई करने की स्थिति में है, तो वे वास्तविक उपयोक्ताओं की पंजीकृत मांग की सप्लाई के लिए उनके द्वारा की गई व्यवस्थाओं के बारे में सूचित करेंगे । माल की सप्लाई पेशगी धनराशि की प्राप्ति की तिथि से अधिक से अधिक 60 दिनों के भीतर आरम्भ होनी चाहिए ।

2. **नई सरणीबद्ध मदें**

यदि पंजीकरण के समय, सरणीबद्ध अभिकरण का यह अनुमान है कि निर्धारित अवधि के अंतर्गत सप्लाई के लिए व्यवस्थाएं नहीं की जा सकती, तो सरणीबद्ध अभिकरण पंजीकरण के समय इस मात्रा के लिए जिसको यह सप्लाई करने के लिए असमर्थ होगा, 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र' जारी करेगा ।

(3) इस सुविधा को प्राप्त करने के लिए वास्तविक उपयोक्ता सरणीबद्ध अभिकरण से मांग के पंजीकरण के पत्र की एक प्रति के साथ निर्धारित प्रपत्र में एक शपथ-पत्र सहित संबद्ध दस्तावेजों के साथ मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात को निर्धारित प्रपत्र में आवेदन-पत्रों को भेजेगा ।

(4) एन. ओ. सी. के जारी करने की कोई अंतिम तिथि नहीं होगी ।

211. सरणीबद्ध अभिकरण "अनापत्ति प्रमाण-पत्र" जारी करने के लिए कोई सेवाभार नहीं लेगा ।

212. लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा उपर्युक्त प्रावधानों के अनुसार जारी किए गए सीधे आयात लाइसेंसों के विवरण सम्बद्ध सरणीबद्ध अभिकरणों को भेजे जाने चाहिए ।

213. सरणीबद्ध अभिकरण द्वारा मांग को न तो पंजीकृत किया गया हो और न ही अस्वीकार किया गया हो ऐसे मामले में वास्तविक उपयोक्ता को संबंधित मंत्रालय से संपर्क करना चाहिए जो इसके लिए शिकायतों को देखने के वास्ते एवं औपचारिक उपायों को करने के लिए एक अधिकारी को पदनामित करेगा ।

214. उन सभी मामलों में जहां किसी भी व्यक्ति को सरणीबद्ध मद का सीधा आयात करने की अनुमति प्रदान की जाती है, उनमें यह एक शर्त होगी कि आयात प्रक्रिया पुस्तक, 1990-93 के परिशिष्ट 1-च में निर्धारित प्रपत्र में सम्बद्ध सरणीबद्ध अभिकरण को आयात का विवरण प्रस्तुत करेगा । आयातक को निकासी के समय सीमाशुल्क प्राधिकारी को यह घोषणा करनी होगी कि जिस परप्रेषण की निकासी के लिए अनुरोध किया जा रहा है, उसका विवरण संबंधित सरणीबद्ध अभिकरण को भेजा जा चुका है । इन अपेक्षाओं की पूर्ति करने में असफल रहने पर चालू लाइसेंसों के प्रति लाइसेंसधारी को दी जाने वाली सुविधा तथा भविष्य में लाइसेंस प्रदान करने के मनाही के अतिरिक्त आयात-नियंत्रण विनियमों के अंतर्गत दण्ड भुगतना होगा ।

215. संबंधित सरणीबद्ध अभिकरण के लिए यह छूट होगी कि वह भारत में आयात से पूर्व ही माल को बेच सकता है । ऐसे मामलों में संबंधित अभिकरण द्वारा जारी एतद्संबंधी प्राधिकार पत्र के आधार पर खरीददार द्वारा सीमाशुल्क से आयातित माल की निकासी का दावा किया जा सकता है ।

216. पात्र वास्तविक उपयोक्ताओं को अपनी इन मदों की वैध आवश्यकताओं की संबंधित सरणीबद्ध अभिकरण से प्राप्ति हेतु लाइसेंसिंग या प्रायोजक प्राधिकारी से रिलीज आदेश प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी ।

217. वैध आयात लाइसेंस/आर. ई. पी./अतिरिक्त लाइसेंस के मामले में सरणीबद्ध अभिकरण सामग्री की सप्लाई संबंधित मूल्य निर्धारण समिति द्वारा निर्धारित मूल्य पर लाइसेन्स में दी गई सीमा तक करेगा । आयात लाइसेन्स सरणीबद्ध अभिकरण द्वारा संभरित किए गए माल की मात्रा और लागत बीमा भाड़ा मूल्य तक नामे डाला जाएगा सरणीबद्ध एजेन्सी (सीमा शुल्क सहित) द्वारा प्रभारित मूल्य को लाइसेन्स के खर्च के नाम में डालने के प्रयोजन हेतु माल के लागत बीमा भाड़ा मूल्य के रूप में माना जाएगा । आयात लाइसेन्स पर लाइसेन्स के मददे सरणीबद्ध एजेन्सी से प्राप्त की गई सीमा तक के लिए सरणीबद्ध मदों के सीधे आयात के लिए वैध नहीं होंगे ।

प्रायोजक प्राधिकारी को सूचना भेजना

218. प्रत्येक सरणीबद्ध अभिकरण सबद्ध प्रायोजक प्राधिकारियों को उसके द्वारा किए गए सरणीबद्ध मदों की सीधे आबंटन आबंटियों के नाम, उनके पते लाइसेन्स/पंजीकरण संख्या, आबंटन/रिलीज की मात्रा और तिथि का विवरण देते हुए मासिक विवरण भेजेगा ।

अध्याय 5

कच्चे माल, संघटकों और उपभोज्य सामग्री का आयात

वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक)

219. (1) वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) जैसा कि आयात-निर्यात नीति 1990-93 के अध्याय 1 में परिभाषित है, वे होते हैं जिन्हें औद्योगिक विनिर्माण प्रक्रिया के दौरान इस्तेमाल के लिये कच्चे माल, संघटकों, सहायक उपकरणों, मशीनों और पूर्जों की जरूरत पड़ती है ।

(2) वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) के पास विनिर्माण इकाई के लिए औद्योगिक मशीनरी निजी या पट्टे के आधार पर हो सकती है । पट्टे के आधार पर प्राप्त की गई मशीनरी के मामले में वास्तविक उपयोक्ता द्वारा संबंधित प्रायोजक प्राधिकारी को सूचना भेजी जानी चाहिए ।

(3) स्थूल रूप से औद्योगिक वास्तविक उपयोक्ताओं को तीन श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है अर्थात् (1) तकनीकी विकास महानिदेशालय के रजिस्टरों में दर्ज अनुसूचित उद्योग, (2) अनुसूचित उद्योग जिनके नाम तकनीकी विकास महानिदेशालय के रजिस्टरों में दर्ज नहीं होते और लघु उद्योगों से इतर गैर अनुसूचित उद्योग, और (3) लघु उद्योग ।

अनुपूरक लाइसेंस

220. (1) अनुपूरक लाइसेंस हेतु आवेदन-पत्र संबंधित प्रायोजक प्राधिकारी के माध्यम से प्रपत्र-क में निम्न प्रकार से दिए जाएं :—

(1) मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को (क) प्रतिबंधित सूची में निर्दिष्ट मदों (परिशिष्ट-2, भाग-ख), (ख) सीमित अनुमेय मदों (परिशिष्ट-3, भाग-क), तथा लघु उद्योग यूनिटों के मामले में परिशिष्ट-3, भाग-ख में निर्दिष्ट 5 लाख रुपये मूल्य से अधिक के 0.27 मि. मी. से अधिक मोटाई के एम. एस. डिफेक्टिवस तथा वृहत औद्योगिक यूनिटों के मामले में 50 लाख रुपये, तथा (ग) उपर्युक्त (ख) में सम्मिलित 0.27 मि. मी. से अधिक मोटाई की एम. एस. डिफेक्टिवस मदों के अतिरिक्त लोहे तथा इस्पात की मदें (परिशिष्ट-3, भाग-ख में निर्दिष्ट) ।

(2) एक लाख रुपये से अधिक मूल्य संघटकों के रूप में उपकरणों (परिशिष्ट-8 में निर्दिष्ट के अतिरिक्त) के आयात के लिए मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात नई दिल्ली को ।

(3) संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी को जिसके क्षेत्राधिकार में आवेदक का कारखाना स्थित हो को तथा लघु उद्योग की यूनिटों के मामले में परिशिष्ट-3, भाग-ख में निर्दिष्ट 5 लाख रुपये मूल्य तक के 0.27 मि. मी. से अधिक मोटाई के एम. एस. डिफेक्टिवस तथा वृहत औद्योगिक यूनिटों के मामले में 50 लाख रुपये, तथा (ग) संघटक के रूप में अपेक्षित उपकरण (परिशिष्ट 8 में निर्दिष्ट के अतिरिक्त) जहां मूल्य एक लाख रुपये से अधिक न हो ।

(2) अनुपूरक लाइसेंसों के लिए आवेदन-पत्रों पर केवल सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारियों की सिफारिश पर विचार किया जाएगा । आवेदन-पत्र के साथ मदों की सूची और आयात के लिए विशेष रूप से आवेदित प्रत्येक मद के मूल्य को दिया जाना चाहिए। आवेदन-पत्र देने की तिथि को हस्तगत प्रत्येक लाइसेंस के अप्रयुक्त मूल्य के साथ-साथ कच्चे माल, संघटकों उपभोग्यों, उपभोज्य औजारों या अतिरिक्त पुर्जों की अतिरिक्त या नई आवश्यकताएं होने के कारणों को स्पष्ट रूप से बताया जाना चाहिए। अपने निर्यात निष्पादन, हस्तगत उत्पादन कार्यक्रम किसी विशेष अंतिम उत्पाद के लिए किन्हीं मदों की विशेष आवश्यकताओं, हस्तगत और पाइपलाइन आदि में स्टाक के संबंध में अपने आवेदन-पत्र के यथोचित समर्थन के उद्देश्य के लिए आवेदक जो कोई अन्य सूचना स्वयं प्रस्तुत करना चाहे, वह भी भेज सकता है । स्वदेशीकरण के चरणबद्ध कार्यक्रम के अंतर्गत आने वाली यूनिटों के मामले में पिछले वर्ष प्राप्त की गई प्रगति भी प्रस्तुत करनी चाहिए ।

(3) लोह तथा इस्पात की मदों तथा अलौह तथा इस्पात की मदों के लिए आवेदन अलग-अलग दिए जाने चाहिए । मदों की सूची की सात प्रतियों के साथ आवेदन-पत्र 4 प्रतियों में तथा निर्धारित प्रपत्र में सनदी लेखापाल/लागत लेखापाल/कम्पनी सचिव द्वारा प्रमाणित खपत प्रमाण-पत्र चार प्रतियों में दिए जाने चाहिएं ।

(4) लोहा तथा इस्पात की मदों के लिए आवेदन-पत्रों की दो प्रतियां विकास आयुक्त (लोह तथा इस्पात), 234/4, आचार्य जगदीश चन्द्र बोस रोड, कलकत्ता-700 020 तथा अन्य दो प्रतियां को संबंधित प्रायोजक प्राधिकारी को भेजनी चाहिए । अलौह तथा इस्पात की मदों के लिए आवेदन-पत्रों की चार प्रतियां संबंधित प्रायोजक प्राधिकारी को भेजी जानी चाहिए ।

(5) लघु उद्योग में औद्योगिक यूनिटें 25 लाख रुपये (लागत बीमा-भाड़ा मूल्य) से अधिक के आइटमों के आयात के लिए अनुपूरक लाइसेंस हेतु आवेदन-पत्र की एक प्रति विकास आयुक्त (लघु उद्योग), निर्माण भवन, नई दिल्ली को भेजेंगे । दवाइयों तथा रसायन के आयात के लिए अनुपूरक लाइसेंस हेतु सभी आवेदक अपने आवेदनपत्र की एक प्रति रसायन एवं पैट्रोलियम मंत्रालय, नई दिल्ली को भेजेंगे ।

(6) लागू आयात नीति के अंतर्गत आयात की जाने वाली मदों की सूची में आवेदक से अपेक्षित अन्य सूचनाओं के अतिरिक्त प्रत्येक मद का मूल्य, मात्रा तथा तकनीकी विशिष्टिकरण दिया जाना चाहिए । आवेदन-पत्र के साथ औद्योगिक लाइसेंस/पंजीकरण प्रमाण-पत्र जिसमें यह घोषणा भी लगी हो कि यह रद्द नहीं किया गया है, भी संलग्न किए जाने चाहिए । आवेदक द्वारा आयात की जाने वाली मद के लिए पूर्ण औचित्य तथा किन कारणों से स्वदेशी स्रोतों से इसे पूरा नहीं किया जा सकता, दिया जाना चाहिए । यूनिट के स्वदेशीकरण के चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत होने पर, आवेदक द्वारा स्वदेशी क्षमता की मात्रा तक की उपलब्धियों की सफलताओं का विवरण देना चाहिए । यदि चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम में संशोधन हो तो उसका विस्तृत विवरण भी दिया जाना चाहिए ।

(7) यदि आयात किसी एक विशिष्ट देश से किया जाता है तो आवेदित लाइसेंस का मूल्य विदेशी मुद्रा तथा उसके समतुल्य भारतीय रुपए तथा विनिमय दर को भी निर्दिष्ट किया जाना चाहिए ।

(8) आवेदक यह भी उल्लेख करे कि क्या उसने अनुपूरक लाइसेंस की पुनरावर्ती सुविधा का लाभ उठाया है ।

(9) परिशिष्ट 5-ख में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन की तकनीकी समीक्षा के आधार पर आयात की जरूरतों को प्रमाणित करते हुए प्रायोजक प्राधिकारी अनुपूरक लाइसेंस दिए जाने की सिफारिश करेगा । इन प्रयोजनों के लिए प्रायोजक प्राधिकारी अन्य बातों के साथ मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली द्वारा समय-समय पर जारी किए गए मार्गदर्शी सिद्धांतों को भी ध्यान में रखेगा । आयात की जाने वाली मदों की सूची भी प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा सत्यापित की जानी चाहिए । प्रायोजक प्राधिकारी अपनी सिफारिशों में उन कारणों का उल्लेख भी करेगा जिनके कारण मदों का आयात अनिवार्य है तथा वास्तविक उपयोक्ता की जरूरतों को स्वदेशी क्षमता के स्रोतों या आयातों के अन्य प्राधिकृत माध्यमों से क्यों नहीं पूरा किया जा सकता है । खुले सामान्य लाइसेंस तथा सरणीबद्ध सूची के अन्तर्गत मदें सम्मिलित नहीं की जानी चाहिए ।

(10) प्रायोजक प्राधिकारी यह सुनिश्चित करें कि आवेदन-पत्र सभी प्रकार से पूर्ण है तथा अन्य दस्तावेजों के अतिरिक्त, आवेदन के लिए अपेक्षित शुल्क की रसीद, उनके द्वारा सत्यापित मदों की सूची तथा स्वदेशीकरण के चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम की कार्यान्वयन रिपोर्ट संलग्न की गई है । प्रायोजक प्राधिकारी को वास्तविक उपयोक्ता द्वारा अनुपूरक लाइसेंस की पुनरावर्ती सुविधा, यदि ली गई हो, को भी हिसाब में लेना चाहिए ।

(11) जिन लघु उद्योग की यूनिटों के चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम को विकास आयुक्त (लघु उद्योग) द्वारा अनुमोदित किया गया है उनके मामले में प्रायोजक प्राधिकारी की अनुपूरक लाइसेंस की स्वीकृति के लिए अनुमोदित चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम के अनुसार अपनी सिफारिश विकास आयुक्त (लघु उद्योग), नई दिल्ली या उसकी ओर से लघु उद्योग विकास संगठन के माध्यम से सम्बद्ध लाइसेंसिंग प्राधिकारी को भेजेगा ।

(12) महानिदेशक, तकनीकी विकास के क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ पंजीकृत यूनिटों से अनुपूरक लाइसेन्स के लिए आवेदन-पत्र महानिदेशक, तकनीकी विकास के उसी क्षेत्रीय कार्यालय को प्रस्तुत किए जाने चाहिए जो उनको संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी को अग्रेषित करेगा । महानिदेशक, तकनीकी विकास, नई दिल्ली के साथ पंजीकृत यूनिटों को अपने आवेदन-पत्र महानिदेशक, तकनीकी विकास, नई दिल्ली को प्रस्तुत करने चाहिए जो कि उनको संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी को अग्रेषित करेगा ।

(13) प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा सिफारिश करने पर अनुपूरक लाइसेंसों के लिए आवेदन-पत्रों पर मुख्य नियंत्रक, आयात एवं निर्यात की अध्यक्षता में मुख्यालय की अनुपूरक लाइसेंसिंग समिति द्वारा या संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात की अध्यक्षता में क्षेत्रीय लाइसेंसिंग समितियों द्वारा विचार किया जाएगा । अनुपूरक लाइसेंसिंग आवेदन-पत्रों पर मुख्यालय की अनुपूरक लाइसेंसिंग समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम निर्णय होगा । इसी बारे में अभ्यावेदनों पर भी मुख्यालय की अनुपूरक लाइसेंसिंग समिति द्वारा ही विचार किया जाएगा ।

(14) मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के कार्यालय में गठित मुख्यालय की लाइसेंसिंग अनुपूरक समिति द्वारा विचार किए गए एवं अनुमोदित किए गए आवेदन-पत्रों पर आयात लाइसेंस उसी कार्यालय द्वारा जारी किए जाएंगे । अन्य मामलों में आवेदन-पत्रों पर संबंधित क्षेत्रीय लाइसेंसिंग समितियों द्वारा विचार किया जाएगा और अनुमोदित लाइसेंस संबंधित क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा जारी किया जाएगा ।

टेलर मेड मदों के लिए आदेशों के निष्पादन के लिए विशेष सुविधा

221. आयात-निर्यात नीति 1990–93 (खंड-1) के परिशिष्ट-4 में सूचीबद्ध टेलर-मेड पूंजीगत माल के विनिर्माण और संभरण में लगे वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) को कच्चे माल, संघटकों और उपभोज्यों के आयात के लिए अनुपूरक लाइसेंस प्रदान करने के लिए आवेदन प्रायोजक प्राधिकारी के माध्यम से अनुपूरक लाइसेंस के लिए लागू प्रपत्र और विधि अनुसार मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात, नई दिल्ली को दिए जाएंगे ।

तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग को सप्लाई किए जाने वाले माल के विनिर्माण के लिए अनुपूरक लाइसेंस

222. वास्तविक तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग/भारतीय तेल निगम भारतीय गैस प्राधिकरण लिमिटेड को सप्लाई किए जाने वाले माल के विनिर्माण के लिए अपेक्षित कच्चे माल संघटकों और उपभोज्यों के आयात के लिए अनुपूरक लाइसेंस प्रदान करने के लिए वास्तविक उपयोक्ताओं (औद्योगिक) आवेदन-पत्रों के साथ तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग/भारतीय तेल निगम/भारतीय गैस प्राधिकरण लिमिटेड में संबंधित परियोजना प्राधिकारी को इस आशय का प्रमाण-पत्र भी होना चाहिए कि संबंधित विदेशी मुद्रा की आवश्यकता तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग/भारतीय तेल निगम/भारतीय गैस प्राधिकरण लिमिटेड के विदेशी मुद्रा बजट से पूरी की जाएगी । आवेदकों को निगरानी के प्रयोजन के लिए तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग/भारतीय तेल निगम/भारतीय गैस प्राधिकरण लिमिटेड के विषय में अनुपूरक लाइसेंसों के मद्दे आयात द्वारा वास्तविक विदेशी मुद्रा उपभोग की मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा ।

नई/प्रस्तावित औद्योगिक यूनिटों द्वारा आयात

223. कच्चे माल, संघटकों और उपभोज्यों के आयात के लिए आयात लाइसेंस प्राप्त करने वाली नई प्रस्तावित औद्योगिक यूनिटों को इस पुस्तक के अध्याय-2 में निर्धारित प्रपत्र में बैंक गारण्टी के साथ एक बांड का निष्पादन करना होगा । लाइसेंस के मद्दे आयातित प्रथम परेषण की सीमा शुल्क निकासी प्राप्त करने से पूर्व नई प्रस्तावित औद्योगिक यूनिटों को निर्धारित प्रपत्र और विधि अनुसार बांड का निष्पादन करना होगा तथा संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी से पहले उसकी स्वीकृति प्राप्त करनी होगी ।

आटोमेटिक लाइसेंस

224. (1) पूर्ववर्ती लाइसेंसिंग वर्ष के प्राप्त अनुपूरक लाइसेंस के 50 प्रतिशत मूल्य सीमा तक के आटोमेटिक प्रदान करने के लिए वास्तविक उपयोक्ता द्वारा आवेदन संबंधित क्षेत्रीय लाइ-

सेंसिंग प्राधिकारी को दिए जाएंगे । इस प्रयोजन के लिए, संबंधित वास्तविक उपयोक्ता मूल अनुपूरक लाइसेंस सहित जिसे उसने पूर्ववर्ती वर्ष के दौरान प्राप्त किया था के साथ संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी को निर्धारित प्रपत्र में विशिष्ट अनुरोध करेगा । आटोमेटिक लाइसेंस प्रदान करने के लिए आवेदन-पत्र क प्रपत्र इस पुस्तक के परिशिष्ट 5-क में दिया गया है । आटोमेटिक लाइसेंस प्रदान करने के लिए अनुरोध पूर्ववर्ती लाइसेंसिंग वर्ष में प्राप्त अनुपूरक लाइसेंसों के मूल्य के 50 प्रतिशत के मूल्य से अधिक नहीं होगा ।

(2) संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी अपने आप पूर्ववर्ती वर्ष के दौरान जारी अनुपूरक लाइसेंस में शामिल मदों के मूल्य और मात्रा के 50 प्रतिशत तक के मूल्य का नया लाइसेंस जारी कर देंगे । इस प्रकार जारी किए गए लाइसेंस का मूल्य संगत लाइसेंसिंग समिति के निर्णय अनुसार, प्रायोजक प्राधिकारी की सिफारिश और स्वदेशी निकासी आधार पर अनुपूरक लाइसेंस, जिसे बाद में जारी किया गया है के मद्दे समायोजित किया जाएगा ।

(3) आटोमेटिक लाइसेंस जारी करते समय संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी पूर्व वर्ष के दौरान जारी अनुपूरक लाइसेंस पर संख्या, तिथि और लाइसेंस का मूल्य दर्शाते हुए आटोमेटिक लाइसेंस जारी करने के तथ्य का पृष्ठांकन करेगा ।

पुनरावर्ती प्रक्रिया

225. अनुपूरक लाइसेंसों की पुनरावर्ती प्रक्रिया की सुविधा लेने के लिए आवेदन उस लाइसेंसिंग प्राधिकारी को दिए जाने चाहिए जहां से अनुपूरक लाइसेंस जारी किया गया था । पुनरावर्ती प्रक्रिया की यह सुविधा केवल पूर्ववर्ती लाइसेंसिंग अवधि के लिए जारी किए गए लाइसेंसों के सम्बन्ध में उपलब्ध की जा सकती है और ऐसे आवेदन लाइसेंसिंग वर्ष की 28 फरवरी से पहले किए जाने चाहिए । आवेदन के समर्थन में, वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) को अपेक्षित धनराशि के लिए आवेदन शुल्क के साथ प्रपत्र "क" में आवेदन प्रपत्र (केवल एक प्रति सहित) के साथ मुख्य नियंत्रक आयात एवं निर्यात के कार्यालय द्वारा जारी किए गए वास्तविक निर्यातों को निर्दिष्ट करते हुए एक प्रमाण-पत्र भेजना चाहिए । आवेदक को इस बारे में एक घोषणा यह भी देनी चाहिए कि उसी वर्ष के दौरान उनके द्वारा नए अनुपूरक लाइसेन्स के लिए कोई आवेदन-पत्र नहीं दिया गया है । तथापि, नए आवेदन पत्रों के लिए यथा अपेक्षित सनदी लेखापाल द्वारा प्रमाणित मदों पर खपत प्रमाण-पत्र की सूची भेजने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी । अनुपूरक लाइसेन्सों की पुनरावर्ती प्रक्रिया की सुविधा का उपयोग करने के इच्छुक वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) नए अनुपूरक लाइसेन्स के लिए आवेदन करने से पहले प्रथम लाइसेंस का उपयोग करेंगे । नए अनुपूरक लाइसेंस के लिए आवेदन देने के पश्चात् अनुपूरक लाइसेंस की "पुनरावर्ती प्रक्रिया" का उपयोग नहीं किया जा सकता ।

वास्तविक उपयोक्ताओं द्वारा खपत का लेखा रखना

226. (1) प्रत्येक वास्तविक उपयोक्ता को परिशिष्ट 8-ख में दिए गए प्रपत्र में आयातित माल के उपभोग और उपयोग का सही और उचित लेखा रखना चाहिए । लाइसेंस और खुले सामान्य लाइसेंस के आधार पर आयात किए गए माल के संबंध में या सरणीबद्ध अभिकरणों से आबंटनों के रूप में प्राप्त माल के सम्बन्ध में इस प्रकार का लेखा रखने में असमर्थ रहने पर भविष्य में लाइसेंस या आबंटन जारी करने के लिये आवेदन-पत्र उस अन्य कार्रवाई को ध्यान में रखे बिना अस्वीकार कर दिये जाएंगे जो कि आवेदक के विरुद्ध कानून के अन्तर्गत की जा सकती है प्रायोजक प्राधिकारी को और मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात को या अन्य लाइसेंस प्राधिकारी को इस बात से संतुष्ट करने का पूरा दायित्व सदैव वास्तविक उपयोक्ता पर होगा कि उसने उचित और सही लेखा रखा है और विशेष रूप से लागू वास्तविक उपयोक्ता शर्त सहित किसी भी संदेह के बिना वह अपनी सदस्यता को सिद्ध करने की स्थिति में है और यह कि जिन शर्तों के अधीन उसने आयातित माल का आयात या आबंटन या हस्तांतरण/ऋण प्राप्त किया था उससे संबंधित कानून का पूर्ण रूप से अनुपालन किया है । वास्तविक उपयोक्ता को आयातित माल के लेखे और प्राप्ति के रजिस्टरों, उपभोग और उपयोग को लाइसेंस प्राधिकारी या प्रायोजक प्राधिकारी या मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य सरकारी प्राधिकारी को उनके द्वारा निरीक्षण करने या सत्यापन करने के लिये मांग करने पर प्रस्तुत करना होगा ।

(2) व्यापार सदन, निर्यात सदन, वास्तविक उपयोक्ताओं की संस्थाएं या सहकारी समितियां या सार्वजनिक क्षेत्र के अभिकरण जिन्हें लागू आयात-निर्यात नीति के अंतर्गत वास्तविक उपयोक्ताओं को आयातित माल संरक्षण करने का कार्य सौंपा गया है, से वास्तविक उपयोक्ता द्वारा अधिप्राप्त आयातित माल भी "वास्तविक उपयोक्ता" शर्त के अधीन होगा । ऐसे माल को अधिप्राप्ति एवं उपभोग का उचित लेखा और माल प्राप्त करने के उस स्रोत को स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करते हुए रखना चाहिए जिससे माल प्राप्त किया गया था ।

(3) वास्तविक उपयोक्ताओं को उनके लिए लागू आयात नीति के अंतर्गत यूनिट द्वारा अनुपूरक लाइसेंस को पद्धति के अंतर्गत प्राप्त की गई मदों के आयात और उपभोग का अलग लेखा रखना अपेक्षित है ।

227. अन्तिम उत्पाद अनुसार और आगे के वर्षों के लिए आयातित माल की प्राप्ति, उपभोग और उपयोग के लेखे जिससे वर्ष से सम्बद्ध लेखा सम्बन्धित है, उसकी समाप्ति से कम से कम 8 साल की अवधि तक लाइसेंसधारी द्वारा सुरक्षित रखे जाएंगे ।

228. आयातित मशीनरी रखने वाले औद्योगिक यूनिट के हस्तांतरण के लिए आवेदनों पर विचार करते समय प्रायोजक प्राधिकारी स्वयं इस बात की संतुष्टि करेगा कि हस्तांतरणकर्ता द्वारा रखे गये उपर्युक्त लेखे और रजिस्टर उसी के द्वारा

सुरक्षित रखे जायेंगे या परिचय-सूची के आधार पर हस्तांतरण लेने वाले व्यक्ति को दिए जाएंगे। अपने कर्तव्यों और आभारों का उचित और पूर्णरूपेण पालन करने के लिए हस्तांतरण करने वाला और हस्तांतरण लेने वाला दोनों व्यक्ति निष्ठापूर्वक और संयुक्त रूप से कानूनन पूर्ण रूपेण उत्तरदायी होंगे।

लाइसेंस की स्वीकृति/अस्वीकृति की सूचना

229. प्रत्येक मामले में लाइसेंस प्रदान करने अथवा अस्वीकृत करने की सूचना लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी को भेजी जाएगी। इस उद्देश्य के लिए "लाइसेंस अग्रेषण-पत्र" की प्रति और उसके लाइसेंस मूल्य के साथ अनुमति मदों की सूची (यदि कोई हो) या अस्वीकृत-पत्र पृष्ठांकित किया जाएगा। उक्त अग्रेषण पत्र अंतिम उत्पाद को भी निर्दिष्ट करेगा।

माल के उपयोग की जांच

230. संबद्ध प्रायोजक प्राधिकारी इस बात की जांच करेंगे कि क्या उनके अधिकार क्षेत्र में वास्तविक उपयोक्ताओं द्वारा आयातित माल पर लगाई गई और/या लागू शर्तों के अनुसार माल का उचित उपयोग किया गया है या नहीं और क्या उन्होंने निर्धारित प्रपत्र में निर्धारित तरीके से आयात उपयोग का सही और उचित लेखा रखा है या नहीं। वे आयात नीति में दिए गए अनुसार एक वास्तविक उपभोक्ता से दूसरे वास्तविक उपभोक्ता को आयातित माल के अंतरण उधार के लिए आवेदनों पर स्वीकृति देने में स्वविवेक और सावधानी का भी प्रयोग करेंगे। वे सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को ऐसे मामलों की तुरन्त रिपोर्ट करेंगे जिन में वास्तविक उपभोक्ताओं ने उन शर्तों का उल्लंघन किया हो जिन शर्तों के अधीन पूंजीगत माल सहित, माल के आयात की अनुमति दी गई थी या सरणीबद्ध एजेंसियों द्वारा माल आबंटित किया गया था या अन्य प्रकार से अंतरित किया गया था/उधार दिया गया था। तब लाइसेंस प्राधिकारी चूक-कर्ता के विरुद्ध यथा अपेक्षित कार्यवाही प्रारम्भ करेगा परन्तु यह कार्यवाही उस अन्य दण्डनीय कार्यवाही के अतिरिक्त होगी जो प्रायोजक प्राधिकारी यदि कोई हो, अपने निजी अधिकार के अंतर्गत कर सकता है। इस पैरा के प्रावधान ऐसे एककों के लिए भी लागू होंगे, जिन्हें संसाधन के लिए आयातित माल दिया गया है।

231. (1) वास्तविक उपयोक्ता और पंजीकृत निर्यातकों द्वारा आयातित माल के उपयोग की जांच के लिए, लाइसेंस प्राधिकारी स्वयं या राज्य औद्योगिक निदेशक से और अन्य प्रायोजक प्राधिकारी से परामर्श कर वास्तविक उपभोक्ताओं ने जिस सीमा तक और जिस तरीके से आयातित माल का उपयोग किया है, उसकी एकदम रचनात्मक या व्यापक आधार पर जांच करेंगे और यह जांच उन शर्तों को ध्यान में रखकर करेंगे जिन शर्तों के अधीन ऐसे माल के आयात आबंटन की अनुमति दी गई थी।

(2) जहां एक वास्तविक उपभोक्ता (औद्योगिक) को किसी भी उत्पाद के संबंध में महानिदेशक तकनीकी विकास, नई दिल्ली, वस्त्र आयुक्त, बम्बई या विकास आयुक्त (लघु उद्योग), नई दिल्ली या इलैक्ट्रानिक विभाग, नई दिल्ली या सम्बद्ध प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा यथा निर्धारित चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम पूरा करना है या पूरा करने की शर्त के अधीन हो तो विनिर्माण के लिए आयात लाइसेंस के मद्दे या लागू आयात नीति के अंतर्गत खुले सामान्य लाइसेंस के अधीन आयातित संघटकों का उपयोग, पूरी तरह निर्धारित चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रमों की शर्तों के अनुसार किया जाएगा। अनुमोदित चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम की शर्तों का उल्लंघन करके यदि आयातित संघटकों का किसी भी प्रकार से उपयोग किया जाता है तो प्रायोजक प्राधिकारी इस सम्बन्ध में अपने अधिकारों का प्रयोग कर वास्तविक उपयोक्ता के विरुद्ध जो भी कार्यवाही कर सकता है उसके अलावा वास्तविक उपयोक्ता के विरुद्ध आयात व्यापार नियंत्रण विनियमों के अधीन कार्रवाई की जाएगी।

232. अपराध की किस्में जिनमें आयात व्यापार नियंत्रण अधिनियमों के उल्लंघन के साथ-साथ आयात और निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम या उसके अधीन जारी आदेशों का उन शर्तों का उल्लंघन भी शामिल है जिनके अधीन लाइसेंस जारी किया गया था और साथ ही लाइसेंस प्राप्त करने में या आयातित माल का आबंटन प्राप्त करने में कोई गलत अभ्यावेदन या विदेश व्यापार में अन्य कोई अपराध किया गया हो तो वह शामिल है। सीमा-शुल्क, विदेशी मुद्रा अधिनियम आदि से संबद्ध अन्य कानूनों का उल्लंघन करने पर भी कार्रवाई की जाएगी।

233. जहां कोई लाइसेंस/रिलीज आदेश किसी समय अस्थाई रूप से या गलती से या असावधानी से जारी किया गया है या किया गया था या लाइसेंसधारी की हकदारी से अधिक है या भ्रामक अभ्यावेदन से प्राप्त किया गया है या लागू नियमों एवं अधिनियमों के विपरीत प्राप्त किया है तो इस विषय में की जाने वाली अन्य कार्रवाई को ध्यान में रखे बिना लाइसेंस प्राधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह ऐसे लाइसेंसों का मूल्य घटा दे या उस मद को या किसी अन्य मद या मदों की किसी श्रेणी के अन्तर्गत लाइसेंसधारी की बाद की हकदारी में उसे समाजित करे। यह प्रक्रिया सरणीबद्ध अभिकरणों द्वारा किए गए आबंटन के लिए लागू है।

उत्पादन विवरणिका

234. (1) सभी वास्तविक उपयोक्ताओं को मासिक विवरण (लघु उद्योग के एककों के मामलों में त्रैमासिक) अपने प्रायोजक प्राधिकारियों को भेजने चाहिए। उत्पादन की पूर्ण मासिक/त्रैमासिक विवरणी भेजने में असमर्थ एककों के नाम प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को सूचित किए जाएंगे, ऐसे दोषी एककों को आगे लाइसेंस प्रदान करने के लिए दिए गए आवेदन-पत्रों को, इस संबंध में उनके विरुद्ध की जाने वाली कार्रवाई के अलावा, रद्द कर दिया जाएगा।

(2) उन मामलों में जहां आयात आवेदन-पत्र प्रायोजक प्राधिकारी के माध्यम से दिए जाते हैं, आवेदनपत्रों पर कार्यवाही

करते समय, प्रायोजक प्राधिकारी यह भी जांच करेगा कि आवेदक ने अंतिम उत्पाद से संबद्ध पिछले वर्ष और अद्यतन वर्ष के लिए पूर्ण मासिक/त्रैमासिक विवरणी भेज दी है, जिससे आवेदन-पत्र संबंधित है और इसका अपनी सिफारिश में भी उल्लेख किया जाए।

(3) खुले सामान्य लाइसेंस के अधीन कच्ची सामग्री, संघटकों, उपभोज्यों एवं अतिरिक्त पुर्जों का आयात करने वाले सभी वास्तविक उपयोक्ताओं को प्रायोजक प्राधिकारी को और संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी को ऐसे आयातों का ब्यौरा तथा मूल्य दर्शाने वाला अर्ध-वार्षिक विवरण भेजना पड़ेगा। यह विवरणी लाइसेंसिंग वर्ष के 30 सितम्बर और 31 मार्च की स्थिति के अनुसार भेजनी चाहिए प्रत्येक विवरणी संकेतित अवधि के समाप्त होने के 15 दिनों के भीतर भेजी जानी चाहिए। इस आवश्यकता को पूरा न करने वाले वास्तविक उपभोक्ताओं के विरुद्ध आयात नियंत्रण विनियमन के अधीन कार्यवाही की जाएगी।

(4) चरणवार विनिर्माण कार्यक्रम के अधीन सभी वास्तविक उपयोक्ताओं को छमाही विवरणी उन प्राधिकारियों को भेजनी होगी जिन्होंने उनके चरणवार विनिर्माण कार्यक्रम में प्राप्त देशजीकरण की प्रतिशतता निर्धारित करते हुए चरणवार विनिर्माण कार्यक्रम का अनुमोदन किया हो। इस आवश्यकता का अनुपालन न करने वाले वास्तविक उपयोक्ताओं के विरुद्ध भी आयात नियंत्रण विनियमन के अधीन कार्रवाई की जाएगी।

(5) लोहा इस्पात, फेरो अलाय तथा फेरस स्क्रेप का सभी आयात पोतलदान दस्तावेजों की रिपोर्ट तथा आयात के ब्यौरों की जिसमें विशिष्टीकरण प्रत्येक विशिष्टीकरण के मदवार आयातित मात्रा, एकवाइस जिसके अन्तर्गत आयात किया गया है, का मूल्य सहित प्राप्ति पर विकास आयुक्त (लोहा एवं इस्पात) कलकत्ता को भेजे जाएं।

सूची साक्ष्यांकन प्रक्रिया

235. (क) वास्तविक उपयोक्ताओं (औद्योगिक) को खुले सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत उन मामलों में स्वदेशीकरण के चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम हैं, संघटकों के आयात के लिए सूची साक्ष्यांकन प्रक्रिया की अनुपालन करनी अपेक्षित है। इस प्रयोजन के लिए वास्तविक उपयोक्ता को लाइसेंसिंग वर्ष के दौरान खुले सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत आयात किए जाने वाले संघटकों की सूची उस प्राधिकारी के पास भेजनी चाहिए जिसने चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम स्वीकृत किया है। प्रत्येक संघटक का विवरण और उसके साथ परिशिष्ट—6 की वह क्रम सं. जिसके अन्तर्गत वह मद आती है सूची में निर्दिष्ट किया जाना चाहिए। यह सूची पंजीकृत डाक/द्रुतगति डाक के अधीन महानिदेशक तकनीकी विकास/विकास आयुक्त (लघु उद्योग)/वस्त्र आयुक्त आदि, जैसा भी मामला हो, को भेजी जानी चाहिए। महानिदेशक तकनीकी विकास के क्षेत्रीय कार्यालयों की पुस्तकों में लिखित यूनिटों के मामलों में इस सूची को महानिदेशक, तकनीकी विकास के उसी कार्यालय को भेजी जानी चाहिए। महानिदेशक, तकनीकी विकास के पास पंजीकृत यूनिट इस सूची को तकनीकी विकास महानिदेशक (आयात एवं निर्यात नीति सेल) उद्योग भवन, नई दिल्ली को भेजेगी। ऐसी सूचियां उस कार्यालय में प्राप्ति की तिथि दी गई पावती के बदले संबंधित प्राधिकारी के काउण्टर पर व्यक्तिगत रूप से दी जा सकती हैं। लघु उद्योग यूनिटों के मामलों में इस सूची का साक्ष्यांकन विकास आयुक्त लघु उद्योग, नई दिल्ली या उनकी ओर से लघु उद्योग विकास संगठनों द्वारा किया जाएगा। चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम की स्वीकृति प्रदान करने वाला प्राधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि संघटकों की सूचियां विधिवत् साक्ष्यांकित हैं या बिना किसी विलंब के हैं और आवेदक पत्र सम्बन्धित प्राधिकारी द्वारा सूची प्राप्त होने की तारीख से 45 दिनों के भीतर आवेदकों को लौटा दिए गए हैं।

(2) यदि वास्तविक उपयोक्ता सम्बन्धित प्राधिकारी द्वारा विधिवत् साक्ष्यांकित संघटकों की सूची उस तिथि से 45 दिनों के भीतर नहीं प्राप्त करता जिस तिथि को वह सूची उस प्राधिकारी द्वारा प्राप्त हुई थी, तो यह उसके लिए खुली छूट होगी कि वह उस सूची के आधार पर सूची साक्ष्यांकन की और प्रतीक्षा किए बिना सीमा शुल्क से माल की निकासी करा सकता है जो साक्ष्यांकन के लिए दी गई थी। ऐसे मामलों में, सीमाशुल्क प्राधिकारी को वास्तविक उपयोक्ता द्वारा दी गई मदों की सूची में यदि वास्तविक उपयोक्ता एक सहकारी समिति या एक संगठन है तो उसके निदेशक, स्वामी या साझीदार द्वारा हस्ताक्षरित इस बारे में एक यह स्पष्ट प्रमाण-पत्र देना चाहिए कि संबंधित सूची सम्बद्ध प्राधिकारी के कार्यालय में प्राप्त हो गई थी (प्राधिकारी का नाम और वह तिथि जिसको भेजी गई थी को निर्दिष्ट किया जाए) और वह आयातक द्वारा विशिष्टिकृत तिथि को विधिवत साक्ष्यांकित प्राप्त नहीं हुई है। सीमाशुल्क प्राधिकारी यदि आयात अन्यथा रूप से खुले सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत आता है और आयात नीति में निर्धारित अन्य शर्तों के अनुरूप है तो खुले सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत सूची में दी गई मदों की स्वीकृति देंगे।

(3) उन यूनिटों के मामले में जिनका पी. एम. पी. समाप्त हो गया है को खुले समान्य लाइसेंस के अधीन उन संघटकों के आयात की अनुमति नहीं दी जाएगी यदि ऐसे आयात बहुत आवश्यक हों तो पूर्ण औचित्य देते हुए अनुपूरक लाइसेन्स के लिए पूर्ण मूल्य के लिए जिनका पी. एम. पी. अवधि के दौरान स्वदेशीकरण किया जाना अपेक्षित था। ऐसी यूनिटों द्वारा आयातित खेप की निकासी के समय सीमाशुल्क प्राधिकारियों को इस आशय की घोषणा प्रस्तुत करनी होगी कि आयातित खेप में ऐसी मदें शामिल नहीं हैं जिनका पी. एम. पी. अवधि के दौरान आयातक द्वारा स्वदेशीकरण नियत किया गया है/किया गया था। यदि ऐसा आयात आवश्यक हो गया है तो इसके लिए वास्तविक उपभोक्ता पूर्ण औचित्य बताते हुए अनुपूरक लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकता है।

वास्तविक उपयोक्ता (गैर-औद्योगिक)

236. वास्तविक उपयोक्ता (गैर-औद्योगिक) को उद्योगों के निदेशक की अपेक्षित सिफारिश हेतु आयात आवेदनों के लिए

राज्य के उद्योग निदेशकों या किसी अन्य संबंधित राज्य अथवा केन्द्रीय सरकार के विभागों के पास स्वयं को पंजीकृत कराने की आवश्यकता नहीं है । इस संबंध में आयात निर्यात नीति 1990-93 (खण्ड-1) अध्याय-5 की ओर भी ध्यान दिलाया जाता है ।

अनुसंधान एवं विकास एककों को मान्यता

237. औद्योगिक संस्थानों से संलग्न ऐसे अनुसंधान एवं विकास एकक जो खुले सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत आयात नीति 1990-93 के लाभ प्राप्त करने के इच्छुक हैं, वे केन्द्रीय सरकार से मान्यता प्राप्त करने के लिए आवेदन-पत्र सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय (वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग) तकनीकी भवन, नई महरोली रोड, नई दिल्ली-110016 को निर्धारित फार्म जो कि विज्ञान एवम् प्रौद्योगिकी अनुसंधान विभाग से प्राप्त किए जा सकते हैं, में भेजे जाएंगे । अधिक जानकारी विज्ञान एवम् प्रोद्योगिकी अनुसंधान द्वारा प्रकाशित देशीय प्रोद्योगिकी के लिए संवर्धन एवम् सहायता के प्रकाशन में भी उपलब्ध है ।

238. लेकिन, निम्नलिखित संस्थाओं के मामले में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से अलग स्वीकृति लेनी आवश्यक नहीं है :—

(1) केन्द्रीय या राज्य सरकार के अधीन केन्द्रीय सरकार के अनुसंधान विभाग और/या शिक्षण संस्था (सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों को छोड़कर);

(2) सी एस आई आर, आई सी ए आर और आई सी एम आर की सभी प्रयोगशालाएं;

(3) सभी विश्वविद्यालय, आई आई टी, भारतीय विज्ञान संस्था और भारतीय खान विद्यालय धनबाद;

(4) विज्ञान एवं प्रौद्योगिक विभाग के साथ परामर्श करने पर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा अधिसूचित की गई अन्य संस्थायें;

(5) संसद या सम्बद्ध राज्य के विशेष अधिनियम द्वारा निर्धारित ऐसी सभी संस्थायें;

(6) औद्योगिक क्षेत्र के सभी संस्थाएं जो सी. एस. आई. आर/मंत्रालयों से सहायता अनुदान प्राप्त कर रही हैं।

अध्याय-6

अतिरिक्त पुर्जों का आयात

अनुमेय अतिरिक्त पुर्जों का आयात

239. (1) अनुमेय अतिरिक्त पुर्जों के आयात से संबंधित नीति वर्तमान आयात नीति के पैरे 73 में दी गई है । वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) निकासी के समय अपने औद्योगिक लाइसेंसों/पंजीकरण प्रमाणपत्रों, जैसा भी उपयुक्त हों, के ब्यौरे देते हुए एक घोषणापत्र सीमा-शुल्क प्राधिकारियों को देंगे और निष्ठापूर्वक इस बात की पुष्टि करेंगे कि ऐसा लाइसेंस/पंजीकरण न तो रद्द किया गया है, न वापस लिया गया है और न ही अन्य रूप से अप्रभावी किया गया है । जिन मामलों में संबंध प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा अलग पंजीकरण संख्या आबंटित नहीं की गई है उनमें आयातक सीमा-शुल्क प्राधिकारियों की संतुष्टि के लिए अन्य साक्ष्य प्रस्तुत करेगा कि वह एक औद्योगिक यूनिट के रूप में पंजीकृत किया गया है । वास्तविक उपयोक्ता, आयात-निर्यात नीति 90-93 (खण्ड-1) के पैरे 73 में यथा-उल्लिखित सीमा-शुल्क प्राधिकारी को इस संबंध में भी एक घोषणापत्र देगा कि आयातित पुर्जे वे पुर्जे हैं जो उसके द्वारा लाइसेंसिंग वर्ष के 1 अप्रैल को स्थापित या उपयोग में लाई जा रही मशीनरी के संचालन और रख-रखाव के लिए अपेक्षित हैं ।

(2) वास्तविक उपयोक्ता (गैर-औद्योगिक) माल की निकासी के समय शाप्स एण्ड एस्टेब्लिशमेंट एक्ट, सिनेमाटोग्राफिक एक्ट या उपयुक्त स्थानीय कानून के अधीन प्राप्त किए गए पंजीकरण प्रमाणपत्र (वर्तमान समय में वैध) या लाइसेंस को मूल रूप में या उसकी फोटो प्रति सीमा शुल्क प्राधिकारियों को प्रस्तुत करेगा ।

प्रतिबंधित अतिरिक्त पुर्जे

240. (1) आयात नीति के पैरे 74 (1) में यथा अवस्थिति सामान्य हकदारी के अनुसार प्रतिबंधित अतिरिक्त पुर्जों के आयात के लिए लाइसेंस के लिए आवेदन पत्र प्रपत्र "क" (परिशिष्ट 3क) संबद्ध क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा दिए जाने वाले लाइसेन्स, सनदी लेखापाल के प्रमाण पत्र के आधार पर दिए जाएंगे जिसमें आयातित प्लान्ट, मशीनरी और उपकरण के क्रय मूल्य को और/या इस किसी भी देश प्लान्ट, मशीनरी और उपकरण के क्रय मूल्य को दर्शाया जाएगा जिसमें लाइसेंसिंग वर्ष की पहली अप्रैल को स्थापित आयातित संघटक हों या आवेदक द्वारा उपयोग किए जा रहे हों । लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा आवेदन पत्रों को प्राप्त करने की अंतिम तारीख लाइसेंसिंग वर्ष की 31 जनवरी होगी ।

(2) प्रतिबन्धित अतिरिक्त पुर्जों के लिए लाइसेंस "लाइसेंसधारक द्वारा स्थापित या प्रयुक्त पूंजीगत माल के प्रचालन और रख रखाव के लिए अपेक्षित प्रतिबन्धित अतिरिक्त पुर्जे जिसमें अनुषंगी उपस्कर, नियंत्रण और प्रयोगशाला उपस्कर और सुरक्षा उपकरण भी शामिल हैं" के सामान्य विवरण के साथ जारी किए जाएंगे । सीमाशुल्क प्राधिकारी इस घोषणा पर आयात की निकासी की अनुमति देंगे कि वास्तविक उपयोक्ता द्वारा इन आयातित "प्रतिबन्धित" अतिरिक्त पुर्जों की आवश्यकता उसके कारखाने/स्थापना/संस्थान में स्थापित या प्रयुक्त पूंजीगत माल के प्रचालन और रख-रखाव के लिए है ।

(3) आयात-निर्यात नीति 1990-93 के उप पैरा-74 (1) में निर्दिष्टानुसार सामान्य हकदारी से ऊपर या अधिक के लिए प्रतिबंधित अतिरिक्त पुर्जों के आयात लाइसेन्स के आवेदन-पत्रों पर विचार अनुपूरक लाइसेंसिंग प्रक्रिया के अन्तर्गत किया जाएगा ।

4. प्रतिबन्धित अतिरिक्त पुर्जों के लाइसेंस के आवेदकों को यह विकल्प है कि वे आयात नीति अप्रैल 1990 से मार्च

1993 तक के तीन वर्षों की अपनी पात्रता के लिए एक समेकित लाइसेंस का आवेदन दे सकते हैं। ऐसे लाइसेंसों की वैधता 36 महीनों की होगी तथा इन शर्तों के अधीन होगी कि लाइसेंस के मूल्य का 1/3 से अधिक एक लाइसेंसिंग वर्ष में प्रयोग नहीं किया जाएगा। इस शर्त पर की उनकी पात्रता का वह अप्रयुक्त हिस्सा जो पहले और/या दूसरे साल (लों) में उपयोग में नहीं लाया गया वह पूर्ववर्ती सालों में लाइसेंसिंग वैधता अवधि तक उपयोग में लाया जाएगा।

बिक्री के पश्चात् सेवा के लिए अतिरिक्त पुर्जे

241. (1) आयात नीति में दिये गये प्रावधानों के अनुसार ग्राहकों के लिए आश्वासन पूरा करने बिक्री के बाद सेवाओं की व्यवस्था के लिए वांछित अतिरिक्त पुर्जों के आयात के लिए आवेदन-पत्र संबद्ध क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकारी का परिशिष्ट–3-क के प्रपत्र-क में भेज सकते हैं लेकिन, इसके साथ आयात नीति के अन्तर्गत अतिरिक्त जानकारी और प्रमाण पत्र भी भेजने होंगे।

(2) इस प्रावधान के अंतर्गत जारी किये गये आयात लाइसेंस निम्नलिखित शर्तों के अधीन होंगे :—

> "इस लाइसेंस के मद्दे आयातित माल का उपयोग केवल लाइसेंसधारी द्वारा निर्मित मशीनरी/उपस्कर/वाहन की सर्विसिंग और रख रखाव (चाहे वह निःशुल्क हो या मूल्य पर हो) के लिए किया जाएगा।"

(3) इस प्रावधान के अन्तर्गत वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) द्वारा प्राप्त किए गए आयात लाइसेन्स के मूल्य की सूचना महानिदेशक, तकनीकी विकास, नई दिल्ली को प्रबोधन के लिए भेजी जानी चाहिए।

(4) आवेदक को सक्षम न्यायिक प्राधिकारी शपथ आयुक्त/नोटरी पब्लिक के सम्मुख शपथ लेकर एक शपथ-पत्र देना अपेक्षित होगा। इस शपथ पत्र में इस बारे में यह घोषणा करनी होगी कि आवेदित अतिरिक्त पुर्जे हैं जो संघटकों के रूप में आयात किए थे/जाते हैं और वास्तविक रूप में उनका उपयोग मूल मशीनरी/उपस्कर के विनिर्माण में किया गया है। आगे, आयातक आयातित अतिरिक्त पुर्जों का उनके द्वारा विनिर्मित मशीनरी/उपस्कर/वाहनों की सर्विसिंग और रख-रखाव (चाहे मुक्त या मूल्य पर) के उपयोग में समुपयोजन के लिए वचन देगा। आवेदन पत्र ऐसे सनदी या लागत लेखापाल या कम्पनी सचिव के प्रमाण पत्र के साथ भेजे जाने चाहिए जो पात्र मूल्य के अनुसार उस फर्म या उसके अनुषंगी फर्म का साझीदार या निदेशक या कर्मचारी न हो।

(5) बिक्री पश्चात् सर्विस स्पेयर्स लाइसेन्स के आवेदकों को यह विकल्प है कि वे आयात नीति के तीन साल की अवधि अर्थात् अप्रैल 1990 से मार्च 1993 तक की पात्रता के लिए एक समेकित लाइसेन्स के लिए आवेदन दे सकते हैं। ऐसे लाइसेन्स 36 माह के लिए वैध होंगे तथा इन शर्तों के अधीन होंगे कि लाइसेन्स के मूल्य का 1/3 से अधिक एक लाइसेंसिंग वर्ष में प्रयोग में नहीं लाया जाएगा। इस शर्त पर की उनकी पात्रता का वह अप्रयुक्त हिस्सा जो पहले और/या दूसरे साल (लों) में उपयोग में नहीं लाया गया वह परवर्ती सालों में लाइसेन्स की वैधता अवधि तक उपयोग में लाया जाएगा।

(6) चालू आयात नीति के पैरा 75 के उप-पैरा (1), और (4) के प्रावधानों के अधीन आयात किए जाने वाले अतिरिक्त पुर्जे को आयातक अपने ग्राहकों को वारन्टी कवरेज बिक्री के समय सीमाशुल्क प्राधिकारियों के पास वाहनों के आयात के लिए सेवा केन्द्रों को हस्तान्तरित कर सकते हैं। आयातित अतिरिक्त पुर्जों के उचित उपयोग के लिए आयातक उत्तरदायी रहेगा।

मोटर वाहनों के अतिरिक्त पुर्जे

242. आयातक को आयातित अतिरिक्त पुर्जों की निकासी के समय सीमाशुल्क प्राधिकारियों के पास वैध प्रमाणपत्र तथा मोटर सी सी पी/लाइसेन्स जारी करते समय लाइसेंसिंग प्राधिकारियों द्वारा जारी की गई पास बुक, वैध प्रमाणपत्र तथा मोटर वाहन अधिनियम, 1939 के अन्तर्गत अपेक्षित अन्य प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे तथा एक घोषणा भी प्रस्तुत करनी होगी कि इस वर्ष के दौरान प्राप्त आयातित वाहन, ट्रैक्टर के लिए उसके द्वारा किया गया कुल आयात निकासी किए जाने वाले प्रेषण सहित 10,000/-रुपये से अधिक नहीं है। उक्त सुविधा का लाभ पंजीकृत संगठनों, सहकारी समितियों, राज्य कृषि उद्योग विकास निगम के सदस्यों द्वारा आयातित वाहनों या कृषि संबंधी ट्रैक्टरों के लिए उनके सदस्यों के लिए मोटर वाहन तथा कृषि कार्य हेतु ट्रैक्टरों के आयात की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

(क) आयातित माल की निकासी के समय तथा आयात के लिए पैसे जमा करते समय संबद्ध संगठनों/सहकारी समितियों को सीमाशुल्क प्राधिकारी/विदेशी मुद्रा डीलरों को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे: (1) सदस्य का नाम व पता (2) वाहनों के आयात के लिए सी सी पी/लाइसेंस जारी करते समय अथवा उसके बाद किसी भी समय लाइसेंसिंग प्राधिकारियों द्वारा जारी की गई पास बुक (3) सदस्य द्वारा लिए गए आयातित मोटर वाहन/ट्रैक्टर का निर्माण वर्ष (मेक) (4) वाहन/ट्रैक्टर के पंजीकरण प्रमाणपत्र वैध है; तथा (5) संबद्ध सदस्य के लिए आयातित अतिरिक्त पुर्जों का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य। (6) संबंधित सदस्य के लिए आयातित अतिरिक्त पुर्जों का लागत बीमा भाड़ा।

(ख) इस संबंध में संगठन/सहकारी समिति द्वारा प्रति हस्ताक्षरित प्रत्येक सदस्यों से घोषणा कि उसी वित्तीय वर्ष में उसी मोटर वाहन या कृषि ट्रैक्टर के लिए पहले से ही आयातित ऐसे माल या आयात किए जाने वाले माल का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य 10,000/- रु., 15,000/- रु. जैसी भी मामला हो से अधिक नहीं है। घोषणा में संबंधित सदस्य को यह भी घोषित करना होगा कि संबंद्ध संगठन/

सहकारी समिति ने उनको उनके मदवे आयात करने के लिए प्राधिकृत कर दिया है ।

(ग) संबंधित नियमावली के अन्तर्गत संबंधित संगठन या सहकारी समिति के वर्तमान पंजीकरण का वैध प्रमाण-पत्र ।

243. संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी सीमा शुल्क निकासी की अनुमति देते समय पास बुक में आयातित अतिरिक्त पुर्जों का पूर्ण विवरण देते हुए तारीख सहित अपने हस्ताक्षर तथा मोहर पृष्ठांकित करें ।

नोट : पहले आयात किए गए वाहनों के मामले में संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा आयातित वाहन के मालिक से प्राप्त आवेदन-पत्र के आधार पर एक पास-बुक, जारी की जाएगी ।

244. यह शर्त भी होगी कि आयातित अतिरिक्त पुर्जे आयात करने वाले संगठन/सहकारी समिति द्वारा उसी सदस्य को संगठित कर दिए जाएंगे, जिसके लिए इनका आयात किया गया था । संगठन सहकारी समिति ऐसे सभी आयातों व उनके वितरण का लेखा रखेगी (रजिस्टर के रूप में) तथा जो कि लाइसेंसिंग प्राधकारी या इससे संबंध कोई अन्य प्राधिकारी द्वारा निरीक्षण हेतु हर समय उपलब्ध कराया जाएगा तथापि, ऐसे सभी मामलों में वास्तविक उपयोक्ता शर्त लागू होगी चाहे आयात सीधे ही उसी सदस्य द्वारा अपनी संकल्पशक्ति पर किया गया हो ।

245. उप पैरे के अन्तर्गत ट्रैक्टरों के लिए अतिरिक्त पुर्जों का आयात राज्य कृषि उद्योग निगम द्वारा अपने संबंधित राज्यों में रहने वाले ट्रैक्टर मालिकों की ओर से कर सकता है। ऐसे मामलों में उपरोक्त विस्तृत प्रक्रिया लागू नहीं होगी । तथापि, उनको संबंधित आगम बिल या नियमानुसार निर्धारित दस्तावेजों में घोषणा करनी होगी कि "वर्तमान आयात नीति के उपबन्धों के अन्तर्गत........में स्थित (राज्य संघ शासित क्षेत्र का नाम दिया जाना चाहिए) आयातित ट्रैक्टरों के मालिकों की ओर से अतिरिक्त पुर्जों का आयात किया गया है ।" यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी निगम की होगी कि ट्रैक्टर मालिक जिसने उनसे माल प्राप्त किया है उन्होंने इसी लाइसेंसिंग अवधि में उपरोक्त पैरा-242 में दिए गए संगठनों/सहकारी समितियों के माध्यम से या सीधे ही आयात नहीं किया है ।

विदेशी मशीनरी/उपकरण विनिर्माताओं के भारतीय एजेन्टों द्वारा अतिरिक्त पुर्जों का आयात

246. (1) नीति के अन्तर्गत आयात लाइसेंसों को देने के लिए आवेदन-पत्र के साथ आवेदक द्वारा प्रमाणित वैध एजेंसी प्रमाण-पत्र की एक फोटो प्रति तथा शपत-पत्र संलग्न किया जाना चाहिए कि आयात किये जाने वाले अतिरिक्त पुर्जे या मशीनरी से संबंधित अतिरिक्त पुर्जे उनके द्वारा या पहले वाले एजेंटों के माध्यम से आयात किए गए हैं । यदि प्रमुख सफल अभिकर्ता के साथ समझौते के बाद विद्यमान एजेंट के स्थान पर दूसरा एजेंट बदल जाता है तो आवेदक को आवेदक प्रमुख से एक पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह एक प्राधिकृत अभिकर्ता है और यह सुनिश्चित किया जाता है कि पूर्ववर्ती एजेंटों के साथ किया गया समझौता निरस्त कर दिया गया है ।

2. विदेशी मशीनरी/उपकरण विनिर्माताओं के भारतीय एजेन्टों को लाइसेंसों के आवेदनों के लिए यह विकल्प है कि वे आयात नीति, नामश: अप्रैल 1990 से मार्च 1993 के तीन वर्षों की अवधि की पात्रता के लिए एक समेकित लाइसेन्स के लिए आवेदन दे सकते हैं । ऐसे लाइसेंस 36 माह की अवधि के लिए वैध होंगे तथा इन शर्तों के अधीन होंगे कि लाइसेंस के मूल्य का 1/3 से अधिक एक लाइसेंसिंग वर्ष में प्रयोग में नहीं लाया जाएगा । इन उपबन्धों के अन्तर्गत कि पात्रता का वह अप्रयुक्त हिस्सा जो पहले और/या दूसरे साल (लों) में उपयोग में नहीं लाया गया था वह परवर्ती वर्षों में लाइसेंस की वैधता अवधि में ही उपयोग में लाया जाएगा ।

अतिरिक्त पुर्जों के लिए आपाती लाइसेंस

247. (1) लागू आयात नीति के अधीन अतिरिक्त पुर्जों के आयात के लिए आपाती लाइसेन्स के आवेदन-पत्र परिशिष्ट 3-क में दिए गए प्रपत्र-क में दिए जाने चाहिए । इसके साथ आयात किए जाने वाली मदों की सूची और मुख्य कार्यकारी अर्थात् अध्यक्ष/प्रबन्धक निदेशक/कार्यकारी निदेशक/प्रबन्धक साझीदार का निम्न प्रकार का घोषणापत्र होना चाहिए :—

"मैं घोषणा करता हूं कि अतिरिक्त पुर्जों के लिए आपाती लाइसेन्स प्रदान करने के लिए हमारे आवेदनपत्र लागू आयात नीति के समरूप हैं क्योंकि मशीनरी के उत्पादन में वास्तविक/निकटवर्ती विकार हो गया है । मैं यह भी घोषणा करता हूं कि अतिरिक्त पुर्जों के रूप में आयात किए जाने वाली मदें पूंजीगत माल की मदें नहीं हैं । निम्नलिखित कारणों से अतिरिक्त पुर्जों का आपाती आयात अनिवार्य हो गया है" :—

(स्थिति का विस्तृत ब्यौरा दिया जाना है)

"(2) लघु उद्योग यूनिट के मामले में आवेदित मूल्य 2.5 लाख से अधिक नहीं हो और वृहत उद्योग के मामले में 5 लाख रुपए मूल्य के वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) से आपातकालीन अतिरिक्त पुर्जों के आयात के लिए निर्धारित प्रपत्र और तरीके में आवेदन-पत्र क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारियों को भेजे जाने चाहिए। यदि उपर्युक्त निर्धारित सीमा से अधिक के लिए आवेदन-पत्र है तो वे मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को भेजे जाएंगे । 25 लाख रुपए मूल्य से अधिक के आपाती अतिरिक्त पुर्जों के आयात के लाइसेंस के आवेदन के मामले में आयात लाइसेन्स तकनीकी विकास महानिदेशालय अथवा मान्यताप्राप्त इंजीनियरिंग परामर्शदात्री संगठन से अनुमोदन प्राप्ति के बाद ही जारी किए जाएंगे ।

(3) वास्तविक उपयोक्ता (गैर औद्योगिक) के मामले 20,000 रुपए मूल्य तक के आवेदन-पत्र क्षेत्रीय लाइस[illegible] प्राधिकारी

को भेजे जाएंगे । यदि 20,000 रुपए मूल्य से अधिक के लिए आवेदन-पत्र है तो वे मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात नई दिल्ली को भेजे जाएंगे ।

(4) आवेदक को, आयात के लिए आवेदित अतिरिक्त पुर्जों की स्पष्ट सूची (उपभोज्य यदि कोई हों) भेजनी चाहिए। इस पर आवेदक के कार्यालय की मोहर लगी होनी चाहिए और लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापन के बाद यह जारी किए जाने वाले लाइसेंस का भाग बन जाएगी (उनकी स्वदेशी उपलब्धता को ध्यान में रखे बिना) ।

(5) बिजली के उत्पादन और वितरण में लगे हुए राज्य बिजली बोर्ड, परियोजनाएं और उपक्रम तथा सिंचाई विभाग/परियोजना प्राधिकारी को भी केन्द्रीय बिजली प्राधिकरण या प्रशासनिक मंत्रालय/वित्त मंत्रालय से विदेशी मुद्रा की विमुक्ति के आधार पर खुला सामान्य लाइसेंस के अधीन आपाती अतिरिक्त पुर्जों के आयात की अनुमति दी जाएगी । यह सुविधा विभागीय उपक्रम, रेलवे तथा पोर्ट ट्रस्ट को भी उपलब्ध कराई जाएगी । इन सभी मामलों में कोई स्वदेशी क्षमता के दृष्टिकोण से अनुमति आवश्यक नहीं है । यदि अतिरिक्त पुर्जों का मूल्य 25 लाख रुपए से बढ़ जाता है तो ऐसे आयातों का सूची सत्यापन तकनीकी विकास महानिदेशालय से कराया जाना होगा ।

विदेशी मशीनरी/उपकरण विनिर्माताओं के भारतीय वितरक

248. विदेशी मशीनरी/उपकरण विनिर्माताओं के भारतीय वितरकों द्वारा अतिरिक्त पुर्जों के आयात के लिए लाइसेंस दिए जाने के आवेदन वैध डीलरशिप प्रमाण-पत्र तथा सरकारी विभाग के प्राधिकार तथा उनके स्थान पर अतिरिक्त पुर्जों के आयात के लिए अन्य वास्तविक उपयोक्ता द्वारा मुख्य नियंत्रक आयात व निर्यात, नई दिल्ली को दिए जाएंगे । भारतीय वितरकों को आयातित अतिरिक्त पुर्जों, किए गए संभरण तथा प्राप्त विदेशी मुद्रा का लेखा आयातित परेषण की निकासी की तारीख से तीन महीने के अन्दर प्रस्तुत करना होगा ।

अध्याय-7

सरकारी विभागों, विभागीय संचालित उपक्रमों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, राज्य विद्युत बोर्डों/परियोजनाओं/उपक्रमों द्वारा आयात

राज्य विद्युत बोर्ड/परियोजनाएं/उपक्रम

249. (1) बिजली उत्पादन और वितरण में लगे सार्वजनिक क्षेत्र के राज्य बिजली बोर्ड/परियोजनाओं/उपक्रमों को पूंजीगत माल/कच्ची सामग्री/संघटकों और उपभोज्यों के आयात के लिए संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी को इस पुस्तक के अध्याय-3 में निर्धारित प्रपत्र में अपने आवेदन पत्र प्रस्तुत करने चाहिए । तथापि, उनके लिए खपत प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की कोई आवश्यकता नहीं है । आवेदन पत्रों के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न होने चाहिए :—

(1) पत्र की एक सत्यापित प्रति जिसमें किए जाने वाले आयात के लिए जारी की गई विदेशी मुद्रा की मंजूरी दी गई है ।

(2) आयात किए जाने वाले प्रस्तावित माल की सूची की पांच प्रतियां (केवल पूंजीगत माल की प्रतिबंधित सूची में दर्शायी गई मदों के सम्बन्ध में महानिदेशक, तकनीकी विकास से देशी दृष्टिकोण से स्वीकृति प्राप्त की जानी चाहिए); •

(3) निर्धारित आवेदन-शुल्क की अदायगी को दर्शाने वाली बैंक रसीद/बैंक ड्राफ्ट; और

(4) आयात नीति के पैरा 6(17) में आने वाले दूरसंचार संघटकों को छोड़कर यदि आयात की जाने वाली इलैक्ट्रोनिक्स मदों का मूल्य 25 लाख रुपये से अधिक हो तो इलैक्ट्रोनिकी/दूरसंचार विभाग की मंजूरी । आयात नीति के पैरा 6(17) में आने वाले आयात दूरसंचार संघटकों के लिए यदि आयात मूल्य 25 लाख रुपये से अधिक हो तो दूरसंचार विभाग (दूरसंचार आयोग) की पूर्व मंजूरी होगी ।

(2) रिलीज की गई विदेशी मुद्रा एवं देशी दृष्टिकोण से उपलब्धता के आधार पर सम्बद्ध लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा आयात लाइसेंस जारी किए जाएंगे ।

टिप्पणी : उपर्युक्त के अनुसार जारी किए गए लाइसेंस के मद्दे माल का आयात करने के बाद, संबंधित बोर्ड/परियोजना/उपक्रम द्वारा तुरन्त केन्द्रीय बिजली प्राधिकरण, नई दिल्ली को वास्तव में आयात की गई मदों की सूची भेजी जानी चाहिए ताकि देशी उपलब्धता के साथ-साथ इस प्रकार आयात की गई मदों की पुनरीक्षा प्राधिकरण द्वारा की जा सके ।

महानिदेशक, संभरण और निपटान/भारतीय रेलवे/प्रतिरक्षा संगठनों एवं आकाशवाणी/दूरदर्शन अन्य विभागीय उपक्रमों द्वारा आवंटित सरकारी ठेके/भंडार

250. महानिदेशक, संभरण और निपटान, भारतीय रेलवे, प्रतिरक्षा संगठनों आकाशवाणी, दूरदर्शन तथा अन्य विभागीय उपक्रमों द्वारा व्यक्तियों या व्यापार फर्मों आदि को माल (कच्चा माल तथा पूंजीगत माल) के लिए दिए गए ठेकों के संबंध में आयात लाइसेंसों के लिए उनके आवेदन पत्रों को निपटाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, बशर्ते संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा विदेशी-मुद्रा मुक्त की गई हो ।

251. (1). **आयात संतुति प्रमाणपत्र**

उपरोक्त मामलों में, आवेदक को अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित बातें दर्शाते हुए संबंधित विभाग से आयात संस्तुति प्रमाण-पत्र (आई.आर.सी.) प्राप्त कर लेना चाहिए :—

1. ठेके/आदेश की संख्या तथा तारीख ।
2. माल का विवरण ।
3. आयात का देश ।
4. माल का ठेका संबंधी मूल्य ।
5. माल का लागत बीमा भाड़ा मूल्य ।

6. माल डिलीवरी की प्रत्याशित अवधि ।

7. मांगकर्ता का नाम ।

8. वह संख्या और तारीख जिसके अन्तर्गत विदेशी मुद्रा मुक्त की गई है ।

9. वह स्रोत जिससे विदेशी मुद्रा की व्यवस्था की गई है और भुगतान का तरीका ।

10. आयात के लिए आवेदित माल के संबंध में महानिदेशक, तकनीकी विकास से देशीय क्षमता की दृष्टि से प्राप्त की गई निकासी की संख्या तथा तारीख ।

11. प्रतिरूप उपस्कर सहित इलैक्ट्रानिक मदों के संबंध में 5 लाख रुपये या अधिक मूल्य के लिए और जहाजी उपस्कर और उनके पुर्जों के संबंध में मूल्यों को ध्यान में न रखते हुए इलैक्ट्रानिक विभाग से जो स्वीकृति प्राप्त की गई है उसकी संख्या और तारीख ।

टिप्पणी---(क) संबंधित आयात नीति के परिशिष्ट-2, भाग-ख, 3-क, 8 और 10 की मदों के संबंध में संबंधित विभागों के लिए यह आवश्यक होगा कि आयात की सिफारिश करने से पहले वह महानिदेशक, तकनीकी विकास से स्वीकृति प्राप्त कर ले । आयात नीति के परिशिष्ट-2, भाग-ख, और परिशिष्ट-3, भाग-ख में इस्पात की मदों के मामले में भी, इसी प्रकार की स्वीकृति, इस्पात विभाग, नई दिल्ली से प्राप्त की जाएगी । यदि कोई उपस्कर आयात करना होगा तो उस मामले में सभी मदों के लिए देशीय क्षमता के दृष्टिकोण से निकासी की आवश्यकता होगी और उपस्कर के प्रतिबंधित प्रकार की मदों के आयात को अनुमति नहीं होगी ।

(ख) संबंधित विभाग संगत ठेके से संबंधित सभी शर्तों के निर्णित हो जाने के बाद आयात संस्तुति प्रमाण-पत्र जारी करेगा और आयात संस्तुति प्रमाण-पत्र में इस संबंध में इंगित करेगा ।

(ग) आयात संस्तुति प्रमाण-पत्र की प्राप्ति पर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात (ए. एल. अनुभाग) किसी भी समिति को निर्दिष्ट किए बिना आयात लाइसेन्स जारी कर देगा ।

(2) उपरोक्त मामलों में, जहां आवेदक ने संबंधित विभाग से आयात अनुमोदन प्रमाण-पत्र (आई. आर. सी.) प्राप्त किया है, संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय के प्रयोजनों के लिए यदि कोई विदेशी मुद्रा की रिहाई नहीं की गई है तो अनुपूरक लाइसेंस दिए जाने की सामान्य प्रक्रिया को अपनाया जाएगा ।

252. **आवेदन का प्रपत्र और उसे भेजने का तरीका**

आयात संस्तुति प्रमाणपत्र की प्राप्ति कर लेने पर आवेदक को इस पुस्तक के परिशिष्ट-7 में दिये गए प्रपत्र "ख" में प्रत्येक संविदा/आदेश के संबंध में सभी प्रकार के माल को शामिल करते हुए एक समेकित आवेदन पत्र देना चाहिए । आवेदन पत्र के शीर्ष पर "महानिदेशक आपूर्ति और निपटान ठेका" या "रेलवे आदेश" या "प्रतिरक्षा ठेका" आदि जैसा भी मामला हो, बड़े अक्षरों में लिखा होना चाहिए । आवेदन पत्र के साथ इसके शुल्क के भुगतान को दिखाते हुए बैंक रसीद/दर्शनी हुंडी सहित संबंधित विभाग से प्राप्त आयात संस्तुति प्रमाण-पत्र और अन्य संबंधित दस्तावेज होने चाहिएं और इन्हें मुख्य नियंत्रक आयात एवं निर्यात (ए. एल. अनुभाग), नई दिल्ली को भेजना चाहिए। इस श्रेणी के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि कोई नहीं होगी ।

253. **लाइसेंसिंग प्राधिकारी के लिए सूचना**

यदि किसी कारण से लाइसेंसधारी आयातित माल को उस कार्य में उपयोग करने में असमर्थ रहता है, जिस कार्य के लिए उसको लाइसेन्स जारी किया गया था और उसी अवधि के दौरान उपयोग करने में असमर्थ रहता है जो अवधि संबंधित ठेके/आदेश में निर्धारित की गई थी तो जिस उद्देश्य के लिए माल के आयात की अनुमति दी गई थी, उस उद्देश्य के लिए माल का उपयोग करने में असफल रहने के कारणों का उल्लेख करते हुए लाइसेंसधारी संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी को इस संबंध में लिखित रूप में तुरंत आवश्यक सूचना देगा । इस सूचना के प्राप्त होने पर लाइसेंसिंग प्राधिकारी यथा संशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश 1955 की धारा 10-ग के अन्तर्गत कार्रवाई प्रारम्भ करने पर विचार करे और यह कार्रवाई उस अन्य कार्रवाई के अतिरिक्त होगी जो लाइसेंसधारी या अन्य व्यक्ति के विरुद्ध इस संबंध में की जा सकती है ।

अध्याय-8

विशेष लाइसेंसिंग प्रावधान

अनुमोदित होटलों की विशेष आवश्यकताएं

254. अनुमोदित होटलों द्वारा पूंजीगत माल के आयात की क्रियाविधि अध्याय-3 में दी गई है । अनुमोदित होटलों की अन्य आवश्यकताओं के आयात के लिए क्रियाविधि लागू होगी। पर्यटक होटलों (एक से पांच स्टार तक) और भारत सरकार, पर्यटन महानिदेशक, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित टूरिस्ट होटल भी अपनी अनिवार्य आयात की आवश्यकताओं को सम्मिलित करते हुए पूर्ववर्ती लाइसेंसिंग वर्ष के दौरान विदेशी पर्यटकों से उनके द्वारा अर्जित विदेशी मुद्रा के 10% तक के मूल्य तक डी जी टी डी से देशीय क्षमता की निकासी के बगैर पर्यटन महानिदेशक, नई दिल्ली की सिफारिशों के आधार पर आवेदन कर सकते हैं । टूरिस्ट होटलों (एक से पांच स्टार तक), रेस्टोरेन्टों तथा भारत सरकार, पर्यटन महानिदेशक नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित टूरिस्ट होटलों को कतिपय अन्य

सुविधाएं भी उपलब्ध हैं जिनका विवरण आयात-निर्यात नीति, 1990–93 (खण्ड-1) के अध्याय-8 में दिया गया है ।

कार्यालय मशीनों का आयात

255. (1) इस नीति के पैरा-118 में निर्दिष्ट अन्य मदों के तथा कार्यालय मशीनों के आयात के लिए लाइसेंस के लिए आवेदन-पत्र परिशिष्ट 3-क के प्रपत्र तथा इसके साथ मशीन तथा अन्य सामान जिसके लिए आयात लाइसेन्स प्राप्त किया गया है/किए गए हैं या उसी लाइसेंसिंग अवधि में आयात आवेदन पत्र दिए गए हैं, की मात्रा तथा मूल्य का उल्लेख करते हुए एक घोषणापत्र संलग्न किया जाए । पिछले दो लाइसेंसिंग वर्षों के दौरान किए गए आयातों की सूचना भी दी जाए । निर्यात सदन/व्यापार सदनों के मामले में लाइसेंसिंग प्राधिकारी आयातों की अनुमति उसी अवधि में आवेदित या अनुमति उसी प्रकार के अन्य आयातों को ध्यान में रखते हुए दंगे/अन्य आयातकों के मामले में आयात किए जाने से पूर्व उसी लाइसेंसिंग वर्ष तथा पूर्व लाइसेंसिंग वर्ष में उसी प्रकार के पहले अनुमति या आवेदित किए गए आयातों को ध्यान में रखा जाएगा । आवेदनपत्र सम्बन्धित लाइसेंसिंग प्राधिकारी को दिए जाएं ।

(2) सरकारी विभागों, बैंकों, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों बीमा कम्पनियों, एयरलाइन्स, अनुसंधान एवं विकास एकक, वैज्ञानिक या अनुसंधान प्रयोगशालाओं, उच्च शिक्षा के संस्थाओं और अस्पतालों के अपने निजी उपयोग के लिए कार्यालय मशीनों के आयात के लिए आवेदन-पत्र पर भी मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली द्वारा विचार किया जा सकता है । ऐसे आवेदन-पत्रों पर देशी उपलब्धता के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए पात्रता के आधार पर विचार किया जाएगा ।

(3) वाणिज्य तथा उद्योग मंडल द्वारा आवेदन-पत्र पर विचार किया जा सकता है जहां ऐसे आयातों के आवेदकों के क्रियाकलापों के विषय में औचित्य दे दिए जाते हैं । आयात लाइसेन्स के लिए आवेदन करते समय आवेदक को चाहिए कि वह पहले से ही उनके द्वारा विनिर्मित और आयातित मूल मशीनों की अलग-अलग किस्म बताए और किए जाने वाले आयातों के लिए औचित्य दें । सामान्यतः आयात के लिए उनके आवेदनपत्रों पर लाइसेन्स वर्ष में विचार किया जाएगा . जिन्होंने उपर्युक्त उपपैरा (1) के अन्तर्गत पिछले दो लाइसेंसिंग वर्षों में वे पहले से प्राप्त नहीं हैं के दौरान उन मशीनों के लिए लाइसेंस प्राप्त किया था ।

(4) उपर्युक्त उप पैरा दो के अंतर्गत कार्यालयों मशीनों के आयातकों के द्वारा इस नीति के अध्याय–8 में दिए गए अनुसार कार्यालय मशीनों के अतिरिक्त पुर्जे तथा उपभोग्यों के आयात की सुविधा का भी लाभ उठाया जा सकता है । कार्यालय मशीनों के आयातकों के ऐसे आवेदन पत्रों पर भी क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकारियों द्वारा विचार किया जा सकता है । उनके मामलों में लाइसेन्स का मूल्य 10,000/- रुपए तक सीमित है । 10,000/- रुपए से अधिक मूल्य के लाइसेंस के लिए आवेदनों पर मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात, नई दिल्ली (ए एल अनुभाग) द्वारा विचार किया जाएगा । आवेदन पत्र के साथ आवेदक को पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान आयात की गई मशीन का विवरण तथा उनका लागत बीमा भाड़ा मूल्य का उल्लेख करते हुए एक घोषणापत्र देना होगा ।

औ. क. मा. स. के. योजना

256. (1) आई. आर. एम. ए. सी. स्कीम—आइ. आर. एम. ए. सी. (औद्योगिक कच्चा माल सहायता केन्द्र) स्कीम के अन्तर्गत लाइसेन्स दिए जाने के लिए आवेदनपत्र मुख्य नियंत्रक, आयात, निर्यात, नई दिल्ली को परिशिष्ट-13 के प्रपत्र में दिए जाएं । आवेदन पत्र के साथ आयात की जाने वाली मदों की सूची भी संलग्न की जाए तथा आयात किए जाने की मात्रा तथा मूल्य का भी उल्लेख किया जाना चाहिए । खुले सामान्य लाइसेंस तथा अन्यों के अन्तर्गत मदों के आयात के लिए अलग-अलग आवेदन दिए जाए । पहले से उपयोग किए गए स्टाक की प्रतिपूर्ति के और आगे लाइसेंस पत्र दिए जा सकते हैं । ऐसे आवेदन पत्रों के साथ उपयोग किए गए लाइसेंसों, संभरित मात्रा तथा वास्तविक उपयोक्ताओं के नाम का विवरण संलग्न किया जाना चाहिए ।

समाचार-पत्र प्रतिष्ठान

257. जैसा कि प्रैस एण्ड रजिस्ट्रेशन आफ बुक्स एक्ट, 1867 में परिभाषा दी गई है, समाचारपत्रों के मामले में भारत के समाचार-पत्र पंजीयक, प्रायोजक प्राधिकारी होंगे ।

258. अखबारी कागज का आयात और वितरण भारत के राज्य व्यापार निगम के माध्यम से सरणीबद्ध है । समाचार-पत्र प्रतिष्ठानों को अखबारी कागज की अपनी आवश्यकताओं के लिए परिशिष्ठ-8क में दिए गए निर्धारित प्रपत्र में आबंटन के लिए आवेदन करना चाहिए ।

259. अखबारी कागज से अन्य आवश्यकताओं के लिए समाचार संस्थानों को अन्य वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) के समतुल्य माना जाएगा ।

260. अखबारी कागज और अन्य आवश्यकताओं के लिए उपर्युक्त सुविधाओं का विस्तार उन सहयोगी मुद्रणालयों के लिए भी किया जाएगा, जिन्होंने समाचारपत्रों के मुद्रण के लिए समाचारपत्रों के मालिकों के साथ लम्बी अवधि के लिए व्यवस्थाएं/ठेके कर लिए हैं । ऐसे मामलों में आवेदक को ऐसी व्यवस्था/ठेके का संतोषजनक साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहिए ।

261. समाचारपत्रों की साझे स्वामित्व वाली यूनिटों को एक स्थान से अधिक स्थानों पर स्थित अपनी सभी यूनिटों की आवश्यकताओं को सम्मिलित करते हुए समेकित रूप से आवेदन करने का विकल्प है । ऐसे मामलों में प्रत्येक यूनिट की आवश्यकता को एक सूची में अलग से दी जानी चाहिए और प्रत्येक के लिए अलग शपथ प्रमाणपत्र सहित समेकित आवेदन-पत्र के साथ लगाना चाहिए । ऐसे आवेदन-पत्रों को उस संबंधित क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकारियों को प्रस्तुत किया

जाना चाहिए जिनके क्षेत्राधिकार में उनका पंजीकृत मुख्य कार्यालय स्थित है ।

262. समाचार-पत्रों की प्रतिष्ठापनाओं द्वारा पूंजीगत माल की आवश्यकताओं के लिए अध्याय-तीन में दी गई प्रक्रिया लागू होगी ।

263. समाचार-पत्रों प्रतिष्ठानों को आयातित माल की खपत और उपयोग का एक लेखा परिशिष्ठ 8-ख में दिए गए प्रपत्र में रखना चाहिए ।

विद्युत ट्रांसफार्मरों के साथ ट्रांसफार्मरों के तेल का आयात

264. (1) ट्रांसफार्मर के साथ पहली बार भरने के लिए दिया गया तेल भी ट्रांसफार्मर का ही एक भाग समझा जा सकता है और इसकी निकासी की अनुमति ट्रांसफार्मरों के लिए जारी किए गए लाइसेंस पर दी जा सकती है । लेकिन, यह बात नोट कर ली जाए कि इस प्रकार अनुमति किए गए ट्रांसफार्मर तेल की मात्रा किसी भी परिस्थिति में ट्रांसफार्मर के टैंक की क्षमता से अधिक नहीं होगी । इस बात का सुनिश्चित कर लेना भी आवश्यक है कि तेल का आयात-बीमा-भाड़ा मूल्य और ट्रांसफार्मर का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य मिल कर ट्रांसफार्मर के लिए लाइसेंस में निर्दिष्ट लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के भीतर होना चाहिए ।

बेकार पोत भंडार की निकासी

265. बेकार पोत भंडारों की निकासी निम्नलिखित अनुसार नियंत्रित की जाएगी :—

(1) प्रत्येक मामले में 2000/- रुपए की मूल्य सीमा तक बेकार पोत भंडार की निकासी की अनुमति संबद्ध सीमाशुल्क समाहर्ता द्वारा सीमा शुल्क परमिट के बिना ही दी जा सकती है ।

(2) जिस मामले में पोत भंडारों का मूल्य एक समय में 2000/- रुपए से अधिक हो और विदेशी पोतों से निकासी की अनुमति दे दी हो, उस मामले में क्षेत्रीय लाइसेंस अधिकारी कस्टम द्वारा निर्धारित मूल्य के आधार पर मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रतियों के बिना सीमाशुल्क निकासी परमिट जारी कर सकते हैं । ऐसे सभी सीमाशुल्क निकासी परमिटों का मूल्य, संबद्ध लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा मूल्य नियंत्रक, आयात-निर्यात की तदर्थ उच्चतम सीमा के नामे डाल दिया जाएगा ।

(3) जिन मामलों में विदेशी पोत शामिल नहीं हैं और भंडारों का मूल्य 2000/- रुपए से अधिक है, ऐसे सभी मामलों में लाइसेंस प्राधिकारी मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रतियों के बिना सीमा शुल्क निकासी परमिट जारी कर सकते हैं ।

अभिज्ञात न किए जाने वाले या लावारिस माल, अतिरिक्त अवतरित माल, झाड़न आदि माल की स्वीकृति ।

266. (1) न पहचानने योग्य या लावारिस माल की निकासी के लिए स्टीमर के एजेन्टों से प्राप्त आवेदनपत्रों के आधार पर संबद्ध क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारी सीमा शुल्क निकासी परमिट जारी कर सकते हैं । जिस मामले में ऐसे माल का मूल्य 1000/- रुपए से अधिक न हो उसमें सीमा शुल्क निकासी परमिट के बिना ही सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा निकासी की अनुमति दी जा सकती है ।

(2) अतिरिक्त संख्या में अवतरित माल की निकासी के लिए सीमा शुल्क निकासी परमिट प्रदान करने के लिए भी स्टीमर एजेन्ट क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारियों से आवेदन कर सकते हैं । उन मामलों में जहां माल का मूल्य 5,000/- रुपये है वहां वास्तविकता का सत्यापन करने के बाद मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली द्वारा सीमा शुल्क निकासी परमिट जारी किया जाएगा ।

(3) सीमा शुल्क प्राधिकारी वास्तविक झाड़न (अर्थात गोदी में शेडों की झाड़न द्वारा प्राप्त माल थैलों में भरे हुए माल के अवशिष्ट) की निकासी की अनुमति आयात लाइसेंसों के बिना ही दे सकते हैं चाहे वह योग्य हो अथवा नहीं, बशर्ते कि :—

(1) झाड़न का माल एक विशेष पोत से प्राप्त हुआ है ।

(2) यदि माल शुल्क चुकाने योग्य हो तो विषयाधीन पोत के सारे सूचीबद्ध माल पर पूर्ण शुल्क चुका दिया गया हो, यदि माल मुक्त हो तो सीमा शुल्क प्राधिकारी द्वारा सारे सूचीबद्ध माल की निकासी कर दी गई हो ।

(3) एक विशेष पोत पर अतिरिक्त माल नहीं था; और

(4) पोर्ट ट्रस्ट प्राधिकारी द्वारा यह प्रमाणित कर दिया गया हो कि झाड़न का माल यथार्थ है और गोदी के शेडों से प्राप्त किया गया है ।

(4) इन मामलों में यदि स्वीकृत किए जाने वाले माल का आयात लागू आयात नीति के अन्तर्गत सार्वजनिक क्षेत्र की एजेंसी के माध्यम से सरणीबद्ध हो तो निकासी इस शर्त के अधीन होगी कि सरणीबद्ध अभिकरणों को माल स्थलीय लागत पर बेचा जाएगा ।

पड़ोसी देशों से आयात

267. पड़ोसी देशों से व्यापार के मामले में मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात द्वारा समय-समय पर विशेष निदेश जारी किए जाएंगे ।

व्यापार समझौतों के अधीन लाइसेंस देना

268. (1) भारत सरकार ने कई विदेशों के साथ व्यापार समझौते किए हैं । ये व्यापार समझौते समय समय पर परिशोधित किए जाते हैं । व्यापार समझौते के अतिरिक्त कुछ देशों के साथ विशेष भुगतान एवं व्यापार व्यवस्थाएं भी

लागू की गई हैं । इन विशेष वर्षों के साथ विशेष भुगतान और व्यापार व्यवस्थाओं के अधीन समय-समय पर लाइसेंस जारी किए जाते हैं । आयातकों को सलाह दी जाती है कि पूर्ण विवरण के लिए मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली से संपर्क करें ।

(2) अन्तर शासकीय समझौते के अधीन आने वाली मदों के आयात के मामले में किसी प्रावधान के विपरीत होते हुए भी जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ समझौते के अधीन आयात करने के लिए आयात लाइसेंस की व्यवस्था है, विभाग और उपक्रमों के सहित इच्छुक आयातकों को ऐसी मदों के लिए ऐसी विशेष शर्तों के साथ आयात लाइसेंस प्राप्त करने पड़ेंगे जो कि उचित समझी जाएंगी भले ही वे मद आयात के लिए खुले सामान्य लाइसेन्स के अन्तर्गत अनुमति हों ।

3. आयात लाइसेन्स प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र और तरीके में मुख्य नियंत्रक आयात एवं निर्यात (सी. जी. सैल.) उद्योग भवन, नई दिल्ली को भेजे जाने चाहिए ।

रेडियो-एक्टिव आइसोटाप्स का आयात

269. रेडियो-एक्टिव आइसोटाप्स के आयात के लिए परमाणु ऊर्जा विभाग, बम्बई को आवेदन किया जाना चाहिए ।

संवाददाताओं और समाचार एजेंसियों को फिल्मों के लिए सीमा-शुल्क निकासी परमिट प्रदान करना

270. नियमित संवाददाताओं/समाचार एजेंसियों द्वारा अप्रदर्शित फिल्मों के निःशुल्क आयात के लिए सीमा शुल्क निकासी परमिट जारी करने के लिए प्रैस सूचना ब्यूरो, नई दिल्ली की सिफारिश पर लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा विचार किया जाएगा । तथापि, विदेशों में सरकारी प्रतिनिधि मण्डलों के साथ जाने वाले दूरदर्शन/आकाशवाणी के संवाददाताओं और कैमरा मैन भी बिना किसी सीमाशुल्क निकासी परमिट के दूरदर्शन/आकाशवाणी के लिए एक्सपोज्ड/अनएक्सपोज्ड फिल्मों की निकासी की स्वीकृति देंगे ।

भारतीय व्यापार मेला प्राधिकरण द्वारा आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय मेलों/प्रदर्शनियों के लिए आयातित प्रदर्शित की जाने वाली वस्तुओं की बिक्री

271. (1) प्रदर्शित वस्तुओं की बिक्री अगर अनुमति दी जाती है, तो पुनः निर्यात के लिए अनुमति बंधक अवधि के भीतर केवल वैध आयात लाइसेंस के अधीन अनुमति दी जाएगी । यह सुविधा ऐसे वास्तविक उपयोक्ताओं को भी प्राप्त होगी जो खुले सामान्य लाइसेंस के अंतर्गत उसी माल के आयात के लिए पात्र हैं । आयातक के नियंत्रण से बाहर परिस्थितियों के कारण यदि माल की बिक्री बंधक अवधि के, अंतर्गत प्रभावित नहीं हुई है तो पत्तन प्राधिकारी अपने विवेक से बंधक अवधि में वृद्धि कर सकते हैं ।

(2) भारतीय व्यापार मेला प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा मेले में प्रत्येक प्रदर्शक को उनकी प्रदर्शित वस्तु की बिक्री के लिए निम्न प्रकार से मेला कोटा दिया जाएगा :—

1. राष्ट्रीय स्तर पर मेले में भाग ले रहे प्रत्येक देश के लिए 7,500/- रुपये प्रति वर्ग मीटर के बुक किए गए स्थान के लिए जो अधिकतम 1,50,00,000/- रु. तक हो ।
2. मेलों में स्वतंत्र रूप से भाग ले रही प्रत्येक विदेशी वाणिज्यिक फर्म के लिए 4,500/- रु. प्रति वर्ग मीटर के बुक किए गए स्थान के लिए जो अधिकतम 25 लाख रुपये तक हो ।

(3) ऐसी प्रदर्शित वस्तुओं की बिक्री की क्रिया विधि नीचे दी गई है :—

(1) अगर बिक्री के लिए प्रस्तावित मशीनरी खुले सामान्य लाइसेंस के अंतर्गत अनुमित है तो लाइसेंस प्राधिकारी की अनुमति के बगैर कस्टम द्वारा पात्र वास्तविक उपयोक्ताओं को इसकी बिक्री की अनुमति दी जाएगी ।

(2) अगर खरीददार/वास्तविक उपयोक्ता के पास उक्त मशीनरी के आयात का लाइसेंस है तो आयात लाइसेंस में कटौती करके कस्टम द्वारा उस मशीनरी की बिक्री अनुमित है ।

(3) जहां बिक्री के लिए प्रस्तावित मशीनरी अनबंधित सूची या खुले सामान्य लाइसेंस के अंतर्गत नहीं है और इसका मूल्य 10 लाख रुपये से अधिक नहीं है, तो संबंधित अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शक के सामान्य हकदारी कोटे के भीतर पात्र वास्तविक उपयोक्ताओं को आयात लाइसेंस के प्रति उसकी बिक्री की अनुमति है । इन मामलों में आयात लाइसेंस देशीय क्षमता दृष्टि-कोण और अनिवार्यता प्रमाणपत्र के संदर्भ के बगैर जारी किए जाते हैं । किसी भी वास्तविक उपयोक्ता को उसी श्रेणी की एक से अधिक मशीनरी खरीदने की अनुमति नहीं है ।

(4) यदि बेची जाने वाली मशीनरी प्रतिबंधित सूची में नहीं है या खुले सामान्य लाइसेंस में नहीं है और उसका मूल्य 10 लाख रुपये से अधिक है किन्तु 50 लाख रुपये से कम है तो वास्तविक उपयोक्ता को बिक्री की अनुमति संबंधित अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शक के उचित कोटा हकदारी के भीतर आयात लाइसेंस के मदद की जाएगी । ऐसे मामलों में आयात लाइसेंस महानिदेशक, तकनीकी विकास से देशीय क्षमता और अनिवार्यता प्रमाण-पत्र के प्राप्त करने के बाद जारी किए जाते हैं । ऐसे मामलों में विज्ञापन प्रक्रिया की अनुपालना एवं पंजीगत माल के आयात के लिए निर्धारित पूंजीगत माल समिति का अनुमोदन

प्राप्त करना अपेक्षित नहीं होगा । किसी भी वास्तविक उपयोक्ता का उसी श्रेणी की मशीनरी के एक नग से अधिक के खरीदने की अनुमति नहीं है ।

(5) उपर्युक्त (1), (3) और (4) में निर्दिष्ट मामलों में खरीददार वास्तविक उपयोक्ता को यह घोषणा देनी अपेक्षित है कि खरीदी जाने वाली मशीन उत्पादन की प्राधिकृत क्षमता से अधिक नहीं होगी और यह किसी अन्य प्रकार से औद्योगिक लाइसेंसिंग नीति का उल्लंघन नहीं करेंगे और यह वास्तविक उपयोक्ता शर्त के अधीन होगा ।

(6) उपर्युक्त श्रेणी में सम्मिलित न होने वाले मामले के संबंध में सामान्य पूंजीगत माल क्रियाविधि लागू होगी और मशीन को खरीदने के लिए लाइसेंस की देने के वास्ते जैसा भी मामला हो, पूंजीगत माल तदर्थ एवं पूंजीगत माल मुख्य समितियों द्वारा विचार किया जाता है ।

(7) पात्र वास्तविक उपयोक्ता द्वारा प्रदर्शित की गई हकदारी के उचित कोटे के अंतर्गत आयात लाइसेंस देने के लिए आवेदन-पत्र या तो संबंधित देश के भारत में राजनयिक दूतावासों के माध्यम से अथवा व्यापार मेला प्राधिकरण के माध्यम से देने होंगे जो इनको समन्वित करेंगे और उन्हें मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात, नई दिल्ली को प्रेषित करेंगे ।

खेल विकास के लिए खेल का सामान/उपकरण का आयात

272. (1) खेलों के सामान/उपस्कर जो देश में उपलब्ध नहीं है, उनके आयात के लिए केन्द्र और राज्य सरकार के खेलों से संबंधित कार्य वाले संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों/विश्वविद्यालयों, खिलाड़ियों के महासंघों, खेलकूद क्लबों और श्रेष्ठ खिलाड़ियों से संबंधित, केन्द्र या राज्य सरकार के विभागों द्वारा विधिवत प्रायोजित और अनुशंसित आवेदनपत्रों पर विचार किया जाएगा ।'

(2) आवेदन-पत्र आयात-निर्यात प्रक्रिया पुस्तक, 1990–93 के परिशिष्ट-3घ में इस प्रयोजन के लिए निर्धारित प्रपत्र में संबंधित प्रायोजक प्राधिकारी के माध्यम से मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को भेजे जाएं । प्रायोजक प्राधिकारी आयात के लिए सिफारिश करने से पहले महानिदेशक, तकनीकी विकास (आयात एवं निर्यात नीति सेल), उद्योग भवन, नई दिल्ली से देशी निकासी प्राप्त करेगा । आयात-निर्यात नीति, 1990–93 (खण्ड 1) पुस्तक के परिशिष्ट 11 में सूचीबद्ध मदों के संबंध में महानिदेशक, तकनीकी विकास से देशी निकासी प्राप्त करना आवश्यक नहीं होगा ।

(3) एक लाख रुपए से ऊपर वाले आवेदन-पत्र अन्तर-विभागीय, समिति के सामने रखे जाएंगे । ऐसे आवेदक पत्रों पर विदेशी मुद्रा की उपलब्धता पर ही विचार किया जाएगा ।

(4) ऐसे मामलों में आयात लाइसेंस मुख्य नियन्त्रक आयात-निर्यात द्वारा आयातित उपकरण के उपयोग और वितरण के सन्दर्भ में निर्धारित शर्तों के अधीन होंगे ।

अध्याय–9

कार और वाहन का आयात

मोटरवाहनों का आयात

273. कारों एवं वाहनों के आयात के लिए नीति, आयात-निर्यात नीति (खण्ड-1), 1990—93 के अध्याय-9 में दी गई है ।

प्रक्रिया

274. आयात लाइसेंस/सीमाशुल्क निकासी परमिट के लिए आवेदन पत्र परिशिष्ट-9 में दिए गए प्रपत्र में मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात (बी. एल. अनुभाग) नई दिल्ली को भेजे जाने चाहिए और इसके साथ निर्धारित आवेदन शुल्क की अदायगी का वाउचर अर्थात्—500/- रु. (अथवा भारतीय दूतावास में जमा की जाने वाली विदेशी मुद्रा में समतुल्य राशि) आवेदित कार अथवा वाहन के मूल्यों को ध्यान में न रखते हुए भेजा जाना चाहिए ।

लागू होने वाली शर्तें

275. (1) वाहन के भारत में पहुंचने के बाद उसे केवल लाइसेन्स धारक के नाम में पंजीकृत कराना चाहिए ।

(2) पत्तन पर निकासी से पूर्व लाइसेन्सधारी भारत के राष्ट्रपति के नाम में वाहन के लागत-बीमा भाड़ा मूल्य के लिए गणना की गई सीमा शुल्क धनराशि के बराबर के लिए स्थानीय लाइसेन्स प्राधिकारियों के पास निर्धारित प्रपत्र में एक बांड का निष्पादन करेगा । जिसमें आयात लाइसेंस–सीमा शुल्क निकासी परमिट के लिए लागू शर्तों को पूरा करने के लिए वचन दिया जाएगा और उस बांड के साथ अनुसूचित बैंक की गारन्टी भी होगी । इसके बदले में वह 'बिक्री बन्द' अवधि की मुद्रा के लिए उपर्युक्त वाहन को रहन रखने के मद्दे वाहन के लागत बीमा-भाड़ा मूल्य की गणना की गई सीमा शुल्क के लिए अनुसूचित बैंक द्वारा प्रतिभूति प्रस्तुत कर सकता है । प्रारम्भ में, बांड/प्रतिभूति/कानूनी समझौता 6 वर्ष के लिए वैध होना चाहिए, किन्तु लाइसेन्स/सीमा शुल्क निकासी परमिट के धारक को इसकी अवधि वृद्धि या पुनर्वैधीकरण के लिए प्रारम्भिक अवधि की समाप्ति से 6 महीने पहले ऐसे समय तक के लिए बढ़ा दिया या नवीकृत किया जाएगा, जिसे लाइसेन्स प्राधिकारी आवश्यक समझे (लाइसेन्स प्राधिकारी व्यक्तिगत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बांड प्रपत्र में उपयुक्त आशोधन कर सकते हैं) । तथापि, संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी 'बिक्री बंद' अवधि के बाद बैंक गारन्टी पर पुनः विचार करेगा । श्रेणी 'क' के मामले में 'बिक्री बंद' अवधि लागू न होगी ।

(3) लाइसेंसधारी नीचे दर्शाई गई बिक्री बन्द की अवधि (अवधियों) के भीतर लाइसेन्स प्राधिकारी की पूर्व लिखित अनुमति के बिना वाहन के स्वामित्व या कब्जे का हस्तान्तरण नहीं करेगा । यदि हस्तान्तरण अनुमति किया जाता है वह ऐसी कीमत और नियम एवं अन्य शर्तों के अधीन होगा

जो हस्तांतरी/स्वीकृत समय आदि के अनुकूल हो जैसा कि लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा विशिष्टीकृत किया जाए । आयातकों की श्रेणियां आयात-निर्यात नीति पुस्तक के अध्याय-9 में परिभाषित की गई हैं ।

(1) **श्रेणियां ख, घ, च, छ, ज तथा झ**

बिक्री बन्द अवधि आयात किए जाने की तारीख से 5 वर्ष होगी;

(2) **श्रेणी-ग**

आयातक के भारत छोड़ने पर वाहन का पुनः निर्यात किया जाएगा किन्तु इसमें एक बार 3 मास तक की लघु विदेशी यात्रा शामिल नहीं होगी । सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा आयातक को नीचे के उप पैरा-7 में निहित शर्तों के अधीन अन्य पात्र विदेशी नागरिक को भारत में वाहन बेचने के लिए भी अनुमति दी जा सकती है या किसी अन्य व्यक्ति अभिकरण को भी ऐसी शर्तों के अधीन और अन्य शर्तें जैसे हस्तांतरी, कीमत आदि जो लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा निर्धारित की जाए ।

(3) **श्रेणी-ङ**

(क) कार विदेशी सहयोगकर्त्ताओं के कारण रोक रखी जाएगी और मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली की पूर्व लिखित अनुमति के बिना किसी भी समय कार को न तो बेचा जाएगा न अन्यथा रूप से निपटाया जाएगा, बन्धक रखा जाएगा, गिरवी रखा जाएगा । लेकिन, मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात आयात की तिथि से दस वर्ष बीत जाने के बाद आयातित कार की बिक्री के लिए आवेदन पर विचार कर सकते हैं । ऐसे मामलों में बिक्री के लिए कार, पहले भारतीय राज्य व्यापार निगम को प्रस्तुत करनी होगी ।

(ख) ये शर्तें उन मामलों में भी लागू होंगी जहां आयात आवेदनपत्र पहले ही जारी किया जा चुका हो लेकिन संबद्ध लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा बांड स्वीकार नहीं किया गया हो ।

4. श्रेणी (ख) के लाइसेंसधारी एक वर्ष से अधिक की अवधि के लिए विदेश यात्रा पर जाते समय भारत में वाहन को नहीं छोड़ेंगे । ऐसी अनुपस्थिति में, किसी भी हालत में उस अवधि के दौरान वाहन सामान्यतः परिवार के किसी और सदस्य की सुरक्षा में छोड़ना चाहिए । यदि लाइसेंसधारक को विदेश में एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए जाना पड़ता है तो उसे अधिक अवधि के लिए ठहरने के कारण बताते हुए और वापस लौटने की प्रस्तावित तिथि का हवाला देते हुए उस लाइसेंस प्राधिकारी को उसकी सूचना पावती पंजीकृत डाक से देनी चाहिए जिसके पास बांड निष्पादित किया गया था । यह श्रेणी 'क' पर लागू ही होगा ।

5. एक वर्ष से अधिक विदेश में ठहरने की अवधि के लिए, लाइसेंसधारी ऐसी अधिक ठहरने की अवधि के लिए बांड की अवधि को तभी बढ़ा सकता है जब कि उसे ऐसा करने के लिए लाइसेंस प्राधिकारियों से छूट प्राप्त हो जाए । विदेश में ठहरने की कुल अवधि यदि दो वर्ष से अधिक हो जाने की संभावना है, तो सभी मामलों में लाइसेंस प्राधिकारी की पूर्व लिखित अनुमति प्राप्त करनी अनिवार्य होगी । ऐसा न करने पर आयातित वाहन को जब्त भी किया जा सकता है ।

6. लाइसेंसधारी को यह खुली छूट होगी कि वह सदा के लिए देश छोड़ते समय वाहन को पुनः निर्यात कर सकता है, किन्तु इसके लिए पहले से ही लाइसेंस प्राधिकारी को सूचित कर देना चाहिए ।

7. लेकिन, विदेशी राष्ट्रिक लाइसेंसधारी को यह छूट होगी कि वाहन को भारत में अन्य विदेशी राष्ट्रिक को बेच सकता है बशर्ते कि (क) लागू नीति के अधीन क्रेता स्वयं उसके आयात के लिए पात्र है, (ख) किसी भी ढंग से भारत से प्रेषण को शामिल किए बिना क्रेता ने अपने निजी फण्ड में से विदेश में उसका मूल्य और खर्च का भुगतान कर दिया हो, (ग) क्रेता उन शर्तों का पालन करने के लिए वचनबद्ध हो जिनके अधीन आयात की अनुमति दी गई थी और (घ) लाइसेंस प्राधिकारी की संतुष्टि के लिए इन जरूरतों को पूरा करने के लिए क्रेता बैंक गारन्टी सहित बांड को पूरा करता हो । खुले बाजार में आयातित कार की बिक्री की अनुमति इन शर्तों के अध्याधीन होगी कि बिक्री से प्राप्त लाभ का प्रत्यावर्तित भाग विदेशी मुद्रा में किए गए भुगतान में से मूल्यह्रास को कम करने के पश्चात् लैंडिड मूल्य से अधिक न हो ।

8. पत्तन पर वाहन की निकासी करने और बांड निष्पादित करने के पश्चात् लाइसेंसधारी वाहन को उतारने के पत्तन पर भारत में अपने (अभिप्रेत) निवास स्थान की सूचना लाइसेंस प्राधिकारी को तत्काल ही देगा, अर्थात् जहां कार रखी जाएगी और उपयोग की जाएगी । तब उसके मामले से संबंधित बांड और अन्य कागजात उस लाइसेंस प्राधिकारी को हस्तांतरित किए जाएंगे जिसके क्षेत्राधिकार में व्यक्ति रहता है । उसके बाद सभी आगामी पत्राचार केवल उक्त प्राधिकारी के साथ होने चाहिएं और इस नीति के अन्तर्गत अधिकार और आभार का उपयोग उसके द्वारा किया जाएगा ।

9. लाइसेंसधारी से मांगे जाने पर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात या लाइसेंस प्राधिकारी को यह सिद्ध करने के लिए साक्ष्य प्रस्तुत करने चाहिएं कि बांड की अवधि के दौरान वाहन उसके स्वामित्व और अधिकार में रहा है । यदि मोटर वाहन अधिनियम या पुलिस से संबद्ध अन्य सरकारी प्राधिकारी (केन्द्र या राज्य) द्वारा किसी प्रकार का उल्लंघन पाया जाता है, तो वे उसकी सूचना तुरन्त मुख्य नियंत्रक, आयात व निर्यात या संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी को देगा ।

10. जिन व्यक्तियों को वाहन का स्वामित्व दिया गया हो या जो इस नीति के अधीन आयातित वाहन की खरीद की बातचीत कर रहे हों उन्हें अपने हित के लिए, इस बात का सुनिश्चय

कर लेना चाहिए कि वे ऐसा करने के लिए स्वयं स्वतन्त्र हैं अर्थात् नीति और संबद्ध बांड की शर्तों के अनुसार वाहन उनके अधिकार या स्वामित्व में हो सकता है । ऐसा करने के लिए प्रमाण का दायित्व उनके ऊपर ही होगा । इस नीति के अधीन अप्राधिकृत व्यक्तियों के अधिकार में पाए गए वाहन बिना किसी शर्त के जब्त कर लिए जाएंगे ।

अध्याय–10

उपहारों का आयात

276. उपहारों के आयात के लिए लागू नीति आयात-निर्यात नीति 1990–93 (खण्ड-1) के अध्याय-10 में दी गई है। उपहारों की मदों के आयात के बिना इस पुस्तक के परिशिष्ट-10 में दिए आवेदनपत्र में दिए जाने चाहिए ।

वीडियो टेप कैसेट रिकार्डर्स (टीवी मोनिटर कैमरा सहित अथवा रहित) का आयात

277. आवेदन-पत्र संबद्ध क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारियों को भेजे जाएं तथा आवेदन-पत्रों के साथ निम्नलिखित दस्तावेज होने चाहिएं :—

(1) उपहार भेजने वाले व्यक्ति का मूल रूप में पत्र;

(2) न्यायिक प्राधिकारी या नोटरी पब्लिक या शपथ आयुक्त या भारतीय उच्चायोग दूतावास वाणिज्यिक दूतावास के सामने विधिवत् शपथ लेकर उपयुक्त मूल्य के स्टाम्प पेपर पर यह दिखाते हुए आवेदक का एक शपथ-पत्र कि उपहार देने वाले व्यक्ति का आवेदक के साथ उचित रिश्ता क्या है ।

उपहार के रूप में अन्य वस्तुओं का आयात

278. (1) अन्य मामलों में उपहार के रूप में प्राप्त वस्तुओं के आयात के लिए सीमा-शुल्क निकासी परमिट देने के लिए आवेदन-पत्रों पर गुणावगुण के आधार पर विचार किया जाएगा । व्यक्तियों, संस्थाओं और प्रतिष्ठानों में ऐसे आवेदन-पत्रों पर विचार किया जा सकता है । सीमाशुल्क निकासी परमिट के लिए आवेदन-पत्र देने से पहले विदेशी योगदान (विनियमन) अधिनियम, 1976 की व्यवस्थाओं, जब ये लागू होती हों, का अनुपालन किया जाना चाहिए ।

(2) उपहारों के रूप में अन्य वस्तुओं के आयात के लिए आवेदन-पत्र मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली को भेजे जाने चाहिएं । तथापि, निम्न प्रकार के मामलों में आवेदन-पत्र संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारियों को भेजे जाने चाहिएं:—

(क) जबकि किसी संस्थान के मामले में उसके निजी उपयोग के लिए वस्तुओं के संबंध में मूल्य 25,000 रु. से अधिक न हो; और

(ख) जबकि किसी पंजीकृत व्यावसायिक चिकित्सक के मामले में उसके निजी व्यावसायिक उपयोग के लिए अपेक्षित उपस्करों, उपकरणों के संबंध में मूल्य 10,000 रु. से अधिक न हो ।

(3) जहां किसी व्यक्ति द्वारा अपने स्वयं के उपयोग के लिए वस्तुएं उपहार के रूप में प्राप्त होती हैं को छोड़कर आवेदन शुल्क निर्धारित दर के हिसाब से अदा करना जरूरी होगा । आवेदक को चाहिए कि अपने आवेदन-पत्र के साथ उपहार-दाता से प्राप्त मूल पत्र को भी भेजें ।

(4) उन संस्थाओं के मामले में जहां उपहार के रूप में दी जाने वाली वस्तु का लागत बीमा भाड़ा मूल्य 2 लाख रुपये से अधिक हो, आवेदक को चाहिए कि आयात के लिए वह आवेदन पत्र के साथ जैसा भी मामला हो, राज्य सरकार या केन्द्रीय सरकार की सिफारिश ही भेजें ।

(5) उपहार के रूप में दी जाने वाली सामग्री के मूल्य के अलावा इन आवेदन-पत्रों का निर्णय करते समय जिन मुख्य बातों पर ध्यान दिया जाएगा, वे होंगी उपहार के रूप में दी जाने वाली वस्तु की प्रकृति, उपहारदाता और उपहार प्राप्तकर्ता के बीच के आपसी संबंध एवं उद्देश्य जिसके लिए उस वस्तु का आयात किया जाना है । उचित मामलों में लाइसेंस प्राधिकारी अन्य संबद्ध मंत्रालयों के साथ परामर्श कर सकता है ।

(6) जहां कहीं भी सीमाशुल्क निकासी परमिट जारी किए जाएंगे वे लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा लगाई जाने वाली शर्तों के अधीन होंगे ।

अध्याय–11

विदेश से आने वाले अप्रवासी भारतीयों/भारतीय मूल के व्यक्तियों को आयात के लिए सुविधाएं

279. अप्रवासी भारतीयों/भारतीय मूल के व्यक्तियों को पूंजीगत माल, कच्चे माल, संघटकों, उपभोज्यों तथा अतिरिक्त पुर्जों के आयात के लिए कुछ विशेष सुविधाएं दी जाती हैं ।

280. (क) पूंजीगत माल के लिए आवेदन-पत्र इस प्रयोजन के लिए प्रक्रिया पुस्तक 1990—93 में परिशिष्ट-11क में दिए जाने चाहिएं । कच्चे माल, संघटकों, उपभोज्य सामग्री और अतिरिक्त पुर्जों के लिए आवेदन-पत्र उस समय तक उसी प्रपत्र में भेजने चाहिएं जब तक कि आवेदक, वास्तविक उपयोक्ताओं के लिए लागू सामान्य नीति नहीं अपना लेता । ये आवेदन-पत्र विशेष अनुमोदन समिति (एस. आर. आई.) औद्योगिक विकास विभाग, उद्योग भवन, नई दिल्ली को भेजे जाने चाहिएं ।

(ख) औद्योगिक लाइसेंस प्रदान करने के लिए निर्धारित प्रपत्र-2 में 4 अतिरिक्त प्रतियों के साथ आवेदन-पत्र और विदेशी सहयोग के लिए प्रस्ताव पर भी विशेष अनुमोदन समिति (एस. आर. आई.) द्वारा विचार किया जाएगा । इस तरह अप्रवासी भारतीय मूल के व्यक्ति द्वारा प्रत्येक प्रस्ताव पर मिश्रित आधार पर विचार किया जाएगा । जिसमें जहां आवश्यक होगा, औद्योगिक लाइसेंस जारी करना भी शामिल होगा । सरकार के निर्णय से आवेदक को 45 दिनों के भीतर सूचित किया जाएगा ।

(ग) आयातक को तिथि से 5 वर्ष की अवधि के लिए पूंजीगत माल के बेचने के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी । इसके पश्चात्,

ऐसी बिक्री केवल मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली की पूर्व अनुमति से ही दी जाएगी ।

अध्याय—12

प्रौद्योगिकी का आयात

281. प्रौद्योगिकी के आयात के लिए विस्तृत प्रावधान, आयात-निर्यात नीति 1990—93 के अध्याय-12 में दी गई हैं। ड्राइंग और डिजाइनों के आयात के लिए आवेदन-पत्र, परिशिष्ट-12 में दिए गए प्रपत्र-ठ में भेजे जाने चाहिएं ।

तकनीकी विकास निधि के अंतर्गत आयात

282. आयात के लिए आवेदन-पत्र विशेष समिति, तकनीकी विकास निधि, औद्योगिक विकास विभाग (प्राप्ति व निर्गम अनुभाग), उद्योग भवन, नई दिल्ली को पूंजीगत माल के आयात, विदेशी सहयोग आदि के लिए निर्धारित प्रपत्र में और अपेक्षित प्रतियों के साथ भेजने चाहिएं । इस पुस्तक की कण्डिका 154 (1) में दर्शाए गए प्रतिबंध इन मामलों में लागू नहीं होंगे । पूंजीगत माल के लिए आवेदन-पत्र के साथ निर्धारित आवेदन शुल्क के लिए बैंक रसीद/डिमांड ड्राफ्ट होना चाहिए । इनके साथ यूनिट को व्यापक आधुनिकीकरण योजना का विस्तारपूर्वक उल्लेख करते हुए और आयातित माल निर्यात विकास प्रौद्योगिकी को उन्नत करने में, क्षमता के उपयोग आदि में किस प्रकार सहायता करेगा, इसका उल्लेख करते हुए एक टिप्पणी होनी चाहिए ।

283. (1) अनुमोदित परियोजनाओं के सुविधापूर्वक शीघ्र कार्यान्वयन के लिए निम्नलिखित सरलीकरण भी आरम्भ किया गया है :—

(क) विदेशी मुद्रा का निर्धारण आयात के अनुमोदन के साथ-साथ होगा और आगे विदेशी मुद्रा का ऋण मांगने के लिए किसी क्रियाविधि की आवश्यकता नहीं होगी;

(ख) प्रायोजक प्राधिकारियों द्वारा देशी निकासी की जाएगी और उपयुक्त मामलों में देशी निकासी की शर्त हटा दी जाएगी; और

(ग) आवेदन-पत्रों पर निर्णय 45 दिनों के भीतर दिया जाएगा; और

(2) आयात लाइसेंस मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के कार्यालय में पूंजीगत माल सैल द्वारा दिए जाएंगे । औद्योगिक विकास विभाग अपनी सिफारिशों को मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को भेजते हुए आवेदन-पत्र को उसके संलग्नकों सहित तथा आवेदन-पत्र शुल्क के लिए मूल बैंक रसीद/डिमांड ड्राफ्ट भी भेजेगा ।

ऊर्जा संरक्षण के लिए मदों का आयात

284. इस नीति के अध्याय-12 में शामिल तथा ऊर्जा संरक्षण के लिए औद्योगिक यूनिटों के द्वारा अपेक्षित मदों के आयात के लिए आवेदन-पत्रों पर मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात, नई दिल्ली द्वारा महानिदेशक तकनीकी विकास, आयात तथा निर्यात, नीति सैल, उद्योग भवन, नई दिल्ली की सिफारिश के आधार पर विचार किया जाएगा ।

285. ऐसे आवेदन-पत्र जो इस योजना के अधीन अनुमोदित नहीं हैं उनके निपटान के लिए स्वत: रूप से सामान्य प्रक्रिया के अधीन विचार किया जाएगा । आवेदक के लिए यह आवश्यक नहीं होगा कि वह नए सिरे से फिर आवेदन करे ।

अध्याय—13

स्टाक एवं बिक्री के लिए मदें

286. ताजे फलों, सूखे मेवों तथा फोटोग्राफिक फिल्मों, अग्निशस्त्रों, विडिसाइड्स तथा स्टाक एवं बिक्री के लिए यंत्रों के अतिरिक्त पुर्जों का आयात करने हेतु आयात-निर्यात नीति 1990—93 (खंड-1) के अध्याय-13 में निर्धारित नीति के अनुसार परिशिष्ट-13क में दिए गए प्रपत्र पर आवेदन करना चाहिए ।

अध्याय—14

लघु उद्योगों के लिए सुविधाएं

287. लघु उद्योग यूनिटों की सहायता के लिए नीति के विभिन्न अध्यायों में दी गई सुविधाओं के बारे में आयात नीति अध्याय-14 में संशोधित संक्षिप्त सारांश दिया गया है । इस पुस्तक के अन्य अध्यायों में निर्दिष्टानुसार संबंधित स्कीमों के अंतर्गत आवेदन-पत्र दिए जाने हैं ।

अध्याय—15

पंजीकृत निर्यातक

पंजीकरण प्राधिकारी

288. (1) निर्यात लाभों को प्राप्त करने के लिए, निर्यातकों का पंजीकरण प्राधिकारियों के साथ पंजीकृत होना अपेक्षित है । विभिन्न निर्यात उत्पादों के लिए पंजीकरण प्राधिकारियों के नाम व पते परिशिष्ट-15क में दिए गए हैं ।

(2) निर्यातक जिनके लिए कोई पंजीकरण प्राधिकारी निर्दिष्ट नहीं किया गया है वह इन पत्तनों नामश: बम्बई, मद्रास एवं कलकत्ता में निर्यात संवर्धन अधिकारियों के साथ स्वयं को पंजीकृत करवा सकते हैं । उनका क्रमश: पश्चिमी, दक्षिणी एवं पूर्वी क्षेत्रों पर क्षेत्राधिकार होगा । उत्तरी क्षेत्र के मामले में, संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात एवं निर्यात, केन्द्रीय लाइसेंसिंग क्षेत्र, नई दिल्ली पंजीकरण प्राधिकारी होगा ।

(3) एक उत्पाद ग्रुप से अधिक मदों का निर्यात करने वाले निर्यातकों को अपने निर्यात व्यवसाय की मुख्य भाग से संबंधित निर्यात संवर्धन परिषद् के पास पंजीकृत कराना अपेक्षित होगा । इसके अतिरिक्त, यदि पूर्ववर्ती लाइसेंसिंग वर्ष के दौरान सभी निर्यात उत्पादों के निर्यात का कुल जहाज पर्यन्त नि:शुल्क मूल्य 10 लाख रु. तक रहा है तो भी उन्हें स्वयं को पत्तनों के निर्यात संवर्धन अधिकारियों जिनका क्षेत्राधिकार पश्चिमी, दक्षिणी एवं

पूर्वी तथा उत्तरी आंचल के लिए नामशः बम्बई, मद्रास एवं कलककत्ता तथा संयुक्त मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात केन्द्रीय लाइसेंसिंग क्षेत्र नई दिल्ली जिनका क्षेत्राधिकार उत्तरी आंचल है के साथ पंजीकृत कराना अपेक्षित होगा । तथापि यदि पूर्ववर्ती लाइसेंसिंग वर्ष के दौरान सभी निर्यात उत्पादों के निर्यात का कुल जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य 10 लाख रु. से अधिक रहा है तो भी उन्हें स्वयं को भारतीय निर्यात संगठन का महासंघ, पी. एच. डी. हाउस, सीरी इन्स्टीट्यूशनल एरिया, हौज खास, नई दिल्ली के साथ पंजीकृत करना अपेक्षित होगा ।

(4) पंजीकृत निर्यातक यदि निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन के रूप में मान्यता चाहता है तो उसे भारतीय निर्यात संगठन फेडरेशन के साथ पंजीकरण करवाना आवश्यक होगा ।

(5) भारतीय निर्यात संगठन फेडरेशन सभी उत्पाद समूहों के लिए पंजीकरण प्राधिकरण होगा ।

(6) भारतीय निर्यात संगठन फेडरेशन/निर्यात संवर्धन अधिकारियों/पण्य वस्तु बोर्ड द्वारा जारी पंजीकरण एवं सदस्यता प्रमाण-पत्र निर्यात उत्पादों जिसके लिए पंजीकृत निर्यातक या निर्यात सदन या व्यापार सदन या स्टार व्यापार सदन के रूप में पंजीकरण किया गया है को स्पष्ट रूप से इंगित करेगा । निर्यात के लाभ केवल एसे उत्पादों तक सीमित रहेंगे जिनका उल्लेख संबंधित पंजीकरण प्राधिकारियों द्वारा जारी पंजीकरण एवं सदस्यता प्रमाण-पत्र में किया जाएगा ।

(7) जहां कहीं सरकारी अभिकरण से कानूनी पंजीकरण की आवश्यकता है, निर्यातक को इस आवश्यकता की पूर्ति अलग से करनी पड़ेगी । निर्यात सदनों/व्यापार सदनों को उन्हें निर्यात के लिए कार्यक्रम एवं विस्तृत स्कीम की प्रतियां भिजवानी अपेक्षित होंगी तथा भारतीय निर्यात संगठन फेडरेशन द्वारा समय-समय पर निर्धारित तरीके से मद-वार एवं देश-वार निर्यात की तिमाही एवं वार्षिक रिपोर्ट भेजनी होंगी । उपरोक्त रिपोर्टों की एक-एक प्रति मुख्य नियंत्रक, आयात एवं निर्यात (सांख्यिकी प्रभाग) उद्योग भवन, नई दिल्ली को भी भिजवाई जानी होगी । भारतीय निर्यात संगठन फेडरेशन तथा मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात को सम्बद्ध सूचना प्रेषित करने में असफल रहने पर उसके स्टेटस को वापस ले लिया जाएगा ।

पंजीकरण के लिए आवेदन-पत्र

289. पंजीकरण के लिए आवेदन-पत्र संबद्ध पंजीकरण प्राधिकारी/निर्यात संवर्धन अधिकारी को भेजने चाहिएं । शाखाओं वाली व्यापार संस्थाओं के मामले में पंजीकरण के लिए आवेदन-पत्र लिमिटेड कम्पनियों के मामले में पंजीकृत कार्यालय द्वारा भेजे जा सकते हैं और अन्य के मामले में मुख्य कार्यालय द्वारा एसे मामलों में पंजीकृत कार्यालय/मुख्य कार्यालय को जारी किया गया पंजीकरण प्रमाण-पत्र इसकी शाखाओं के लिए भी वैध होगा । शाखाएं पंजीकरण के लिए अलग से भी आवेदन कर सकती हैं, एसे मामले में पंजीकरण प्राधिकारी आवेदक शाखा को एक अलग पंजीकरण प्रमाण-पत्र जारी करेगा; लेकिन निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन अपनी सभी शाखाओं और संबद्ध मुख्यालयों के लिए समेकित आधार को छोड़ कर अपने अतिरिक्त लाइसेंसों के लिए स्वतंत्र रूप से आवेदन-पत्र भेजने के लिए पात्र नहीं होंगे ।

290. (1) पंजीकरण के लिए आवेदन-पत्र परिशिष्ट-15-ख में दिए गए प्रपत्र में भेजे जाने चाहिएं ।

(2) महानिदेशक, तकनीकी विकास के पास पंजीकृत से भिन्न विनिर्माताओं के मामलों में पंजीकरण व सदस्यता प्रमाण-पत्र का भाग-2 संबद्ध प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा भरा जाना है । व्यापारी निर्यातक के मामले में, पंजीकरण एवं सदस्यता प्रमाण-पत्र का भाग-2 भरा जाना अपेक्षित नहीं है । लेकिन विनिर्माता निर्यातकों के मामले में पंजीकरण प्राधिकारी संबद्ध राज्य उद्योग निदेशक या प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा आवेदक को जारी किए गए पंजीकरण प्रमाण-पत्र के आधार पर प्रमाण-पत्र के भाग-2 को स्वयं भरें । इस आधार पर, आवेदक को एक व्यावसायिक पंजीकरण व सदस्यता प्रमाण-पत्र जारी किया जा सकता है । इसके बाद पंजीकरण प्राधिकारी को चाहिए कि जैसा भी मामला हो, राज्य उद्योग निदेशक या प्रायोजक प्राधिकारी से आवश्यक सत्यापन करें और उस आधार पर जो परिवर्तन आवश्यक हों उन्हें पंजीकरण-व-सदस्यता प्रमाण-पत्र में भरें और वहां से 'अनन्तिम' शब्द को भी हटा दें ।

291. पंजीकरण के लिए आवेदन-पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज होने चाहिएं :—

(1) आवेदक की वित्तीय क्षमता की पुष्टि में बैंक प्रमाण-पत्र, और

(2) विधिवत् भरे हुए भाग-1 और भाग-2 के संबंधित कालम के साथ पंजीकरण-व-सदस्यता प्रमाण-पत्र ।

पंजीकरण प्रमाण-पत्र

292. पंजीकरण प्रमाण-पत्र का प्रपत्र परिशिष्ट-15ग में दिया गया है ।

293. यदि आवेदक विनिर्माता निर्यातक और व्यापारी निर्यातक दोनों है तो संबद्ध पंजीकरण प्राधिकारी द्वारा उसको एक अलग प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा । (यह स्पष्ट किया जाए कि यदि कोई विनिर्माता अन्य द्वारा विनिर्मित उत्पादों का भी निर्यात करता है, तो उसे निर्यात उत्पादों के लिए अपने आपको व्यापारी निर्यातक के रूप में पंजीकृत करवाना चाहिए) ।

पंजीकरण के लिए पात्रता

294. भूतकालीन निर्यात निष्पादन, अच्छा रिकार्ड और अनुभव रखने वाले निर्यातक जो संबद्ध निर्यात संवर्धन परिषद के सदस्य हैं, पंजीकरण के लिए पात्र हैं । जिस आवेदक को किसी विशेष क्षेत्र में निर्यात का अनुभव नहीं है, उसका भी पंजीकरण किया जा सकता है बशर्ते कि पंजीकरण प्राधिकारी आवेदक की सामान्य वाणिज्यिक पृष्ठभूमि, उसके औद्योगिक अनुभव या अन्य क्षेत्रों में उसके निर्यात निष्पादन के विषय में संतुष्ट हो । पंजीकरण प्राधिकारी द्वारा पंजीकरण के मामले में प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 149 के अंतर्गत अपील की जा सकती है ।

पंजीकरण शर्तें

295. (क) पंजीकरण प्रमाण-पत्र ऐसी शर्तों के अधीन जारी किया जाएगा जिसे पंजीकरण प्राधिकारी आवश्यक समझे। पंजीकरण की एक शर्त यह होगी कि पंजीकृत निर्यातक तिमाही के बाद के महीने के पन्द्रहवें दिन तक निर्यात का एक तिमाही विवरण-पत्र (शून्य विवरण-पत्र सहित) पंजीकरण प्राधिकारी को भेजेगा ।

(ख) निर्यात संवर्धन परिषद् या पण्य वस्तु बोर्ड द्वारा किसी मद के लिए पंजीकरण उसी मद के लिए लागू होगा जिसका पृष्ठांकन पंजीकरण एवम् सदस्यता प्रमाण-पत्र में किया गया है । यह उसके आगे उपर्युक्त कण्डिका 293 में किए गए प्रावधानों के अधीन होगा ।

(ग) जो इंजीनियरी माल और हथकरघा प्राकृतिक रेशम की तैयार वस्तुओं के अलावा वस्त्र और तैयार वस्तुओं के संघटक, प्रतिपूर्ति लाइसेंसों की मंजूरी के लिए उनके विनिर्माण में प्रयुक्त कच्ची सामग्री पर निर्भर करते हुए अलग-अलग उत्पाद ग्रुपों के अंतर्गत वर्गीकृत किए गए हैं, उनके मामले में पंजीकृत निर्यातक अपने आपको किसी भी संबद्ध पंजीकरण प्राधिकारी के पास पंजीकृत करा सकते हैं । इसी प्रकार से बहुमूल्य/कम बहुमूल्य रत्नों की बनी वस्तुएं जैसे राखदानी, कलमदान आदि जो 'हस्तशिल्प' के अंतर्गत आते हैं, उनके मामले में निर्यातकों को अपने आपको हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद् से पंजीकृत नहीं कराना होगा बशर्ते कि वे रत्न व आभूषण संवर्धन परिषद् के पास पहले ही पंजीकृत हैं । यदि लाइसेंस प्राधिकारी यह निश्चित कर देता है कि हस्तशिल्प के रूप में निर्यात किया गया उत्पाद वास्तव में किसी अन्य स्थान पर वर्गीकृत है तो उस मामले में भी आवेदक यदि हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद् के साथ पहले ही पंजीकृत है तो अन्य पंजीकरण प्राधिकारी से पंजीकरण प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी । ई. पी. एन. एस. सामान के निर्यातक जो हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद् से पंजीकृत हैं उन्हें इंजीनियरी निर्यात संवर्धन परिषद् से अलग से पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं होगी ।

मिश्रित मदों के लिए पंजीकरण

(घ) जिन मिश्रित मदों में अलग-अलग उत्पाद ग्रुपों के अंतर्गत आने वाली कच्ची सामग्री अर्थात् प्लास्टिक, इंजीनियरिंग आदि हों, उनके मामले में यदि प्रयोग की गई किसी विशेष कच्ची-सामग्री का मूल्य मिश्रित मद के मूल्य से 50% अधिक हो तो इतना ही पर्याप्त होगा कि आवेदक अपने आपको मिश्रित मद की मुख्य मात्रा के संबंध में संबद्ध पंजीकरण प्राधिकारी के पास पंजीकृत करा लें ।

परियोजना निर्यातों के लिए पंजीकरण

(ङ) "परियोजना निर्यात" के मामले में यदि निर्यातक इंजीनियरी संवर्धन परिषद् के पास पंजीकृत है तो उसके लिए विषयाधीन परियोजना में शामिल विभिन्न पण्य वस्तुओं से संबद्ध अन्य निर्यात संवर्धन परिषदों/पण्य वस्तु के साथ पंजीकरण कराना आवश्यक नहीं होगा ।

पंजीकरण की वैधता

(च) एक बार पंजीकृत कर लिए जाने के बाद पंजीकरण चार वर्षों के लिए अथवा इसके समाप्त होने के लाइसेंसिंग वर्ष की समाप्ति तक (पंजीकरण जारी होने की तारीख से) वैध रहेगा, जब तक कि निर्यातक पंजीकृत निर्यातक के रूप में निर्यात करना बन्द न कर दे या किसी कारण से उनका नाम अपंजीकृत कर दिया जाए या वह प्रमाण-पत्र रखने के लिए अपात्र न बन जाए ।

(छ) स्वतंत्र व्यापार क्षेत्र/निर्यात संसाधन क्षेत्र में स्थित यूनिटों के मामले में पंजीकरण प्रमाण-पत्र की वैधता अवधि संबद्ध पंजीकरण प्राधिकारी द्वारा यथानिर्दिष्ट होगी ।

पंजीकरण के लिए आवेदन-पत्र की तिथि से पहले निर्यात

296. पंजीकरण के लिए आवेदन-पत्र देने की तिथि से 12 महीने से कम की तिथि से पहले पंजीकृत निर्यातक द्वारा किए गए निर्यात आयात प्रतिपूर्ति के लिए पात्रता प्रदान नहीं करेंगे । इस उद्देश्य के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने की लागू तिथि वह तिथि होगी जिस तिथि को पूर्ण आवेदन-पत्र प्राप्त किया हो । गैर-महानिदेशक तकनीकी विकास एककों के मामले में पंजीकरण व सदस्यता प्रमाण-पत्र के भाग-2 को भरने के प्रयोजन के लिए प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा आवेदन-पत्र प्राप्त करने की तिथि इस कण्डिका के प्रयोजन के लिए पंजीकरण के लिए आवेदन करने की तारीख ही गिनी जाएगी । 12 माह की अवधि पर पहुंचने के लिए उस महीने को उसमें नहीं गिना जाएगा जिसके दौरान पंजीकरण के लिए आवेदन-पत्र प्राप्त किया जाता है । निर्यात की जो मदें केवल विदेशी मुद्रा की वसूली के बाद प्रतिपूर्ति के लिए पात्रता प्रदान करती हैं उनके संबंध में 12 महीनों की अवधि निर्यात की अवधि से गिनी जाएगी और भुगतान की वसूली की तिथि से नहीं । निर्यातकों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि निर्यात प्रोत्साहनों को प्राप्त करने के लिए आवेदन-पत्र यथा-समय प्रस्तुत करें ।

संगठन या स्वामित्व परिवर्तन

297. (1) जिस मामले में किसी पंजीकृत निर्यातक के स्वामित्व संगठन, नाम या पते में परिवर्तन हुआ हो इसके लिए परिवर्तन की सूचना 6 महीने के भीतर पंजीकरण प्राधिकारी को देनी आवश्यक होगी । यह पंजीकृत-विनिर्माता-निर्यातक तथा पंजीकृत व्यापारी-निर्यातक दोनों पर ही लागू होता है । तथापि, विनिर्माता निर्यातक के मामले में पंजीकरण प्राधिकारी यह भी सत्यापित करेगा कि परिवर्तन की अनुमति प्रायोजक प्राधिकारी से प्राप्त कर ली गई है । उपरोक्त ऐसे परिवर्तन के लिए नए सिरे से पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी । जब

आवेदक विनिर्माता निर्यातक से व्यापारी निर्यातक या इसके विपरीत बन जाता है तो यह उस पर भी लागू होगा ।

(2) मुख्य नियंत्रक, आयात एवं निर्यात के कार्यालय में निर्यात आयुक्त निर्यातक द्वारा निर्धारित समय सीमा के दौरान अपेक्षित सूचना प्रस्तुत न किये जाने की देरी को योग्यता के आधार पर क्षमा कर सकते हैं ।

(3) ऐसे मामलों में जहां परिवर्तन के बारे में अपेक्षित सूचना निर्धारित/अनुमेय अवधि में प्रस्तुत नहीं की जाती है या निर्यात आयुक्त द्वारा देरी को माफ नहीं किया जाता है तो निर्यातक को नए सिरे से पंजीकरण के लिए आवेदन करना होगा ।

निर्यातकों का विपंजीकरण

298. (1) पंजीकरण प्राधिकारी निर्धारित या अनिश्चित अवधि के लिए और एक या अधिक निर्यात उत्पादों के लिए किसी निर्यातक को निम्नलिखित मामलों में विपंजीकृत कर सकता है :—

(क) निर्यातक में पंजीकरण के लिए अपेक्षित योग्यताएं न रही हों या उसने पंजीकरण की शर्तों का उल्लंघन किया हो; अथवा

(ख) निर्यातक किसी अनुचित, भ्रष्ट, कपटपूर्ण कार्य में फस गया हो या किसी निर्यात आभार को पूर्ण न कर सका हो; या

(ग) निर्यातक या साझेदारी होने के नाते, भागीदार या लिमिटेड कम्पनी होने के नाते उस का पूर्णकालीन संचालक या प्रबन्ध संचालक पिछले निर्यात के लिए आबंटित किसी भी कोटे को संतोषपूर्वक उपयोग करने में असफल रहा हो ।

(2) विपंजीकृत करने से पहले निर्यातक को सामान्यत: एक कारण बताओ नोटिस दिया जाएगा ।

(3) पंजीकृत निर्यातक के विरुद्ध प्राप्त किसी शिकायत के संबंध में या लिखित रूप में रिकार्ड किये जाने वाले किसी विशेष और पर्याप्त कारण के सम्बन्ध में पड़ी हुई जांच के लिए पंजीकरण प्राधिकारी या मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात या मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के कार्यालय के अपर मुख्य नियंत्रक या निर्यात आयुक्त या सम्बन्धित संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात व निर्यात, निर्यातक के पंजीकरण को निर्धारित अवधि के लिए निलम्बित रख सकते हैं ।

(4) जहां निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ से और सम्बन्धित निर्यात संवर्धन परिषद्/पण्य वस्तु बोर्ड से भी पंजीकृत हो, तो ऐसे निर्यातकों का एफ.आई.ई.ओ. द्वारा द्वारा विपंजीकरण स्वत: ही क्रमश निर्यात संवर्धन परिषद/पण्य वस्तु बोर्ड के साथ उनके पंजीकरण के लिए लागू होगा । इसी प्रकार यदि ऐसा निर्यातक, निर्यात संवर्धन परिषद्/पण्य वस्तु बोर्ड से विपंजीकृत है तो यह संबंधित निर्यात उत्पाद(दों) के लिए भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ के साथ उसके पंजीकरण के साथ उसके पंजीकरण के लिए स्वत: लागू होगा ।

(5) जहां एक स्टार व्यापार सदन/व्यापार सदन/निर्यात सदन/पंजीकृत निर्यातक किसी भी किस्म के गलत, दुराचारी या धोखे के कार्य में फंसे होने के कारण किसी पंजीकृत प्राधिकारी या निर्यात संवर्धन परिषद् या एफ. आई. ई. ओ. या मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात अपर मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात या निर्यात आयुक्त या सम्बन्धित संयुक्त मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात द्वारा विपंजीकरण कर दिया जाता है तो यह निर्यात संवर्धन परिषदों/पण्य वस्तु बोर्ड एफ. आई. ई. ओ. सहित सभी पंजीकरण प्राधिकारियों के साथ स्वत: विपंजीकृत समझा जाए ।

(6) जब एक कम्पनी या फर्म को पंजीकृत किया जाता है या पंजीकरण को आस्थगन में रखा जाता है तो विपंजीकरण/आस्थागन आदेश में फर्म/कम्पनी के मालिक/साझेदार/संचालक के नामों का भी उल्लेख होगा ।

मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा पंजीकरण और विपंजीकरण

299. मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात या मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के कार्यालय के अपर मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात या निर्यात आयुक्त या सम्बन्धित संयुक्त मुख्य नियन्त्रक, आयात-निर्यात किसी निर्यातक को पंजीकृत या विपंजीकृत कर सकते हैं या ऐसा करने के लिए पंजीकरण प्राधिकारी को निदेश दे सकते हैं । इस उपबंध के अन्तर्गत विपंजीकरण का आदेश उपर्युक्त पैरा 298 में आने वाले कारणों से दिया जा सकता है या उन मामलों में दिया जा सकता है जिन में निर्यातक ने विदेश व्यापार से संबंधित किसी कानून, नियम या विनियमन का उल्लंघन किया हो या विदेशी पार्टी के साथ ठेके का अपर्याप्त कारणों से उल्लंघन किया हो या विदेशी एजेन्ट को देय कमीशन की धनराशि चुकाने में असमर्थ रहा हो या किसी मांगी गई सूचना या आंकड़े भेजने में असफल रहा हो या अन्य कोई पर्याप्त कारण जो निगाह में आए हों ।

भारतीय निर्यातकों के विरुद्ध शिकायत

300. प्रत्येक निर्यातक के विरुद्ध प्राप्त शिकायत की जांच मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली के कार्यालय में निर्यात आयुक्त द्वारा की जाएगी । चूक करने वाली यूनिटों को चेतावनी के लिए कार्रवाई की जाएगी जिससे कि समद्रपार भारतीय निर्यात की प्रतिष्ठा को कायम रखा जा सके ।

निर्यातों का प्रमाणीकरण

301. (1) पोतलदान के समय पंजीकृत निर्यातक के पास सीमाशुल्क विभाग द्वारा विधिवत् प्रमाणीकृत पोत परिवहन बिल की एक निर्यात संवर्धन प्रति होनी चाहिए ।

(2) पोतलदान के बाद पंजीकृत निर्यातक को सौदा तय करने और/या बिलों को प्राप्त करने के उद्देश्य के लिए विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत व्यापारी अर्थात् बैंक को निर्यात दस्तावेज प्रस्तुत करते समय उससे निर्यातों को प्रमाणित कराना चाहिए। निर्यात दस्तावेज प्रस्तुत करते समय उसे ''एक दम'' बिक्री के आधार पर किए गए निर्यातों के लिए परिशिष्ट-15घ (उपाबन्ध-1) में दिये गये प्रपत्र 1 में और परेषण के आधार पर/अनुमोदन के आधार पर किये गये निर्यातों के लिए परिशिष्ट 15घ (उपाबन्ध-2) में दिए गए प्रपत्र-2 में एक घोषणा (तीन प्रतियों में) भरनी चाहिये और बैंक को देनी चाहिये।

(3) बैंक निर्यातों के जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य को भारतीय रुपये में प्रमाणित करेगा और निर्यात दस्तावेजों के सन्दर्भ में आवश्यक सत्यापन के बाद घोषणा पर प्रतिहस्ताक्षर करेगा। बैंक यह भी सत्यापन करेगा कि पोत परिवहन बिल सीमा शुल्क प्राधिकारी द्वारा विधिवत् प्रमाणीकृत किया गया है या नहीं। इसके पश्चात् बैंक मूल प्रमाणपत्र को बैंक द्वारा साक्ष्यांकित बीजक की सम्बन्धित प्रति के साथ सम्बन्धित पंजीकृत निर्यातक को भेजेगा। दूसरी प्रति संबद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को भेजेगा और तीसरी प्रति अपने रिकार्ड के लिये रख लेगा। परेषण के आधार पर/अनुमोदन के आधार पर किये गये निर्यातों के मामले में बैंक जहाज पर्यन्त निशुल्क मूल्य को प्रमाणित करेगा, उस पर प्रतिहस्ताक्षर करेगा और प्रपत्र संख्या 2 के अनुसार प्रमाण पत्र पंजीकृत निर्यातक को केवल तब भेजेगा जबकि निर्यात बिक्री की रकम वसूल कर ली गई हो, और भारतीय मुद्रा विनियम नियंत्रण विभाग को सौंप दी गई हो। एक से अधिक माल परेषण को शामिल करने वाला बैंक प्रमाण-पत्र भी स्वीकार किया जा सकता है। इस संबंध में विस्तृत क्रियाविधि परिशिष्ट 2-ण में दी गई है। उन मामलों में जहां बैंक ने यह सत्यापित न किया हो कि जहाजरानी बिल सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा विधिवत प्रमाणित किए गए हैं और निर्यातक सम्बन्धित जहाजरानी बिल के बजाय सीमा शुल्क प्राधिकारियों द्वारा विधिवत् प्रमाणित निर्यात संवर्धन प्रति प्रस्तुत करता है तो लाइसेंस प्राधिकारी उसे स्वीकार कर सकता है यदि वह अन्यथा रूप से सही हो।

(4) आयात प्रतिपूर्ति की हकदारी की गणना करने के प्रयोजन के लिए विदेशी अभिकर्ता को भुगतान कर दिए गए या भुगतान किए जाने वाले कमीशन या छूट की धनराशि निर्यातों के जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य में से काट दी जाएगी।

(5) लेकिन, हाइड्रालिक परीक्षण और पेन्ट संबंधी भाड़ों प्रबंध और जहाज कुली संबंधी भाड़ों को जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य की गणना करने के लिए लेखे में लिया जाएगा। ब्याज प्रभार भी जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के एक भाग के रूप में लेखे में केवल तभी लिए जाएंगे जबकि वे बीजक में अलग से दर्शाए गए हों और बैंक में ''ब्याज प्रभार'' सहित उस धनराशि के बिल के लिए सौदा कर लिया हो।

(6) विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत व्यापारियों द्वारा निर्यातों के प्रमाणीकरण के लिए ऊपर उल्लिखित क्रियाविधि निम्नलिखित मामले में लागू नहीं होगी :—

(1) सिनेमेटोग्राफिक फिल्म (अभिदर्शित),
(2) डाक पार्सलों द्वारा मूल्य देय निर्यात,
(3) पुस्तकों, पत्रिकाओं और आवधिकों के निर्यात,
(4) विदेश में अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों में की गई बिक्री,
(5) अग्रिम भुगतान के प्रति विदेशी पर्यटकों को कालीनों का निर्यात,
(6) विदेश में संयुक्त उद्योगों में भारतीय सामान सहयोग के मद्दे मशीनरी और उपस्कर का निर्यात।

लाइसेन्सों के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने की क्रियाविधि

302. (1) एक उत्पाद वर्ग में सभी उत्पादों के निर्यात के मद्दे आयात के लिए लाइसेन्सों के लिए समेकित आवेदन-पत्र निर्धारित प्रपत्र एवं विधि अनुसार उस लाइसेन्स प्राधिकारी को दिए जाने चाहिए जिसके क्षेत्राधिकार में, एक लिमिटेड कम्पनी के मामले में पंजीकृत कार्यालय और अन्य पंजीकृत निर्यातकों के मामले में मुख्यालय स्थित हो। लाइसेन्स प्राधिकारी के नाम और उनके क्षेत्राधिकार परिशिष्ट 2ख में संकेतित है।

(2) वे क्षेत्रीय लाइसेन्स प्राधिकारी जिन के पास सामान्य क्षेत्राधिकार है वे पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति के अंतर्गत उन के क्षेत्राधिकार में स्थित निर्यातकों के सम्बन्ध में भी आयात लाइसेन्सों के लिए आवेदन पत्रों पर विचार करेंगे।

(3) लेकिन पंजीकृत ठेकों या परियोजना निर्यातों के मामले में एक उत्पाद ग्रुप से सम्बन्धित सभी निर्यातों को शामिल करने के बजाय आवेदन-पत्र ठेकेवार या उत्पादवार भरे जा सकते हैं।

(4) लिमिटेड कम्पनी या पंजीकृत निर्यातक की शाखा के लिए यह छूट होगी कि वह अपने द्वारा किए गए निर्यातों के मद्दे आयात प्रतिपूर्ति लाइसेन्स के लिए उस लाइसेन्स प्राधिकारी से आवेदन करे जिसके अधिकार क्षेत्र में शाखा स्थित है बशर्ते कि ऐसी शाखा एक निर्यातक के रूप में अलग से पंजीकृत हो या इस संबंध में एक साक्ष्य प्रस्तुत करे कि लिमिटेड कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय/मुख्य कार्यालय को जारी किया गया पंजीकरण प्रमाण-पत्र विषयाधीन शाखा के लिए अन्य मामलों में वैध है। इस प्रकार के मामले में आवेदन-पत्र के साथ मुख्य कार्यालय या पंजीकृत कार्यालय, जो भी हो, का एक प्रमाणपत्र इस संबंध में होना चाहिए कि उसने आवेदन-पत्र में शामिल निर्यातों के मद्दे किसी प्रतिपूर्ति लाइसेन्स का न तो दावा किया है और न करेगा।

आवेदन-पत्रों की आवृत्ति

303. पंजीकृत निर्यातक को एक माह या एक तिमाही (अप्रैल—जून) आदि या एक छमाही (अप्रैल—सितम्बर) अथवा एक

साल के दौरान किए गए निर्यात के आधार पर लाइसेंस के लिए आवेदन करना चाहिए । आयात प्रतिपूर्ति लाइसेंस के लिए आवेदन-पत्र हर महीने या तिमाही या अर्ध-वार्षिक अथवा वार्षिक आधार पर जैसा भी पंजीकृत निर्यातक के लिए सुविधाजनक हो, भेजे जा सकते हैं । प्रत्येक निर्यातक यह सुनिश्चित करेगा कि वह किसी क्रियाविधि को अपनाना चाहेगा और इसकी सूचना आर. ई. पी. लाइसेन्स के लिए पहला आवेदन करते समय लाइसेन्स प्राधिकारी को लाइसेंसिंग वर्ष के प्रारम्भ में भेजेगा । यदि वह किसी भी क्रियाविधि को चुनने में असमर्थ रहता है तो यह मान लिया जाएगा कि उसने त्रैमासिक क्रियाविधि को चुना है । (लाइसेन्स अवधि के दौरान चुनाव के परिवर्तन के लिए स्वीकृति नहीं दी जाएगी) । परेषण/अनुमोदन के आधार पर निर्यातों के मामले में ऐसे आवेदनपत्र इसी प्रकार से वसूल की गई बिक्री की रकम के सम्बन्ध में दिए जाने चाहिएं । रत्न के लिए आर. ई. पी. के लाइसेन्स के मामले में प्रक्रिया अध्याय-21 में भी दी गई है ।

आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने के लिए समय-सीमा

304. (1) आयात प्रतिपूर्ति के लिए आवेदनपत्र ऐसे समय में भेजना चाहिए जिससे कि वह बिक्री की रकम की प्राप्ति की अवधि के अंत होने से तीन महीने के भीतर सम्बद्ध लाइसेन्स प्राधिकारी को पहुंच जाए । उन मामलों में जहां बिक्री की रकम अग्रिमरूप में प्राप्त होती है या जहां निर्यात भारतीय रिजर्व बैंक के आस्थगित भुगतान शर्तों के आधार पर किए जाते हैं तो आयात प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन-पत्रों को प्रस्तुत करने के लिए समय-सीमा की गणना वास्तविक निर्यात की अवधि के संदर्भ में की जाएगी ।

(2) यदि एक निर्यातक एक विशेष निर्यात अवधि में एक उत्पाद वर्ग के अधीन अपने निर्यात से सम्बद्ध एक समेकित आवेदन-पत्र देने के बजाए एक से अधिक आवेदन-पत्र देता है तो लाइसेंस प्राधिकारी ऐसे बाद वाले आवेदनपत्र (पत्रों) पर स्वीकार्य प्रतिपूर्ति के भीतर 5% परन्तु न्यूनतम 5000/- रुपये की शर्त के अधीन की कटौती कर के विचार कर सकता है । यह कटौती उससे अतिरिक्त होगी जो कि इस पैरा के उप-पैरा (3) के अधीन उसी आवेदन-पत्र के प्रस्तुतीकरण में विलंब के कारण लगाई जाए ।

(3) लाइसेन्स प्राधिकारी उन आवेदन-पत्रों (जिसमें रत्न के लिए आर. ई. पी./अतिरिक्त लाइसेन्सों के आवेदन-पत्र भी शामिल हैं) पर भी विचार कर सकता है जो निर्धारित समय के बाद मिलें अथवा जिसमें आवेदनपत्र देने की अंतिम तारीख के बाद त्रुटियों को सुधारा गया हो, लेकिन इसके लिए यह आवश्यक होगा कि आवेदनपत्र देने के लिए निर्धारित तारीख से तीन महीने के अंदर आवेदनपत्र पेश कर दिया जाए अथवा आवेदन-पत्र की त्रुटियों को सुधार दिया जाए । इस अवधि के बाद प्राप्त आवेदनपत्रों पर विचार नहीं किया जा सकता । लेकिन ऐसी स्थिति में संबद्ध निर्यात के मद्दे स्वीकार्य आयात-प्रतिपूर्ति मूल्य में कटौती करके इस प्रकार के आवेदनपत्रों पर गुण-दोष के आधार पर लाइसेन्स प्राधिकारी विचार कर सकता है । उक्त मामले में, मूल्य में नीचे लिखे ढंग से कटौती की जाएगी :—

(1) निर्यात अवधि के अंतिम महीने से 6 महीने के बाद किन्तु 12 महीने के अंदर की अवधि में प्राप्त आवेदनपत्र . . . . 5% कटौती ।

(2) निर्यात अवधि के अंतिम महीने से 12 महीने के बाद किन्तु 18 महीने के अंदर की अवधि में प्राप्त आवेदनपत्र . . . . 10% कटौती ।

(3) निर्यात अवधि के अंतिम महीने से 18 महीने के बाद किन्तु 24 महीने के अंदर की अवधि में प्राप्त आवेदनपत्र . . . . 15% कटौती ।

(4) निर्यात अवधि के अंतिम महीने से 24 महीने के बाद की अवधि में प्राप्त आवेदनपत्रों पर विचार किए बिना ही कालातीत मानकर अस्वीकार कर लिया जाएगा ।

(4) जिन उत्पादों के निर्यात के मद्दे प्रतिपूर्ति केवल विदेशी मुद्रा की वसूली के बाद अर्हता प्राप्त करती है उनसे संबंधित देर से प्राप्त/त्रुटिपूर्ण आवेदनपत्रों में उस अवधि के हिसाब से कटौती की जाएगी, जब निर्यातकर्ता के खाते में राशि जमा करायी गयी हो, निर्यात अवधि के समय से नहीं ।

(5) रत्नों और आभूषणों तथा चलचित्र फिल्मों (एक्सपोज्ड) को छोड़कर वी. पी. पी. से निर्यात किए जाने वाले अन्य उत्पादों के मामले में पोस्ट मास्टर के प्रमाणपत्र अथवा सूचना पर्ची में दी गयी भुगतान की तारीख से आवेदनपत्र देने की सीमा का हिसाब लगाया गया ।

(6) जहां आवेदनपत्र आंशिक रूप से अपूर्ण हो अर्थात कुछ पोतलदानों से संबद्ध निर्यात दस्तावेज प्रस्तुत न किए गए हों तो लाइसेंस प्राधिकारी आवेदनपत्र के उस अंश के लिए आयात प्रतिपूर्ति लाइसेंस जारी कर सकते हैं जिसके लिए पूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत कर दिए हों । ऐसे मामलों में उस हिस्से के दावे को अपूर्ण हिस्से के दावे के कारण न रोका जाए जिसके आवश्यक दस्तावेज भेज दिए गए हों । यह उपर्युक्त उप-पैरा (3) में यथानिर्धारित कटौती की शर्त के अधीन है ।

पोतलदान/परेषण की तिथि

305. पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति के अंतर्गत आयात प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन-पत्रों पर विचार करने के उद्देश्य से निर्यात की संबंधित तिथि निम्नलिखित अनुसार निश्चित की जाएगी :—

(क) सागर द्वारा पोतलदानों के मामले में निर्यात की तिथि निम्नलिखित अनुसार निश्चित की जाएगी :—

(1) पोत द्वारा निर्यातित ब्रेक-बल्क कार्गो के मामले में लदान बिल की तिथि अथवा अन्तिम

रसीद की तिथि इनमें जो भी बाद में होगी, वही निर्यात की तिथि होगी ।

(2) आधानीकृत कार्गों के मामले में पोत पर आधान के लदान का साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए "पोत पर लदान बिल" की तिथि ही निर्यात की तिथि होगी । लेकिन आधार में निर्यात माल के लदान की तिथि का साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए "पोत-लदान के लिए, लदान बिल के लिए प्राप्त" तिथि भी निर्यात की तिथि मानी जा सकती है यदि साख-पत्र ऐसे लदान बिल की विशेष रूप से व्यवस्था करता हो । अंतरदेशीय आधान डिपो (आई डी सी) आधानों द्वारा निर्यात के मामले में निर्यात की तिथि वही होगी जो सीमा-शुल्क द्वारा निकासी के बाद आई डी सी में निर्यात माल के लदान के समय पोत परिवहन एजेन्टों द्वारा जारी किए गए लदान बिल की तिथि हो ।

(3) लैश बार्ज द्वारा निर्यात के मामले में निर्यात तिथि वही होगी जो बार्ज पर उस निर्यात माल के लदान का साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए लदान बिल की तिथि हो जिसको मात-पोत पर ले जाने वाले बार्ज तक ले जाना है ।

(ख) वायुयान द्वारा निर्यात के मामले में पोतलदान की वास्तविक तारीख या तो (1) वह तारीख जिसको सीमा शुल्क का उपयुक्त अधिकारी पोतलदान बिल पर निर्यात हेतु माल की निकासी और लदान को अनुमेय करने संबंधी आदेश देता है या (2) वह तारीख जिसको सीमाशुल्क का उपयुक्त अधिकारी पोतलदान बिल पर फ्लाइट संख्या और तारीख के संकेत चिन्ह के माध्यम से माल के वास्तविक लदान को अनुमेय करता है इनमें से जो भी बाद में हो, वही मानी जाएगी । जब निर्यात के लिए परेषित माल ऐसे एयर कारगो काम्पलेक्स को सौंपा जाता है जो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को आगे माल भेजने के लिए और उसके बाद देश से बाहर भेजने के लिए अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा नहीं है तो किसी भी यानान्तरण प्रमाण-पत्र की आवश्यकता नहीं होगी यदि निर्यात करने के लिए और एयर कारगो को सौंपे गए माल को देश से बाहर निर्यात करने से पहले उतारा लेने की अनुमति नहीं दी गयी है । इस बारे में सीमाशुल्क के उपयुक्त अधिकारी द्वारा एक प्रमाण-पत्र पोत परिवहन बिल पर दिया जाना चाहिए ।

(ग) डाक पार्सल द्वारा निर्यातों के मामले में निर्यात की तिथि डाक रसीद पर अंकित तिथि द्वारा निश्चित की जाएगी ।

(घ) रेल द्वारा निर्यातों के मामले में निर्यात की तिथि रेलवे रसीद की तिथि द्वारा निश्चित की जाएगी ।

(ङ) सड़क द्वारा निर्यात के मामले में निर्यात की तिथि स्थल सीमा शुल्क प्राधिकारियों द्वारा प्रमाणित माल भेजने की तिथि द्वारा निश्चित की जाएगी ।

आवेदन-पत्र के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज

306. लाइसेंसों के लिए आवेदन-पत्र सब प्रकार से पूर्ण और आवेदन शुल्क के लिए उचित धनराशि के लिए बैंक रसीद/दर्शनी हुण्डी और अन्य निर्धारित दस्तावेजों द्वारा समर्थित भेजने चाहिएं ।

307 (1) जिन निर्यातों के मद्दे आयात के लिए आवेदन-पत्र दिया गया है उसका ब्यौरा निर्दिष्ट करते हुए परिशिष्ट 15-च में दिए गए प्रपत्र में प्रतिलदान के बिल की ई. पी. प्रति और निर्यातों का विवरण आवेदक द्वारा आवेदन-पत्र के साथ भेजा जाना चाहिए ।

307 (2) इसके अतिरिक्त निर्यातक अपने बैंकरों के नामों की घोषणा करेगा जिनके माध्यम से उसका सारा लेन-देन होता है, साथ ही संबंधित बैंक से इस आशय का एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा कि उसके द्वारा किए गए निर्यात के मद्दे निर्यात लाभों की वसूली 6 महीने से अधिक अवधि से बकाया नहीं है । बैंक के इस प्रमाण पत्र में बकाया राशि और उसकी अवधि यदि वह 6 महीने से अधिक बकाया है का भी उल्लेख किया जाना चाहिए । (प्रमाण-पत्र का प्रपत्र इस पुस्तक के परिशिष्ट-15-ट में दिया गया है) यदि प्रमाण पत्र यह इंगित करता है कि कोई बकाया राशि नहीं है तो आर. ई. पी. लाइसेंस तुरन्त जारी कर दिया जाएगा । यदि बकाया राशि छः महीने से अधिक से लम्बित है और भारतीय रिजर्व बैंक ने कोई समय-तविध प्रदान नहीं की है तो बकाया राशि देय आर. ई. पी. लाइसेंस के मूल्य के मद्दे समायोजित कर ली जाएगी और शेष राशि बकाया राशि की वसूली के बाद समायोजित मूल्य का लाइसेंस जारी कर दिया जाएगा ।

(3) तथापि, यदि निर्यात भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित विशिष्ट आस्थगित भुगतान शर्तों पर किया गया है तो आर. ई. पी. लाइसेंस जारी किए जा सकते हैं, बशर्ते कि निर्यातक उपरोक्त दस्तावेजों के साथ भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित आस्थगित शर्तों की एक प्रति भी प्रस्तुत करता है ।

308. तथापि, काटे और पालिश किए हुए हीरों के निर्यात के मामले में भी निम्नलिखित प्रक्रिया लागू होगी :—

(1) काटे और पालिश किए हुए हीरों के निर्यातकों के मामले में जिनका विगत निर्यात निष्पादन 3 सालों से कम है, उन्हें बैंक वसूली प्रमाणपत्र के आधार पर आर. ई. पी. लाइसेंस जारी किए जाएंगे । उस मामले से जहां निर्यात अपरिवर्तनीय साख-पत्र द्वारा समर्थित है या जहां निर्यातक आर. ई. पी.

लाइसेंस के मूल्य के 30% मूल्य के लिए बैंक गारंटी देता है तो बैंक वसूली प्रमाण-पत्र पर जोर दिए बिना ही लाइसेंस जारी किया जा सकता है बैंक गारंटी उसी बैंकर द्वारा जारी की जाएगी जिसने निर्यात के दस्तावेजों का विनिमय किया है और वह एक वर्ष की अवधि के लिए वैध होनी चाहिए गारंटी देने वाले बैंक और निर्यातक की यह जिम्मेदारी होगी कि वे इस अवधि के भीतर बैंक वसूली प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें, ऐसा न करने पर बैंक गारंटी स्वयं जब्त हो जाएगी और राशि सरकार को प्राप्त हो जाएगी । (प्रति-भूति बन्ध-पत्र का प्रपत्र इस पुस्तक के परिशिष्ट-15-ठ में दिया गया है) । ऐसी सम्भाव्यता पर गारंटी को जारी किए गए लाइसेंस का मूल्य भी उसके बाद के वर्षों के मद्दे समायोजित कर लिया जाएगा ।

(2) उन निर्यातकों के मामले में जिनका निर्यात निष्पादन कम से कम 3 वर्षों का है को बैंक वसूली प्रमाण-पत्र पर जोर दिए बिना आर. ई. पी. लाइसेंस जारी किए जाएंगे । अपना आवेदन-पत्र प्रस्तुत करते समय पंजीकृत निर्यातक उन बैंकरों का नाम देते हुए जिनके साथ निर्यातक का लेन-देन है इस आशय के प्रमाण-पत्र के साथ कि निर्यातक द्वारा किए गए निर्यातों के मद्दे बिक्री से लाभ की वसूली, जिनके दस्तावेजों का विनिमय उनके द्वारा किया गया था 6 माह से अधिक से बकाया नहीं है, के साथ एक घोषणा-पत्र प्रस्तुत करें । बैंक के प्रमाण-पत्रों में बकाया राशि और उसकी अवधि का भी उल्लेख किया जाए यदि वह 6 महीने से अधिक से बकाया है (प्रमाण-पत्र का प्रपत्र इस पुस्तक के परिशिष्ट-15-ट में दिया गया है) । यदि प्रमाण-पत्र से यह स्पष्ट होता है कि 6 महीने से पहले की अवधि की कोई बकाया राशि नहीं है तो आर. ई. पी. लाइसेंस तुरन्त जारी कर दिया जाएगा । यदि बकाया राशि 6 महीने से अधिक से है तो बकाया राशि देय आर. ई. पी. लाइसेंस जारी कर दिया जाएगा । लाइसेंस का समायोजित मूल्य बकाया राशि की वसूली के बाद जारी किया जाएगा ।

(3) उपर्युक्त उप-पैरा (2) में कुछ भी दिए जाने के बावजूद यदि बकाया राशि निर्यात की तीन या अधिक खेपों के लिए देय है या ऐसी बकाया राशि 50 लाख रू. से अधिक है तो निर्यातक उपर्युक्त उप-पैरा (1) की श्रेणी के अधीन शामिल माना जाएगा और आर. ई. पी. लाइसेंस जारी करने के लिए उसके आवेदन-पत्र पर ऐसे मामलों में लागू नीति के अनुसार कार्रवाई की जाएगी ।

309. (1) आयात प्रतिपूर्ति लाइसेंस को जारी करने के लिए आवेदनपत्र के साथ इस पुस्तक के परिशिष्ट-15-झ में यथा-निर्दिष्ट निर्यात उत्पादों की श्रेणी यथा दस्तावेजों को प्रस्तुत किया जाना है ।

(2) उपर्युक्त उल्लिखित दस्तावेजों के अतिरिक्त एक पंजीकृत निर्यातक/निर्यात/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन ऐसे अन्य दस्तावेज/सूचना जो भी आवश्यक समझी जाए लागू आयात नीति तथा प्रक्रिया की शर्तों के अनुसार प्रस्तुत करेगा ।

310. निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन अपने आवेदन पत्र के साथ मुख्य नियंत्रक आयात निर्यात, नई दिल्ली द्वारा जारी किए गए निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन प्रमाण-पत्र की एक प्रति इस आशय के घोषणा-पत्र के साथ कि इसे रद्द अथवा वापिस नहीं लिया गया है प्रस्तुत करेगा ।

निर्यात के लिए हवाई जहाज से भेजे जाने वाले माल का समेकन

311. (1) कुछ ऐसे जहाज एजेन्ट हैं जिन्हें अन्तर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन परिवहन संघ (आई ए टी ए संघ) द्वारा अनुमोदन तथा प्रमुख एयर लाइनों द्वारा मान्यता प्राप्त है । प्रत्येक अनुमोदित आई ए टी ए संघ एजेन्ट का अलग आई ए टी ए संघ कोड नम्बर है । ऐसे एजेन्ट अलग-अलग निर्यातकों के लिए हवाई जहाज से भेजने के लिए माल के समेकन की व्यवस्था करते हैं । इस व्यवस्था के अन्तर्गत हवाई जहाज से विदेश को माल भेजने वाले अलग-अलग निर्यातकर्ताओं को उनके द्वारा दिए जाने वाले हवाई भाड़े में लाभ प्राप्त होगा ।

(2) इस सुविधा का लाभ उठाने वाले निर्यातकर्ता से अपेक्षा की जाती है कि वे संबंद्ध लदान बिल को सीमा शुल्क प्राधिकारियों से विधिवत् पारित तथा अधिप्रमाणित कराए । ऐसे अलग-अलग प्रेषण परिवहन बिलों से संबंधित सामान समेकक द्वारा इकट्ठा किया जाएगा जो आई ए टी ए संघ के अनुमोदित अभिकर्ता है । समेकक एक मास्टर हवाई बिल (एम. ए. बी.) तैयार करेगा । मास्टर हवाई बिल में यथा उल्लिखित निर्यात किये गए माल का विवरण इस प्रकार दिया जाएगा "संलग्न सूची के अनुसार समेकित माल" । मास्टर हवाई बिल में निर्दिष्ट सूची में प्रत्येक परेषण के संबंध में निर्यातकर्ता का नाम, माल का विवरण और उसकी मात्रा और वजन, लदान बिल सं. और हाउस हवाई बिल सं. दी जाएगी । हाउस हवाई बिल (एच. ए. बी.) समेकक द्वारा हर ऐसे निर्यातकर्ता को जारी किया जाएगा । जिससे संबंधित परेषणों का माल इकट्ठा किया गया है । हाउस हवाई बिल से संबंधित अलग-अलग निर्यातकर्ता के परेषण के वे सभी ब्यौरे दिए जाएंगे जो कि सामान्य हवाई बिल में दिए जाते हैं । विषयाधीन माल मास्टर हवाई बिल के आधार पर जहाज द्वारा निर्यात किया जाएगा । ऐसे निर्यातों के मामलों में जहां आयात प्रतिपूर्ति का दावा करने के लिए हवाई बिल प्रस्तुत किया जाता है, उनमें बैंक और लाइसेंस प्राधिकारी यदि वे अन्यथा रूप से सही हों तो स्वीकार करेंगे बशर्ते कि संबंधित एयर लाइन द्वारा इस आशय का प्रमाण-पत्र दिया जाए और उस मास्टर हवाई बिल की संख्या और तारीख का उल्लेख

कर दिया जाए जिसका वह हिस्सा है । प्रमाण पत्र इस प्रकार होना चाहिए :

इस हाउस हवाई बिल में बताया गया माल मास्टर हवाई बिल सं. दिनांक द्वारा निर्यात किया जा चुका है ।

अलग-अलग निर्यातकर्ता अपने-अपने हाउस हवाई बिल बैंक प्रमाण पत्र जारी किए जाने के लिए बैंकों को प्रस्तुत करेंगे और जहां कहीं भी आवश्यक हो, पंजीकृत निर्यातकर्ताओं से संबंधित आयात नीति के अन्तर्गत दी जाने वाली सुविधाओं के दावों के लिए लाइसेंस प्राधिकारियों को भी पेश करेंगे ।

(3) ऐसे मामलों में निर्यात की तारीख मास्टर हवाई बिल की तारीख मानी जाएगी जो कि संबंधित एयर लाइन द्वारा हवाई बिल में उल्लिखित की गई होगी । आयात आपूर्तियों के लिए निर्यात सामग्री का पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य निकालने के लिए निर्यातकर्ता द्वारा समेकक को (आई ए टी ए संघ) एजेन्ट) अदा किए गए हवाई भाड़े की राशि को लेख में शामिल किया जाएगा । सत्यापन के लिए आई ए टी ए संघ एजेन्ट में लाइसेंस प्राधिकारियों को भारतीय हवाई सामान एजेन्ट संस्था के माध्यम से विभिन्न वस्तुओं और गन्तव्य स्थानों के लिए निर्यातकर्ताओं से वसूल की जाने वाली हवाई भाड़ा दरों की अपनी प्रकाशित अनुसूचियों की प्रतियां प्रस्तुत करेंगे ।

(4) उपर्युक्त पैरा 2 में बताई गई विधि के अनुसार ... में भेजे जाने वाले सामान के लिए निर्यातकों ... निर्यात ठेका निष्पादित करते समय माल पत्र में इस आशय का आवश्यक खंड भी शामिल करना चाहिए ताकि ऐसे निर्यातों ... निर्यात की राशि वसूल की जा सके ।

(5) ऐसे मामलों में निर्यातकों को अन्य सभी निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे ।

निर्यात के मूल बैंक प्रमाण पत्र शिपिंग बिल की ई. पी. प्रति का खोया जाना

3.2 (1) निर्यात के मूल बैंक प्रमाणपत्र अथवा लदान बिल की ई. पी. प्रति खो जाने के मामले में पंजीकृत निर्यातकों से आर. ई. पी. लाइसेंसों की मंजूरी के लिए प्राप्त आवेदन-पत्रों पर संबंधित लाइसेंसिंग कार्यालय जिसका प्रधान उप मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात के स्तर से कम न हो और जिसके क्षेत्राधिकार में पंजीकृत कम्पनी का मुख्यालय/फर्म स्थित है, द्वारा विचार किया जाएगा । यदि किसी मामले में पात्र आवेदक का कार्यालय ऐसे लाइसेंसिंग कार्यालय के क्षेत्राधिकार में पड़ता है जिसका प्रधान उप मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात के स्तर से कम का है तो उस मामले में आवेदन-पत्र सीधे ही संबंधित क्षेत्रीय संयुक्त मुख्य नियंत्रक को भेजे जाएं परन्तु एक अतिरिक्त आवेदन-पत्र सहायक मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात को भी भेजा जाए जिसके क्षेत्राधिकार में आवेदक आता है । ऐसे आवेदन-पत्रों के साथ निम्नोक्त प्रलेखों को भी संलग्न किया जाएगा ।

(1) नौवहन बिल की ई. पी. प्रति; अथवा सीमा शुल्क से या प्रमाणित करते हुए एक प्रमाण-पत्र कि निर्यात वास्तव में प्रभावी किए गए हैं;

(2) सभी निर्धारित प्रलेख मूल रूप में;

(3) संबंधित बैंक द्वारा खोए गए मूल प्रमाण-पत्र के बदले जारी किए गए निर्यात के बैंक प्रमाण-पत्र की दूसरी प्रति; अथवा सीमा शुल्क से या प्रमाणित करते हुए एक प्रमाण-पत्र कि निर्यात वास्तव में प्रभावी किए गए हैं;

(4) बैंक से इस आशय का एक प्रमाण-पत्र कि उक्त निर्यातों के संबंध में विदेशी मुद्रा वसूल कर ली है;

(5) मूल बैंक प्रमाण-पत्र अथवा पोतलदान बिल की ई. पी. प्रति खोए जाने के संबंध में निर्यातक द्वारा इस वायदे के साथ एक हलफनामा कि बाद में यदि वह पाया गया तो इसे संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी को लौटा दिया जाएगा; और

(6) निर्यातक द्वारा इस आशय का एक क्षतिपूर्ति बाण्ड कि खोए गए बैंक प्रमाण-पत्र पर जारी आर. ई. पी. के मद्दे यदि कोई वित्तीय हानि होती है तो वह उसकी क्षतिपूर्ति रुपये में करेगा ।

(2) निर्यात के मूल बैंक प्रमाण-पत्र तथा पोतलदान बिल की ई. पी. प्रति दोनों के खोए जाने के मामले में कोई आर. ई. पी. लाइसेंस जारी नहीं किया जाएगा । संबंधित निर्यात के प्रभावी किए जाने के बैंक के प्रमाण-पत्र के प्रस्तुत किए जाने पर आर. ई. पी. अनुमित किया जा सकता है ।

(3) खोए गए मूल बैंक प्रमाण-पत्र पर दावों के लिए अनुमेय समय और आयात प्रतिपूर्ति लाइसेंस के मूल्य में कमी निम्न प्रकार से की जाएगी :—

(1) निर्यात अवधि के अंतिम महीने से 6 महीने की अवधि तक प्राप्त आवेदन-पत्रों पर 10% तक की कटौती;

(2) निर्यात अवधि के अंतिम महीने से 6 महीने की अवधि के उपरान्त परन्तु 12 महीने के भीतर प्राप्त आवेदन-पत्रों पर 15% तक की कटौती;

(3) निर्यात अवधि के अंतिम महीने से 12 महीने की अवधि के उपरान्त परन्तु 18 महीने के भीतर प्राप्त आवेदन-पत्रों पर 20% तक की कटौती;

(4) निर्यात अवधि के अंतिम महीने से 18 महीने की अवधि के उपरान्त परन्तु 24 महीने के अंदर प्राप्त आवेदन-पत्र पर 25% तक की कटौती;

(5) निर्यात अवधि के अंतिम महीने से 24 महीने की अवधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन-पत्रों को "काल बाधित" रूप में सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा ।

(3) ऐसे सभी मामलों में लाइसेंस प्राधिकारी निर्यातों के मूल बैंक प्रमाण पत्र के खो जाने पर आर ई पी हकदारी पर 10 प्रतिशत कटौती लगाएंगे । यह 10 प्रतिशत की कटौती अन्य निर्धारित कटौतियों के अतिरिक्त होगी ।

निर्यात उत्पादों का वर्गीकरण/पुनः वर्गीकरण

313. निर्यात उत्पादों के वर्गीकरण/पुनः वर्गीकरण के लिए सुझाव पूर्ण औचित्य, आयात प्रतिपूर्ति की दर के संबंध में समर्थक आंकड़े के साथ सम्बद्ध निर्यात संवर्धन परिषद्/पण्य वस्तु बोर्ड के माध्यम से मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात (ई.पी. सेल), नई दिल्ली को भेजे जा सकते हैं ।

आर. ई. पी. हकदारियों के मद्दे पूंजीगत माल का आयात

314. (1) आयात-निर्यात नीति, 1990-93 के पैरा 195 में किए गए प्रावधानों के अनुसार वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) को उपकरणों एवं उनके उपसाधित्रों गैर खुला लाइसेंस पूंजीगत माल सहित (परिशिष्ट 1 पैरा क, 2 भाग ख और 8) तथा स्वदेशी निकासी के बिना उसके द्वारा विनिर्मित उत्पादों के निर्यात के मद्दे जारी आर. ई. पी. लाइसेंस (सों) के मद्दे बैलेन्सिंग उपकरणों का आयात करने की अनुमति होगी । पात्र विनिर्माता-निर्यातक संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी से जिसके क्षेत्राधिकार में वास्तविक उपयोक्ता की फैक्टरी स्थित है निम्नलिखित दस्तावेजों सहित संपर्क कर सकते हैं :—

(क) औद्योगिक लाइसेंस की प्रमाणित प्रति या संबद्ध औद्योगिक यूनिट के पंजीकरण की प्रमाणित प्रति।

(ख) एक मूल रूप में घोषणा कि आवेदित मशीनरी का आयात आवेदक यूनिट की लाइसेंस/स्वीकृत उत्पादन क्षमता को बढ़ाने में सफल नहीं होगी ।

(ग) आर.ई.पी. लाइसेंसों का विवरण देने वाली विवरणी अर्थात् आर. ई. पी. लाइसेंसों का नम्बर तथा मूल्य या जिनके मद्दे लाइसेंस जारी होने हैं, उन लम्बित आर. ई. पी. आवेदन-पत्रों के ब्यौरे, जिनके मद्दे उक्त मशीनरी का आयात किया जाना है ।

(घ) आयात की जाने वाली मशीनरी का संपूर्ण ब्यौरा । (पांच प्रतियां)

(2) इन प्रावधानों के अंतर्गत एक से अधिक आर. ई. पी. लाइसेंसों को समेकित किया जा सकता है ।

(3) इन प्रावधानों के अंतर्गत मशीनरी आयात के उद्देश्य के लिए समर्पित किए जाने वाले आर. ई. पी. लाइसेंस पूंजीगत माल के आयात के लिए आवेदन की जाने वाली तारीख को उसकी वैधता की अवधि से कम से कम तीन महीने अप्रयुक्त शेष होने चाहिए । आर.ई.पी. लाइसेंसों/आर.ई.पी. हकदारी के मद्दे जारी पूंजीगत लाइसेंस की वैधता अवधि भी वही होगी जो सामान्यतः पूंजीगत माल लाइसेंस पर लागू होती है । ऐसे पूंजीगत माल लाइसेंसों को पुनः वैधीकरण पूंजीगत माल लाइसेंसों के लिए निर्धारित नीति के अंतर्गत ही अनुमेय होगा ।

स्वदेशी सामान द्वारा आयात के सामान का प्रतिस्थापन

315. (1) वैध आर. ई. पी. लाइसेंस या वास्तविक उपयोक्ता लाइसेंस धारकों को स्वदेशी सामान की सप्लाई के लिए नीति आयात-निर्यात नीति के अध्याय 15 में निर्धारित की गई है ।

(2) लाइसेंस धारक से अनुरोध प्राप्त होने पर संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी, स्वदेशी उत्पादक को लाइसेंस में दिए गए या लाइसेंस में शामिल माल के विवरण को इंगित करते हुए आयात लाइसेंस के मूल्य की सीमा तक और मूल्य को घटाते हुए इस पुस्तक के परिशिष्ट 15ज में दिए गए प्रपत्र में स्वदेशी रिलीज आदेश को तीन प्रतियों में जारी करेगा ।

(3)ह स्वदेशी रिलीज आदेश की मूल प्रति आवेदक को भेजी जाएगी, दूसरी प्रति स्वदेशी उत्पादक को और तीसरी प्रति संबंधित उस लाइसेंसिंग प्राधिकारी को भेजी जाएगी जिसके क्षेत्राधिकार में विदेशी उत्पादक की फैक्टरी स्थित है ।

(4) स्वदेशी उत्पादक माल और उसके मूल्य की प्राप्ति के लिए स्वदेशी रिलीज आदेश धारक से चुकौती प्राप्त करेगा । निकासी आदेश की मूल प्रति उसे अपने पास रख लेनी चाहिए । इस प्रयोजन के लिए निर्यात के पोत पर्यन्त निशुल्क मूल्य के रूप में माना जाने वाला मूल्य वह मूल्य होगा जिसके लिए देशी उत्पादक द्वारा माल का संभरण किया गया है या वह मूल्य होगा जो रिलीज आदेश का मूल्य है, इसमें जो भी कम हो ।

(5) स्वदेशी उत्पादक आर. ई. पी. लाइसेंसों के लिए संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी को जिसके क्षेत्राधिकार में उसकी फैक्टरी स्थित है, निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ आवेदन-पत्र प्रस्तुत करेगा :—

(1) मद के नाम उसकी गुणवत्ता तकनीकी विशेषताएं, मात्रा और मूल्य सहित किए गए संभरण का साक्ष्य दर्शाते हुए स्वदेशी रिलीज आदेश की मूल प्रति।

(2) भुगतान की प्राप्ति को इंगित करने वाला बैंक प्रमाण पत्र ।

(3) स्वदेशी उत्पादक जिन मदों के विनिर्माण के लिए प्राधिकृत है उन्हें इंगित करते हुए लघु उद्योग/महानिदेशालय तकनीकी विकास के पंजीकरण प्रमाणपत्र/औद्योगिक लाइसेंस, जैसा भी मामला हो, की प्रमाणित फोटो प्रति ।

(4) आवेदक के नाम में संबंधित निर्यात संवर्धन परिषद् द्वारा जारी वैध पंजीकरण व सदस्यता प्रमाणपत्र की फोटो प्रति, और

(5) यदि आयात प्रतिपूर्ति की दर माल के संयोजन/अंतर्वस्तु पर निर्भर है तो मूल माल के संयोजन/अन्तर्वस्तु के बारे में एक घोषणा पत्र ।

रोडरूम में इंजीनियरी निर्यात संवर्धन परिषद् गोदाम के इंजीनियरी माल का निर्यात

316. (क) पंजीकृत निर्यातक जो पिछले लगातार तीन लाइसेंसिंग वर्षों के दौरान/विदेश में अंतिम तौर पर बिक्री के लिए इंजीनियरी निर्यात संवर्धन परिषद् द्वारा अनुरक्षित रोडरूम गोदाम में इंजीनियरी माल को रखने की अनुमति होगी । ऐसे निर्यात प्रारम्भ में लागू होने वाली आई. आर. दर की 80% दर पर आयात प्रतिपूर्ति लाइसेन्स के भी पात्र हैं शेष 20 प्रतिशत की हकदारी विदेशी मुद्रा की वसूली के बाद अनुमित होगी । विदेशी मुद्रा की वसूली निर्यात की तारीख से 15 महीने की अवधि के भीतर या ऐसी वसूली के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमेय तारीख तक की जाएगी ।

(2) उपर्युक्त सुविधा निम्नलिखित शर्तों के अधीन दी जाएगी :—

(क) आवेदक को अगले तीन वर्षों की एक ठोस निर्यात योजना इंजीनियरी निर्यात संवर्धन परिषद् को उनकी संतुष्टि के लिए प्रस्तुत करनी होगी ।

(ख) लाइसेंसिंग प्राधिकारियों द्वारा आदिक किसी प्रतिकूल बात के लिए नोटिस में नहीं आया हो या विवर्जित नहीं किया गया हो लंबित नहीं रखा गया होना चाहिए । आवेदक को इंजीनियरी निर्यात संवर्धन परिषद् से इस आशय का एक प्रमाणपत्र प्राप्त करके आर. ई. पी. के आवेदन के साथ संलग्न करना होगा । यह सुविधा उस आवेदक को तब तक नही मिलेगी जब तक उसके ऊपर लगा विवर्जन/विलम्बन आदेश वापस नही ले लिया गया हो ।

(3) इस अध्याय में निहित संगत उपबंधों के होते हुए भी निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जाएगी :—

(क) आर. ई. पी. लाइसेंस लेने के लिए प्रत्येक प्रेषण हेतु निर्यात की तारीख से छः महीने की अवधि के भीतर अलग-अलग आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क सहित प्रस्तुत करने होंगे ।

(ख) आवेदन-पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न होने चाहिए :—

(1) लदान बिल की ई. पी. प्रति,

(2) बीजक की बैंक प्रमाणित प्रति,

(3) करार करने वाले बैंक द्वारा प्रमाणित जी.आर.-1 फार्म की फोटो-प्रति,

(4) इस पुस्तक के परिशिष्ट 15-च के उपाबंध-5 में दिए गए प्रोफार्मा में निर्यात का अन्तिम बैंक प्रमाण-पत्र, और

(5) विदेशी मुद्रा की कमी/वसूली न होने पर तथा इस उपाबंधों के अंतर्गत प्राप्त आर. ई. पी. लाइसेंसों में मूल्यों के बीच के अंतर के बराबर का समान उत्पाद समूह का आर. ई. पी. लाइसेन्स वापस करने की एक वचनबद्धता ।

(4) किसी परेषण से संबंधित माल की विदेशी में बिक्री के बाद, आर. ई. पी. लाइसेंसों से संबंधित अंतिम तौर पर समायोजन के लिए आवेदन पत्र विदेशी मुद्रा की वसूली की तारीख से छः माह की अवधि के भीतर किया जाएगा। इसे परेषण आधार पर निर्यात माना जाएगा । इसलिए निर्यात के लिए बैंक प्रमाण-पत्र सहित आवेदन-पत्र इस पुस्तक के परिशिष्ट 15च के उपबंध-दो दिए गए प्रोफार्मा में भेजा जाना चाहिए ।

निर्यात ठेकों का पंजीकरण

317. निर्यात की वृद्धि को स्थायी बनाए रखने के प्रयोजन से ठेके के पंजीकरण के लिए एक स्कीम चलाई जा रही है । आयात-निर्यात नीति 1990-93 (खंड-1) के अध्याय 20 में इसके विवरण दिए गए हैं ।

अध्याय-16

अभिग्रहीत निर्यात

318. इस पुस्तक के अध्याय-15 में हकदारी और आयात प्रतिपूर्ति लाभ प्रदान करने के संबंध में उल्लिखित प्रकिया **"अभिग्रहीत निर्यातों" के लिए भी लागू होगी ।**

319. आयात प्रतिपूर्ति लाइसेंस लेने के लिए आवेदन-पत्र देने की प्रक्रिया नीचे दी गई है । परिशिष्ट-16-ङ में भेजे जाने वाले दस्तावेज दिए गए हैं ।

कर मुक्त लाइसेंसों के मद्दे की गई आपूर्ति के संबंध में आर. ई. पी. लाइसेन्स जारी करने के लिए आवेदन-पत्र देने की प्रक्रिया

320. (1) किसी मद का स्वदेशी उत्पादक उस मद को वैध कर मुक्त लाइसेंसधारी को संभरित कर सकता है, यदि उक्त मद कथित लाइसेंस पर आयात के लिए अनुमेय हो । ऐसी आपूर्ति को केवल इन उद्देश्यों के लिए "अभिगृहीत निर्यातों" के रूप में माना जाएगा (1) पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति के अधीन यथा अनुमेय आयात प्रतिपूर्ति, और (2) पूंजीगत माल औद्योगिक लाइसेंस या विदेशी सहयोग अनुमोदन या किसी अन्य स्कीम के अधीन स्वदेशी उत्पादकों पर लगाए गए निर्यात आभार का अनुपालन, यदि कोई हो ।

(2) उन मामलों में जहां स्वदेशी उत्पादक बेचने का इच्छुक हो और कर मुक्त लाइसेंसधारी विचाराधीन माल को खरीदने का इच्छुक हो तो कर मुक्त लाइसेंसधारी को स्वदेशी उत्पादक से प्राप्त करने के लिए प्रस्तावित और उक्त लाइसेंस में शामिल माल का पूरा विवरण, मात्रा और मूल्य निर्दिष्ट करते हुए लाइसेंस जारी करने वाले लाइसेन्स प्राधिकारी से विशेष अनुरोध करना चाहिए ।

(3) ऐसे निवेदन की प्राप्ति पर लाइसेंस प्राधिकारी संभरक का नाम और पूरा पता, आपूर्ति के लिए प्रस्तावित मद का पूरा ब्यौरा, मात्रा और मूल्य दर्शाते हुए तीन प्रतियों में अग्रिम रिलीज

आदेश जारी करेगा साथ ही साथ लाइसेंसिंग प्राधिकारी कर मुक्त लाइसेंस का मूल्य इस सीमा तक कम करते हुए, मात्रा और मूल्य दर्शाते हुए डी. ई. सी. बुक के भाग-ग के नामे डालेगा । रिलीज आदेश की दो प्रतियां कर मुक्त लाइसेंसधारक को दी जाएंगी और तीसरी प्रति लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा सीधे ही स्वदेशी संभरक के लाइसेंसिंग प्राधिकारी को भेजी जाएगी ।

(4) स्वदेशी उत्पादक माल की प्राप्ति और उसके मूल्य के लिए रिलीज आदेशधारी से (भुगतान) रसीद प्राप्त करने के बाद अग्रिम रिलीज आदेश की मूल प्रति अपने पास रखेगा । उसे आयात प्रतिपूर्ति लाइसेंस के लिए इस प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 302 के अनुसार जिस संबंध में लाइसेंसिंग प्राधिकारी के क्षेत्राधिकार में उसका पंजीकृत कार्यालय/मुख्यालय स्थित है उस लाइसेंसिंग प्राधिकारी को आपूर्ति की तिथि के आधार पर निर्धारित समय सीमा के भीतर मासिक, तिमाही/छमाही या वार्षिक आधार पर आवेदन-पत्र भेजना चाहिए । आवेदन-पत्र के साथ परिशिष्ट-16-ङ में उल्लिखित दस्तावेज/सूचना संलग्न होने चाहिएं ।

(5) आयात प्रतिपूर्ति की संगणना जहाज पर निःशुल्क मूल्य के आधार के बजाय रेल पर निःशुल्क मूल्य (निकटतम रेल हैड) के आधार पर की जाएगी ।

(6) अग्रिम विमुक्ति आदेश, जिस कर मुक्त के मद्दे यह जारी किया गया है उसकी समाप्ति की तिथि तक वैध होगा ।

(7) अग्रिम विमुक्ति आदेश, का नमूना इस पुस्तक के परिशिष्ट-15ज में दिया गया है ।

आयात-निर्यात नीति 1990-93 (खण्ड-1) के पैरा 206 (ख) (ग), (घ), (झ) और (ठ) के अधीन आने वाले "अभिप्रहीत" निर्यातों" की श्रेणियों के लिए आवेदन-पत्र देने की प्रक्रिया

321. (1) आयात प्रतिपूर्ति लाइसेंस के लिए आवेदन-पत्र संबद्ध क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकारियों को भेजने चाहिएं ।

(2) आवेदन-पत्र प्राप्त भुगतानों के आधार पर निर्धारित समय सीमा के भीतर, मासिक, तिमाही, छमाही या वार्षिक आधार पर, परिशिष्ट-16-क और परिशिष्ट-16-ङ में निर्धारित दस्तावेजों सहित निर्धारित प्रपत्र में दिया जाना चाहिए । लेकिन आयात प्रतिपूर्ति की परिगणना माल के संभरण की तारीख जिसे निर्यात तारीख के रूप में लिया जाएगा, के संदर्भ में की जाएगी, परन्तु इसमें पंजीकृत संविदाएं जिनके लिए संगत प्रावधान लागू होंगे, शामिल नहीं होगी ।

(3) उन मामलों में जहां परियोजना प्राधिकारी ने केवल आंशिक भुगतान ही किया हो परन्तु आवेदक ने किए गए पूर्ण संभरण के लिए आवेदन-पत्र दिया हो तो लाइसेंस प्राधिकारी प्राप्त भुगतान की सीमा तक ही दावे पर विचार करेंगे/परियोजना प्राधिकारी द्वारा पूर्ण भुगतान किए जाने पर, आवेदक को शेष प्राप्त भुगतान के संबंध में परियोजना प्राधिकारी से एक और प्रमाण-पत्र लाइसेंस प्राधिकारी को देना चाहिए जिसके आधार पर लाइसेंसिंग प्राधिकारी आवेदक को यथा स्वीकार्य पूरक आर. ई. पी. लाइसेंस जारी करेगा ।

(4) भारत में संयुक्त राष्ट्र संघ या अन्य बहुराष्ट्रीय अभिकरण, को की गई आपूर्तियों या अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिक बोली जिसके लिए स्वतंत्र विदेशी मुद्रा में भुगतान प्राप्त किया हो, के मद्दे की गई आपूर्ति के मामले में आवेदन-पत्र मासिक, तिमाही या छमाही आधार पर निर्धारित समय सीमा के भीतर, भुगतान की प्राप्ति के आधार पर दिए जाएंगे । लेकिन, आयात प्रतिपूर्ति की संगणना आपूर्ति की तारीख जिसे निर्यात की तारीख के रूप में लिया जाएगा, को लागू दर पर की जाएगी परन्तु इसमें पंजीकृत संविदाएं जिनके लिए संगत प्रावधान लागू होंगे, शामिल नहीं हैं । आयात आवेदन-पत्र निर्धारित प्रपत्र में दिए जाने चाहिएं और परिशिष्ट-16-ङ में उल्लिखितानुसार दस्तावेज संलग्न होने चाहिएं ।

(5) भारत में की गई आपूर्तियों के मामले में आयात प्रतिपूर्ति की संगणना जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के बजाए रेल पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के आधार पर की जाएगी ।

विदेशी पर्यटकों को बिक्री और दूतावासों/उच्च आयोगों में विदेशी राजनयिक कर्मियों, व्यापार प्रतिनिधियों को वाहनों सहित देश में विनिर्मित कंप्यूटर डयूरेबल्स का भारत में किया गया संभरण

322. (1) (क) पंजीकृत निर्यातक जिनके पास भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किया गया "प्राधिकृत मनी चेंजर्स लाइसेंस" हो वह (1) विदेशी पर्यटकों को बिक्री और (2) दूतावासों/उच्चायोगों में विदेशी राजनयिक/व्यापार प्रतिनिधियों को देश में विनिर्मित वाहनों सहित कंज्यूमर डयूरेबल्स के संभरण के मद्दे प्रतिपूर्ति लाइसेंस की मंजूरी के लिए पात्र होगा, बशर्ते कि "प्राधिकृत मनी चेंजर्स लाइसेंस" के तहत अनुमेय तरीके से मुक्त विदेशी मुद्रा में अदायगी प्राप्त की जाए । भारत से बाहर बैंकों के नाम काटे गए चेकों के मामले में विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत व्यापारी से इस आशय का एक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना चाहिए कि चैक की रकम वसूल कर ली गयी है । अन्य सभी मामलों में इस आशय का प्रमाण-पत्र काफी होगा कि चैक/धनराशि भारतीय मुद्रा नियंत्रण विभाग को सौंप दिए गए हैं ।

(2) वाणिज्य मंत्रालय और/या मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात यदि उचित समझें तो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए लाइसेंस को रद्द करने की सिफारिश कर सकते हैं ।

(3) रत्नों और आभूषणों से भिन्न मदों की बिक्री के संबंध में निम्नलिखित क्रियाविधि लागू होगी :—

(क) पंजीकृत निर्यातक को मुद्रित, क्रमानुसार संख्यांकित वाउचर बुक रखनी होगी । एक नमूना वाउचर इस पुस्तक के परिशिष्ट—16ख में दिया गया है,

(ख) प्रत्येक बिक्री वाउचर पर्यटक का नाम और राष्ट्रिकता, उसके पासपोर्ट की संख्या, बेची गयी

मद का विवरण, विदेशी मुद्रा में बिक्री का मूल्य और उसके तुल्य रुपए के संबंध में ब्यौरा दर्शाते हुए तीन प्रतियों में होगा,

(ग) मूल बिक्री वाउचर पर्यटक को उसके निजी प्रयोग के लिए दे दिया जाएगा,

(घ) वाउचर की दूसरी प्रति व्यापारी द्वारा प्रतिपूर्ति लाइसेंस के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत करते समय उसके साथ भेजी जाएगी, और

(ङ) तीसरी प्रति व्यापारी को उसके निजी रिकार्ड के लिए अपेक्षित होगी ।

(4) विदेशी मुद्रा/यात्री चैकों के बदले भारत में विदेशी पर्यटकों को रत्नों और आभूषणों की मदों की बिक्री के संबंध में पंजीकृत निर्यातक जोकि एक अनुमोदित जौहरी भी होगा, को निम्नलिखित प्रक्रिया को अपनाना होगा :—

(क) पंजीकृत अनुमोदित जौहरी को मुद्रित क्रमवार संख्यांकित वाउचर बुक रखना होगा जिसका ब्यौरा अग्रिम रूप से लाइसेंस प्राधिकारी को अधिसूचित होना चाहिए । वाउचर का एक नमूना परिशिष्ट 16-ग में दिया गया है ।

(ख) प्रत्येक बिक्री वाउचर चार प्रतियों में होगा जिसमें पर्यटक का नाम और उसकी राष्ट्रिकता उसके पासपोर्ट की संख्या बेची गयी रत्न और आभूषणों की मदों का विवरण, विदेशी मुद्रा में बिक्री मूल्य और पर्यटक द्वारा दिए गए विदेशी मुद्रा पर्यटक चैकों के तुल्य रुपए के संबंध में ब्यौरा उल्लिखित होगा ।

(ग) मूल बिक्री वाउचर को पर्यटक द्वारा भारत से प्रस्थान के समय सीमाशुल्क प्राधिकारी को देने के लिए पर्यटक को दे देना चाहिए ।

(घ) बिक्री वाउचर की दूसरी प्रति पर्यटक को उसके निजी प्रयोग के लिए दी जाएगी ।

(ङ) बिक्री वाउचर की तीसरी प्रति जौहरी द्वारा प्रतिपूर्ति लाइसेंस के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत करते समय उसके साथ भेजी जाएगी ।

(च) चौथी प्रति जौहरी द्वारा उसके निजी रिकार्ड के लिए रख ली जाएगी ।

(5) (क) पंजीकृत निर्यातकों को एक रजिस्टर रखना होगा जिसमें निम्नलिखित ब्यौरे होंगे :—

(1) क्रम संख्या,

(2) बिक्री वाउचर की क्रम संख्या,

(3) बिक्री की तारीख,

(4) विदेशी क्रेता का नाम,

(5) उसके पासपोर्ट की संख्या,

(6) बेची गई मदों का विवरण और वे किस माल से बनी हैं,

(7) रुपयों में मूल्य,

(8) अभ्यर्पित की गयी तुल्य विदेशी मुद्रा,

(9) उस बैंक का नाम जिसमें विदेशी मुद्रा पर्यटक चैकों/क्रास किए हुए विदेशी बैंक ड्राफ्ट/चैकों को जमा किया गया है,

(10) जमा करने की तारीख, और

(11) अभ्युक्तियां ।

(ख) सरकार की एजेन्सियां कभी भी रजिस्टर का निरीक्षण कर सकती हैं ।

(6) आयात के लिए आवेदन-पत्र विदेशी मुद्रा में भुगतान की प्राप्ति के बाद निर्धारित अवधि के भीतर संबंधित लाइसेंस प्राधिकारी को भेजने चाहिएं । लेकिन आयात प्रतिपूर्ति की दर बिक्री की तिथि से संबंधित होगी । आवेदन-पत्र के साथ परिशिष्ट 16-ङ में दिए गए अनुसार दस्तावेज होने चाहिएं ।

(7) रत्नों और आभूषणों से भिन्न मदों की बिक्री के संबंध में डिनर्स क्लब, मास्टर कार्ड इन्टरनेशनल और अमरीकन एक्सप्रेस इन्टरनेशनल द्वारा जारी किए गए क्रेडिट कार्डों के माध्यम से किए गए भुगतान भी इस नीति के तहत और इस पैरा में निर्धारित शर्तों के अनुसार और प्राधिकृत बैंक सूत्रों के माध्यम से विदेशी मुद्रा की प्राप्ति के साक्ष्य पर प्रतिपूर्ति लाइसेंस के लिए पात्रता प्रदान करेंगे ।

लेकिन, रत्न और आभूषणों की मदों की बिक्री के संबंध में डिनर्स क्लब और अमरीकन एक्सप्रेस इन्टरनेशनल द्वारा जारी क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किए गए भुगतान आयात प्रतिपूर्ति के लिए पात्रता प्रदान करेंगे ।

अध्याय—17

सेवाओं का निर्यात

323. आयात प्रतिपूर्ति के लाभ के लिए पात्र सेवाओं की विभिन्न किस्मों, और इन सेवाओं के मद्दे उपलब्ध आयात प्रतिपूर्ति के लाभों से संबंधित आयात नीति, आयात–निर्यात नीति पुस्तक के अध्याय 17 में दी गई है ।

324. निर्यात लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र बनाने के लिए सेवा निर्यातकों को स्वयं को किसी उपयुक्त निर्यात संवर्धन परिषद/पण्य-वस्तु बोर्ड के साथ पंजीकृत कराना होगा । इस संबंध में आवश्यक विवरण इस पुस्तक के अध्याय 15 में निहित हैं ।

325. सेवा निर्यातों के मद्दे आर० ई० पी० लाइसेंस जारी करने के लिए आवेदन-पत्र इस पुस्तक के अध्याय—15 में निर्धारित क्रियाविधि के अनुसार परिशिष्ट 17 में दिए गए प्रपत्र में संबंधित लाइसेंस प्राधिकारी को प्रस्तुत करना चाहिए। आवेदन-पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज होने चाहिएं :—

क्र० सं०	सेवा निर्यात	दस्तावेज
1.	मैगनेटिक टेप फ्लोपी डिस्क और पेपर के माध्यम से कम्प्यूटर सौफ्टवेयर निर्यात।	(1) क्रय आदेश/संविदा की प्रति (2) किसी अनुसूचित बैंक द्वारा साक्ष्यांकित बीजक (3) बैंक द्वारा जारी किया गया विदेशी मुद्रा का प्रेषण प्रमाण पत्र (4) सक्षम प्राधिकारियों द्वारा साक्ष्यांकित पोत परिवहन बिल/पी० पी० (5) जी० आर० प्रपत्र (प्रति) (6) भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमोदन की संख्या और तिथि और विदेश में किए गए खर्चे के लिए रिलीज की गई विदेशी मुद्रा की धनराशी विदेश के लिए परामर्शदाताओं/निर्यातों अन्य कर्मियों के लिए भारत में चुकाई गई यात्रा धनराशि और अर्जित की गई विदेशी मुद्रा को निर्दिष्ट करते हुए सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र और (7) विदेशी ग्राहकों के साथ हस्ताक्षर किए गए करार का भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदन भारतीय रिजर्व बैंक फैक्स और टेलेक्स के माध्यम में प्राप्त निर्यात आदेश को मान्यता दे सकता है परन्तु फैक्स/टेलेक्स की प्राप्ति के 15 दिन के भीतर पार्टियों के बीच नियमित रूप से हस्ताक्षरित संविदा निरपवाद रूप से प्राप्त होने चाहिए।
2.	डाटा लिंक से टेलिट के माध्यम से कम्प्यूटर सोफ्टवेयर निर्यात	(1) क्रय आदेश/संविदा की प्रति (2) अनुसूचित बैंक द्वारा साक्ष्यांकित बीजक (3) बैंक द्वारा जारी किया गया धन प्रेषण प्रमाण-पत्र (4) निर्यात के लिए सोफ्टेक्स अर्थात सेटेलिट (प्रति) (5) भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमोदन की संख्या और तिथि निर्दिष्ट करते हुए सनदी लेखपाल से प्रमाण-पत्र कि विदेशी खर्चों के लिए रिलीज की गई विदेशी मुद्रा की धनराशि विदेश यात्रा के लिए परामर्शदाता/निर्यातकों/अन्य कार्मिकों के लिए भारत में अदा की गई यात्रा धनराशि और अर्जित की गई कुल विदेशी धनराशि क्या हैं : (6) विदेशी ग्राहकों के साथ हस्ताक्षरित करार का भारतीय रिजर्व बैंक से अनुमोदन (भारतीय रिजर्व बैंक फैक्स या टेलेक्स के माध्यम से प्राप्त निर्यात आदेश को मान्यता दे सकता है। परन्तु इस आदेश के अनुसरण में फैक्स/टेलेक्स की प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर पार्टियों के बीच नियमित रूप से हस्ताक्षरित संविदा प्राप्त होनी चाहिए।
3.	कम्प्यूटर परामर्शदात्री सेवाओं सहित परामर्शदात्री सेवायें और आयात नीति के पैरा 213 में उल्लिखित अन्य विदेशी सेवाएं	(1) क्रय आदेश संविदा की प्रति (2) अनुसूचित बैंक द्वारा साक्ष्यांकित बीजक (3) बैंक द्वारा जारी किया गया विदेशी मुद्रा धन प्रेषण प्रमाण पत्र (एफ० आई० आर० सी०) (4) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदन की संख्या और तिथि विदेशी खर्चों के लिए रिलीज की गई विदेशी मुद्रा की राशि विदेश में पर्यटन के लिए परामर्शदाताओं/निर्यातों/अन्य कार्मिकों के लिए भारत में अदा की गई यात्रा राशि और कुल अर्जित विदेशी मुद्रा को निर्दिष्ट करते हुए सनदी

अध्याय—17 (समाप्त)

क्र० सं०	सेवा निर्यात	दस्तावेज
		लेखापाल से प्रमाण-पत्र (5) विदेशी ग्राहकों के साथ हस्हस्ताक्षरित करार का भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदन (भारतीय रिजर्व बैंक फैक्स या टेलेक्स के माध्यम से प्राप्त निर्यात आदेश को मान्यता दे सकता है परन्तु इस आदेश के अनुसरण में फैक्स/टेलेक्स की प्राप्ति के 15 दिन के भीतर पार्टियों के बीच नियमित रूप से हस्ताक्षरित संविदा प्राप्त होनी चाहिए)

326. इस पुस्तक के अध्याय—15 में निहित अन्य संगत प्रावधान इस स्कीम के लिए भी आवश्यक परिवर्तनों सहित लागू होंगे।

अध्याय-18

निर्यात सदन, व्यापार सदन एवं स्टार व्यापार सदन

327. निर्यात सदनों और व्यापार सदनों से संबंधित आयात नीति, आयात-निर्यात नीति 1990-93 के अध्याय-18 खण्ड 1 में दी गई है।

निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन-पत्र

328. (1) पात्र आवेदकों को अपने पत्र इस पुस्तक की परिशिष्ट 18-क में दिए गए निर्धारित प्रपत्र में लाइसेंसिंग वर्ष के 30 सितम्बर को या इससे पहले मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात (ई. पी.-3 अनुभाग), नई दिल्ली को भेजने चाहिए। निर्यातों का वह विवरण जिस पर आवेदन पत्र आधारित है, उस सनदी/लागत लेखापाल या कम्पनी सचिव द्वारा प्रमाणित होना चाहिए जो आवेदक फर्म या उसकी सहयोगी फर्म का साझीदार, निदेशक या कर्मचारी न हो। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम के माध्यम से किए गए पात्र निर्यातों के संबंध में आवेदन-पत्र सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के प्रमाण पत्र द्वारा समर्थित होने चाहिएं।

(2) निम्नलिखित दस्तावेजों द्वारा प्रमाणित, आवेदक के नाम में किए गए सीधे निर्यात को हिसाब में लिया जाएगा :—

(1) निर्यात आदेश/निर्यात संविदाए (उसके अपने नाम में)।

(2) विदेशी मुद्रा की वसूली दर्शाते हुए बैंक प्रमाण-पत्र (चाहे वे माल के विनिर्माताओं का संकेत करें या न करें) उसके स्वयं के नाम में।

(3) बीजक (चाहे वे निर्यातित माल के विनिर्माता के नाम को इंगित करें या न करें) उसके स्वयं के नाम में।

(4) राज्य व्यापार निगम के एक सहयोगी के रूप में या इसी प्रकार के अन्य सरकारी उद्यम के रूप में किए गए निर्यात भी यदि अन्य प्रकार से स्वीकार्य होंगे तो लेखे में लिए जा सकते हैं। बशर्ते कि :—

(क) विषयाधीन निर्यातों के लिए सभी आर.ई.पी. लाभ आवेदक को उपलब्ध करा दिए गए हों;

(ख) सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम के नाम के साथ या इसके बिना आवेदक के नाम को सम्बद्ध दस्तावेजों में किसी भी एक दस्तावेज में दिया गया हो; और

(ग) इस संबंध में सार्वजनिक उद्यम का एक प्रमाण-पत्र कि आवेदक के संबंधित निर्यातों को प्रभावी करने में महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं।

(घ) सार्वजनिक उद्यम इस आशय की घोषणा प्रस्तुत करें कि स्वयं को लाभ प्राप्ति के लिए न तो इन निर्यातों को शामिल किया है और न ही करेंगे।

(3) लघु उद्योग/कुटीर क्षेत्र की यूनिटों द्वारा विनिर्मित निम्नलिखित निर्यात उत्पादों के संबंध में, यदि आवेदक संबंधित विनिर्माता (ओं) के नाम देने में असमर्थ है तो उससे इस बारे में एक घोषणा निर्यात/व्यापार सदन प्रमाण-पत्र के लिए उसकी पात्रता का निर्धारण करने के प्रयोजनार्थ स्वीकार की जाए :—

(1) अगरबत्ती, धूप और सुगन्धित पदार्थ;

(2) चमड़े की वस्तुएं, परिष्कृत चमड़े और पेंट ब्रुश सहित;

(3) खेल-कूद का सामान;

(4) मसाले, करी पाउडर और पेस्ट;

(5) हस्त निर्मित गलीचे, दरियां, नमदे और कालीन;

(6) तैयार पोशाक और बनी हुई वस्तुएं;

(7) खादी;

(8) मोजे-बनियान;

(9) हथकरघा के वस्त्र;

(10) हस्तशिल्प की वस्तुएं;

(11) डिब्बाबन्द और जमाए हुए समुद्री उत्पाद;

(12) रत्न और आभूषण की मदें और

(13) ताजा फल/सब्जियां, तोड़े हुए फूल और पौधे ।

(4) यदि फर्मों/कम्पनियों की शाखाएं और जबकि निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन प्रमाण-पत्र देने के लिए आवेदन-पत्र केवल पंजीकृत/मुख्य कार्यालय द्वारा ही दिए जा सकते हैं, परन्तु उसके लिए यह खुली छूट होगी कि वे या तो पंजीकृत मुख्य कार्यालय या उसकी किसी शाखा के नाम में निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन प्रमाण-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अन्य शर्तें जिनके अधीन निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन प्रमाण-पत्र के आवेदकों पर इस नीति के अन्तर्गत विचार किया जा सकता है, अपरिवर्तनीय रहेंगी ।

अतिरिक्त/विशेष अतिरिक्त लाइसेंसों के लिए आवेदन-पत्र

329. अतिरिक्त/विशेष अतिरिक्त लाइसेंसों के लिए आवेदन पत्र प्रक्रिया पुस्तक के परिशिष्ट 18-ख में दिए गए निर्धारित प्रपत्र लाइसेन्स वर्ष के 30 सितम्बर तक दिए जा सकते हैं । नए आवेदक या वे आवेदक जिनके प्रमाण-पत्र लाइसेन्स वर्ष के 31 मार्च को समाप्त हो जाते हैं, वे सम्बद्ध निर्यात/व्यापार/स्टार व्यापार प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के बाद 2 महीने के अन्दर आवेदन कर सकते हैं । अतिरिक्त/विशेष अतिरिक्त आयात लाइसेंसों के लिए निर्यात सदनों द्वारा सभी प्रकार के आवेदन-पत्र उससे सम्बद्ध क्षेत्रीय लाइसेंस अधिकारी को भेजे जाएंगे जिनके क्षेत्राधिकार में निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन का वह पता जो निर्यात/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन प्रमाण-पत्र में दिया गया है ।

रिपोर्टिंग और नियंत्रण

330. (1) प्रत्येक निर्यात/व्यापार/स्टार व्यापार सदन अपने निर्यातों, आयातों और आयातित मदों को बेचने का सत्य और उपयुक्त लेखा रखेगा । ये लेखे मुख्य नियंत्रक आयात एवं निर्यात द्वारा मनोनीत किसी भी प्राधिकारी द्वारा निरीक्षण करने के लिए देने होंगे । वे अवधि की समाप्ति के अगले एक महीने के अन्दर मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात नई दिल्ली के कार्यालय में सांख्यिकी प्रभाग में निर्यात सदन सेल को उन्हें जारी किए गए "हस्तान्तरणीय" प्रभाग में अतिरिक्त/विशेष अतिरिक्त लाइसेंसों के मददे आयातित पंजीगत माल की मदों की प्राप्ति और निपटाने से संबंधित इस पुस्तक के परिशिष्ट-18-ग में दिए गए प्रपत्र में त्रैमासिक विवरण भेजेंगे । ऐसे विवरणों की प्रति प्रत्येक उस वास्तविक उपयोक्ता (औद्योगिक) के संबंधित लाइसेन्स प्राधिकारी/प्रायोजक प्राधिकारी को भी भेजी जानी चाहिए जिसको आयातित माल बेचा गया है । निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन भी भारतीय निर्यात संगठन के परिसंघ द्वारा निर्धारित पण्यवार और देशवार प्रभावित किए गए निर्यातों की अपनी विस्तृत स्कीम और निर्यातों के लिए कार्य प्रोग्राम और वार्षिक विवरणी मुख्य नियंत्रक आयात एवं निर्यात (निर्यात सदन सेल) नई दिल्ली को भेजेंगे ।

(2) निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन के गठन में कोई परिवर्तन होने पर अर्थात् उनके नाम या स्वामित्व में परिवर्तन की सूचना मुख्य नियंत्रक आयात एवं निर्यात नई दिल्ली संबंधित लाइसेंस प्राधिकारी को तुरन्त दी जाएगी । ऐसी स्थिति में निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन इस नीति के अंतर्गत व्यवस्थित सुविधाओं से तब तक वंचित कर दिया जाएगा जब तक कि संबंधित निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन स्थिति का नई या पुनर्गठित निकाय के नाम में मुख्य नियंत्रक आयात एवं निर्यात नई दिल्ली द्वारा अनुमोदन नहीं कर दिया जाता ।

(3) उपर्युक्त उप पैरे (1) में उल्लिखित निर्धारित रिपोर्ट और विवरणी को समय पर भेजने में निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन असफल रहने पर मुख्य नियंत्रक आयात एवं निर्यात ऐसे निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन को आगे मान्यता देने के लिए इन्कार कर सकता है ।

निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन प्रमाण-पत्र देने से इन्कार करना और निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन प्रमाणपत्रों का निरसन/निलम्बन

331. (1) यदि आवेदक ने पूर्व के तीन वर्षों में किसी भी समय आयात-निर्यात लाइसेंस में जालसाजी की है या किसी भ्रष्ट व्यक्ति के साथ भाग लिया है, या वाणिज्यिक लेन-देन में कोई धोखाधड़ी का काम किया है या किसी प्रकार का लाइसेंस प्राप्त करने में धोखा-धड़ी का काम किया है; या यदि आवेदक का कोई अभिकर्ता या कर्मचारी किसी भ्रष्टाचार या धोखेबाजी द्वारा आयात-निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम या आयात-निर्यात (नियंत्रण) आदेश के अन्तर्गत प्रदान किए गए लाइसेंस की किसी शर्त के अंतर्गत लाइसेंस प्राप्त करता रहा है या आयात निर्यात नियमों का उल्लंघन करता है तो मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात उसको कारण बताओ सूचना देने के बाद निर्दिष्ट की गई अवधि के लिए और आगे निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन प्रमाण-पत्र प्रदान करने से मना कर सकते हैं ।

(2) निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन प्रमाण-पत्र इन स्थितियों में रद्द संशोधित या अन्यथा रूप से प्रभावित किया जा सकता है :—

(क) यदि मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात संतुष्ट हो जाता है कि यह मिथ्या तथ्य निरूपण द्वारा प्राप्त किया गया था या गलती से जारी कर दिया गया था; या

(ख) यदि निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन ने आयात-निर्यात नीति की शर्तों का उल्लंघन किया हो; या

(ग) विदेशी क्रेता से प्राप्त की गई शिकायत की जांच करने पर निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन द्वारा संविदा का उल्लंघन या उसके द्वारा अनुचित व्यापार कार्य किया गया पाया जाए; या

(घ) निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन इस नीति के अन्तर्गत या किसी भी पूर्व नीति की अवधियों

के दौरान किए गए निर्यात उत्तरदायित्व को पूरा करने में असमर्थ रहा हो; या

(ङ) यदि निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन निर्धारित विवरण-पत्रों/विवरणी (यों) मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात नई दिल्ली या संबद्ध प्रायोजक अधिकारियों द्वारा अपेक्षित किसी सूचना को समय के भीतर भेजने में समर्थ रहा हो ।

(3) उपयुक्त कार्रवाही की जाने से पूर्व निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन के मामले की सुनवाई के लिए उचित अवसर दिया जाएगा ।

332. एक आवेदक जो निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार सदन/स्टार व्यापार सदन प्रमाण-पत्र प्रदान करने या नवीकरण करने या निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन प्रमाण-पत्र करने/संशोधन करने/ निलम्बन करने के लिए उसके आवेदन पत्र पर लिए गए निर्णय से संतुष्ट नहीं है तो वह उक्त निर्णय की तिथि से 45 दिनों के भीतर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के कार्यालय में निर्यात/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन समिति में पुनरीक्षा के लिए अपील दायर कर सकता है । समिति का निर्णय अंतिम होगा ।

अन्य प्रावधान

333. इस पुस्तक के अध्याय-15 में दिए गए विभिन्न प्रावधान आवश्यक परिवर्तन सहित निर्यात सदन, तथा व्यापार सदनों पर भी लागू होंगे । निर्यात सदनों, व्यापार सदनों और स्टार व्यापार सदनों को अपने आपको भारतीय निर्यातक संगठन संघ, नई दिल्ली के साथ पंजीकृत करवाना होगा, इसलिए उनका ध्यान इस पुस्तक के अध्याय 15 के पैरा 288 में दिए गए प्रावधानों की ओर दिलाया जाता है ।

अध्याय—19

कर छूट स्कीम

334. इस स्कीम के अन्तर्गत जारी किए गए लाइसेंसों की विभिन्न श्रेणियों के लिए नीति आयात-निर्यात नीति, 1990-93 के अध्याय-19 में दी गई है ।

335. (1) इस स्कीम के अन्तर्गत लाइसेंसों के लिए आवेदन पत्र इस स्कीम और इस अध्याय के परिशिष्ट-19-क में दिए गए प्रावधानों के अनुसार निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ दिए जाने चाहिए :—

(1) संबंधित पंजीकरण प्राधिकारी द्वारा आर. सी. एम. सी. की प्रमाणित प्रति ।

(2) संबंधित प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए पंजीकरण प्रमाण-पत्र की प्रमाणित प्रति ।

(3) संबंधित केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के अधीक्षक द्वारा आवेदक अथवा समर्थक विनिर्माता(ओं), जैसा भी मामला हो, को जारी किए गए केन्द्रीय उत्पाद शुल्क लाइसेंस की सत्यापित प्रति छूट के अधीन कार्यरत किसी यूनिट के संबंध में केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के अधीक्षक से इस आशय का प्रमाण-पत्र कि कारखाने ने केन्द्रीय उत्पाद विधि के अंतर्गत एक घोषणा दी है और इस घोषणा के अनुसार उल्लिखित उत्पाद उसके द्वारा विनिर्मित किए जाते हैं । उत्पाद के असंगठित क्षेत्र में विनिर्माण के मामले में तथा आयात नीति के परिशिष्ट-13-ङ में निर्दिष्टानुसार, व्यापारी निर्यातकों द्वारा केन्द्रीय उत्पाद प्राधिकारियों से यह प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक नहीं होगा ।

(4) आवेदन-पत्र शुल्क के भुगतान की अपेक्षित धनराशि के लिए बैंक रसीद/डिमांड ड्राफ्ट ।

(5) निर्यात आदेश तथा साख-पत्र, यदि कोई हो और जहां कहीं लागू हो; की प्रमाणित प्रति ।

(6) स्वतंत्र सनदी/लागत लेखाकार जो फर्म अथवा इसके सहयोगियों द्वारा नियोक्ता न हो, द्वारा प्रमाणित पूर्ववर्ती तीन लाइसेंसिंग वर्षों के दौरान निर्यात किए गए उत्पादों का ब्यौरा, मात्रा, जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य को दिखाने वाला एक विवरण ।

(7) इस पुस्तक के परिशिष्ट-19-क में दिए गए प्रपत्र में निर्यात किए जाने वाले उत्पाद के लिए अपेक्षित प्रत्येक मद का विवरण, मात्रा और मूल्य देते हुए स्वतंत्र व्यावसायिक सनदी इंजीनियर (अथवा उत्पादन के प्रभारी मुख्य तकनीकी अधिकारी, जैसा भी मामला हो) सनदी या लागत लेखाकार से एक प्रमाण-पत्र ।

(8) अन्य निवेश का ब्यौरा जिन्हें मांगे गये लाइसेंस से इतर स्रोतों के माध्यम से आयात/अधिप्राप्त किया जाना हो । "अधिप्राप्त" शब्द का अर्थ वही होगा जो इस पुस्तक के पैरा 342 के नीचे की टिप्पणी में दिया गया है । और स्वदेशी निवेश जिसके संबंध में आवेदक शुल्क वापसी का दावा करने का इच्छुक हो ।

(9) आयात नीति के पैरा 206 (ख) (च) तथा (झ) के अनुसार संबंधित परियोजना को संभारित के मामले में परियोजना प्राधिकारी प्रमाण-पत्र ।

(2) जिन मामलों में परिशिष्ट-13ग में पहले से ही निर्धारित निवेश उत्पादन मानदण्ड के आधार पर या जिन मामलों में मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात का कार्यालय, नई दिल्ली की मुख्यालय की अग्रदाय लाइसेंसिंग समिति द्वारा आवेदक के निजी मामले में किए गए अनुमोदन के आधार पर आवेदन पत्रों पर विचार करने की मांग की जाए उनमें पैरा 335 (1)(7) के अनुसार प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी ।

(3) यदि इस योजना के अन्तर्गत आवेदक निर्यात किये जाने वाले उत्पाद के विनिर्माण में पूर्णतः या अंशतः शामिल नहीं है, तो उसके द्वारा निर्यात किए जाने वाले उत्पाद के निर्माण में

शामिल विनिर्माता(ओं) का उल्लेख किया जाना अपेक्षित होगा शामिल किये गये ऐसे विनिर्माताओं को समर्थक विनिर्माता का नाम दिया जायेगा । असंगठित क्षेत्र के उत्पाद के निर्यात के मामले में, जैसा कि आयात नीति के परिशिष्ट 13-क में दिया गया है, आवेदन के लिए समर्थक विनिर्माता का नाम देना आवश्यक नहीं होगा ।

दस्तावेजीकरण (डाकूमेंटेशन)

आवेदन पत्र का प्रस्तुतीकरण

336. (1) लाइसेंस जारी किए जाने के लिए मूल आवेदन पत्र उस संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी को भेजा जाना चाहिए जो कि ऐसे अधिकारी के अधिकार क्षेत्र में आता हो, जो उस मुख्य नियंत्रक के स्तर से कम का न हो, जिसके क्षेत्राधिकार में आवेदक आता है । इन प्रयोजनों के लिए लाइसेंसिंग प्राधिकारी और उसके क्षेत्राधिकार वही होंगे जिनका परिशिष्ट-2ख में उल्लेख किया गया है ।

(2) उन मामलों में जहां आवेदन-पत्र पर क्षेत्रीय अग्रिम लाइसेंसिंग समिति द्वारा विचार किया जाना हो, आवेदन-पत्र चार प्रतियों में भेजा जाएगा । मूल प्रति बैंक रसीद/डिमाण्ड ड्राफ्ट सहित संबद्ध क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकारी को भेजी जाएगी और दस्तावेजों के पूर्ण सेट सहित आवेदन-पत्र की अन्य प्रतियां (1) सम्बद्ध सीमाशुल्क समाहर्ता; (2) महानिदेशक तकनीकी विकास के संबद्ध क्षेत्रीय कार्यालय के औद्योगिक अधिकारी/इलेक्ट्रोनिक मदों के मामले में इलेक्ट्रोनिकी विभाग; तथा (3) लघु उद्योग इकाइयों के मामले में उपायुक्त (लघु उद्योग या वस्त्र आयुक्त के क्षेत्रीय कार्यालय के उप निदेशक तथा वस्त्रों की मदों के मामले में उपायुक्त (लघु उद्योग); और (4) संयुक्त मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात के कार्यालय की क्षेत्रीय अग्रिम लाइसेंसिंग समिति को भेजा जाएगा । क्षेत्रीय अग्रिम लाइसेंसिंग समिति के क्षेत्राधिकार परिशिष्ट-19-ग में दिए गए हैं ।

(3) उन मामलों में जहां आवेदन-पत्रों पर मुख्यालय की अग्रिम लाइसेंसिंग समिति द्वारा विचार किया जाना हो, दस्तावेजों के पूर्ण सेट सहित मूल आवेदन-पत्र संबद्ध लाइसेंसिंग प्राधिकारी को भेजा जाएगा । प्रत्येक आवेदन-पत्र की एक प्रति पूर्ण दस्तावेजों सहित निम्नलिखित को भेजी जाएगी :—(1) निदेशक (शुल्क वापसी), वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, जीवन दीप बिल्डिंग, नई दिल्ली (2) महानिदेशक तकनीकी विकास, उद्योग भवन; तथा इलेक्ट्रोनिक मदों के मामले में इलेक्ट्रोनिकी विभाग, लोकनायक भवन, नई दिल्ली तथा (3) उपायुक्त (लघु उद्योग), नई दिल्ली (लघु उद्योगों के मामले में); या वस्त्र आयुक्त बम्बई; और उपायुक्त (लघु उद्योग), नई दिल्ली, वस्त्र मदों के लिए तथा (4) मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात का कार्यालय (डी. ई. एस. अनुभाग), नई दिल्ली ।

स्क्रीनिंग समिति

337. (क) उस क्षेत्राधिकार का ध्यान किये बिना जिसके अंतर्गत आवेदन पत्र पर विचार किया जाता है इस योजना के तहत प्रथम बार अथवा ऐसे निर्यातक जो यथा संशोधित आयात व निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, अथवा उसके अंतर्गत जारी आदेशों का उल्लंघन करने के कारण प्रतिकूल नोटिस में आए हैं के मामले में लाइसेन्स के लिए आवेदन करने पर इस पुस्तक के अध्याय-2 में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार स्क्रीनिंग समिति द्वारा प्राथमिक जांच की जायेगी । तथापि जहां क्षेत्रीय कार्यालय का कार्यप्रभारी संयुक्त मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात संतुष्ट होगा कि ऐसी औपचारिक जांच किसी विशेष मामले में आवश्यक नहीं है, वहां वह लिखित रूप से आदेश देते हुए स्क्रीनिंग समिति से पार्टी को छूट प्रदान कर सकता है ।

आवेदन पत्रों पर विचार के लिए क्षेत्राधिकार

338. (1) जहां आयात की जाने वाली सभी मदें या तो आयात-निर्यात नीति के परिशिष्ट-13-ग के निवेश उत्पादन के अन्तर्गत आती हैं या फिर निजी मामलों में मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात, नई दिल्ली के कार्यालय में अग्रिम लाइसेंसिंग समिति द्वारा अनुमोदित हैं, संयुक्त मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात/उप मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात की अध्यक्षता में क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकारी आयात नीति के पैरा 231 (1), 231 (3) और 231 (4) में दिए गए अनुसार 2 करोड़ रुपये के लागत बीमा भाड़ा मूल्य तक के अग्रिम/अग्रिम मध्यवर्ती/विशेष अग्रदाय लाइसेंसों के लिए दिए गए आवेदन पत्रों पर विचार करेंगे । जहां कोई निवेश उत्पादन मानक नहीं हो जैसा कि ऊपर दिया गया है, लेकिन किसी निजी मामले में निर्धारित निवेश उत्पादन मानकों के आधार पर लाइसेंस पहले ही जारी किया जा चुका है वहां क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकारी उसी आवेदक के पक्ष में इन मानकों पर आधारित उन्हीं मदों के लिए आकृति आधार पर 25 लाख रुपये लागत बीमा भाड़ा मूल्य तक के परवर्ती लाइसेंस जारी किए जाने पर विचार कर सकते हैं बशर्ते कि ये नार्मस दूसरे नार्मस के द्वारा अथवा क्षेत्रीय अग्रिम लाइसेंसिंग समिति या मुख्यालय की अग्रिम लाइसेंसिंग समिति या आयात-नीति के परिशिष्ट-13-ग में जोड़े गये द्वारा प्रतिवर्तित या प्रतिस्थापित न किए गए हों । इसमें आयात-नीति के पैरा 238 में निहित प्रावधानों के तहत पिछले निर्यात निष्पादन के आधार पर लाइसेंसों का जारी करना भी शामिल होगा ।

(2) जैसा कि ऊपर दिया गया है अग्रिम/अग्रिम मध्यवर्ती/विशेष अग्रदाय लाइसेंस तथा अग्रिम शुल्क छूट परमिटों के निम्नलिखित मामलों में क्षेत्रीय अग्रिम लाइसेंसिंग समिति लाइसेंसों के लिए दिए गए ऐसे आवेदन पत्रों पर विचार करेगी जो क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकारियों के अधिकार क्षेत्र में नहीं आते हैं :—

(1) जहां अग्रिम/अग्रिम मध्यवर्ती/विशेष अग्रदाय लाइसेंस के लिए दिया गया आवेदन पत्र 25 लाख या इससे कम रुपये के लागत बीमा भाड़ा मूल्य के लिए हो लेकिन पहले के निर्यात उत्पादों के लिए निवेश उत्पादन के आधार पर (1) मुख्य नियंत्रक

आयात-निर्यात के कार्यालय में अग्रिम लाइसेंसिंग समिति (मुख्यालय की अग्रिम लाइसेंसिंग समिति) द्वारा आवेदक के निजी मामले या (2) आयात नीति के परिशिष्ट 13-ग में निर्धारित किया गया हो,

(2) जहां अग्रिम/अग्रिम मध्यवर्ती/विशेष अग्रदाय लाइसेंस के लिए आवेदन पत्र 2 करोड़ रुपये से अधिक लेकिन 5 करोड़ रुपये तक के लागत-बीमा भाड़ा मूल्य के लिए है और (1) मुख्यालय की अग्रिम लाइसेंसिंग समिति द्वारा आवेदक के निजी मामले या (2) परिशिष्ट 13-ग में आयात के लिए निर्धारित सभी मदों सहित निर्यात उत्पाद के निवेश-उत्पादन मानक निर्धारित किए जा चुके हैं ।

(3) जहां आवेदन पत्र 25 लाख रुपये मूल्य तक के शुल्क छूट प्राप्त मदों के आयात के लिए अग्रिम सीमा शुल्क परमिट दिए जाने के लिए हो,

(3) निम्न श्रेणियों के आवेदन-पत्रों पर केवल मुख्यालय की अग्रिम लाइसेंसिंग समिति द्वारा ही विचार किया जाएगा :—

(1) ऊपर पैरा 338 (2) के उप पैरा (1), (2) और (3) के अन्तर्गत न आने वाले मामले ।

(2) आयात नीति के पैरा 231 (क) में दिए गए थोक कर मुक्त लाइसेंसों के लिए आवेदन पत्र ।

(3) आयात नीति के पैरा 253 से 256 में दिए गए ब्लैंकेट अग्रिम लाइसेन्स के लिए आवेदन पत्र ।

(4) निवेश-उत्पादन नार्मस मानकों के निर्धारण के लिए आवेदन पत्र ।

अग्रिम मध्यवर्ती लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया

339. (1) जहां आवेदन-पत्र किसी मध्यवर्ती विनिर्माता द्वारा दिया जाता हो वहां आवेदक को मध्यवर्ती उत्पाद की आपूर्ति के सम्बन्ध में अन्तिम निर्यातक को जारी किए गए अग्रिम लाइसेंस में पृष्ठांकन करके दस्तावेजी प्रमाण भी आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करने चाहिए । अन्तिम निर्यातक का क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र उस उद्देश्य के लिए संगत माना जाएगा । अन्तिम निर्यातक का क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि उपर्युक्त प्रमाण पत्र जारी करने से पहले अन्तिम निर्यातक का लाइसेंस सम्बन्धित मध्यवर्ती उत्पाद के प्रत्यक्ष आयात के लिए अवैध कर दिया गया है ।

(2) ऐसे मामले में जहां अन्तिम निर्यातक के पक्ष में अग्रिम लाइसेंस तो जारी न किया गया हो लेकिन अग्रिम लाइसेंस जारी किए जाने के लिए आवेदन पत्र दे दिया गया हो, आवेदक को वहां दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करना होगा कि मध्यवर्ती उत्पाद के तकनीकी विनिर्देशन के साथ मात्रा, मूल्य और मदों का पूर्ण विवरण निर्देशित करते हुए अन्तिम निर्यातक ने उसको फर्म आदेश दे दिया है । अग्रिम लाइसेंस के अनुमोदन के लिए अन्तिम निर्यातक द्वारा दिये गये आवेदन पत्र की एक प्रति भी प्रस्तुत की जानी चाहिए । आवेदक को अग्रिम मध्यवर्ती लाइसेन्स को जारी करने से पूर्व सम्बन्धित लाइसेंसिंग प्राधिकारी को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि अन्तिम निर्यातक का अग्रिम लाइसेन्स के लिए आवेदन-पत्र अनुमोदित कर दिया गया है और अन्तिम निर्यातक को जारी किया गया अग्रिम लाइसेंस संगत मध्यवर्ती उत्पाद के प्रत्यक्ष आयात के लिए अवैध कर दिया गया है तथा इस सम्बन्ध में एक प्रमाण पत्र, जैसा कि उपर्युक्त उप पैरा (1) में उल्लेख हो, सम्बन्धित क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकारी से प्राप्त किया जा चुका है ।

(3) अन्तिम निर्यातक द्वारा मध्यवर्ती विनिर्माता को की गई अदायगी सामान्य बैंकिंग माध्यमों से की जाएगी । बांड से विमुक्ति के समय, मध्यवर्ती विनिर्माता संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी को इस आशय का बैंक से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा ।

(4) संगत मध्यवर्ती उत्पाद के औसत पूर्व निर्यात निष्पादन के आधार पर नियमित विनिर्माता निर्यातकों से प्राप्त आवेदन पत्रों पर आयात नीति के पैरा 238 (2) में निहित प्रावधानों की शर्तों के अनुसार विचार किया जाएगा ।

340. कोई अंतिम रूप से नियोजक जो विचाराधीन परिणामी उत्पाद का विनिर्माता न हो परन्तु इसका स्टेटस निर्यात सदन/व्यापार सदन का हो वह भी निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने पर मध्यस्थ अग्रिम लाइसेंसिंग स्कीम की सुविधा उपलब्ध कर सकता है :—

(1) आवेदक निर्यात सदन/व्यापार सदन लाइसेंस के लिए अपने आवेदन-पत्र में उस समर्थक विनिर्माता का नाम और पता दे जो डी ई ई सी/आयात-निर्यात पास बुक में शामिल करने के लिए, अंतिम निर्यात उत्पाद में परिवर्तन के लिए मध्यस्थ विनिर्माता द्वारा संभरित मध्यस्थ माल प्राप्त करेगा; और

(2) मध्यस्थ माल मध्यस्थ विनिर्माता के कारखाने से घोषित किए गए समर्थक विनिर्माता के कारखाने का सामान्य केन्द्रीय उत्पाद शुल्क गेट पास और उसकी प्राप्ति के उचित रिकार्ड के तहत ले जाया जाए और उसकी खपत आदि का हिसाब मध्यस्थ विनिर्माता द्वारा रखा जाए ।

परिवर्ती लाइसेंसों का जारी किया जाना

341. (1) दूसरा या परिवर्ती लाइसेन्स जारी करने के लिए आवेदन पत्र तब तक स्वीकार नहीं किया जायेगा जब तक कि पहले जारी किये गये लाइसेंस के सम्बन्ध में निर्यात आभार तथा अनुबन्धित निर्यात आभार समय समाप्ति में निर्यात आभार (1) पूरा न कर दिया गया हो अथवा (2) निर्यात आभार की समय सीमा सक्षम प्राधिकारी द्वारा बढ़ा न दी गयी हो, अथवा (3) प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 366 में निहित प्रावधानों के अनुसार निर्धारित निधि से निर्यातों को नियमित न कर दिया गया हो । इन प्रयोजनों के लिए निर्यात आभार की पूर्ति के लिए किए गए

निर्यात/संभरण संबंधित पोतलदान बिल/भुगतान प्रमाण-पत्र तथा प्राधिकृत प्राधिकारी द्वारा डी ई ई सी पर पृष्ठांकन के साक्ष्यों के आधार पर विचार किया जाएगा ।

(2) इस स्कीम के अन्तर्गत ऐसे आवेदनों से लाइसेंस जारी किए जाने के आवेदनों पर, जिसको आयात-निर्यात नीति 1985-88 के अध्याय-15 और आयात-निर्यात नीति 1988—91 के अध्याय-20 की शर्तों के अनुसार आयात-निर्यात पासबुक लाइसेंस जारी किया गया है, केवल उन्हीं मामलों में विचार किया जाएगा जहां उन उत्पादों के लिए जिनके लिए लाइसेंस मांगा गया है, उन पासबुकों पर लागू निर्यात आभार का 75 प्रतिशत पूरा कर दिया गया है बशर्ते कि आवेदक यह वचन दे कि वह निर्यात आभारों को अनुबंधित समयावधि में पूर्ण करेगा ।

मूल्य वर्धन

342. इस योजना के अन्तर्गत लाइसेंस दिए जाने के उद्देश्य से मूल्य वर्धन की गणना निर्यातों के जहाज पर्यन्त निःशुल्क नामशः आयातित निवेशों, पूंजीगत माल के अतिरिक्त के लागत बीमा को छोड़ते हुए कि क्या इस योजना के अन्तर्गत ये निवेश आवेदक द्वारा सीधे आयात किए गए हैं अथवा/प्रणामी उत्पादों के निर्यात/संभरण तथा विनिर्माण के लिए अन्यत्र के प्राप्त किए गए हैं को ध्यान में रखते हुए की जाएगी । इन प्रयोजनों के लिए, आयातों के लागत बीमा भाड़ा मूल्य में मेंडेटरी स्पेयर्स तथा पैकिंग सामग्री जिसका परिणामी उत्पाद के साथ निर्यात किया जाना है को भी लागत बीमा भाड़ा में शामिल किया जाएगा । "प्रोक्योर्ड" शब्द में वे निवेश सम्मिलित होंगे जिनका आयात, आयात नीति के किसी अन्य प्रावधान के अन्तर्गत आवेदक द्वारा प्रत्यक्ष रूप से न करके जिनकी आपूर्तियां बिना किसी संसाधन के दूसरों से प्राप्त की गई हैं ।

लाइसेंस के मूल्य में वृद्धि

343. मुद्रा विनिमय दरों में उच्च भाड़े या अधिक विभिन्नता, अथवा आयात के लिए अनुमित निवेश की लागत में वृद्धि के मामले में, लाइसेंसिंग प्राधिकारी इस योजना के तहत जारी किए गए लाइसेंस के लागत बीमा भाड़ा मूल्य में अग्रिम लाइसेंसिंग समितियों को विनिर्दिष्ट किए बिना उनके अनुरोध किए जाने पर आगे वृद्धि कर सकता है, बशर्ते कि निर्धारित निर्यात आभार का जहाज-पर्यन्त निःशुल्क मूल्य भी तदनुसार यथा अनुपात आगे बढ़ा दिया गया हो । अपवाद के मामलों में जहां लाइसेंसधारी यथार्थ और प्रामाणिक आधार पर निर्यात आभार के जहाज-पर्यन्त निःशुल्क मूल्य में उसी अनुपात में बढ़ाने में असमर्थ रहता है वहां एक करोड़ रुपये के लागत बीमा भाड़ा मूल्य तक के लाइसेंस मूल्य के सम्बन्ध में, ऐसी वृद्धि की प्रार्थना पर विचार करने के लिए अग्रिम लाइसेंसिंग समिति प्राधिकृत है बशर्ते कि ऐसी ही वृद्धि के बाद मूल्य वर्धन इस योजना में अनुबन्ध न्यूनतम मूल्य से कम न होता है । ऐसी वृद्धि जो क्षेत्रीय लाइसेंसिंग समितियों के अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं, के लिए किए गए आवेदनों पर मुख्यालय की अग्रिम लाइसेंसिंग समिति द्वारा विचार किया जाएगा ।

निर्यात आभार

344. (1) इस योजना के तहत जारी लाइसेन्स के साथ एक उपयुक्त निर्यात आभार होगा और उसे अनुबन्धित समय अवधि के अन्दर पूर्ण करना होगा । निर्यात आभार समयावधि आयात के प्रथम परेषण तिथि के 30 दिन की समाप्ति के बाद से प्रारम्भ होगी । प्रारम्भ में अस्थायी तौर पर बंधपत्र/विधिक करार के निष्पादन की तिथि वह मानी जाएगी जिससे तथापि निर्यात आभार आरम्भ होते हैं । निर्यात आभार के प्रारम्भ होने की वास्तविक तिथि प्रविष्टि या डी.ई.ई.सी. पुस्तक के प्रस्तुत किए जाने पर तय की जायेगी ।

(2) आर.पी.ए. देशों को निर्यात करने के लिए अग्रिम/ब्लैकेट अग्रिम लाइसेंस का अनुमोदन चाहने वाले निर्यातक के, आयात नीति के पैरा 234 में दी गयी विधि के अनुसार जी.सी.ए. देशों को माल निर्यात करने के लिए एक और आभार का वचन देना होगा । इस सीमा के अंतर्गत संगत अग्रिम/ब्लैकेट अग्रिम लाइसेंस पर एक शर्त लगाई जाएगी लेकिन निर्यातक को इस उद्देश्य के लिए अलग से बांड का निष्पादन करने की आवश्यकता नहीं होगी और वह लाइसेंस पर लागू मूल निर्यात आभार के लिए इस पुस्तक के पैरा 348 में दी गई विधि के अनुसार बांड विधिक वचन बद्धता, जैसा भी मामला हो, का निष्पादन करेगा । तथापि, निर्यातक से अपेक्षित होगा कि वह, संगत लाइसेंस/ब्लैकेट अग्रिम लाइसेंस के जारी होने की तिथि से 18 महीने की अवधि के अंतर्गत नीति के पैरा 234 (1) या (2) में निहित प्रावधानों के अनुसार जी.सी.ए. देशों को किए गए प्रत्यक्ष निर्यात का अपने नामे विदेशी मुद्रा की प्राप्ति के प्रमाण द्वारा समर्थिक एक संतोषजनक साक्ष्य प्रस्तुत करें । जी.सी.ए. देशों को किए गए ऐसे निर्यातों के मामले में लाइसेंसधारी के अनुरोध करने पर सम्बन्धित लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा, जी.सी.ए. देशों को स्वीकार किए गए निर्यातों का विवरण देते हुए इस पुस्तक के परिशिष्ट 19-घ में दिए गए प्रपत्र में एक विशेष प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा जिसको जी.सी.ए. देशों को किए गए निर्यातों के साक्ष्य के रूप में, मूल रूप से अभ्यर्थित किया जा सकता है । यह स्पष्ट किया जाता है कि किसी भी परिस्थिति में उपर्युक्त प्रमाण-पत्र की अनुलिपि जारी नहीं की जाएगी ।

निर्यात/आभार अवधि में वृद्धि

345. नियमित निर्यातकों के मामले में जो कम से कम पिछले तीन वर्षों से निर्यात निष्पादन कर रहे हैं, निर्धारित अवधि में निर्यात आभार पूरा करने में असमर्थ रहे हैं उन्हें गुणावगुण के आधार पर अधिकतम तीन मास की निर्यात आभार के निष्पादन में क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकारियों द्वारा वृद्धि की अनुमति दी जा सकती है । सम्बद्ध क्षेत्रीय अग्रिम लाइसेंसिंग समिति आगे 6 मास तक और वृद्धि की अनुमति दे सकती है । अन्य निर्यातकों से निर्यात आभार अवधि में वृद्धि के अनुरोध पर केवल संबद्ध क्षेत्रीय अग्रिम लाइसेंसिंग समिति द्वारा 6 मास की अवधि तक की वृद्धि करने पर विचार किया जा सकता है । इस वृद्धि के अनुरोध पर निर्धारित अवधि में निर्यात आभार

के निष्पादन हेतु किए गए वास्तविक निर्यात एवं उसके लिए किए गए प्रयत्नों को ध्यान में रखते हुए विचार किया जाएगा । सामान्यत: निर्यात आभार की अवधि में वृद्धि की अनुमति नहीं दी जाएगी । तथापि, अपवादस्वरूप प्रत्येक मामले के गुणावगुणों को ध्यान में रखकर निर्यात आभार की अवधि में आगे वृद्धि के लिए मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली के कार्यालय में मुख्यालय अग्रिम लाइसेंसिग समिति द्वारा विचार किया जा सकता है ।

निवेश-उत्पादन मानदण्डों का निर्धारण

346. आयात नीति के परिशिष्ट 13-ग में कुछ निर्यात उत्पादों के निवेश उत्पादन मानदण्ड दिए गए हैं जिनके आधार पर क्षेत्रीय लाइसेंसिग प्राधिकारी अग्रिम लाइसेंसिग समितियों के सम्मुख विचारार्थ प्रस्तुत किए बिना इस योजना के तहत लाइसेंस जारी कर सकते हैं तथापि, पंजीकृत निर्यातक, भविष्य में प्राप्त किए जाने वाले आदेशों की प्रत्याशा में उनके द्वारा निर्यात किए जाने वाले उत्पादों के निवेश-उत्पादन नार्मस के अनुमोदन के लिए मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात नई दिल्ली के कार्यालय में अग्रिम लाइसेंसिग समिति को आवेदन कर सकते हैं । इन प्रयोजनों के लिए आवेदन पत्र परिशिष्ट 19-क में दिए गए प्रपत्र में दिए जाने चाहिएं ।

तृतीय पक्षकार द्वारा निर्यात

347. (1) राज्य व्यापार निगम, या खनिज तथा धातु व्यापार निगम या निर्यात/व्यापार सदन की ओर से निर्यात/आपूर्ति करने के इच्छुक पंजीकृत विनिर्माता निर्यातक इस स्कीम के अन्तर्गत सभी शर्तों को पूरा करने की शर्त के अधीन लाइसेंस के लिए आवेदन करने के लिए पात्र होंगे यदि :—

(1) ऐसा विनिर्माता राज्य व्यापार निगम/खनिज तथा धातु व्यापार निगम, निर्यात/व्यापार सदन (जिसे इसके बाद आदेश धारक कहा जाएगा) से आदेश प्राप्त करें,

(2) ऐसे निर्यात/आपूर्ति से संबंधित सभी दस्तावेजों में संबंधित विनिर्माता और आदेश धारक, दोनों का नाम हो,

(3) प्रतिपूर्ति लाभ, यदि कोई हो तो उनके लिए संबंधित आवेदक विनिर्माता-निर्यातक विशेष रूप से दावा करें और संबंधित आदेश धारक (निर्यात/व्यापार सदन) ने इसे लिखित रूप में मान लिया हो,

(4) आवेदक विनिर्माता लिखित रूप में इस बात से सहमत हो जाए कि इस प्रकार प्रभावित निर्यात/आपूर्ति केवल संबंधित आदेश धारक (निर्यात/व्यापार सदन) द्वारा प्रभावित निर्यात/आपूर्ति के रूप में समझी जाएगी,

(5) विनिर्माता निर्यातक यह घोषणा करे कि वह किसी भी परिस्थिति में, इस निर्यात-आपूर्ति का दावा स्वयं अपने लिए नहीं करेगा और यह कि निर्यातों/आपूर्ति को उपर्युक्त (3) में उल्लिखित को छोड़कर इस नीति के अन्तर्गत किसी लाभ के लिए अपने निर्यातों के रूप में उसके द्वारा शामिल नहीं किया जाएगा;

(6) संयुक्त बांड/विधिक करार, जैसा भी मामला हो, आयात नीति और प्रक्रिया पुस्तक 1990-93 में इस संबंध में निहित प्रावधान के अनुसार विनिर्माता और संबंधित आदेश धारक (निर्यात/व्यापार सदन) दोनों द्वारा निष्पादित किया जाए । ऐसे मामलों में, शुल्क छूट हकदारी प्रमाण-पत्र के भाग-च से संबंधित आदेश धारक (निर्यात/व्यापार सदन) के नाम में ऐसे निर्यातों/आपूर्ति को अनुमति के लिए समुचित रूप से पृष्ठांकित किया जाएगा । ऐसे मामलों में संबंधित आदेश धारक (निर्यात/व्यापार सदन) यदि इस श्रेणी के अंतर्गत लाइसेन्स पर लगाये गये निर्यात आभार को पूरा नहीं करते हैं तो उनके विरुद्ध नीचे दिए गए पैरा-363 से 366 में व्यवस्थित अनुसार दण्डनीय कार्रवाई की जा सकती है ।

(2) पात्रता के प्रयोजनार्थ, आवेदन पत्र की तिथि को केवल निर्यात/व्यापार सदन के स्तर को ध्यान में रखा जाएगा । बाद में निर्यात/व्यापार सदन के रूप में आदेश धारक के स्तर में गिरावट होने से उनके नाम से निर्यात करने के लिए संयुक्त रूप से स्वीकृत किए गए निर्यात आभार को पूरा करने तक लाइसेंस धारक की पात्रता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

बांड/विधिक वचनबद्धता का निष्पादन करना

348. (1) इस योजना के अन्तर्गत जारी लाइसेन्स के मद्दे आयात के प्रथम प्रेषण की निकासी से पूर्व लाइसेंस धारक को उस पर लगाए गए निर्यात आभार को पूरा करने के लिए और लाइसेंस पर अनुमति सीमा शुल्क छूट के लाभ के लिए इस पुस्तक में दिए गए परिशिष्ट-19ङ में निर्धारित प्रपत्र में संबंधित लाइसेंसिग अधिकारी के समक्ष एक बांड का निष्पादन करना होगा । इस पैरे में किए गए प्रावधानों के अनुसार अपेक्षित मूल्य की बैंक गारण्टी के साथ पोषित बांड का निष्पादन जैसा कि नीचे बताया गया लाइसेंस धारक के निर्यात निष्पादन और स्थिति पर आधारित होगा ।

(2) एक लाइसेंस धारक जिसका तीन साल से कम का निर्यात निष्पादन रहा है को लाइसेंस के लागत बीमा भाड़ा मूल्य के 50% (लघु उद्योग क्षेत्र के विनिर्माता निर्यातकों के मामले में 25%) के बराबर या देय सीमा शुल्क के 100% राशि के बराबर जो भी अधिक हो बांड के साथ बैंक गारंटी निष्पादित करनी होगी ।

(3) विनिर्माता निर्यातक, जो पिछले एक वर्ष से निर्यात निष्पादन कर रहे हैं को बांड के साथ देय सीमा शुल्क के 50% की बैंक गारंटी देने की सुविधा दी जाएगी । इसी प्रकार से विनिर्माता निर्यातक जो पिछले दो वर्षों से निर्यात निष्पादन कर रहे हैं, को बांड के साथ देय सीमा शुल्क के 25% बैंक गारंटी

देने की सुविधा दी जाएगी । तथापि यह सुविधा इस पुस्तक के परिशिष्ट 19-ज में दी गई मदों के आयात के मामले में जिसके लिए उनसे 100% बैंक गारंटी दिया जाना अपेक्षित है के लिए कोई छूट प्रदान नहीं की जाएगी ।

(4) निर्यात सदन, व्यापार सदन, और सरकारी क्षेत्र उद्योग संस्थान सहित पंजीकृत निर्यातक जो पिछले तीन वर्षों से निर्यात निष्पादन कर रहे हैं, को बैंक गारंटी के साथ बांड देने के बदले में विधिक वचनबद्धता देने की अनुमति दी जा सकती है। इस प्रकार विधिक वचनबद्धता निर्यात आभार के सारे मूल्य का और देय सीमा शुल्क का 100% के बराबर होगी । ऐसे मामलों में जहां लाइसेन्स द्वारा आवृत मद परिशिष्ट 19-च में भी निर्दिष्ट है, जो ऐसे पंजीकृत निर्यातकों को विधिक वचनबद्धता की सुविधा के बावजूद भी विनिर्माता निर्यातकों को ऊपर बताई राशि का बांड, परिशिष्ट 19-ज निर्दिष्ट मदों के आयात पर देय सीमा शुल्क के 25% के बराबर बैंक गारंटी सहित निष्पादित करना होगा । इन मदों के व्यापारी निर्यातकों को बांड के साथ देय सीमा शुल्क के 50% के बराबर राशि की बैंक गारंटी देनी होगी । निर्यात सदन, व्यापार सदन, पंजीकृत निर्यातकों जिनका निर्यात निष्पादन पिछले प्रत्येक पांच वर्षों में 50 लाख रु. रहा है और सरकारी उद्यमों को परिशिष्ट 19-ज में निर्दिष्ट मदों के आयात के लिए बैंक गारंटी निष्पादित करने से छूट प्रदान की जाएगी । उन्हें केवल एक विधिक वचन बद्धता ही देनी होगी ।

(5) जैसा कि ऊपर बताया गया है, विधिक वचनबद्धता की सुविधा जहां कहीं उपलब्ध है लाइसेंस धारक के पिछले तीन लाइसेंसिंग वर्षों में किए निर्यात के औसत जहाज पर नि:शुल्क मूल्य के तीन गुणे के बराबर निर्यात आभार के जहाज पर नि:शुल्क मूल्य तक सीमित होगी । शेष के लिए, यदि कोई हो तो लाइसेंस धारक को निर्यात आभार को पूरा करने के लिए उस पर देय सीमा शुल्क के 50% के बराबर बैंक गारंटी निष्पादित करनी होगी तथापि उपरोक्त सीमा क्षेत्र सार्वजनिक उद्यमों के मामले में लागू नहीं होगी ।

(6) इस पुस्तक की पैरा 354 में किए गए प्रावधानों के अधीन एडवांस रिलीज आदेश के मद्दे जहां भी लागू हो देशी संभरण 50% की बराबर गारण्टी की शर्त के अध्यधीन होगा ।

(7) (क) (1) उपरोक्त पैरा 339 के अनुसार अग्रिम लाइसेंस प्राप्त मध्यवर्ती अग्रिम लाइसेंस धारक और अंतिम निर्यातक को विधिक वचनबद्धता का बांड जैसा भी मामला हो संबंधित लाइसेंसिंग अधिकारी के पास अलग से निष्पादन करना होगा । जैसा कि ऊपर बताया गया है बांड या विधिक वचनबद्धता का निष्पादन निर्यातक की पूर्व स्थिति और पात्रता पर आधारित होगा । मध्यवर्ती विनिर्माता सामान्य प्रक्रिया के अनुसार बैंक गारण्टी के साथ बांड निष्पादित करेगा तथापि अंतिम उत्पादकों को निर्यात आभार अथवा प्रथमत: सीधे आयात की उसकी जिम्मेदारियों को पूरा करते हुए बांड तथा बैंक गारंटी निष्पादित करनी होगी ।

(2) मध्यवर्ती उत्पाद के पूर्ण प्राप्त हो जाने पर मध्यवर्ती उत्पादक को संभरण प्राप्ति के द्वारा बढ़ी हुई जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए अतिरिक्त बैंक गारण्टी निष्पादित करनी होगी यदि अंतिम निर्यातक बांड/बैंक गारण्टी के स्थान पर विधिक वचनबद्धता देने का पात्र हो उसे अतिरिक्त बांड/बैंक गारंटी जैसा कि ऊपर बताया है देने की आवश्यकता नहीं होगी ।

(ख) मध्यवर्ती विनिर्माता को बांड/बैंक गारंटी या विधिक वचनबद्धता से विमुक्त पर केवल तभी विचार किया जा सकता है जब (1) संभरण की मात्रा पूरी किए जाने के बाद उपरोक्त उप पैरा "क" के अनुसार अन्तिम विनिर्माता द्वारा अतिरिक्त बांड/बैंक गारंटी निष्पादित कर दी जाएगी । (2) मध्यवर्ती विनिर्माता के लाइसेंसिंग प्राधिकारी को संबंधित लाइसेंसिंग अधिकारी से इस आशय की पुष्टि हो जाए ।

(8) लाइसेंस पर छूट प्राप्त माल के आयात से पहले आंशिक निर्यात आभार पूरा किये जाने के मामले में बांड/विधिक वचनबद्धता मूल्य के अनुरूप इस प्रकार कम की जाएगी कि वह निर्यात आभार/सीमा शुल्क छूट के अपरिपूर्ण हिस्से को ही निरूपित करे । यदि निर्धारित निर्यात आभार आयात से पहले ही पूरा कर लिया गया हो विधिक वचनबद्धता के निष्पादन की जरूरत नहीं है । फिर भी इस प्रयोजन के लिए लाइसेंसधारक को संबंधित लाइसेंसिंग अधिकारी के समक्ष निर्यात आभार की आंशिक अथवा पूर्ण पूर्ति के निर्धारित निर्यात वस्तावेज और सीमा शुल्क की प्रविष्टियों सहित डी.ई.ई.सी. प्रस्तुत करनी होगी । यदि डी.ई.ई.सी. की प्रविष्टि से यह प्रमाणित हो जाता है कि निर्यात आभार की पूर्ति हो गई है, लाइसेंसधारक द्वारा इस लाइसेंस के मद्दे निष्पादित वचनबद्धता को पैरा 348 (5) में किए गए प्रावधानों के अनुसार पात्रता के लिए पुन: आंकलित किया जा सकता है ।

संयुक्त बंधपत्र/विधिक करार निष्पादित करना

349. (1) यदि आवेदक परिणामी उत्पाद का विनिर्माता/निर्यातक नहीं है तो निर्यात बांड/विधिक वचनबद्धता लाइसेंसधारी विनिर्माता/निर्यातक और विनिर्माता के समर्थक निर्यातक जिसका नाम डी. ई. ई. सी. में प्रदर्शित हो, द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तुत किया जाएगा । इस प्रयोजन के लिए आवेदक पंजीकृत निर्यातक को उन विनिर्माता(ओं) के नाम और पते देने होंगे जिनके कारखाने (नों) में परिणामी उत्पाद विनिर्मित करने का प्रस्ताव है और उसके नाम डी. ई. ई. सी. बुक में शामिल किए जाएंगे । इस आयात नीति के परिशिष्ट 13-ङ में विशिष्टीकृत माल के व्यापारी निर्यातकों के मामले में सहायक विनिर्माता का नाम इंगित करना आवश्यक नहीं होगा तथा उस मामले में बंधपत्र/विधिक वचनबद्धता जैसा भी मामला हो, निर्यातक द्वारा स्वयं भरा जाएगा ।

(2) ऐसे मामले में, जहां पर लाइसेंसधारी विनिर्माता निर्यातक है, सम्पूर्ण कच्चे माल को संसाधित करके परिणामी उत्पाद में परिवर्तित करने के लिए संपूर्ण संयंत्र नहीं है

तथा कुछ संसाधन सहायक विनिर्माता से करवाना चाहता है तो डी. ई. ई. सी. में पृष्ठांकित करने हेतु, ऐसे नाम एवं उनके पते अग्रिम तौर पर सूचित करने होंगे । ऐसे मामलों में संयुक्त बंधपत्र/विधिक वचनबद्धता जैसा भी मामला हो, का निष्पादन करना होगा । इस संबंध में उपरोक्त उप पैरा (1) में शामिल मदों के मामले में छूट दी जा सकती है

(3) राज्य व्यापार निगम, खनिज एवं धातु व्यापार निगम, तथा निर्यात/व्यापार सदनों/स्टार व्यापार सदन के मामले में डी. ई. ई. सी. में जोड़ने के लिए परिणामी उत्पाद के विनिर्माताओं के नाम भी इंगित करने होंगे, लेकिन निर्यात सदन/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन/एस. टी. सी./एम. एम. टी. सी. के लिए संयुक्त बंधपत्र विधिक वचनबद्धता आवश्यक नहीं होगा तथा वे स्वयं ही बंधपत्र/विधिक वचनबद्धता निष्पादित कर सकते हैं ।

डी.ई.ई.सी. बुक जारी करना

350. (1) इस योजना के अधीन लाइसेंस जारी करते हुए लाइसेंस अधिकारी साथ-साथ डी. ई. ई. सी. भी तैयार करेंगे किन्तु लाइसेंस के साथ उसका भाग-2 ही जारी किया जाएगा । डी. ई. ई. सी पुस्तक का भाग-1 अपेक्षित बांड विधिक वचनबद्धता, जैसा भी मामला हो के प्राप्त हो जाने के बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार लाइसेंसिंग प्राधिकारी को निष्पादित किया जाना होगा । संबंधित प्राधिकारी द्वारा पूर्ण रूप से भरी हुई डी. ई. ई. सी. बुक के दोनों भाग संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी को निर्यात आभार के पूर्ण किए जाने के साक्ष्य के रूप में दस्तावेजों के साथ अग्रेषित किया जाने होंगे ।

(2) जहां अग्रिम लाइसेंसधारी ने बांड/विधिक वचनबद्धता का निष्पादन नहीं किया है क्योंकि उन्होंने पहले निर्यात आभार पूरे कर लिये थे और बांड/विधिक वचनबद्धता का निष्पादन के लिए छूट दे दी गई थी तो संबंधित लाइसेंसधारी आयात करने के पश्चात डी. ई. ई. सी. के साथ आयातों और निर्यातों से संबंधित सीमा शुल्क प्रविष्टियों को स्वयं विधिवत भरकर सभी निर्धारित दस्तावेजों सहित अंतिम रूप में गणना के लिए संबंधित लाइसेंस प्राधिकारी को प्रस्तुत करेगा

पंजीकरण का पत्तन

351. इस स्कीम के अंतर्गत लाइसेंस और कर मुक्त अनिवार्यता प्रमाणपत्र पंजीकरण के एक ही पत्तन के भीतर जारी किया जाएगा और वह उस पत्तन के माध्यम से उनके अन्तर्गत आने वाली मदों के आयात एवं निर्यात के लिए वैध होगा । यदि कोई आयात पंजीकरण के पत्तन से अन्य पत्तन से करना है, तो लाइसेंस धारक को उस सीमा शुल्क प्राधिकारी से सम्पर्क करना होगा जो ऐसी अनुमति दे सके और यह अनुमति उन शर्तों के अधीन होगी जो वे उपयुक्त समझें । यदि कोई निर्यात पंजीकरण के पत्तन की बजाए अन्य पत्तन से किया है तो किसी पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं है और पंजीकरण के पत्तन पर सीमा-शुल्क प्राधिकारी को निर्यात के पत्तन वाले सीमाशुल्क प्राधिकारी द्वारा सूचना दे दी जाएगी । तथापि, परिशिष्ट 13-क के रूप में संलग्न सीमाशुल्क अधिसूचना की शर्त "ड" में यथा निर्दिष्ट कुछ मदों के संबंध में आयात-निर्यात केवल उस शर्त में यथा निर्दिष्ट विशेष पत्तनों/वायु पत्तनों/अन्तर्देशीय कन्टेनर डिपों से ही किया जा सकता है ।

प्राधिकार पत्र

352. इस स्कीम के अधीन जारी किए गए लाइसेंस पर प्राधिकार पत्र जारी करने की सुविधा यदि पात्र हो तो प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 108 और 109 में दिए गए प्रावधानों के होते हुए भी उन समर्थक विनिर्माता(ओं) तक सीमित रखी जाएगी जिनके नाम जारी किए गए डी. ई. ई. सी. में है । इस स्कीम के अधीन लाइसेंसधारी या डी. ई. ई. सी. में दिखाए गए समर्थक विनिर्माताओं से भिन्न किसी भी व्यक्ति को लाइसेंस के मद्दे कोई भी साख पत्र खोलने की अनुमति नहीं दी जाएगी । यह सुविधा निर्यात/व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन को भी सुलभ होगी ।

आयात

353. यदि इस स्कीम के अधीन लाइसेंस के मद्दे आयात के लिए अनुमित (सरणीबद्ध एवं गैर सरणीबद्ध दोनों मदें) सामग्री राज्य व्यापार निगम, खनिज एवं धातु व्यापार निगम या अन्य निर्धारित अभिकरण के पास उपलब्ध है और जिनका आयात इस स्कीम के अधीन जारी लाइसेंस के मद्दे सप्लाई हेतु आयात नीति के पैरा 231 (6) की शर्तों के अधीन जारी थोक अग्रिम लाइसेंस के मद्दे किया गया है तो लाइसेंस धारक को यह छूट होगी कि चाहे वह इन मदों का आयात सीधे ही करे या इन अभिकरणों के वांछित स्टाक से पूर्ति करके प्राप्त करे ; इसी प्रकार यदि लाइसेंस में अनुमित सरणीबद्ध मद सरणीबद्ध अभिकरण के पास उपलब्ध है तो लाइसेंसधारक को यह छूट होगी कि वह ऐसी आपूर्ति ऐसे अभिकरण के वांछित स्टाक से प्राप्त करे । ऐसे अभिकरणों द्वारा जिस सीमा तक आपूर्ति की गई है, उसकी आवश्यक प्रविष्टियां उनके लाइसेंस और डी. ई. ई. सी. बुक में की जाएंगी । राज्य व्यापार निगम, खनिज एवं धातु व्यापार निगम तथा सरणीबद्ध अभिकरणों को सरणीबद्ध मदों का संभरण डाई भी सेल आधार पर करने के लिए प्राधिकृत किया गया है ।

सीधे आयात के एवज में स्वदेशी संभरण

354. इस स्कीम के अंतर्गत लाइसेंसधारक के पास, संबद्ध लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा जारी किए जाने वाले अग्रिम विमुक्ति आदेश के प्रति स्वदेशी संभरक से लाइसेंस में सम्मिलित मदों की मांग प्राप्त करने का विकल्प होगा । इस विकल्प का प्रयोग लाइसेंस जारी करने के लिए आवेदन के समय अथवा बाद में किया जा सकता है । ऐसे अग्रिम विमुक्ति आदेशों के प्रति इस तरह किए गए स्वदेशी संभरण "अभिप्रेत निर्यात" (डीम्ड) के रूप में समझे जाएंगे । तथापि, जब ऐसा अनुभव हो कि स्वदेशी कमियों आदि के कारण कुछ मदों का आयात आवश्यक है तो, लाइसेंसिंग प्राधिकारी इन मदों के मामले में विमुक्ति आदेश जारी करने से मना कर सकता है । अग्रिम विमुक्ति

आदेश उस पुस्तक के अध्याय 16 में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जारी किए जाएंगे ।

लाइसेंस के जारी होने से पूर्व मदों का आयात

355. जहां निर्यातक खुले सामान्य लाइसेंस की मद अथवा अपने लाइसेंस की मदद किन्हीं अन्य मदों का आयात करने का और इस स्कीम के अधीन शुल्क छूट का दावा करने का पात्र हो, तो यह उसकी इच्छा पर निर्भर होगा कि वह उस मद का अग्रिम आयात करे और शुल्क छूट स्कीम के अन्तर्गत बाद में जारी किए गए वैध लाइसेंस के मदद रखे । लेकिन, सीमा-शुल्क बांड से मद की निकासी उक्त स्कीम के अन्तर्गत लाइसेन्स प्राप्त करने के पश्चात् की जाएगी जिसके बिना शुल्क छूट का लाभ अनुमेय नहीं होगा । आवेदक का घोषित समर्थक विनिर्माता भी, वास्तविक उपयोक्ता के रूप में खुले सामान्य लाइसेंस की मदों के आयात को प्रभावी करके, इस सुविधा का लाभ उठा सकता है और बाद में आवेदक के हक में उक्त स्कीम के अधीन जारी किए गए वैध लाइसेंस के प्रति उसकी निकासी करवा सकता है, बशर्ते कि समर्थक विनिर्माता उपरोक्त पैरा 352 की शर्तों के अनुसार आवेदक द्वारा उसके हक में जारी किए गए वैध प्राधिकार पत्र का धारक हो ।

(2) अन्य लाइसेंसों के मदद मदों के आयात के लिए उपरोक्त सुविधा इन शर्तों पर उपलब्ध होगी कि आयात के समय आंकलित उक्त लाइसेंस शुल्क छूट योजना के अंतर्गत जारी लाइसेंस के मदद निकासी के बाद पुनः आंकलित नहीं किया जाएगा । यद्यपि, यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि आवेदक के पास प्रेषण के आगमन की तारीख को पहले ही इस स्कीम के अंतर्गत जारी वैध लाइसेंस है तो ऐसी मदें शुल्क छूट लाभों के साथ माल की निकासी से पहले सीमाशुल्क बांड में रखने पर जो दिए बिना, सीमाशुल्क द्वारा निकासी कर दी जाएगी ।

निर्यात संभरण

356. इस स्कीम के अंतर्गत आने वाले निर्यातों से संबंधित पोत परिवहन बिल में ऐसी घोषणा दी जाएगी और ऐसी प्रक्रिया का अनुपालन किया जाएगा जैसा कि एक संबंधित सीमा शुल्क प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित की जाए । यह प्रावधान मध्यस्थ उत्पादों के लिए जारी किए गए अग्रिम लाइसेंस/विशेष अग्रदाय लाइसेंस की मदद सम्भरणों के लिए लागू नहीं होगा ।

357. विशेष अग्रदाय लाइसेंसधारक द्वारा किए गए संभरणों को डी. ई. ई. सी. के भाग 2 में संबंधित परियोजना प्राधिकारियों द्वारा यह पृष्ठांकन किया जाएगा कि उसमें संकेतिक माल प्राप्त हो गया है ।

358. जब मध्यस्थ स्कीम के अन्तर्गत अग्रिम लाइसेंसधारक द्वारा इसी स्कीम के अधीन अन्य अग्रिम लाइसेंसधारक को संभरण किया जाता है तो उस समय सम्भरक प्राप्तकर्ता को जारी किए गए डी. ई. ई. सी. पर उसको किए गए वास्तविक संभरणों के बारे में पृष्ठांकन करेगा । इसी प्रकार प्राप्तकर्ता संभरक के डी. ई. ई. सी. पर उससे प्राप्त संभरण की स्वीकृति के बारे में उपर्युक्त पृष्ठांकन करेगा । मध्यवर्ती विनिर्माता तथा अंतिम विनिर्माता दोनों की प्रविष्टियों की पुष्टि मध्यवर्ती विनिर्माता तथा अंतिम विनिर्माता के लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा मूल डी. ई. ई. सी. के साथ प्रस्तुत बैंक द्वारा सत्यापित बीजक के आधार पर की जाएगी । बैंक द्वारा सत्यापित बीजक दो प्रतियों में प्रस्तुत किया जाएगा । बैंक द्वारा सत्यापित विधिवत् प्रमाणित बीजक जिस पर अंतिम निर्यातक से संबंधित डी. ई. ई. सी. की संख्या तथा मध्यवर्ती विनिर्माता का आई. एस. एफ. सी. बुक नंबर निर्दिष्ट हो संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा रख ली जाएगी तथा उसी प्रकार विधिवत् प्रमाणित दूसरी प्रति मध्यवर्ती विनिर्माता को निर्यात प्रोत्साहन, यदि कोई हो, की प्राप्ति के लिए लौटा दी जाएगी । ये दस्तावेज संभरण की तिथि में 30 दिनों के अंदर-अंदर प्रस्तुत किए जाएं । यदि अंतिम निर्यातक अथवा मध्यवर्ती विनिर्माता संभरण की तारीख को लाइसेन्स प्राप्त नहीं कर पाता है तो संदर्भित लाइसेंस जारी किए जाने की तिथि से 30 दिन के अंदर दस्तावेज प्रस्तुत कर दिए जाएं । उचित मामलों में दस्तावेज 30 दिन की निर्धारित अवधि के बाद भी स्वीकार किए जा सकते हैं । निर्यातक एक ही अग्रिम लाइसेन्स में लेन-देने को इकट्ठा करने और महीने में एक बार समेकित रूप से अपेक्षित दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के भी पात्र होंगे ।

359. उपर्युक्त उप-पैरा 357 तथा 358 में उल्लिखित पृष्ठांकन के मामले में सम्भरण की स्वीकृति पर प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 49 के अनुसार प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा अपने नाम, पद-नाम और फर्म के पूरे पतों के सहित हस्ताक्षर किए जाने हैं और उस पर कार्यालय की मोहर भी लगानी है । डी. ई. ई. सी. के सभी संगत कालम भी भरे जाने हैं । यह उन किन्हीं अन्य प्रमाणपत्रों के अतिरिक्त है जो इस नीति के प्रावधानों के अन्तर्गत निर्धारित है या जारी किए जाने हैं ।

360. यदि निर्यात आभार के पूर्ण करने के लिए पोतलदान या तो लाइसेन्स और डी. ई. ई. सी. के जारी करने से पहले या निर्यात आभार की निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद प्रभावित किया जाना है, तो सीमा-शुल्क प्राधिकारी अनन्तिम पोत परिवहन बिलों पर ऐसे निर्यातों की स्वीकृति देंगे । उसके बाद यदि कोई लाइसेंस और डी. ई. ई. सी. जारी किया जाता है या इन निर्यातों को पूरा करने के लिए निर्यात आभार पूरा करने की अवधि बढ़ा दी जाती है तो संबंधित सीमा-शुल्क प्राधिकारी डी. ई. ई. सी. में उपयुक्त प्रविष्टि करके इन निर्यातों को नियमित करेंगे । बहरहाल, यदि लाइसेन्स और डी. ई. ई. सी. जारी नहीं किए जाते हैं या निर्यात आभार पूरा करने की अवधि नहीं बढ़ाई जाती है तो अनन्तिम निर्यातों को विनियमित करने हेतु पात्र नहीं समझा जाएगा और ये पृष्ठांकन रद्द कर दिए जाएंगे । संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी लाइसेंस या समय वृद्धि से संबंधित जैसा भी मामला हो निर्यातक को भेजे गए पत्राचार की प्रति सम्बद्ध सीमा-शुल्क प्राधिकारी को पृष्ठांकित करेगा ।

361. लाइसेंसधारक के अनुरोध करने पर उसके निर्यातों की पूर्ति होने पर या ऐसी पूर्ति से पहले उसके लेखे को तय करने

के लिए, सीमा-शुल्क प्राधिकारी सम्बद्ध दस्तावेजों के साथ डी. ई. ई. सी. की प्राप्ति की तारीख से 30 दिनों के भीतर डी. ई. ई. सी. को उसके सब भागों के सहित सामान्यतः उसे वापस लौटा देंगे ।

362. लाइसेंसधारक को निर्यात आभार को पूर्ण करने तथा बंधपत्र/विधिक वचनबद्धता की विमुक्ति के साक्ष्य के रूप में निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे :—

(क) लाइसेंस एवं बंधपत्र/शपथ-पत्र द्वारा सम्मिलित निर्यात आभार की अवधि के दौरान प्रभावित निर्यात को दिखाने वाला एक विवरण आवेदक द्वारा हस्ताक्षरित परिशिष्ट 19-झ के उपाबंध "क" में दिए गए प्रपत्र में दिया जाए ।

(ख) प्रक्रिया पुस्तक के परिशिष्ट 15-घ में निर्धारित प्रपत्र में उपर्युक्त (क) में सम्मिलित निर्यातों के संबंध में पोतपरिवहन बिलों तथा साक्ष्यांकित बैंक बीजकों सहित मूल बैंक प्रमाण-पत्र ।

अथवा

नकद/सरल भुगतान स्कीम अनुभाग द्वारा जारी किया गया निर्यात प्रमाण-पत्र ।

(ग) एक घोषणा-पत्र कि उपर्युक्त विवरण में प्रभावित और सम्मिलित निर्यात को निर्यात आभार पूर्ण करने के लिए न तो किसी अन्य लाइसेंसिंग प्राधिकारी के सम्मुख सम उपयोजित किया गया है और न ही किया जाएगा ।

(घ) अग्रिम लाइसेन्स के मद्दे पहले परेषण के आयात की तिथि को प्रमाणित करने के लिए प्रविष्टि बिल की तीन प्रतियां (फोटो प्रति सहित) ।

(ङ) यथा अपेक्षित विधिवत् भरे, सभी भागों के सहित पृष्ठांकित, हस्ताक्षरित और सील किए हुए कर छूट हकदारी प्रमाण-पत्र ।

अनुवर्ती/दण्डनीय कार्यवाई

363. जहां इस स्कीम के अधीन लाइसेंस की वैधता अवधि के भीतर जारी किए गए लाइसेन्स के मद्दे कोई बाण्ड/विधिक करार निष्पादित नहीं किया गया है, सम्बद्ध लाइसेंसिंग प्राधिकारी लाइसेंस रद्द करने के लिए लाइसेंस वापस लेने की कार्यवाई प्रारम्भ करेंगे ।

364. जहां किन्हीं मामलों में निर्यात आभार निर्धारित अवधि या सक्षम प्राधिकारी द्वारा बढ़ाई गई समय सीमा के भीतर पूरा नहीं किया जाता है, निर्यात आभार अवधि की समाप्ति से एक महीने पहले निर्यात आभार अवधि की समाप्ति के संबंध में निर्यातक को एक सूचना-पत्र जारी किया जाएगा । यदि निर्यात आभार को पूरा करने के लिए निर्यात पूरे नहीं किए जाते हैं तो आयात नीति और प्रक्रिया पुस्तक में दी गई व्यवस्था के अनुसार दण्डनीय कार्यवाई प्रारम्भ की जाएगी ।

365. जब तक निर्यात आभार को पूरा करने के बारे में संतुष्टि-पद साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर दिया जाता लाइसेंस प्राधिकारी नीचे पैरा 366 में निर्दिष्ट लाइनों पर निर्यात आभार की अवधि समाप्त होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर लाइसेंसधारक के विरुद्ध अनुवर्ती कारवाई आरम्भ करेंगे ।

366. (1) यदि कोई लाइसेंसधारी चाहे पूरा या आंशिक रूप से निर्धारित निर्यात आभार पूरा नहीं करता है और लाइसेंस प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि कर छूट प्राप्त माल बेचा नहीं गया है या घरेलू उत्पादन के लिए उसका दुरुपयोग नहीं किया गया है तो लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा कर छूट हकदारी प्रमाण-पत्र को नियमित करने या मुक्त करने के लिए निम्नलिखित कारवाई की जाएगी :—

(क) यदि निर्यात आभार मात्रा के अनुसार पूरा कर दिया गया है परन्तु मूल्य के अनुसार उसमें कमी है तो, लाइसेंसधारी को आयात नीति के परिशिष्ट 17 और पैरा 188 (4) के अनुसार किसी भी उत्पाद समूह के वैध आर. ई. पी. लाइसेंस(सों) हकदारी का उस मूल्य के बराबर अभ्यर्पण करना पड़ेगा जो मूल्य के अनुसार लगाए गए और वास्तव में प्राप्त किए गए निर्यात आभार का अंतर है ।

(ख) यदि निर्यात आभार मूल्य के अनुसार पूरा कर दिया गया है परन्तु केवल मात्रा के अनुसार उसमें कमी है तो लाइसेंसधारी से निम्नलिखित अपेक्षित होगा :—

(1) अनुमोदित निवेश-उत्पादन मानदण्डों जिनके आधार पर लाइसेंस जारी किया गया था, के अनुसार छूट प्राप्त माल की उस मात्रा पर जो असमुपयोजित मान ली गयी है, 18 प्रतिशत ब्याज के सहित सीमा शुल्क प्राधिकारियों को सभी शुल्कों का भुगतान करना; और

(2) अप्रयुक्त रहे अधिक माल के लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के समतुल्य वैध हकदारी/आर. ई. पी. लाइसेंस को वापस करना । लेकिन, आर. ई. पी. लाइसेंस/हकदारी की वापसी इसी निर्यात उत्पाद वर्ग के लिए हो, यदि यह कमी 10 प्रतिशत तक हो और यदि यह 10 प्रतिशत से अधिक हो तो आयात नीति के परिशिष्ट 17 की इसी क्रम सं. अथवा उप क्रम सं. के लिए हो ।

यह स्पष्ट किया जाता है कि उपर्युक्त उप पैरा (1) के उद्देश्य से केवल उन्हीं आर. ई. पी. लाइसेंसों पर विचार किया जाएगा जो अभ्यर्पण की तारीख को कम से कम शेष 3 माह की अवधि के लिए वैध होंगे ।

(ग) यदि लाइसेंसधारक मात्रा और मूल्य दोनों में ही निर्यात आभार को पूरा करने में असमर्थ है तो उससे निम्नलिखित अपेक्षित होगा :—

(1) जिस आधार पर अनुमोदित निवेश-उत्पाद मानदण्डों जिनके आधार पर लाइसेंस

जारी किया गया था, के अनुसार छूट प्राप्त माल की उस मात्रा पर जो असमुयोजित मान ली गयी है, 18 प्रतिशत ब्याज के सहित सीमा शुल्क प्राधिकारियों को सभी शुल्क का भुगतान करना; और

(2) उपर्युक्त पैरा (ख) (2) के अनुसार वैध आर.ई.पी./लाइसेंस हकदारी वापस करने के लिए इसके अतिरिक्त मूल्य में ह्रास के लिए उपर्युक्त पैरा (क) के अनुसार।

(2) उपर्युक्त उप-पैरा (1) में उल्लिखित मामलों में, यदि लाइसेंसधारक लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा तीन महीने की अवधि के दौरान अथवा मुख्य नियंत्रक आयात तथा निर्यात का कार्यालय, नई दिल्ली में निर्यात आयुक्त द्वारा इस प्रकार से बढ़ाई गई अवधि के दौरान उपर्युक्त कार्रवाई करने में असमर्थ रहता है तो उसके द्वारा निष्पादित बाण्ड विधिक वचनबद्धता लागू किया जाए। लाइसेंस धारक इस प्रकार चूककर्ता घोषित किया जाए जिससे कि वह इस स्कीम सहित नीति के किसी भी प्रावधान के अधीन उसको कोई भी लाइसेंस/रिलीज आदेश प्राप्त करने का कोई हक न हो। यदि लाइसेंस-धारक उपर्युक्त उप-पैरा (1) में निहित शर्तों का अनुपालन करता है तो लाइसेंसधारक को चूक-कर्ता घोषित करने का आदेश लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा वापस लिया जाए। लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा सीमाशुल्क तथा उस पर देय ब्याज, यदि कोई है, तो उसका समायोजन जब्त की गई बैंक गारण्टी से किया जाएगा। उन मामलों में जहां कोई बैंक गारण्टी नहीं दी गई है या बैंक गारण्टी की राशि देय राशि को वसूल करने के लिए पर्याप्त नहीं है तो लाइसेंसधारी को देय निर्यात प्रोत्साहनों में से कटौतियां करके वसूल की जाए। लाइसेंस प्राधिकारी निर्यातक की आर.ई.पी. हकदारी जो भी अर्जित की गई हो या उपर्युक्त उप पैरा (1) के अनुसरण में अभ्यर्पित किए जाने वाले लाइसेंसों की मात्रा के मद्दे भविष्य में अर्जित की जाए, को भी समंजित कर सकता है।

(3) उन मामलों में जहां लाइसेंस प्राधिकारी संतुष्ट हो कि निर्यात आभार की प्रतिपूर्ति की असफलता का कारण निर्यात की कोई भूल या कोई लापरवाही है वहां निर्यातक द्वारा निष्पादित किया गया बाण्ड/विधिक वचनबद्धता को लागू कर दिया जाएगा। लाइसेंस प्राधिकारी उपर्युक्त उप-पैरा (1) के अनुसार की गई कार्रवाई के अतिरिक्त आयात तथा निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम के अन्तर्गत उपयुक्त वित्तीय दण्ड दे सकते हैं।

(4) जहां लाइसेंसिंग प्राधिकारी संतुष्ट है कि छूट प्राप्त माल बेचा गया है और स्वदेशी उत्पादों के लिए इसका दुरुपयोग किया गया है वहां उल्लिखित प्राधिकारी उपर्युक्त उप पैरा (3) में उल्लिखित के अतिरिक्त वर्जित करके या आयात तथा निर्यात नियंत्रण अधिनियम तथा इसके अंतर्गत जारी आदेशों के अंतर्गत अभियोजन के द्वारा कार्रवाई करें। इन मामलों में बाण्ड का निष्पादन सीमा शुल्क तथा इस पर देय ब्याज की राशि के अतिरिक्त होगा। लाइसेंसधारक को चूककर्ता घोषित करेगा और उसको इस नीति के अंतर्गत इस स्कीम के सहित लाइसेंस/रिलीज आदेश की हकदारी से विमुक्त कर दिया जाएगा।

(5) उपर्युक्त उप-पैरा-ग्राफों में उल्लिखित किसी बात के होते हुए भी मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात किसी भी मामले की पुनरीक्षा कर सकते हैं और उचित आदेश पारित कर सकते हैं।

रिकार्ड का रखरखाव

367. (1) प्रत्येक लाइसेंसधारक संगत वित्तीय वर्ष के लिए प्रक्रिया पुस्तक को परिशिष्ट-8 ख में दिए गए प्रपत्र में आयातित माल की खपत और उपयोग का सही और उपयुक्त लेखा रखेगा। इसकी अनुपालना में असफल रहने पर उस पर आयात-निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम और सीमा शुल्क विधि के अधीन दण्डनीय कार्रवाई की जाएगी जो लाइसेंसधारक को सुविधा बन्द करने के अतिरिक्त होगी।

(2) यदि आयात नीति के पैरा 231 (फ) की शर्तों के अधीन थोक शुल्क मुक्त लाइसेन्स जारी किया गया है तो अपेक्षित लेखा रखने के अतिरिक्त लाइसेंसधारी संबंधित लाइसेंस प्राधिकारी और मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात का कार्यालय, नई दिल्ली को डी.ई.एस. अनुभाग को किए गए आयात और लाइसेंस-धारियों को किए गए संभरण की अर्धवार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

सोना और चांदी आभूषणों तथा वस्तुओं के लिए अग्रिम लाइसेंसिंग स्कीम

3(8. इस स्कीम के अधीन अग्रिम लाइसेंसों के लिए आवेदन-पत्र निम्नलिखित अपवादों के साथ सामान्य प्रावधानों द्वारा नियंत्रित होंगे :—

(1) लाइसेंस के लिए आवेदन पत्र मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात के कार्यालय में मुख्यालय की अग्रिम लाइसेंसिंग समिति को प्रस्तुत किया जाएगा। तथापि, चांदी/चांदी से बनी वस्तुओं के लिए आवर्ती आधार पर अग्रिम लाइसेन्स के लिए आवेदन-पत्र, उपरोक्त पैरा 338 में निहित प्रावधानों के अनुसार संबंद्ध क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारियों को दिया जाएगा, और

(2) निर्यात केवल पूर्ववर्ती समरूप आयात के मद्दे अनुमित किया जाएगा।

अध्याय-20
निर्यात संविदाओं का पंजीकरण

369. "निर्यात संविदा पंजीकरण" स्कीम के लाभों का पात्र होने के लिए प्रत्येक संविदा का मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात द्वारा अनुमोदन अनिवार्य है तथा उसके बाद उसे विदेशी मुद्रा में प्राधिकृत व्यापारी के पास पंजीकरण करवाना चाहिए।

370. (1) इस उद्देश्य के लिए, पंजीकृत निर्यातक को अपना आवेदन-पत्र संबंधित जोनल संयुक्त मुख्य नियंत्रक आयात व निर्यात के पास संविदा की तारीख अर्थात् निष्पादन पार्टी द्वारा जिस तारीख को प्रस्ताव स्वीकार किया है उससे 60 दिन के अंदर पहुंच जाने चाहिए। संबंधित जोनल संयुक्त मुख्य नियंत्रक आयात व निर्यात तथा उनके क्षेत्राधिकारों के नाम नीचे दिए गए हैं :—

क्षेत्रीय सं० मु० नि० आ० नि०	उनका अधिकार क्षेत्र
संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात व निर्यात, बम्बई	महाराष्ट्र, गोवा, दमन एवम द्वीव, दादरा व नगर हवेली, गुजरात तथा मध्य प्रदेश।
संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात व निर्यात, कलकत्ता	पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, असम, बिहार सिक्कम, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, त्रिपुरा, तथा अण्डमान व निकोबार द्वीपसमूह
संयुक्त मुख्य नियंत्रक आयात व निर्यात, मद्रास	तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, संघ राज्य क्षेत्र लक्षदीप, पांडिचेरी, केरयकाल माहे तथा यमन,
संयुक्त, मुख्य नियंत्रक, आयात व निर्यात (के० ला० क्षे०) नई दिल्ली	दिल्ली पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश राजस्थान, जम्मू तथा कश्मीर, हिमाचल प्रदेश तथा चण्डीगढ़।

2. आवेदनपत्र निम्नलिखित दस्तावेजों द्वारा समर्थित होने चाहिए :—

(1) संविदा की सात फोटो प्रतियां।

(2) इस पुस्तक के परिशिष्ट 20 में दिए गए प्रपत्र में संविदा का सार।

(3) निर्यात-आयात बैंक या अन्य प्राधिकृत बैंक या टर्नकी परियोजना/सिविल इंजीनियरिंग संविदा के अंतर्गत संविदा के वर्गीकरण के बारे में आयात नीति के अध्याय-20 में निर्दिष्ट परियोजना प्राधिका से एक प्रमाणपत्र।

371. जोनल संयुक्त मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात के कार्यालय में इस स्कीम के कार्यक्षेत्र के अनुसार दस्तावेज की जांच की जाएगी तथा सही पाए जाने पर निर्यात संविदा के पंजीकरण के लिए अनुमोदन किया जाएगा और अनुमोदन से आवेदक को सूचित कर दिया जाएगा।

372. जोनल संयुक्त मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात द्वारा अनुमोदन जारी होने की तारीख के 60 दिन के दौरान आवेदक अनुसूचित बैंक के पास मूल दस्तावेज उसकी तीन प्रतियों सहित तथा जोनल संयुक्त मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात द्वारा दिए गए अनुमोदन की तीन प्रतियां प्रस्तुत करेगा। बैंक संविदा को उचित क्रम संख्या आबंटित कर देगा तथा मूल तथा उसकी प्रतियां दोनों पर निम्नलिखित पृष्ठांकन करेगा :—

"यह संविदा जोनल संयुक्त मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात, ... द्वारा विधिवत् अनुमोदित बैंक . . . . की . . . . शाखा के पास पंजीकृत है तथा इस बैंक के रिकार्ड में पंजीकरण सं. . . . . तारीख . . . . के अन्तर्गत प्रविष्टि कर ली गई है। संविदा की तारीख . . . . का सत्यापन कर लिया गया है।

तारीख . . . .

बैंक की मोहर . . . .

हस्ताक्षर . . . .

नाम . . . .

पदनाम . . . .

373. यह बैंक रिकार्ड के लिए जोनल संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के अनुमोदन-पत्र तथा संविदा की एक-एक प्रति रिकार्ड में रख लेगा तथा तथा मूल संविदा, उसकी एक प्रति तथा मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात का अनुमोदन-पत्र पंजीकृत निर्यातक को वापिस कर देगा तथा जिस लाइसेंसिंग प्राधिकारी के क्षेत्राधिकार में पंजीकृत निर्यातक आता है उसे बैंक द्वारा पंजीकरण की पृष्ठांकित प्रति जोनल संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के अनुमोदन पत्र की एक प्रति भेजेगा। यह बैंक द्वारा पंजीकरण की तिथि से 60 दिनों के अंदर संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी के पास पहुंच जानी चाहिए।

374. पंजीकृत नियंत्रक अलग से जोनल संयुक्त मुख्य नियन्त्रक, आयात-निर्यात द्वारा अनुमोदन-पत्र की एक प्रति तथा पंजीकृत संविदा की एक प्रति जिसपर बैंक द्वारा पंजीकरण किया गया हो, को संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी के पास भी पंजीकरण की तारीख से 60 दिनों के अंदर भेजेगा। लाइसेंसिंग प्राधिकारी दो सूचनाओं में से जो बैंक से अथवा पंजीकृत निर्यातक से 60 दिन की निर्धारित अवधि के अन्दर प्राप्त कर ली गई हो किसी एक के आधार पर इस मामले पर विचार करेगा।

375. किसी ठेके के निरस्त हो जाने के मामले में पंजीकृत निर्यातक (1) जोनल संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात,

(2) लाइसेंसिंग प्राधिकारी, और (3) उस बैंक को जिसके माध्यम से ठेके को पंजीकृत किया गया है, निरस्त होने की तिथि से 15 दिन के अन्दर सूचित करेगा । बैंक के लिए अलग से संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी को सूचित करना भी अपेक्षित होगा।

376. यदि किसी समय यह नोटिस में आता है कि ठेके का पंजीकरण गलती से हो गया था तो निर्यातक को सूचित करते हुए पंजीकरण को निरस्त कर दिया जाएगा।

377. (1) कोई भी पंजीकृत निर्यातक, जो (एक) मुख्य ठेकेदार है और जिसका नाम मुख्य ठेके में दिया गया है अथवा (दो) किसी भारतीय अथवा विदेशी मुख्य ठेकेदार का एक उप ठेकेदार है और जिसका नाम मुख्य ठेके में दिया गया है वह इन प्रक्रियाओं के अनुसार निर्यात ठेकों को पंजीकृत करा सकता है।

(2) यदि कोई भारतीय उप ठेकेदार मुख्य ठेके की एक प्रति प्राप्त करने में कोई कठिनाई महसूस करता है तो उसे जोनल संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को निर्धारित रीति में उसके अपने उप ठेके के संबंध में दस्तावेजों सहित एक मुख्य ठेकेदार से इस आशय के एक प्रमाण-पत्र सहित कि उप ठेकेदार का नाम मुख्य ठेकेदार के साथ-साथ निविदा में भी दिया गया है, आवेदन करें।

378. किसी पंजीकृत ठेके के मद्दे निर्यात के संबंध में पन्जीकृत निर्यातक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि संबंधित आयात नीति और प्रक्रियाओं के अंतर्गत प्रस्तुत किए जाने वाले अपेक्षित और साक्ष्यांकित बैंक के बीजक, बैंक का इस आशय का साक्ष्यांकन कि कथित बीजक के अंतर्गत प्रभावी निर्यात बैंक पंजीकरण संख्या और उसकी तिथि को स्पष्ट रूप से उल्लेख करते हुए पंजीकृत ठेके के मद्दे बीजक बनाया गया है।

379. पंजीकृत ठेकों के मद्दे निर्यात के संबंध में जारी किए जाने वाले लाइसेन्सों में निम्नलिखित प्रविष्टि होगी :—

> "यह लाइसेंस उस ठेके के प्रति किए गए निर्यात के अनुसरण में जारी किया गया है जिस के लिए जोनल संयुक्त मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात ने पत्र सं. . . . . दिनांक . . . . द्वारा अनुमोदन दिया था और जो लाइसेंस अवधि . . . . के लिए . . . . . . बैंक के साथ सं. . . . . दिनांक . . . . के अंतर्गत पंजीकृत है।"

380 इस नीति पुस्तक के अध्याय—20 में अन्तवर्ती व्यवस्थाओं के अन्तर्गत यह व्यवस्था की गई है कि यदि पंजीकृत ठेके 1988–90 के दौरान किए जा चुके हैं तो पंजीकृत निर्यातक द्वारा इस आशय का लिखित विकल्प दिया जाना चाहिए कि क्या वह नियम संविदा के पंजीकरण का लाभ लेना चाहेगा। इस प्रयोजन के लिए पंजीकृत निर्यातक द्वारा व्यक्तिगत रूप से संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी के पास एक लिखित विकल्प दिया जाना चाहिए जिसके मद्दे उसे एक रसीद जारी की जाएगी।

अध्याय 21

डायमंड, रत्न एवं आभूषण

भाग—1

डायमण्ड अग्रदाय लाइसेंस/डीटीसी अग्रदाय लाइसेंस

381. निर्धारित निर्यात आभार और बैंक गारण्टी/कानूनी वचनबद्धता (इनमें जो भी लागू हो) बाण्ड सहित डायमंड अग्रदाय लाइसेंस/डायमण्ड व्यापार कम्पनी अग्रदाय लाइसेंस जारी करने के लिए स्कीम आयात एवं निर्यात नीति, 1990—93 (खण्ड-1) के अध्याय-21 में दी गई है। इन लाइसेंसों को जारी करने के लिए आवेदन पत्र इस पुस्तक के परिशिष्ट 21-क में निर्धारित प्रपत्र में भेजे जाएं। बांड और बैंक गारण्टी के लिए प्रपत्र इस पुस्तक के परिशिष्ट—12-ख और 21-ग में दिए गए हैं। बांड और बैंक गारण्टी/कानूनी वचनबद्धता का मूल्य नीति पुस्तक के अध्याय-21 में निर्धारित किया गया है । निर्यात आभार को पूरा करने में चूक हो जाने के मामले में या ऐसे निर्यातकों के मामले में जो संबंधित लाइसेंस प्राधिकारियों की संतुष्टि के लिए निर्यात व्यापार में नियमितता नहीं दिखाते रहे हैं, उनके मामले में लाइसेंस प्राधिकारियों के लिए यह छूट होगी कि वे नीति पुस्तक के अध्याय-21 में विशिष्टिकृत पूरे मूल्य के लिए बाण्ड के साथ बैंक गारण्टी के लिए आदेश दे सकते हैं।

अपरिष्कृत हीरों के लिए थोक लाइसेंस

382. वैध आर. ई. पी. /डायमण्ड अग्रदाय लाइसेंसों के धारक जो इन अभिकरणों से पूर्ति प्राप्त करने के इच्छुक हैं वे आयात के लिए (1) हिन्दुस्तान डायमण्ड क. लि. बम्बई (2) खनिज तथा धातु व्यापार निगम, नई दिल्ली और (3) इस प्रयोजन के लिए सरकार द्वारा विधिवत अनुमोदित कोई अन्य अभिकरण को थोक आयात लाइसेंस जारी किए जाएं। इस संबंध में नीति आयात नीति के अध्याय-21 में निर्धारित की गई है। थोक लाइसेंस जारी करने के लिए आवेदन पत्र इस पुस्तक के परिशिष्ट-21-घ में दिए गए प्रपत्र में प्रस्तुत किए जाएं।

383. आर. ई. पी./डायमण्ड अग्रदाय के वे धारक जो इन अभिकरणों से पूर्ति प्राप्त करने के इच्छुक हैं वे इन लाइसेंसों के मद्दे माल की खरीद के लिए अपने लाइसेंसों (दो प्रतियों) में और अपनी सहमति पत्रों के साथ इन अभिकरणों से संपर्क करें। यदि खरीदा जाने वाला माल आवेदक को जारी किए गए डायमण्ड अग्रदाय लाइसेंस के मद्दे है तो लाइसेन्स संबंधित अभिकरण के पास संपर्क करने से पहले क्षेत्रीय संबंधित लाइसेंस प्राधिकारी के पास निर्यात आभार पूरा करने के लिए अपेक्षित बांड/कानूनी वचनबद्धता का

निष्पादन करेगा । लाइसेन्स प्राधिकारी बांड/कानूनी वचन-बद्धता के ऐसे निष्पादन से संबंधित लाइसेंस पर समुचित रूप से पृष्ठांकन करेंगे।

384. उपयोग में लाए गए लाइसेंस के नामे डालने के लिए थोक लाइसेंसधारक निम्नलिखित को पूरा करेगा।

(1) सेवा के लिए उपयोग में लाए जाने वाले लाइसेंस की फोटो प्रति रखेगा;

(2) यह जांच करेगा कि लाइसेंस (सीमाशुल्क और मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति) वैध है;

(3) यह सुनिश्चित करेगा कि अपरिष्कृत हीरों की बिक्री के मद्दे नामे डालने के लिए उन्हें भेजे गए लाइसेंसों में पर्याप्त राशि शेष है;

(4) यह सुनिश्चित करेगा कि डायमण्ड अग्रदाय लाइसेंस के संबंध में खरीददार द्वारा संबंधित लाइसेंस प्राधिकारी के पास आवश्यक बांड/कानूनी वचन-बद्धता का निष्पादन कर दिया गया है;

(5) यह सुनिश्चित करेगा कि आयात लाइसेंस नामे डालने के लिए उनसे विशेष रूप से अनुरोध करते हुए अपरिष्कृत हीरों की खरीद के लिए अनुरोध पत्र दे दिये हैं (ऐसे उक्त पत्र पर किए गए हस्ताक्षर खरीददार के ऋणदाता द्वारा अधि-प्रमाणित होंगे)।

(6) यह सुनिश्चित करेगा कि लाइसेंस की दोनों प्रतियों पर निम्नानुसार पृष्ठांकन किया गया है :—

. . . . से बीजक सं. . . . .
दिनांक के तहत अपरिष्कृत हीरों की
(थोक लाइसेंस धारक का नाम)
खरीद के लिए (रुपये)
. . . . रुपये (शब्दों में) के लिए
मैसर्स . . . . के लाइसेंस का
(फर्म/कम्पनी का नाम)
उपयोग किया गया है।
लाइसेंस का शेष मूल्य . . . .
रुपए) . . . .
. . . . रुपए (शब्दों में) है।

प्राधिकृत हस्ताक्षरी

(7) लाइसेंस को नामे डालने के लिए लाइसेंस पर यदि नई शीट लगा दी जाती है तो यह सुनिश्चय करें कि मूल लाइसेन्स के पीछे (दोनों प्रतियों पर) निम्नलिखित अभ्युक्ति दी गई है :—
"वह मूल्य जो लाइसेंस के नामे डाला गया है संलग्न शीट संख्या . . . . में उल्लिखित है।"

प्राधिकृत हस्ताक्षरी

(टिप्पणी :—यदि नामे डालने का कार्य दूसरी या और अधिक नत्थी की गई शीटों पर किया जाता है तो पूर्ववर्ती संलग्न शीट में इसी प्रकार का अन्योन्य संदर्भ दिया जाना चाहिए)।

(8) ऐसे लेन देन के लिए विशेष रजिस्टर रखेगा और निष्पादित किए गए लाइसेंसों के नाम और पतों, लाइसेन्स नम्बर, तारीख आदि का विवरण, मात्रा तथा निष्पादित मूल्य, यूनिट मूल्य, प्रविष्टि नंबर का बिल तथा सीमा शुल्क सदन का नाम आदि सहित विवरण, और

(9) यह सुनिश्चिय करेगा कि उनके द्वारा रखे गये निम्नलिखित सूचना होनी चाहिए :—

(1) थोक लाइसेन्स संख्या

(2) आयातित माल का विवरण

(3) आयातक/निर्यातक कोड सं.

(4) आयातित माल की मात्रा और मूल्य

(5) विदेशी संभरक का नाम

(6) वह यूनिट मूल्य जिस पर आयात किया जाता है।

(7) प्रविष्टि बिल सं. और तिथि

(8) खरीददार का नाम और पता

(9) बीजक सं. और तारीख

(10) नामे डालने से पूर्व लाइसेंस का लागत बीमा भाड़ा मूल्य

(11) लाइसेंस पर नामे डालने डालने वाला मूल्य

(12) नामे डालने के बाद लाइसेंस का लागत बीमा भाड़ा मूल्य

(13) बीजक सं. और तिथि

(14) बीजक की धनराशि

(15) खरीददार के हस्ताक्षर

(16) अभियुक्त, यदि कोई हो तो,

(17) फाइल सं.

385. उसके बाद थोक लाइसेन्स धारक सेवा अर्पित करने के उपयोग में लाए जाने वाले लाइसेंसों का ब्यौरा तीन प्रतियों में अपना पृष्ठांकन करते हुए मूल लाइसेंस को सहित उस संबंधित क्षेत्रीय लाइसेन्स प्राधिकारी को भेजेगा जिसमें संबंधित

थोक लाइसेन्स प्राप्त किया गया है । भेजे जाने वाले ब्यौरे का विवरण निम्नानुसार है :—

प्रपत्र

मैसर्स (थोक लाइसेंस धारक का नाम)

क्रम सं०	आवेदक का नाम व पता	बीजक सं० तिथी	लाइसेंस सं० और तिथी कार्यालय की फाईल सं०
(1)	(2)	(3)	(4)

लाईसेंस का मूल्य	प्रयुक्त मूल्य	शेष मूल्य	अभ्युक्ति
(5)	(6)	(7)	(8)

(प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर)

उपर्युक्त विवरण में दिए गए ब्यौरों का मिलान मूल लाइसेंस के साथ कर लिया गया है और सही पाया गया है और लाइसेंस पर तदनुसार प्रति हस्ताक्षर कर दिए गए हैं।

( )

सहायक मुख्य नियंत्रक/नियंत्रक आयात एवं निर्यातक के हस्ताक्षर

386. सम्बद्ध लाइसेंसिंग प्राधिकारी थोक लाइसेंसधारी द्वारा दिए गए मूल लाइसेंसों की तुलना प्रपत्र में दिए गए विवरणों से करेंगे और यह सुनिश्चित कर लेने के बाद कि लाइसेंस वैध है, और सही मूल्य के लिए पृष्ठांकित किए गए हैं, इन लाइसेंसों पर प्रतिहस्ताक्षर करेंगे । वह पार्टी द्वारा निर्धारित प्रपत्र में तीन प्रतियों में दिए गए विवरण को भी प्रतिहस्ताक्षर करेंगे और मूल लाइसेंस सहित विवरण की दो प्रतियां थोक लाइसेंसधारी को वापिस कर देंगे। थोक लाइसेंस-धारक सम्बद्ध लाइसेंसिंग प्राधिकारी से विधिवत् प्रतिहस्ताक्षर किए हुए लाइसेंस की प्राप्ति के बाद ही आवेदक को अपरिष्कृत हीरों की सुपर्दगी देगा। लाइसेंस के वापिस प्राप्त करने के बाद, एक फोटो प्रति पुन: थोक लाइसेंसधारी द्वारा रखी जाएगी।

387. थोक लाइसेंस से की गई सेवा के मूल्य की प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन करते समय थोक लाइसेंसधारी जिन लाइसेंसों से सेवाएं अर्पित की गई हैं उनका ब्यौरा देते हुए सम्बद्ध लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित मूल विवरण प्रस्तुत करेगा। सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी पार्टी द्वारा दिए गए मूल विवरण की तुलना, उसके द्वारा रखी गई विवरण की प्रति से करेगा और नीति के अनुसार थोक लाइसेंस के मूल्य की प्रति-पूर्ति के लिए आवश्यक कार्यवाई करेगा।

भाग 2

सोने/चांदी के आभूषण स्कीमों के लिए प्रक्रिया

388. निर्यातक नीति में यथा निर्धारित रत्नों के आर ई पी लाइसेंसों के लिए हकदार होंगे। अन्य सभी दस्तावेज, शर्तें आदि जो कि प्रक्रिया पुस्तक के अध्याय 15 में यथानिहित आर ई पी आवेदनों/लाइसेंसों के मामले में लागू हैं वे समान रूप से रत्नों के आर ई पी आवेदनों/लाइसेंसों के मामले में भी लागू होंगे। तथापि, रत्नों के आर ई पी लाइसेंस के लिए आवेदन भेजने के लिए सामान्य कटौती पर सोने चांदी और वेस्टेज के क्लेम् से संबंधित अन्य सभी हकदारी के तय हो जाने के बाद ही विचार किया जाएगा।

"रत्नों की आर. ई. पी." हकदारी परिकल्पित करने की विधि

389. (1) रत्नों के आर ई पी लाइसेंस के लिए हकदारी निम्नलिखित के लिए उपलब्ध होगी :

(1) यदि मूल्य संयोजन सादे और जड़ित सोने और चांदी के आभूषणों में, यदि कोई हो तो अभिकरण के कमीशन के भुगतान को छोड़कर क्रमश: 15% और 25% से अधिक है सोने के आभूषणों के निर्यातों पर सोने की वेस्टेज का तत्व अनुमित हो।

(2) आर. ई. पी. दर नीचे निर्दिष्ट प्रति कैरेट असली के परिणाम के अनुसार प्रति कैरेट असली के अनुसार परिवर्तन पर आधारित होगी। रत्नों की आर ई पी हकदारी के मूल्य की गणना आभूषण और वस्तुओं के निर्यात के कुल "जहाज पर्यन्त नि:शुल्क मूल्य कहा जाएगा" में से निम्नलिखित नीचे दिए गए तत्वों के मूल्य "ख कहा जाएगा" में घटाकर की जाएगी, क सीमाशुल्क द्वारा यथा अनुमित जड़ित आभूषण/वस्तुओं में सोने और चांदी का अंकित मूल्य जमा निर्यातक के लिए अनुमित सोने के विनिर्माण के ह्रास का मूल्य जमा उस श्रेणी में प्रतिशतता पर पहले दो तत्वों के कुल मूल्य संयोजन जिसके अंतर्गत सीमाशुल्क द्वारा सोने के विनिर्माण का ह्रास अनुमित के बराबर है।

(3) बकाया "ग" कहे जाने वाले का निर्धारण करने के लिए मूल्य "ख" को मूल्य "क" में घटाया जाएगा ।

(4) रत्नों की आर ई पी हकदारी का निर्धारण करने के लिए इस बकाया मूल्य "ग" के जड़ित आभूषण

के वास्तविक भार को लेते हुए डायमण्ड अथवा बहुमूल्य स्टोन्ज अथवा दोनों (जहां कहीं लागू हों) लेकिन पृथक-पृथक के लिए प्रति कैरट वसूली तक कम कर दिया जाएगा और इसमें से सोना (केवल सोने की वेस्टेज) या चांदी के तत्व और मोतियों का भार, अर्ध-बहुमूल्य नग और कृत्रिम नग के वास्तविक भार को जहां भी लागू हो घटाया जाएगा। यह मूल्य ''घ'' के रूप में कहा जाए।

(5) मूल्य ''ग'' को मूल्य ''घ'' के साथ विभाजित करने के बाद निकाला गया मूल्य रत्नों की आर ई पी हकदारी के लिए पूर्व कैरट वसूली के रूप में परिभाषित होगी।

(6) यदि निर्यातित आभूषणों/वस्तुओं में मोती, अर्ध बहुमूल्य नग और कृत्रम नग निहित हैं, तो नीति के अध्याय-21 में तालिका-2 में यथानिहित इन मदों पर प्रतिशतता हकदारी की रत्नों की आर. ई. पी. हकदारी के कुल मूल्य का निर्धारण करने के लिए ''घ'' कहे जाने वाले उपर उल्लिखित मूल्य में जोड़ा जाएगा।

(2) कोई भी रत्नों की आर ई पी हकदारी नहीं दी जाएगी यदि 15% के मूल्य संयोजन के साथ सादे या जड़ित सोने के आभूषणों और वस्तुओं का निर्यात केवल निर्धारित सोने की वेटस्टेज के लिए हकदारी करने के बाद किया जाता है। इसी प्रकार 25% के मूल्य संयोजन के साथ सादे या जड़ित चांदी के आभूषण के निर्यात के मामले में रत्नों की आर.ई.पी. हकदारी नहीं दी जाएगी।

व्याख्यात्मक टिप्पणी :

चूंकि चांदी की वेस्टेज के लिए कोई प्रस्तावित अनुमति नहीं है तो चांदी के आभूषण के मामले में रत्नों की आर.ई.पी. हकदारी मूल्य की गणना मूल्य ''ख'' निकालने के लिए चांदी का मूल्य और उस पर मूल्य संयोजन को ध्यान में रखकर की जाएगी।

स्पष्टीकरण

(3) (1) निम्नलिखित स्पष्टीकरण सोने और चांदी के आभूषणों के संबंध में रत्नों की आर.ई.पी. हकदारी के परिकलन को बताता है :—

(क) जड़ित सोने के आभूषण :

1. सीमा शुल्क द्वारा यथा प्रमाणित आभूषणों की वस्तुओं के निर्यात की जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य	2000 रुपये
2. सीमा शुल्क द्वारा यथा अनुमित आभूषणों में सोने का अंकित मूल्य	(क) 1000 रुपये
3. क्लेम किये गये और सीमा शुल्क द्वारा अनुमित किये गये सोने के विनिर्माण में ह्रास	3%
4. प्राप्त किये सोने पर मूल्य संयोजन	20%
5. सोने का मूल्य+मूल्य संयोजन	1030+1030 का 20% =1236 रुपये
6. सीमा शुल्क द्वारा यथा प्रमाणित जड़ित वस्तुओं पर जहाज पर्यन्त निःशुल्क निर्यात पर बकाया मूल्य	(ख) 764 रुपये (ग)

(ख) जड़ित चांदी के आभूषण

1 सीमा शुल्क द्वारा यथा प्रमाणित आभूषणों/वस्तुओं के निर्यात का जहाज पर्यन्त निशुल्क मूल्य	1000 रुपये (क)
2 सीमा शुल्क द्वारा यथा अनुमित आभूषणों/वस्तुओं में चांदी का अंकित मूल्य	400 रुपये
3 सीमा शुल्क द्वारा यथा अनुमित चांदी पर मूल्य संयोजन	25%
4. चांदी का मूल्य+मूल्य संयोजन	400+400का 25%=500 रुपये (ख)
5. सीमा शुल्क द्वारा यथा प्रमाणित जड़ित वस्तुओं के लिए जहाज पर्यन्त निशुल्क निर्यातों का बकाया मूल्य	50 रुपये (ग)

(2) निर्यातक जड़ित वस्तुओं के लिए निर्यातित सोने और चांदी के आभूषणों पर क्रमशः 764/- रुपए और 500/- रुपए पर रत्नों के आर.ई.पी. लाइसेंस के लिए हकदार होंगे।

विदेशी क्रेताओं द्वारा संभरित स्वर्ण/चांदी के मदद स्वर्ण तथा चांदी के आभूषणों के निर्यात की स्कीम।

इस स्कीम के अन्तर्गत स्वर्ण तथा चांदी का आयात

390. (1) इस स्कीम के अधीन शुद्ध सोने तथा चांदी माउंटिंग तथा फाईंडिंग सहित के आयात की अनुमति सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा मनोनीत एजेन्सी को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इस स्कीम के उद्देश्य के लिए जारी किए गए सामान्य या विशिष्ट विमुक्ति आदेश के आधार पर दी जाएगी। आयातित सोने तथा चांदी के प्रत्येक परेषण की निकासी के संबंध में निकासी करने से पहले हस्तशिल्प और हथकरघा निर्यात निगम) मनोनीत एजेन्सी प्राधिकारियों को यह वचन देते हुए एक बाण्ड निष्पादित करेगी कि मंजिल में निर्धारित अवधि के भीतर या मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली द्वारा अनुमित समय के भीतर वह सोने तथा चांदी माउंटिंग तथा फाईंडिंग निवेश के रूप में तैयार आभूषणों या वस्तुओं में लगे आयातित सोने तथा चांदी की पूर्ण मात्रा को [illegible] को परिष्कृत आभूषणों अथवा वस्तुओं का निर्यात करेगी। [illegible] मनोनीत एजेंसी यह वचन भी देगी कि स्वर्ण तथा चांदी की जो मात्रा निर्यात न की गई सिद्ध हो जाएगी उस मात्रा के स्वदेशी तथा अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य का अन्तर तथा उस पर [illegible] सीमाशुल्क भी चुकाएगी। जहां कहीं हस्तशिल्प तथा हथकरघा निर्यात निगम मनोनीत एजेंसी के पास

सहयोगियों द्वारा प्राप्त निर्यात आदेशों के मामले में सीमा संविदा के आभारों का अनुपालन किया गया है, इस बात का सुनिश्चय करने के लिए ऐसे सहयोगियों के समरूप अलग-अलग गारंटियां प्राप्त करने का दायित्व उन्हीं एजेंसियों पर होगा ।

(2) केवल उक्त अभिकरण द्वारा या उनकी ओर से जहां निर्यात आदेश उनके द्वारा प्राप्त किए हों या उसके पात्र सहयोगियों की ओर से जहां निर्यात आदेश ऐसे सहयोगियों द्वारा प्राप्त किए गए हों तो आयातित सोने तथा चांदी की निकासी सीमाशुल्क प्राधिकारियों के माध्यम से की जाएगी । बाद के मामले में निर्यातक को मनोनीत एजेन्सी को प्रविष्टि बिल दाखिल करने के लिए और आयातित माउंटिंग तथा फाइंडिंग सहित सोने तथा चांदी की सीमाशुल्क से निकासी के लिए और साथ ही साथ सीमाशुल्क के माध्यम से अनुवर्ती निर्यातों को प्रभावी करने के लिए और सम्बद्ध जहाजरानी बिल दाखिल करने के लिए भी एक अभिकर्ता के रूप में प्राधिकृत करना होगा ।

(3) भारत में सोने का आयात प्राप्त करने के लिए मनोनीत एजेंसी स्वर्ण नियंत्रण प्रशासन की सामान्य अनुमति भी प्राप्त करेगी ।

(4) इस मनोनीत एजेंसी को आयातित सोना बम्बई या कलकत्ता में भारत सरकार की टकसाल में या तो उस दिन जिस दिन सीमाशुल्क के माध्यम से सोने की निकासी की गई हो या अधिक से अधिक अगले दिन जमा करना पड़ेगा और इस सम्बन्ध में वह टकसाल प्राधिकारियों से उचित रसीद भी प्राप्त करेगा । चूंकि टकसाल की सुविधाएं केवल बम्बई और कलकत्ता में उपलब्ध हैं, इसलिए इस स्कीम के अधीन सोना आयात करने की अनुमति केवल इन दो स्थानों पर दी जानी चाहिए । टकसाल प्राधिकारियों द्वारा आयातित सोने को .995 की शुद्धता की मानक बारों में परिवर्तित किया जाएगा । सीमाशुल्क प्राधिकारी अनुवर्ती निर्यातों की अनुमति केवल टकसाल की रसीद के आधार पर यह संतुष्टि हो जाने के बाद देंगे कि निर्यात की जाने वाली मदों के विनिर्माण में प्रयुक्त सोने की अपेक्षित मात्रा भारत सरकार की टकसाल द्वारा प्राप्त की गई थी ।

(5) इन मामलों में आयातित चांदी तथा सोने/चांदी फाइंडिंग तथा माउंटिंग आदि मनोनीत एजेंसियों द्वारा रखी जाएगी तथा आगे दी गई प्रक्रिया के अनुसार निर्यातकों को दी जाएगी ।

(6) विदेशी क्रेताओं द्वारा संभरित मिश्र धातु, सोने, फाइंडिंग आदि के मामले में सीमाशुल्क प्राधिकारी विदेशी क्रेता द्वारा संभरित माउंटिंग तथा फाइंडिंग आदि की संख्या, भार तथा मूल्य का मनोनीत एजेंसी से प्रमाण प्रस्तुत करने पर ही निर्यात अनुमित करेंगे ।

(7) जहां पर निर्यात आदेश मनोनीत एजेंसी द्वारा सीधे ही उसके नाम में प्राप्त होता है तो संबद्ध निर्यातों के लिए पोतलदान बिल सीमाशुल्क विनियमनों के अंतर्गत यथाअपेक्षित मनोनीत एजेंसी द्वारा उसके स्वयं के नाम में ही दाखिल किया जाएगा । जहां पर निर्यात आदेश मनोनीत एजेंसी के पात्र सहयोगियों के माध्यम से प्राप्त होता है तो संबद्ध निर्यातों के लिए पोतलदान बिल संबंधित सहयोगियों के लेखे में जिसका नाम और पता पोतलदान बिल में दर्शाया जाएगा, मनोनीत एजेंसी के नाम में दाखिल किया जाएगा । ऐसे पोतलदान बिल मनोनीत एजेंसी द्वारा यह प्रमाणित करते हुए पृष्ठांकित भी किए जाएंगे कि निर्यात संबंधित सहयोगियों द्वारा प्राप्त आदेश के मद्दे किया गया है और मनोनीत एजेंसी के पास पंजीकृत किया गया है और जिस तारीख को उनके पास पंजीकृत किया गया था उसे देते हुए और प्रमाणित करते हुए कि निर्यात आदेश के निष्पादन के लिए विषयाधीन स्वर्ण विदेशी क्रेता से प्राप्त किया गया था और भारत सरकार की टकसाल में इस तिथि (जो कि बाद में निर्धारित की जाएगी) को जमा करा दिया था । पृष्ठांकन करने से पहले निर्यातित मदों के विनिर्माण में उपयोग की गई स्वर्ण और चांदी की मात्रा और जोड़े गए न्यूनतम निर्धारित मूल्य के संबंध में मनोनीत एजेंसी को स्वयं संतुष्टि करनी होगी । ऐसे पृष्ठांकन मनोनीत एजेंसी के केवल उन मनोनीत अधिकारियों द्वारा ही किए जाएं जिनके हस्ताक्षर जांच पड़ताल के लिए सीमाशुल्क सदनों को पहले से ही भेजे जाएंगे ।

(8) अन्य बातों के साथ-साथ पोतलदान बिल में निर्यात की जाने वाली प्रत्येक मद में उपयोग किए गए सोने और चांदी के भार एवं शुद्धता और निर्यात की जाने वाली मदों के जहाज पर्यन्त निशुल्क मूल्य उस सीमाशुल्क सदन का नाम जिसके माध्यम से सोने और चांदी आदि का अनुरूप आयात किया गया था प्रविष्टि बिल और विदेशी क्रेता द्वारा संभरण किए गए सोने और चांदी की निकासी की तारीख के बारे में निर्यातक की घोषणा होनी चाहिए । पोतलदान बिल की एक अतिरिक्त प्रति भी भेजी जानी चाहिए ।

(9) लेकिन, उन मामलों में जहां पोतलदान एक ऐसे सीमाशुल्क कार्यालय के माध्यम से किया जाता है, जो सीमाशुल्क कार्यालय से भिन्न है जिसके माध्यम से सोने का अनुरूप आयात किया गया था तो लदान बिल की दो अतिरिक्त प्रतियां सीमाशुल्क कार्यालय द्वारा भेजी जाने के लिए प्रस्तुत की जानी चाहिए और यह तभी किया जाएगा जबकि उस सीमाशुल्क कार्यालय के माध्यम से पोतलदान हो जाए जिसके माध्यम से अनुरूप आयात किया गया था, यह बांड को रद्द करते समय संदर्भ हेतु होगा । (यदि निर्यात की जाने वाली सभी या कुछ मदों के संबंध में प्रयुक्त सोने और चांदी की शुद्धता एक समान है तो जैसा कि वे एक समान शुद्धता की मदें हैं, उनके विस्तृत ब्यौरे देने के बजाय सोने और चांदी का कुल वजन एवं ऐसी मदों का कुल मूल्य दें ।) जड़ित मदों के संबंध में, पोतलदान बिल में उपर्युक्त सोने और चांदी की मात्रा के साथ-साथ उनके विनिर्माण में उपयोग किए गए मणियों/रत्नों/मोतियों का विवरण/भार/मूल्य और इसके साथ-साथ सोने और चांदी में खोट मिलाने के लिए उपयोग में लाई गई किसी अन्य कीमती धातु का भार मूल्य भी दर्शाया जाना चाहिए ।

(10) इस प्रकार पृष्ठांकित प्रत्येक पोतलदान बिल केवल उस सीमा शुल्क सदन के माध्यम से किए गए निर्यातों के लिए ही वैध होगा जहां पर पृष्ठांकन करने वाली मनोनीत एजेंसी का कार्यालय

स्थित है । मनोनीत एजेंसी द्वारा पृष्ठांकित तिथि से सात दिनों की अवधि के लिए यह पोतलदान के लिए वैध होगा, लेकिन इसके अंतर्गत पृष्ठांकन की तिथि शामिल नहीं होगी यदि निर्यात इस अवधि के अंतर्गत नहीं किए जा सकते हों, तो निर्यातक एक नया पोतलदान बिल दाखिल करेगा । किसी भी पोतलदान बिल के संबंध में पोतलदान की अवधि में कोई भी वृद्धि अनुमेय नहीं होगी ।

(11) निर्यात के समय, निर्यातक पोतलदान बिल के साथ-साथ संबंधित बीजकों की तीन प्रतियां और सीमाशुल्क द्वारा अपेक्षित अन्य दस्तावेज संबंधित सीमाशुल्क प्राधिकारी को भेजेगा । निर्यात की अनुमति से पूर्व अन्य बातों के साथ-साथ उक्त प्राधिकारी :—

(1) इस बात का सत्यापन करने के लिए आवश्यक जांच करेगा कि निर्यात के लिए प्रत्येक मद में उपयोग किए गए सोने और चांदी का वजन और उसकी शुद्धता उक्त दस्तावेजों में निर्यात द्वारा की गई घोषणा के अनुसार है; और

(2) इस बात का सुनिश्चय करेगा कि सोने चांदी के आभूषणों तथा वस्तुओं के बारे में निर्धारित न्यूनतम मूल्य संयोजन की पूर्ति की गई है । सादे तथा जड़ित सोने के आभूषणों के मामले में सोने पर 15% की निर्धारित न्यूनतम सीमा से, यदि कोई है तो निर्यातक ने अधिक मूल्य दावित तो नहीं किया है, सीमाशुल्क प्राधिकारी इस बात का सुनिश्चय करेगा तथा इस स्कीम में उपलब्ध मापदण्ड के अन्तर्गत उपलब्ध अनुरूप सोने का ह्रास सुनिश्चित करेगा । सीमाशुल्क प्राधिकारी यह भी सुनिश्चित करेगा कि सोने के आभूषणों तथा वस्तुओं में प्रयुक्त सोना तथा निर्यातक को अनुमेय सोने का ह्रास दोनों का मूल्य नीति में निर्धारित मापदण्ड तालिका के निर्धारण से कम तो नहीं आता है ।

(3) स्वयं इस बात की संतुष्टि करेगा कि निर्यातक द्वारा घोषित निर्यात मूल्य (सोने और चांदी के मूल्य को घटा कर) सीमाशुल्क अधिनियम और विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम के अनुसार है ।

(12) निर्यात के लिए इस प्रकार स्वीकृत सोने और चांदी की मद का भार और उसकी शुद्धता सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा संबद्ध पोत परिवहन बिल पर सत्यापित की जाएगी । सीमाशुल्क प्राधिकारी संबंधित बीजक भी साक्ष्यांकित करेंगे और संबंधित बीजक की दो प्रतियां, अर्थात् एक प्रति उस व्यक्ति को जिसने निर्यात दस्तावेज प्रस्तुत किए हों और दूसरी प्रति सीधे ही मनोनीत एजेंसी को लौटाएगा ।

(13) निर्यात की तिथि से 15 दिनों के भीतर निर्यातक मनोनीत एजेंसी के उसी कार्यालय के समक्ष निर्धारित प्रपत्र एवं विधि के अनुसार सोने की रिहाई के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत करेगा जिसने बिल पर पृष्ठांकन किया था और उसके साथ सीमाशुल्क द्वारा साक्ष्यांकित बीजक सीमाशुल्क द्वारा अधिप्रमाणित पोत परिवहन बिल और मूल बैंक प्रमाणपत्र भी संलग्न करेगा जिसमें दस्तावेज के समझौते और उस हवाई जहाज संख्या के साक्ष्य होंगे जिसमें माल का निर्यात किया गया था । दस्तावेज के सत्यापन के पश्चात नामित एजेंसी निर्यातक को सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा लदान बिल पर यथाप्रमाणित निर्यातित आभूषण एवं वस्तुओं के विनिर्माण में उपयोग की गई मात्रा तक ही सोने और चांदी कि रिहाई की स्वीकृति प्रदान करेगा ।

(14) निर्यातक निर्यात की जाने वाली मदों के विनिर्माण में प्रयोग करने के लिए विदेशी क्रेता द्वारा संभरित सोने/चांदी की वांछित मात्रा का अग्रिम विमुक्ति आदेश प्राप्त करने का पात्र होगा । सोने के मामले में, मनोनीत एजेंसी से प्राधिकरण के आधार पर टकसाल प्राधिकारियों से निर्यातकों द्वारा सीधे ही अपेक्षित मात्रा प्राप्त की जा सकती है । निर्यातक के अंतर्राष्ट्रीय मूल्य पर सोने/चांदी के मूल्य तथा हस्तशिल्प एवं हथकरघा निर्यात निगम प्रमाणीकरण के आधार पर आयातित माउंटिंग तथा फाइंडिंग का लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य के बराबर राशि के लिए मनोनीत एजेंसी के पास एक बैंक गारण्टी प्रस्तुत करनी होगी तथा इसके साथ ऐसी मात्र के आयात के लिए देय सीमाशुल्क जोड़कर, वास्तविक निर्यात के पहले से ही मनोनीत एजेंसी से प्राप्त करने से पूर्व बैंक गारण्टी के प्रयोजनार्थ सोने चांदी के अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य संबद्ध मनोनीत एजेंसी द्वारा निर्यातक को सूचित किए गए काल्पनिक मूल्य के बराबर होगी, बैंक गारण्टी कम कर दी जाएगी । यदि मनोनीत एजेंसी संतुष्ट है कि आभूषणों एवं वस्तुओं के वास्तविक निर्यात किए गए हैं तथा निर्यातक को विमुक्त किए गए सोने/चांदी का प्रयोग अनुमेय सोने के ह्रास को जोड़कर निर्यात की जाने वाली मदों के लिए किया गया है । इस उद्देश्य के लिए संबद्ध मनोनीत एजेंसी के कार्यालय में सीमाशुल्क अधिकारी द्वारा प्रमाणित बीजक, सीमाशुल्क अधिकारी द्वारा प्रमाणीकृत पोतलदान बिल तथा मूल बैंक प्रमाणपत्र तथा वास्तविक पोतलदान के विवरण और दस्तावेजों के सौदों के प्रमाण सहित एक आवेदन पत्र प्रस्तुत करेगा ।

(15) जहां सोना/चांदी भारतीय स्टेट बैंक की सोना/चांदी वितरण सुविधाओं का प्रयोग करते हुए इस स्कीम के अंतर्गत विमुक्त की जानी है तो उपरोक्तानुसार निर्यातक को सोने/चांदी की विमुक्ति भारतीय स्टेट बैंक की संबंधित शाखा द्वारा मनोनीत एजेंसी द्वारा प्राधिकरण के आधार पर की जाएगी ।

(16) जहां पर मनोनीत एजेंसी द्वारा सीधे ही निर्यात आदेश प्राप्त किया गया था तथा उनके द्वारा स्वयं ही निर्यात किया गया है तो निर्यात की गई मदों में प्रयुक्त सोने/चांदी की मात्रा प्रतिपूर्ति के लिए उनके रिकार्ड अनुसार इस स्कीम के अंतर्गत देय मात्रा के लिए स्वयं को संतुष्ट करेंगे । जारी किए जाने वाले सोने और चांदी की मात्रा की गणना करने के लिए मनोनीत एजेंसी निर्यात मदों की सोने और चांदी की मात्रा के भार को निम्नलिखित में से जो उचित हो, से गुणा करेगा, जैसा

कि निर्यात की अनुमति देने वाले सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा सत्यापित किया गया है :—

(1) यदि घोषणा कैरेट्स में है तो उसके कैरेट्स को 24 से विभाजित करके (सोने के मामले में)

अथवा

(2) यदि घोषणा शुद्धता में है तो उसकी शुद्धता (सोने और चांदी दोनों के लिए)

टिप्पणी :—शुद्ध सोने के आंकड़े ह्रास के लिए उपलब्ध गणना करके तथा ह्रास के किसी तत्व का जोड़े बिना चांदी के आंकड़े बिना ह्रास के होंगे और इन धातुओं के एक ग्राम को ग्राम के निकटतम दसवें गुणक तक पूर्ण किया जाएगा ।

निर्यात आभार की विमुक्ति के लिए अन्तर्वर्ती कार्रवाई का रिकार्ड

391. मनोनीत एजेन्सी प्रत्येक निर्यात आदेश के निष्पादन के लिए आयातित स्वर्ण और चांदी के परेषण-वार पूर्ण लेखों, ऐसे निर्यातों के मद्दे प्रभावी किए गए निर्यात तथा दी गई सोने/चांदी की मात्रा का हिसाब रखेगी । प्रत्येक तिमाही के अन्त में अर्थात् 30 जून, 30 सितम्बर, 31 दिसम्बर और 31 मार्च को मनोनीत एजेन्सी भारतीय रिजर्व बैंक, वाणिज्य मंत्रालय, मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात और केन्द्रीय उत्पाद एवं सीमाशुल्क के संबंधित क्षेत्राधिकार का समाहर्ता, जैसा भी मामला हो, आयात की गई सोने/चांदी की समग्र मात्रा को इंगित करते हुए, प्रभावी किए गए निर्यातों में प्रयुक्त सोने/चांदी की कुल मात्रा और इस प्रकार किए गए निर्यातों के मद्दे प्रतिपूर्ति के रूप में दी गई सोने/चांदी का कुल मात्रा/माउंटिंग, फाइंडिंग आदि के संबंध में इसी प्रकार के ब्यौरे दिए जाएंगे । इन आभारों के निष्पादन के उद्देश्य से इसके द्वारा सीमाशुल्क प्राधिकारियों के पास निष्पादित बंधपत्र के अधीन मनोनीत एजेन्सी को संबंधित सीमाशुल्क समाहर्ता को एक विवरण पत्र में बिल की प्रविष्टि सं., जिसके मद्दे संविदा के निष्पादन के लिए स्वर्ण/चांदी और माउंटिंग, फाइंडिंग्स, इत्यादि का आयात किया गया है, आयात करने की तिथि, सोने/चांदी और माउंटिंग्स, फाइंडिंग्स आदि की मात्रा, जहाजरानी बिलों की संख्या जिसके मद्दे आभूषणों/वस्तुओं के अनुवर्ती पोतलदान किए गए, निर्यात किए गए माल का ब्यौरा और संबंधित सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा प्रमाणित किए गए प्रत्येक पोतलदान बिल के संबंध में सोने/चांदी की मात्रा दी जानी चाहिए । बंधपत्र के निरसन के लिए ऐसे आवेदन निर्यात किए जाने वाले सभी आभूषणों/वस्तुओं के पोतलदान के तुरन्त बाद, जिनका निर्यात एक विशेष संविदा के मद्दे किया जाना है या स्वर्ण/चांदी के विदेशी संभरक के साथ किए गए संबद्ध ठेके में नियम निर्यात अवधि की समाप्ति के बाद, जो भी पहले हो, किए जाएंगे । ऐसे मामलों में जहां कहीं आभूषण/वस्तुओं का पोतलदान किसी उप सीमाशुल्क सदन के माध्यम से किया गया है जिससे उसने स्वर्ण/चांदी के अनुरूप आयात किया गया, तो मनोनीत एजेन्सी बंधपत्र को निरस्त करने के आवेदन पत्र के साथ जहाजरानी बिल की प्रतियां भी प्रस्तुत करेगी जिसके मद्दे उस सीमाशुल्क सदन से निर्यात किया गया था जिससे कि सोना/चांदी आयात किया गया था । अनुपूरक प्रक्रिया के और अधिक ब्यौरे, जांच बिन्दु और हिदायतें, यदि आवश्यक हों, तो संबंधित सीमाशुल्क समाहर्ता द्वारा दी जाएगी । इस प्रयोजन के लिए मनोनीत एजेंसी समाहर्ताओं के साथ संपर्क रखेगी ।

ख. विदेश में लगायी जाने वाली प्रदर्शनियों में बिक्री के लिए स्वर्ण आभूषणों और वस्तुओं के निर्यात की स्कीम

392. (1) इस स्कीम के अधीन मनोनीत एजेंसियों को संबंधित सीमाशुल्क प्राधिकारियों के समक्ष भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमोदन के अलावा संबंधित प्रदर्शनी आयोजित करने के लिए सरकार द्वारा दी गई मंजूरी का मूलपत्र या उसकी प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करनी होगी । मनोनीत एजेन्सियों की मार्फत से इतर द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रदर्शनियों के संबंध में संबंधित संयोजकों के संबंधित सीमाशुल्क प्राधिकारी को मूलपत्र की प्रमाणित प्रति जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक और वाणिज्य मंत्रालय की मंजूरी दी गई हो, प्रस्तुत करना होगा ।

(2) निर्यात की जाने वाली प्रत्येक मद, उसका कुल भार/मूल्य और भार और उसके समग्र सोने/चांदी की मात्रा की शुद्धता के ब्यौरे साफ-साफ दिए जाएंगे/उपर्युक्त धातु मात्रा के अलावा, उनके विनिर्माण में प्रयुक्त मूल्यवान/अर्ध-मूल्यवान स्टोन/डायमण्ड कलंग्ड गोल्ड वेस्टेज का विवरण/भार मूल्य के साथ-साथ मिश्रधातु के रूप में प्रयुक्त की गई किसी अन्य बहुमूल्य धातु का विवरण/भार/मूल्य भी दिया जाएगा ।

(3) निर्यात करते समय सीमाशुल्क प्राधिकारी सत्यापित करेगा कि निर्यात के लिए प्रत्येक मद में प्रयुक्त होने वाले सोने एवं चांदी का भार एवं शुद्धता पोतलदान बिल में निर्यातक द्वारा दी गई घोषणा के अनुसार है ।

(4) निर्यात संवर्धन प्रयोजनों और/या विदेश में आयोजित प्रदर्शनियों/व्यापारिक मेलों में अस्थायी प्रदर्शन के लिए भारतीय निर्यातकों द्वारा बहुमूल्य धात्विक आभूषणों के नमूनों का व्यक्तिगत असबाब अनुमित किया जाएगा ।

(क) प्रक्रिया वही होगी जो कि हवाई भाड़े से माल परेषित करने की है सिवाए इसके कि नमूनों के पार्सल सीमा शुल्क जांच तथा सील करने के बाद एयर लाईन की बजाए निर्यातक द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक को प्रपत्र-ज में अनुरोध करने पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी गई अनुमति के प्रस्तुतीकरण पर सौंप दिए जाएंगे । निर्यातक देश छोड़ते समय सीमा शुल्क प्राधिकारी को इन नमूनों के व्यक्तिगत असबाब की घोषणा अवश्य करें तथा सीमा शुल्क विभाग से आभूषण मूल्यांकन के लिए निर्यात प्रमाण-पत्र का आवश्यक पृष्ठांकन प्राप्त करें ।

(ख) नमूनों के रूप में भारतीय निर्यातकों द्वारा विदेशों में भाग लेने के बाद वापिस लाए गए बहुमूल्य धात्विक आभूषणों के नमूनों के पुनः आयात के मामले में वापिस आने पर पुनः आयात की गई मदों की जांच निर्यात दस्तावेजों के साथ की जाएगी । नमूनों को सीमा शुल्क द्वारा सील कर दिया जाएगा । सील किए गए पार्सल आवश्यक मूल्यांकन के लिए सीमा शुल्क आभूषण अप्रेजर को प्रस्तुत किए जाने के लिए पार्टी को सौंप दिए जाएंगे ।

मनोनीत एजेंसियों द्वारा सोने और चांदी का आयात

393. (1) मनोनीत एजेंसियों द्वारा प्रतिपूर्ति के रूप में भारत में आयातित सोना पहले भारत सरकार की टकसाल में बाद में विमुक्त करने के लिए जमा किया जाएगा। मनोनीत एजेंसी को बम्बई या कलकत्ता में भारत सरकार की टकसाल में आयातित सोने को उसी दिन जमा करना होगा जिस दिन सीमाशुल्क के माध्यम से सोने की निकासी हुई है या उससे अगले दिन जमा करना होगा तथा टकसाल के प्राधिकारियों से रसीद प्राप्त करनी होगी। चूंकि टकसाल की सुविधाएं केवल बम्बई तथा कलकत्ता में ही उपलब्ध हैं इसलिए इस स्कीम के अन्तर्गत आयातित सोना केवल इन्हीं दो स्थानों पर आयात करने के लिए अनुमित किया जाना चाहिए। आयातित सोना टकसाल द्वारा .995 शुद्धता की मानक छड़ों में परिवर्तित किया जाएगा जो कि विदेश में प्रदर्शनियों में बेचे गए तथा मदों के विनिर्माण में प्रयुक्त सोने के लिए प्रतिपूर्ति के रूप में प्रयोग किया जाएगा। सोने की प्रतिपूर्ति अनुमेय होगी बशर्ते कि सोने के आभूषणों तथा वस्तुओं में प्रयुक्त सोने तथा निर्यातक को अनुमेय सोने का ह्रास सहित मूल्य संयोजन नीति में निर्धारित तालिका के अनुसार ह्रास मानदंड से कम नहीं हो। जहां तक चांदी का संबंध है, यह मनोनीत एजेंसियों द्वारा इस स्कीम के अन्तर्गत आयात करके रखी जा सकती है ताकि परवर्ती प्रतिपूर्ति की जा सके।

(2) मनोनीत एजेंसियों तथा उनके सहयोगियों से भिन्न पंजीकृत निर्यातकों के मामले में जहां कहीं भी अनुमेय हो सोने एवं चांदी की प्रतिपूर्ति इस अध्याय में दिए सोने एवं चांदी के आभूषणों तथा वस्तुओं के निर्यात संवर्धन तथा प्रतिपूर्ति स्कीम की प्रक्रिया के अन्तर्गत भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से अनुमेय होगी।

(3) दिये जाने वाले सोने और चांदी की मात्रा की गणना करने के लिए, मनोनीत एजेंसियां निर्यात मदों की सोने और चांदी की मात्रा के भार को निम्नलिखित में से जो भी समुचित हो, से गुना करेंगा, जो कि निर्यात की अनुमति देने वाले सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा स्थापित किया गया हो :—

(1) यदि घोषणा केरेट्स में नहीं है तो उसके केरेट्स को 24 से विभाजित करके सोने के मामले में, या

(2) यदि घोषणा शुद्धता में है तो उसकी सोने और चांदी दोनों के लिए शुद्धता (शुद्ध सोने के इस प्रकार परिगणित आंकड़े एक ग्राम के दसवें भाग तक अनुमेय सोना ह्रास प्रदान करने के बाद गिने जाएंगे तथा चांदी के मामले में चांदी ह्रास के किसी तत्व को गिने बगैर समीपतम ग्राम तक)।

प्रलेखन

394. विदेश में प्रदर्शनियों में बेचे गए सोने और चांदी के आभूषणों और अन्य वस्तुओं के निर्यात के मद्दे सोने और चांदी की प्रतिपूर्ति का दावा करने के लिए निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत किये जाएंगे :—

(1) प्रदर्शनी के प्रयोजन के लिए किए गए निर्यात को दर्शाने वाला सीमा शुल्क द्वारा साक्ष्यांकित बीजक जिसमें आभूषणों की संरचना से संबंधित सभी विवरण जैसे वजन/सोने और चांदी का मूल्य तथा रत्न आर. ई. पी. हकदारी का दावा करने के लिए मानकीकरण वर्गीकरण के अन्तर्गत जड़ित आभूषणों सहित। इसी प्रकार क्लेम किए गए सोने के ह्रास एवं मूल्य वृद्धि का विवरण भी दिया जाना अपेक्षित होगा।

(2) निम्नलिखित से प्रमाणपत्र (I) मनोनीत एजेंसियों का प्रमाणपत्र यदि प्रदर्शनी उनके द्वारा आयोजित की गई है या (II) अन्यों द्वारा आयोजित प्रदर्शनियों के मामले में रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद् का प्रमाणपत्र (सरकार/भारतीय रिजर्व बैंक आदि द्वारा प्राप्त अनुमोदन की प्रतिलिपियों सहित) प्रक्रिया पुस्तक के परिशिष्ट 21-ङ में निर्धारित प्रपत्र में विवरण देते हुए तथा अन्यों से प्रमाणपत्र देते हुए कि प्रदर्शनियों में हुई बिक्री के मद्दे भुगतान में प्रत्यावर्तित कर दिये गए हैं और भारत में मुद्रा विनिमय नियंत्रण में जमा कर दिये हैं।

(3) प्रक्रिया पुस्तक के परिशिष्ट–15-घ, उपाबंध–3 में दिये गये प्रपत्र में विदेशी मुद्रा की प्राप्ति को दर्शाते हुए एक बैंक प्रमाणपत्र (आवेदन पत्र को प्रस्तुत करने की समय सीमा को बैंक प्रमाणपत्र में यथा प्रदर्शित भुगतान की तारीख से गिना जाएगा)।

(4) जहां आवेदक इस वजह से प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ है चूंकी दस्तावेज बैंक के माध्यम से तय नहीं किए गए थे तो लाइसेंसिंग प्राधिकारी उपर्युक्त (2) में संदर्भित दस्तावेज तभी स्वीकार कर सकता है यदि वे अन्य साक्ष्यों के आधार पर प्राधिकृत चेनल के माध्यम से प्राप्त कर लिए गए हैं।

ग. सोने और चांदी आभूषण की निर्यात संवर्धन और प्रतिपूर्ति स्कीम।

395. (1) पात्र निर्यातक को विशेष निर्यात आदेश के मद्दे अपने नाम में सोने और/या चांदी की विशेष मात्रा की बुकिंग के लिए भारतीय स्टेट बैंक या किसी अन्य मनोनीत अभिकरण के पास निर्धारित प्रपत्र में तीन प्रतियों में आवेदन करना चाहिए। सोने की बुकिंग का आदेश देते समय निर्यातक से यह आशा की जाएगी कि अनुमित की गई वेस्टेज के परिमाप के अन्तर्गत क्लेम किए जाने के लिए प्रस्तावित वेस्टेज के तत्व को ध्यान में रखा जाए। निर्धारित वेस्टेज मापदण्ड के अन्तर्गत निर्यातक द्वारा सोने की वेस्टेज की गणना करने के पश्चात् यदि एक बार सोने की मात्रा बुक हो जाती है

तो उसके बाद निर्यातक द्वारा सोने के लेखे में और अधिक हकदारी का दावा किए जाने की कोई अनुमति नहीं दी जाएगी। निर्यात की अग्रिम बुकिंग किए हुए सोने और चांदी का दावा करने के लिए निर्यातक को जारी किए गए विमुक्ति आदेश की प्रति पत्तन लाइसेन्स प्राधिकारियों द्वारा प्राधिकारी को बैंक/मनोनीत अभिकरण की उस सम्बन्धित शाखा को भेजी जाएगी जिसने धातु की बुकिंग की थी।

(2) आवेदक खरीद किए जाने वाले सोने और चांदी की मात्रा के लिए भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्धारित सोना और/या चांदी की सम्भावित लागत के कम से कम 20 प्रतिशत तक के तुल्य राशि को पेशगी राशि के रूप में जमा करेगा। पेशगी राशि के जरिए जमा की गई इस राशि को निर्यातक को संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए विमुक्ति आदेश के मद्दे भारतीय स्टेट बैंक की मनोनीत शाखा द्वारा सोने और चांदी की वास्तविक बिक्री के समय समंजित किया जाएगा। निर्यातक चाहे तो बुकिंग के अगले स्लैब की 50% या 100% मूल्य को जमा कर सकता है। ऐसे मामलों में इन पर लगने वाले ब्याज को तदनुरूप कम कर दिया जाएगा।

(3) भारतीय स्टेट बैंक/मनोनीत शाखा अगले दो कारोबार दिवस के भीतर सोने और चांदी की खरीद करेंगे और उसके बाद खरीदे गए सोने और चांदी की मात्रा और वह मूल्य जिस पर वह खरीदा गया था डालर में मूल्य को (जिसमें सोने और चांदी की खरीद की तारीख को अमरीकी डालर की टी टी बिक्री दर की व्यवस्था पर उसके तुल्य रुपये की राशि भी शामिल है) निर्दिष्ट करते हुए निर्यातक को एक प्रमाण-पत्र जारी करेगा। यह वह वास्तविक लागत होगी जिस पर भारतीय स्टेट बैंक द्वारा सोना और चांदी खरीदा गया था, जमा अनुमित सेवा खर्च लेकिन बिक्री कर को छोड़कर। भारतीय स्टेट बैंक/मनोनीत एजेन्सी द्वारा लगाए गए सेवा खर्चों को मूल्य संयोजन के प्रयोजन के लिए सोने/चांदी के मूल्य के साथ शामिल किया जाएगा। बैंक द्वारा निर्यातक के आवेदन-पत्र की दूसरी और तीसरी प्रतियां, निर्यातक के लिए खरीद प्रमाण-पत्र की प्रतियों के साथ संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी और सीमाशुल्क कार्यालय को भेजी जाएंगी।

(4) इस सच्चाई को ध्यान में रखते हुए कि आयातक द्वारा लदान एक अधिक परेषणों द्वारा किया गया है निर्यातक को यह सुनिश्चित करना होगा कि निर्यात प्रभावित किए गए हैं और सोने और/चांदी की सुपुर्दगी पोतलदान की तिथि से 120 दिनों की अधिकतम अवधि या बुकिंग की तिथि से 180 दिनों के भीतर इनमें जो भी पहले हो, के भीतर ले ली गई है, ऐसा न करने पर मनोनीत अभिकरण के पास जमा कर ली जाएगी। निर्यात प्रभावी करने में असफल होने पर निर्यातक के खिलाफ आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 के अधीन कार्यवाई की जाएगी जो देय सीमाशुल्क की वसूली करने के अतिरिक्त होगी।

(5) निर्यातक को इस विकल्प की अनुमति भी दी जाए कि वह उस समय प्रचलित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत पर नकद भुगतान करके, पहले ही, स्टेट बैंक आफ इण्डिया से स्वर्ण और/या चांदी की अपेक्षित मात्रा प्राप्त करले, परन्तु शर्त यह होगी कि निर्यातक, खरीद करने के दिन उस समय प्रचलित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत और घरेलू मूल्य के बीच के अन्तर में खरीद के लिए प्रस्तावित स्वर्ण/चांदी की मात्रा के अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य के 5% को जोड़ कर उसके समतुल्य राशि की बैंक गारण्टी प्रस्तुत कर/स्टेट बैंक आफ इंडिया स्वर्ण खरीदने के दिन से 180 दिनों के भीतर पूर्ण या आंशिक निर्यात करने में असमर्थ रहने पर बैंक. बैंक गारण्टी जब्त कर लेगा। स्टेट बैंक आफ इण्डिया इस प्रकार की जब्ती करने के लिए प्राधिकृत होगा। इसके अतिरिक्त निर्यात प्रभावी करने में असफल रहने पर निर्यातक के विरुद्ध आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 के अधीन कार्यवाई की जाएगी जो देय सीमाशुल्क की वसूली करने के अतिरिक्त होगी।

(6) निर्यात केवल हवाई भाड़े तथा विदेशी डाकघर (एफ. पी. ओ.) से बम्बई, कलकत्ता, मद्रास, दिल्ली, जयपुर, बंगलौर तथा कोचीन के सीमा शुल्क कार्यालयों के माध्यम से अनुमित किया जाएगा।

(7) विदेशी डाकघर (एफ.पी.ओ.) के माध्यम से निर्यात के मामले में आभूषण पार्सलों का मूल्य यू.एस. डालर 50,000 तथा 0.5 कि. ग्रा. भार से अधिक नहीं होना चाहिए।

(8) निर्यातकों के समय, निर्यातक संबंधित सीमाशुल्क प्राधिकारी को पोतपरिवहन बिल, जिस मूल्य पर भारतीय स्टेट बैंक/मनोनीत अभिकरण द्वारा सोने और/या चांदी की बुकिंग की गई है, के संबंध में भारतीय स्टेट बैंक/मनोनीत अभिकरण द्वारा जारी किया गया प्रमाण-पत्र और सम्बद्ध बीजक और उसके साथ ऐसे अन्य दस्तावेज जो सीमाशुल्क द्वारा अपेक्षित हों, की तीन प्रतियां भेजेगा। अन्य बातों के साथ पोत परिवहन बिल में निर्यात की प्रत्येक मद में प्रयुक्त सोने और चांदी के भार और शुद्धता और उसके जहाज पर्यान्त निःशुल्क मूल्य के बारे में घोषणा होनी चाहिए। जड़ित मदों के मामलों में, पोतपरिवहन बिल में, इसके अतिरिक्त क्लेम की गई सोने की वेस्टेज, सोने/चांदी की मात्रा पर प्राप्त किया गया मूल्य संयोजन, विवरण,, उनके विनिर्माण में प्रयुक्त बहुमूल्य/अर्ध बहुमूल्य नग हीरे/हीरों का भार और मूल्य और उसके साथ मिश्रधातु बनाने के लिए प्रयुक्त किसी अन्य बहुमूल्य धातु के भार/मूल्य को भी दिखाया जाना चाहिए।

(9) निर्यात की अनुमति देने से पहले, सीमाशुल्क प्राधिकारी अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित को भी देखेंगे :—

(1) यह सत्यापन करने के लिए आवश्यक जांच कि उपर्युक्त दस्तावेजों में निर्यात के लिए प्रत्येक मद में प्रयुक्त सोने या चांदी का भार, शुद्धता निर्यातक की घोषणा के अनुसार है।

(2) यह सुनिश्चित करना कि सोने और चांदी के आभूषणों और वस्तुओं के संबंध में निर्धारित न्यूनतम मूल्य संयोजन पूरा कर लिया गया है। सादा और जड़ित सोने के आभूषणों के

सम्बन्ध में यदि कोई सोने की मात्रा पर और इस स्कीम में व्यवस्थित, परिमाप के अन्तर्गत अनुमेय सोने की वेस्टेज के अनुरूप 15 प्रतिशत की न्यूनतम निर्धारित सीमा पर निर्यातक द्वारा क्लेम किए गए अधिक मूल्य संयोजन का भी पता लगाएगा। सीमाशुल्क यह भी सुनिश्चित करेगा कि सोने के आभूषणों में प्रयुक्त सोने की मात्रा जमा उसके क्लेम के मद्दे निर्यातक के लिए अनुमित सोने की वेस्टेज जो दोनों, इकट्ठी ली गई हैं, नीति में निर्धारित वेस्टेज परिमाप तालिका में व्यवस्थित तक मूल्य संयोजन प्रदान करती है।

(3) स्वयं यह संतुष्टि करेगा कि निर्यातक द्वारा घोषित निर्यात मूल्य (सोने और चांदी की लागत घटाकर) सत्य है और सीमाशुल्क अधिनियम के अनुसार है।

(10) निर्यात के लिए ऐसे पास की गई मदों में सोने और चांदी की मात्रा के वजन और उसकी शुद्धता को सीमा शुल्क प्राधिकारी द्वारा संबद्ध पोत परिवहन बिल पर प्रमाणित किया जाएगा। सीमाशुल्क संबंधित बीजक को भी साक्ष्यांकित करेगा। सीमाशुल्क प्राधिकारी पोत परिवहन बिल और संबद्ध बीजक की दो प्रतियां एक प्रति निर्यात दस्तावेज प्रस्तुत करनेवाले व्यक्ति को और दूसरी प्रति बैंक की संबंधित शाखा/मनोनीत एजेन्सी को लौटा देगा।

विमुक्ति आदेश के लिए आवेदन-पत्र

(11) निर्यातक, निर्यात किए जाने के पश्चात् और विदेशी मुद्रा में की गई बिक्री की वसूली की प्रतीक्षा किए बिना लाइसेंसिंग प्राधिकारी को विमुक्ति आदेश जारी करने के लिए निर्धारित प्रपत्र एवं विधि में आवेदन-पत्र प्रस्तुत करेगा और इसके साथ निम्नलिखित दस्तावेज मूल रूप में भेजेगा :—

(1) सीमाशुल्क सत्यापित बीजक।

(2) सीमाशुल्क अधिप्रमाणीकृत पोतलदान बिल।

(3) भारतीय स्टेट बैंक/मनोनीत एजेन्सी द्वारा उसे जारी किया गया सोने/चांदी आदि के क्रय का प्रमाण-पत्र।

(12) लाइसेंसिंग प्राधिकारी दस्तावेज, क्लेम की गई मूल्य वृद्धि भी सत्यापित करेगा और विमुक्ति आदेश जारी करेगा ताकि निर्यातक विनिर्माण प्रक्रिया में इस स्कीम के छीजन मानक में दी गई सीमा तक सोने के ह्रास सहित सोने और चांदी की प्रतिपूर्ति प्राप्त कर सके।

(13) विमुक्ति आदेश 0.999 की शुद्धता के सोने और चांदी के अनुसार और सम्बद्ध पोतपरिवहन बिल पर सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा यथा प्रमाणित निर्यात के लिए पास की गई मदों के सोने और चांदी के तत्व के भार और शुद्धता के बराबर मात्रा के लिए अभिव्यक्त किया जाएगा। लाइसेंस प्राधिकारी अन्य दस्तावेजों के साथ-साथ भारतीय स्टेट बैंक/मनोनीत एजेन्सी द्वारा जारी किया गया इस मूल्य से संबंधित प्रमाण-पत्र जिस मूल्य पर निर्यातक की ओर से सोना/चांदी खरीदा गया था, की जांच करेगा और विमुक्ति आदेश जारी करने से पहले यह सुनिश्चय करेगा कि निर्धारित मूल्य संयोजन प्राप्त कर लिया गया है। छीजन या अन्य अधिकारों के कारण अतिरिक्त मूल्य संयोजन यदि कोई हो, भी सत्यापित किया जाएगा।

(14) विमुक्ति आदेश में विशिष्टकृत की जाने वाली सोने की मात्रा की गणना के प्रयोजनार्थ लाइसेंस प्राधिकारी उस सीमाशुल्क प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित जिसने निर्यात, अनुमित किया है, निर्यातित मदों की सोने की मात्रा को वजन से निम्नलिखित द्वारा, इनमें जो भी उपयुक्त हो, गुणा करेगा :—

(1) यदि घोषणा कैरेट में है तो उनका भाग 24 से विभाजित कर दिया जाए और

(2) यदि घोषणा शुद्धता में है तो उसकी शुद्धता।

(15) "मीनाकारी" मदों के मामले में शुद्ध सोने के भार में कोई कटौती नहीं की जाएगी।

(16) लाइसेंसिंग प्राधिकारी विमुक्ति आदेश की एक प्रति भारतीय स्टेट बैंक/मनोनीत एजेन्सी को पृष्ठांकित करेगा जो उसके क्षेत्राधिकार में स्थित है और इस स्कीम के अन्तर्गत सोने/चांदी को विमुक्त करने के लिए प्राधिकृत है।

(17) इस स्कीम के अन्तर्गत जारी किया गया विमुक्ति आदेश हस्तांतरणीय नहीं होगा। सोने/चांदी की सुपुर्दगी निर्धारित अवधि के अन्दर बैंक से ले ली जानी चाहिए। भारतीय स्टेट बैंक की मनोनीत शाखा/मनोनीत एजेंसी आदेश धारक को उस कीमत पर सोना और चांदी विमुक्त करेगी जो उसके द्वारा जारी किए गए प्रमाण-पत्र में दी गई है और वह पेशगी धन निक्षेप कम करके उसके तुल्य पर ऐसी दर पर और ऐसी अवधि के लिए ब्याज वसूल करेगा जो सरकार द्वारा विनिर्दिष्टकृत किया गया हो। निर्यातक को बैंक द्वारा प्रतिपूर्ति के रूप में सोना केवल 10 ग्राम के गुणक में ही विमुक्त किया जाएगा। इसी तरह, चांदी, सुविधा के लिए 10 ग्राम के निकट तक बैंक द्वारा प्रतिपूर्ति की जाएगी। उसी निर्यातक द्वारा उसी तारीख को और भारतीय स्टेट बैंक की उसी मनोनीत शाखा को, प्रस्तुत किए गए विमुक्ति आदेश के मद्दे अनु-आरक्षित इस प्रकार से शेष रहा हुआ कोई भी बकाया सोना चांदी विमुक्ति आदेश धारक को उसकी आगामी हकदारी के सहित उपलब्ध करेगा। भारतीय स्टेट बैंक इस संबंध में उसे प्रमाण-पत्र जारी करेगा। जिस मामले में 0.999 की शुद्धता से कम मात्रा का सोना विमुक्त किया गया हो, भारतीय स्टेट बैंक संबद्ध विमुक्ति आदेश की मात्रिक सीमा के अन्दर आवश्यक समायोजन करने का हकदार होगा।

(18) उपर्युक्त के अनुसार उचित भुगतान के मद्दे सोने और/या चांदी की खरीद के समय धारक को प्रत्येक विमुक्ति आदेश को मूल रूप में स्टेट बैंक आफ इंडिया को जमा कराना पड़ेगा।

घ. सोने और चांदी आभूषणों और वस्तुओं के लिए अग्रिम लाइसेंसिंग स्कीम।

396. इस योजना के अधीन प्रक्रिया इस पुस्तक के अध्याय 19 में दी गई है।

ङ. निर्यात संसाधन क्षेत्रों और शतप्रतिशत. निर्यात. अभिमुख कम्पलैक्सों से सोने और चांदी के आभूषण और वस्तुओं के निर्यात के लिए स्कीम।

निर्यात संसाधन क्षेत्रों में विनिर्माण यूनिटों के लिए स्थान और उपस्थापन।

397. (1) देश में स्थापित विशिष्टिकृत निर्यात संसाधन क्षेत्रों से सोने के आभूषणों के विनिर्माण और उत्पादन की अनुमति दी जाएगी।

(2) क्षेत्रीय विकास आयुक्त अपने क्षेत्र में ऐसी यूनिटों के संबंध में सभी समन्वय के लिए उत्तरदायी होगा।

(3) सीमाशुल्क सुविधाएं क्षेत्र में विनिर्माण करने वाली यूनिटों को मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी।

कम्पलैक्सों के लिए स्थान और अवसंरचनाएं

398. (1) प्रारम्भ में कम्पलैक्स पांच शहरों, दिल्ली, बंबई जयपुर, कलकत्ता और मद्रास में स्थापित किए जाएंगे। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा निर्णय लिए जाने के आधार पर कम्पलैक्स अन्य शहरों में भी स्थापित किए जा सकते हैं। प्रत्येक कम्पलैक्स संबंधित राज्य सरकार से आधारभूत सुविधाओं के प्रयोजन के रूप में समर्थित होना चाहिए जैसे, स्थान, भवन, बिजली और पानी के कनेक्शनों और संचार सुविधाएं। प्रत्येक कम्पलैक्स केन्द्रीय सरकार के विभिन्न विभागों, राज्य सरकार, विनिर्माण करने वाली यूनिटों और व्यापारियों, वैयक्तिक ठेकेदारों से प्रस्तावों के संबंध में, सामान्य सुविधाओं कम्पलैक्सों और आयात-निर्यात पत्तन के बीच सामान के पोतलदान आदि के बीच समन्वय के लिए प्रायोजक एजेन्सी रखेगा। कम्पलैक्स स्थापित करने के लिए वाणिज्य मंत्रालय द्वारा संगठित स्थान चयन समिति सुरक्षा और सीमाशुल्क बन्धक प्रबन्धकों के दृष्टिकोण से नए स्थान की उपयोगिता के संबंध में अनुमोदित बोर्ड से आवश्यक सिफारिश करेगा। अनुमोदन बोर्ड स्थान की उपयोगिता के साथ कम्पलैक्स में यूनिटों की स्थापना के लिए वैयक्तिक निर्यातकों के आवेदन पत्रों पर भी विचार करेगा। निर्यातकों को सीमाशुल्क निकासी/मूल्य निर्धारण सुविधाएं मुफ्त प्रदान की जाएंगी। कम्पलैक्स की अन्य लागत जैसे सामान्य सुविधाओं के लिए लागत कम्पलैक्स में कार्य कर रही विनिर्माण यूनिटों द्वारा वहन की जाएगी।

(2) आभूषणों और वस्तुओं के विनिर्माण के लिए विशेष निर्यात अभिमुख कम्पलैक्सों में स्थित यूनिटों के लिए विधिक करार का प्रपत्र इस पुस्तक के परिशिष्ट 21-ख में दिया गया है।

399. **लाइसेंसिंग प्राधिकारी तथा उनके क्षेत्राधिकार**

1. संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात, बम्बई	महाराष्ट्र, गोवा, दमन तथा दियू, दादर व नागर हवेली, गुजरात तथा मध्य प्रदेश।
2. संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात, कलकत्ता	पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, असम, बिहार, सिक्किम, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, त्रिपुरा तथा अण्डमान व निकोबार द्वीपसमूह।
3. संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात, मद्रास	तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, संघ राज्य क्षेत्र लक्षद्वीप, पाण्डिचेरी, करैकाल माहे तथा यमम।
4. संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात (केन्द्रीय लाइसेंसिंग क्षेत्र दिल्ली)	दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, जम्मू तथा कश्मीर, हिमाचल प्रदेश तथा चण्डीगढ़।
5. उप मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात, जयपुर	राजस्थान

400. **संबंधित स्कीमों के अंतर्गत स्वर्ण तथा चांदी देने के लिए हथकरघा तथा हस्तशिल्प निर्यात निगम की प्राधिकृत शाखाएं :**

(1) भारतीय हथकरघा तथा हस्तशिल्प निर्यात निगम लि. 11ए, राउज एवेन्यू लेन, लोक कल्याण भवन, नई दिल्ली-110002

(2) भारतीय हथकरघा तथा हस्तशिल्प निर्यात निगम लि. 11वीं मंजिल, निर्मल बिल्डिंग, नरीमन प्वाइंट, बम्बई-400021

(3) भारतीय हथकरघा तथा हस्तशिल्प निर्यात निगम लि., सुदर्शन बिल्डिंग, 16/ए, वाइट्स रोड, मद्रास।

(4) भारतीय हथकरघा तथा हस्तशिल्प निर्यात निगम लि., जयपुर, राजस्थान।

(5) भारतीय हथकरघा तथा हस्तशिल्प निर्यात निगम लि कलकत्ता।

401. **संबंधित स्कीमों के अंतर्गत स्वर्ण तथा चांदी बेचने के लिए भारतीय राज्य व्यापार निगम निगम की प्राधिकृत शाखाएं :**

1. भारतीय राज्य व्यापार निगम लि.
   चन्द्रलोक बिल्डिंग,
   36, जनपथ,
   नई दिल्ली।

2. भारतीय राज्य व्यापार निगम लि.,
   एयर इंडिया बिल्डिंग,
   6वीं तथा 7वीं मंजिल
   नरीमन प्वाइंट,
   बम्बई—400021.

3. भारतीय राज्य व्यापार निगम लि.,
   निलहाट हाउस,
   9वीं तथा 10वीं मंजिल,
   11, आर. एन. मुखर्जी रोड,
   कलकत्ता—700 001.

4. भारतीय राज्य व्यापार निगम लि.,
   चिन्याई हाउस, 7 इस्प्लनेड,
   मद्रास—600 001.

5. भारतीय राज्य व्यापार निगम लि.,
   के.-3 केशव पथ, अशोक मार्ग,
   सी.-स्कीम,
   जयपुर—302 001.

402. **संबंधित स्कीमों के अन्तर्गत स्वर्ण तथा चांदी जारी करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक की प्राधिकृत शाखाएं :**

1. मुख्य प्रबन्धक,
   ओवरसीज ब्रांच,
   भारतीय स्टेट बैंक,
   बम्बई।

2. मुख्य प्रबंधक,
   ओवरसीज ब्रांच,
   भारतीय स्टेट बैंक,
   कलकत्ता।

3. मुख्य प्रबंधक,
   ओवरसीज ब्रांच,
   भारतीय स्टेट बैंक,
   नार्थ बीच रोड,
   मद्रास।

4. मुख्य प्रबंधक,
   ओवरसीज ब्रांच,
   भारतीय स्टेट बैंक,
   नई दिल्ली।

5. प्रबंधक,
   भारतीय स्टेट बैंक,
   मुख्य शाखा,
   सांगानेरी गेट,
   जयपुर।

403. **संबंधित स्कीमों के अन्तर्गत स्वर्ण तथा चांदी जारी करने के लिए भारतीय खनिज एवं धातु व्यापार निगम की प्राधिकृत शाखाएं :**

1. 9, 10 तथा 11वीं मंजिल,
   विक्रम टावर,
   राजेन्द्र प्लेस,
   नई दिल्ली—110 008.

2. मित्तल टावरस,
   "ए" विंग, दूसरी मंजिल,
   नरीमन प्वाइंट,
   बैकवे रिक्लेमेशन,
   बम्बई—400 021.

3. रुबी हाउस, चौथी, पांचवीं मंजिल,
   पोस्ट बाक्स नम्बर-478,
   8, इंडिया एक्सचेंज प्लेस,
   कलकत्ता—700 001.

4. चिनयाई हाउस,
   7, इस्प्लनेड रोड,
   मद्रास—600 001.

404. **संबंधित स्कीमों के अन्तर्गत स्वर्ण तथा चांदी जारी करने के लिए व्यापार विकास प्राधिकरण की शाखाएं :**

1. बैंक आफ बड़ौदा बिल्डिंग,
   16 पार्लियामेंट, स्ट्रीट,
   नई दिल्ली—110 001

2. एयर इण्डिया बिल्डिंग,
   8वीं मंजिल, नरीमन प्वाइंट,
   बम्बई—400 021.

3. "शान्ति निकेतन",
   फ्लैट नम्बर-9,
   चौथी मंजिल,
   8, कामाक स्ट्रीट,
   कलकत्ता—700 017.

अध्याय 22

मुक्त व्यापार क्षेत्र/निर्यात संसाधन क्षेत्र

405. मुक्त व्यापार क्षेत्र/निर्यात संसाधन क्षेत्र/एफ. टी. जेड./ई. पी. जेड. में एक औद्योगिक एकक स्थापित करने के अनुमोदन के लिए आवेदन पत्रों को, क्षेत्र के सम्बद्ध विकास आयुक्त को या वाणिज्य मंत्रालय के निर्यात संसाधन क्षेत्र अनुभाग के उप सचिव को, प्रस्तुत करने चाहिए। आवेदन पत्र संबंधित विकास आयुक्त के पास उपलब्ध हैं। आवेदन पत्रों पर वाणिज्य मंत्रालय के अपर सचिव की अध्यक्षता में सम्बद्ध अनुमोदन बोर्ड द्वारा निर्णय लिया जाएगा जो कि औद्योगिक विकास विनियमन

अधिनियम के अधीन आशय पत्र/अनुमोदन पत्र देने के लिए अधिकारों का प्रयोग करेगा । अपना अनुमोदन देते समय, बोर्ड विनिर्माण की मदें, वार्षिक क्षमता, विवरण, आयात के लिए अनुमेय पूंजीगत माल की मात्रा और मूल्य निर्यातित उत्पाद के संसाधन में उपलब्ध किए जाने वाले मूल्य वर्धन की प्रतिशतता और घरेलू टैरिफ क्षेत्र में बिक्री के संबंध में अपेक्षित सीमाओं को निर्दिष्ट करेगा । बोर्ड पैरा 178 में यथाउल्लिखित लीजिंग कम्पनियों द्वारा वित्त पोषित आयातित पूंजीगत माल की अधिप्राप्ति के लिए आवेदनों पर विचार कर सकता है और निर्णय कर सकता है ।

406. मूल्य वर्धन की संगणना के उद्देश्य के लिए यूनिट के प्रति बहिर्गामी सभी विदेशी मुद्रा के साथ-साथ कच्चे माल, संघटकों और उपभोज्यों के घरेलू टैरिफ क्षेत्र से अधिप्राप्त आपूर्ति को भी हिसाब में लिया जाएगा । मूल्य वर्धन की संगणना के लिए सूत्र ऊपर पैरा-405 में उल्लिखित आवेदन प्रपत्र में दिया गया है ।

लाइसेंस प्राधिकारी

407. निर्यात संसाधन क्षेत्रों/मुक्त व्यापार क्षेत्रों और उनसे सम्बन्धित लाइसेंस प्राधिकारियों के नाम नीचे दिये जाते हैं :—

क्रम सं०	मुक्त व्यापार क्षेत्र/निर्यात संसाधन क्षेत्रों के नाम	लाइसेंस प्राधिकारी
1.	काण्डला, मुक्त व्यापार क्षेत्र काण्डला, गुजरात	संयुक्त विकास आयुक्त/उप-विकास आयुक्त, काण्डला मुक्त, व्यापार क्षेत्र, गांधीधाम
2.	सान्ताक्रुज इलैक्ट्रानिकी निर्यात संसाधन क्षेत्र, बम्बई महाराष्ट्र	संयुक्त विकास आयुक्त/उप-विकास आयुक्त सान्ताक्रुज, इलैक्ट्रानिकी निर्यात संसाधन।
3.	फाल्टा निर्यात संसाधन क्षेत्र फाल्टा, पं० बंगाल	संयुक्त विकास आयुक्त/उप-विकास आयुक्त, फाल्टा, निर्यात प्रवर्धन क्षेत्र, फाल्टा, पश्चिम बंगाल
4.	मद्रास निर्यात संसाधन क्षेत्र मद्रास, तमिलनाडु।	संयुक्त विकास आयुक्त/उप-विकास आयुक्त, मद्रास निर्यात संसाधन मद्रास ।
5.	न्यू ओखला उद्योग विकास प्राधिकरण (नोएडा) निर्यात प्रवर्धन क्षेत्र, उत्तर प्रदेश	संयुक्त विकास आयुक्त/उप-विकास आयुक्त, न्यू ओखला उद्योग विकास प्राधिकरण, निर्यात प्रवर्धन क्षेत्र, नोएडा, उत्तर प्रदेश
6.	कोचीन निर्यात संसाधन क्षेत्र, कोचीन, केरल	संयुक्त विकास आयुक्त/उप विकास आयुक्त कोचीन निर्यात संसाधन, क्षेत्र, कोचीन

पूंजीगत माल आदि का आयात

408. विकास आयुक्त इस बात का सुनिश्चय करेगा कि आयात उसी उत्पादन के उद्देश्य के लिये है जिस उत्पादन के लिये क्षेत्र में आयातक यूनिट को अनुमोदन दिया गया है ।

घरेलू टैरिफ एरिया से जोन को सप्लाई

409. निर्यात उत्पादन के लिये या निर्यात उत्पादन के सम्बन्ध में घरेलू टैरिफ क्षेत्र से कोई माल प्राप्त करने की इच्छा रखने वाले क्षेत्र में स्थित यूनिटों को प्राधिकार पत्र प्राप्त करने के लिये अपने अलग-अलग आवेदन पत्र, मदों और उनके मूल्यों को निर्दिष्ट करते हुए विकास आयुक्त के माध्यम से लाइसेंस प्राधिकारी को भेजने चाहिए । (निर्यात उत्पादन के लिये जिस माल की आवश्यकता नहीं है उसके लिये किसी भी प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं) ।

(1) इन आवेदन पत्रों पर कार्रवाई करते समय विकास आयुक्त यह देखेगा कि घरेलू टैरिफ क्षेत्र से इस क्षेत्र में मांग किये गये माल के लिये सप्लाई किया जाने वाला माल निर्यात सम्बन्धी वस्तुएं बनाने के लिये आवश्यक है या नहीं और इस सामान की उन कीमतों की भी संवीक्षा करेगा जिन कीमतों पर यूनिट या सामान खरीदना चाहती है ।

(2) लाइसेंस प्राधिकारी उपर्युक्त आधार पर यूनिट को प्राधिकार पत्र जारी करेगा जिससे कि क्षेत्र की यूनिट निर्दिष्ट विवरण और मूल्य का माल निर्दिष्ट अवधि के अन्दर घरेलू टैरिफ क्षेत्र से प्राप्त कर सके । अन्य शर्तों के साथ-साथ प्राधिकार पत्र पर यह शर्त भी लागू होगी कि सम्बन्धित माल का उपयोग मुक्त व्यापार क्षेत्र में स्थित प्राधिकार पत्र धारक के कारखाने में निर्यात सम्बन्धी वस्तुयें बनाने के लिये किया जायेगा । ऐसा प्राधिकार पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र के साथ-साथ इस सम्बन्ध में लाइसेंस प्राधिकारी को एक वचन पत्र भी देगा । प्राधिकार पत्र धारक द्वारा प्राधिकार पत्र की और उक्त वचन की शर्त पूरी न करने पर उसके विरुद्ध ऐसी कार्रवाई की जायेगी जो इस सम्बन्ध में की जा सकती हो ।

(3) क्षेत्र में माल लाने की अनुमति उक्त प्राधिकार पत्र के आधार पर दी जायेगी । क्षेत्र के अन्दर माल लाते समय सीमा शुल्क प्राधिकारी या क्षेत्र विकास आयुक्त संभरक के बीजक पर इस सम्बन्ध में पृष्ठांकन करेगा कि बीजक में दर्ज माल क्षेत्र में प्राप्त कर लिया गया है ऐसे वास्तविक मामलों में जहां विभिन्न कारणों के परिणामस्वरूप प्राधिकार पत्र की वैधता अवधि समाप्ति के पश्चात जोन में सप्लाई हुई है वहां लाइसेंसिंग प्राधिकारी प्राधिकार पत्र की वैधता को बढ़ा सकता है ।

(4) घरेलू टैरिफ क्षेत्र से माल के संभरण के लिए ऐसे संभरण के मद्दे पंजीकृत निर्यातकों के लिये आयात नीति के अधीन आयात प्रतिपूर्ति लाइसेंस की मांग की जा सकती है । इस सम्बन्ध में आवेदन-पत्र पैरा 407 में विनिर्दिष्ट अनुसार सम्बन्धित लाइसेंसिंग प्राधिकारी को अध्याय-22 में निर्धारित प्रपत्र

में दिये जायें । आवेदन-पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज होने चाहिए :

(क) आवेदन के शुल्क के रूप में अदा की गई अपेक्षित धनराशि का खजाना चालान;

(ख) प्राधिकार पत्र की फोटोस्टेट/साक्ष्यांकित प्रति जिसके आधार पर सप्लाई की गई हो;

(ग) संभरक का बीजक, जिस पर क्षेत्र के सीमा-शुल्क प्राधिकारी ने यह पृष्ठांकन किया हो कि बीजक में दर्ज माल क्षेत्र में प्राप्त हो गया है ।

(घ) आयात निर्यात क्रिया विधि पुस्तक, 1990-93 में निर्धारित प्रपत्र में निर्यात किये जाने वाले माल का विवरण; और

(ङ) आर. ई. पी. लाइसेंस के लिये आवेदन पत्र के प्रपत्र में संलग्न वचन/घोषणा ।

अन्य जानकारी इस क्षेत्र के विकास आयुक्त से प्राप्त की जा सकती है ।

घरेलू टैरिफ क्षेत्र में माल की बिक्री

410. (1) सम्बन्ध मुक्त व्यापार क्षेत्र के विकास आयुक्त की पूर्व अनुमति से ही बिक्री की जायेगी । अतः घरेलू टैरिफ क्षेत्र में अपने माल को बेचने के इच्छुक एककों को विकास आयुक्त से सम्पर्क करना चाहिए । निर्यात आयुक्त को संबंधित लाइसेंसिंग वर्ष के दौरान उस तारीख को अनुमति लेते समय यूनिट द्वारा घरेलू टैरिफ क्षेत्र में संभरित की जाने वाली मद की मात्रा तथा यूनिट द्वारा उत्पादित कुल मात्रा को दर्शाया जायेगा ।

(2) विकास आयुक्त से अनुमति लेने के पश्चात् वैध लाइसेंस/(रिलीज आदेश) के मद्दे बिक्री की जा सकती है । क्षेत्र से बाहर माल की अनुमति देने से पूर्व विकास आयुक्त सम्बद्ध आयात लाइसेंस के नामे डालेगा । इस सीमा तक आयात लाइसेंस आगे के आयात के लिये अवैध हो जायेगा ।

(3) यदि बिक्री करने के लिए प्रस्तावित माल ऐसी बिक्री की तारीख को लागू नीति के अनुसार खुले सामान्य लाइसेंस के अधीन आयात योग्य है तो मुक्त व्यापार क्षेत्र/निर्यात संसाधन क्षेत्र की वे यूनिट जो बिक्री का प्रस्ताव करती है, सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी जिसके अधिकार क्षेत्र में घरेलू टैरिफ क्षेत्र आता है, को रिलीज आदेश जारी करने के लिये आवेदन प्रस्तुत करें ।

(4) रिलीज आदेश दो प्रतियों में जारी किया जायेगा और रिलीज आदेश का मूल्य उपर्युक्त पैरा (1) में उल्लिखित विकास आयुक्त की अनुमति में लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा दर्ज किया जायेगा । रिलीज आदेश की मूल प्रति मुक्त व्यापार क्षेत्र/निर्यात संसाधन क्षेत्र की यूनिट द्वारा रिलीज आदेश धारी की स्वीकृति लेने के बाद माल की प्राप्ति और उनके मूल्य/मात्रा के लिये रख ली जायेगी । यह सम्बद्ध एकक द्वारा निर्यात के साक्ष्य के रूप में काम आयेगी । निर्यातों के जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के रूप में समझे जाने वाला मूल्य वह मूल्य होगा जिसके लिये माल का संभारण किया जायेगा या रिहाई आदेश का मूल्य, इनमें जो भी कम हो, वही होगा ।

(5) घरेलू टैरिफ क्षेत्र में माल के क्रेता को ऐसे उत्पाद शुल्क, बिक्री शुल्क और अन्य ऐसे करों का भुगतान करना पड़ेगा जो विषयाधीन माल पर लगाये जा सकते हों । यह राजस्व विभाग द्वारा जारी की गई अधिसूचना और मुक्त व्यापार क्षेत्र/निर्यात संसाधन क्षेत्र में विनिर्मित माल की "घरेलू टैरिफ क्षेत्र" में बिक्री से सम्बद्ध राजस्व विभाग द्वारा समय समय पर जारी की गई अन्य अधिसूचनाओं/अनुदेशों के अधीन होगा ।

मुक्त व्यापार क्षेत्र/निर्यात संसाधन क्षेत्र में आयातित माल का हस्तांतरण

411. जहां कहीं जोन में स्थित किसी यूनिट ने अपना उत्पादन बन्द कर दिया हो तो बन्द करने के समय क्षेत्रीय विकास आयुक्त की लिखित रूप में अनुमति से और मूल्यांकन आदि के सन्दर्भ में सीमा शुल्क प्राधिकारियों द्वारा निकासी की शर्तें के अधीन या तो आयात किये गये माल को पुनः निर्यात करें या घरेलू टैरिफ क्षेत्र में आयातित वस्तुओं के निपटान के लिये अनुमोदन बोर्ड से अनुरोध करें । ऐसे आवेदनों पर अनुमोदन बोर्ड द्वारा विकास आयुक्त, मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात, केन्द्रीय सीमा-शुल्क एवं उत्पाद शुल्क बोर्ड तथा संबंधित प्रशासनिक विभागों की सिफारिशों के आधार पर विचार किया जायेगा । यदि निपटान की अनुमति दी जाती है तो वह ऐसी शर्तों के अध्यधीन होगी जो कि अनुमोदन बोर्ड द्वारा लागू की जायेगी ।

412. उपर्युक्त निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यदि जोन से आयातित माल को घरेलू टैरिफ क्षेत्र में स्थानान्तरित करने की अनुमति दी जाती है तो घरेलू टैरिफ क्षेत्र में स्थानान्तरित किये जाने वाले माल पर निम्नलिखित प्रक्रिया के अनुसार शुल्क लगाया जायेगा :—

(क) पूंजीगत माल के मूल्य ह्रास पर सीमाशुल्क दर आयात के समय प्रचलित दर पर होगी बशर्ते कि उक्त माल

को कम से कम तीन वर्षों से वास्तविक उपयोग में लाया जा रहा है ।

(ख) अप्रयुक्त आयातित कच्चे माल एवं संघटकों के कर योग्य मूल्य तथा आयात के समय प्रचलित दर पर सीमाशुल्क ।

(ग) उत्पाद शुल्क छूट के अन्तर्गत घरेलू टैरिफ क्षेत्र से अधिप्राप्त उत्पाद शुल्क योग्य माल के मामले में, मूल्य ह्रास के बिना तथा जोन की यूनिटों को सप्लाई के समय प्रचलित दर पर उत्पाद शुल्क लगाया जायेगा ।

(घ) माल पर देय बिक्री कर तथा अन्य ऐसे कर जो उगाहने योग्य हों, भी लगाये जायेंगे ।

एक क्षेत्र की यूनिट से दूसरे मुक्त व्यापार क्षेत्र/निर्यात संसाधन क्षेत्र/शत-प्रतिशत निर्यात अभिमुख यूनिट को आपूर्ति/हस्तांतरण

413. (1) यह सुनिश्चित किया जायेगा कि संभरक द्वारा पूरे किये जाने वाले प्रत्याशित मूल्यवर्धन, क्षेत्र में यूनिट से सामग्री को भेजने से पहले ही पूरे कर दिये गये हैं ।

(2) समय समय पर लागू अनुदेशों के अनुसार क्रेताओं के लिये निर्धारित मूल्य वर्धन के प्रयोजन को क्रेता द्वारा लेखे में लिया गया है ।

(3) शुल्कों के भुगतान के लिये, मूल संभरक उत्तरदायी होगा और इसके लिये विक्रेता और क्रेता से एक संयुक्त बन्ध-पत्र लिया जायेगा ।

(4) क्षेत्र में एक यूनिट से दूसरे निर्यात संसाधन क्षेत्र/मुक्त व्यापार क्षेत्र की यूनिट को या शत-प्रतिशत निर्यात अभिमुख यूनिट को माल का संचालन सीमा शुल्क बन्ध-पत्र के अधीन होगा ।

(5) मूल संभरक द्वारा अन्य निर्यात संसाधन क्षेत्र/मुक्त व्यापार क्षेत्रों या 100 प्रतिशत निर्यात अभिमुख एककों को किए गए संभरण हस्तांतरण कर देने के बावजूद भी मूल संभरक उत्तरदायी रहेगा ।

(6) पारगमन की लागत विक्रेता द्वारा वहन की जाती है । इसी प्रकार से ऐसे संचालनों के लिये सीमा शुल्क द्वारा किये गये सभी खर्च सीमा शुल्क द्वारा घोषित वसूली की क्रियाविधि के अनुसार वसूल किये जायेंगे ।

(7) ऐसे माल के केवल एक हस्तान्तरण की अनुमति दी जायेगी और उसके पश्चात् उनसे विनिर्मित माल/उत्पादों का निर्यात किया जायेगा ।

विविध रियायतें

414. (1) देशीय विनिर्मित माल, संघटकों तथा कच्चे माल, उपभोज्यों आदि को केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क तथा केन्द्रीय बिक्री कर की बिना अदायगी के अनुमित किया जायेगा । उन मामलों में जहां ऐसे संभरणों पर केन्द्रीय बिक्री कर की छूट न दी गई हो, वहां जोन की यूनिटों को इस सम्बन्ध में निर्धारित प्रक्रिया में की गई व्यवस्था के अनुसार चुकाई गई राशि की प्रतिपूर्ति की जायेगी ।

(2) जोन के यूनिट समय-समय पर एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम और आयकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमित रियायत तथा छूट के भी पात्र होंगे ।

415. उनके निर्यातों के मद्दे जोन के यूनिट आर.ई.पी. लाइसेंस लाभों के भी हकदार होंगे ।

अध्याय 23

शत-प्रतिशत निर्यात अभिमुख यूनिट स्कीम

अनुमोदित शत-प्रतिशत अभिमुख यूनिटें

416. शत-प्रतिशत निर्यात अभिमुख यूनिट के रूप में अनुमति देने के लिए आवेदन-पत्र औद्योगिक अनुमोदन के लिए सचिवालय, उद्योग मंत्रालय, उद्योग भवन, नई दिल्ली को सम्बद्ध विदेशी सहयोग प्रपत्र के साथ जहां पर लागू हो, प्रक्रिया पुस्तक के परिशिष्ट 23-क में निर्धारित प्रपत्र में भेजे जाने चाहिए। औद्योगिक विकास विनियमन अधिनियम के अधीन आशय पत्र/अनुमति पत्र देने के लिए इन आवेदन पत्रों पर वाणिज्य सचिव के नेतृत्व में एक बोर्ड द्वारा विचार किया जाएगा । इसका अनुमोदन देते समय, यह बोर्ड आयात के लिए अनुमति विनिर्माण की मद, वार्षिक क्षमता, विवरण, पूंजीगत माल की मात्रा और उसके साथ-साथ निर्यात किए जाने वाले उत्पादों में प्राप्त किए जाने वाले मूल्य संयोजन की प्रतिशतता को भी विशिष्टिकृत करेगा ।

417. ऐसे अनुमोदन नीचे दी गई शर्तों के अधीन होंगे :—

(क) शत-प्रतिशत निर्यात अभिमुख यूनिट के सम्पूर्ण उत्पादन और परिचालन जब तक कि इसे अन्यथा रूप से इस पुस्तक में यथा उल्लिखित वास्तविक बांडिंग से विशेष रूप से छूट न मिली हुई हो, सीमाशुल्क बंधित कारखाने में होंगे । संबंधित सीमाशुल्क/केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क समाहर्ता भुगतान करने पर कारखाने के परिसर की बंधित सुविधाओं की व्यवस्था करेगा । सामान्य क्रियाविधि जो सीमाशुल्क बांडिंग के लिए लागू है वह अपनाई जाएगी जिसमें फैक्ट्री को आयात के पत्तन के लिए जाने वाले माल के लिए ट्रांजिट बांड भी शामिल है ।

(ख) पूंजीगत माल का आयात आशय पत्र अनुमति के जारी होने की तिथि से दो वर्षों के भीतर किया जाना है । यदि किसी यूनिट द्वारा पूंजीगत माल का आयात दो वर्षों की उक्त अवधि के भीतर न

किया गया हो तो उस यूनिट को सम्बन्धित प्रशासनिक मंत्रालय के पास नए सिरे से आवेदन देना पड़ेगा प्रशासनिक मंत्रालय यदि निर्धारित अवधि के भीतर पूंजीगत माल के आयात के लिए असफलता के कारणों से संतुष्ट हो जाता है तो वह बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त करेगा। यदि पहले अनुमति मूल्य से ऊपर और अधिक पूंजीगत माल का अतिरिक्त आयात अपेक्षित हो तो उस यूनिट को संगत ब्यौरों सहित सम्बन्धित प्रशासनिक मंत्रालय के माध्यम से बोर्ड के अनुमोदन के लिए नए सिरे से आवेदन देना होगा।

(ग) शत-प्रतिशत निर्यात अभिमुख यूनिट द्वारा किए गए किसी भी निर्यात या सम्भरण पर कोई प्रति-पूर्ति लाभ अनुमित नहीं होगा।

(घ) निम्नलिखित को छोड़कर सम्पूर्ण उत्पादन का निर्यात किया जाएगा :—

(1) अस्वीकृत 5 प्रतिशत या बोर्ड द्वारा निर्धारित किए गए ऐसे ही प्रतिशत को।

(2) घरेलू दर सूची क्षेत्र में प्रभावित संभरण इस नीति के प्रावधानों के अन्तर्गत होगा।

(3) विश्वव्यापी निविदा शर्तों के अधीन घरेलू दर सूची क्षेत्रों में किए गए संभरण।

(ङ) खुले सामान्य लाइसेन्स के अधीन आयात के लिए अनुमित मदें और उन पर लागू होने वाली शर्तें आयात-निर्यात नीति में दी गई हैं। उनकी अन्य आयात की आवश्यकताओं के लिए, यदि कोई खुले सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत न आती हो, तो सम्बद्ध यूनिट को मुख्य-नियंत्रक आयात-निर्यात नई दिल्ली से आयात लाइसेंस प्राप्त करना होगा। स्वदेशी उपलब्धता के दृष्टिकोण और अन्य शर्तों को ध्यान में रखते हुए आवेदन पत्रों पर गुणदोष के आधार पर विचार किया जाएगा।

(च) यूनिट को 20 प्रतिशत या ऐसे ही प्रतिशत का न्यूनतम अतिरिक्त मूल्य दिखाना होगा जैसा कि जो आशय पत्र/ अनुमति में दिया गया है। इस प्रयोजन के लिए सभी विदेशी मुद्रा-विनिमय व्ययों के साथ-साथ कच्चे माल, संघटकों एवं उप-भोज्यों को कच्चे माल, संघटकों और उपभोज्य सामग्री के घरेलू दर क्षेत्र से प्राप्त संभरण को ध्यान में रखा जाएगा। मूल्य जोड़ने की गणना करने का सूत्र इस पुस्तक के परिशिष्ट 23-क के प्रपत्र में आवेदन-पत्र में दिया गया है।

(छ) शत-प्रतिशत निर्यात अभिमुख स्कीम के अधीन परियोजना लगाने की इच्छुक यूनिटों को इसके बाद अपने आवेदन पत्र के साथ माल बेचने की व्यवस्था के सहित विस्तृत तकनीकी, आर्थिक व्यवहार्यता रिपोर्ट भेजनी होगी ताकि सरकार प्रस्तावित परियोजना की व्यवहार्यता के आधार पर अपने को सन्तुष्ट करने में समर्थ हो सके, परियोजना की व्यवहार्यता को सुनिश्चित करने की दृष्टि से यह निश्चय किया गया है कि इस स्कीम के अधीन केवल ऐसी परियोजनाओं का उद्यम की किस्म पर आधारित औचित्यपूर्ण वार्षिक कारोबार के प्रस्ताव के रूप में अनुमोदन किया जाए। ये गाइड लाइनें समय-समय पर सरकार द्वारा निश्चित की जायेंगी।

(ज) अनुमोदन के लिए आवेदन करते समय आवेदक यूनिट को जिस पूंजीगत माल का आयात करने की आवश्यकता होगी उसके सहित मदों की सूची भी भेजनी चाहिए। कच्चे माल, संघटकों, उपभोज्यों और अतिरिक्त पुर्जों के सम्बन्ध में प्रत्येक मद के लिए पांच वर्षों की अवधि की आवश्यकता आयातित और स्वदेशी दोनों प्रदर्शित करनी चाहिए। प्रत्येक मद के सम्बन्ध में मात्रा और मूल्य का भी उल्लेख करना चाहिए। मदों की सूची में वे मदें भी होनी चाहिए जो सामान्य आयात नीति के अन्तर्गत खुले सामान्य लाइसेंस में रखी गई हैं।

(झ) इस स्कीम के अधीन अनुमोदित यूनिट संबंधित लाइसेंस प्राधिकारियों के साथ (इस पुस्तक के परिशिष्ट 23-ख में दिए गए अनुसार) बांड या विधिक करार का निष्पादन करेंगे और निर्धारित निर्यात आभार को पूरा करने का वचन देंगे। निर्यात आभार को अदा करने में असमर्थ होने पर यूनिट को आयात के समय के मूल्य और दर पर आयातित सामग्री पर सीमा-शुल्क कर का भुगतान करना होगा, जो किसी भी अन्य कार्यवाही के अतिरिक्त, सीमा-शुल्क अधिनियम 1962 और आयात तथा निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम 1947 एवं उसके अधीन जारी किए गए आदेशों के अधीन कार्यवाही की जा सकती है। शतप्रतिशत निर्यात अभिमुख यूनिट द्वारा आयातित माल पर सीमाशुल्क कर से छूट से अन्य आदेशों के अधीन होगी जो राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अलग से जारी किए जायेंगे।

(ञ) प्रत्येक वित्तीय वर्ष के समाप्त होने पर एक मास के भीतर संबंधित यूनिट संबद्ध लाइसेंस अधिकारियों को (1) घरेलू सूची क्षेत्र से प्राप्त सीधे ही आयातित या संभरित मदों की मात्रा और मूल्य (लागत-बीमा-भाड़ा या देय मूल्य, जैसा भी मामला हो); (2) देश से बाहर निर्यातित मदों की मात्रा और जहाज पर्यन्त

निःशुल्क मूल्य; (3) अनुमित स्वीकृत माल की बिक्री; (4) घरेलू दर-सूची क्षेत्र को अनुमित बिक्री; और (5) विश्वव्यापी निविदा शर्त के अधीन घरेलू दर सूची को संभरण।

(ट) यूनिट निर्धारित प्रपत्र में त्रैमासिक प्रगति/निष्पादन रिपोर्ट भी निर्यात उत्पादन अनुभाग (शत प्रतिशत निर्यात अभिमुख यूनिट सैल), वाणिज्य मंत्रालय और मुख्य नियंत्रक, आयात एवं निर्यात के कार्यालय में निर्यात आयुक्त को भेजेंगी। ऐसा न करने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

(ठ) जहां भी एक वर्तमान औद्योगिक यूनिट, घरेलू यूनिट के साथ अनुमोदित शतप्रतिशत निर्यात अभिमुख यूनिट दोनों के रूप में काम कर रही हो तो इन दो यूनिटों के लिए दो स्पष्ट अलग अलग नाम रखने चाहिए। यह स्पष्ट किया जाता है कि शतप्रतिशत अनुमोदित निर्यात अभिमुख यूनिट के लिये यह आवश्यक नहीं है कि उसका कानूनी अस्तित्व हो। लेकिन, शतप्रतिशत निर्यात अभिमुख एककों द्वारा किये गये आयात एवं निर्यात या संभरणों को अन्य एकक/उसी फर्म/कम्पनी के एककों द्वारा किए गए से अलग दिखाना संभव होना चाहिए। ऐसे शतप्रतिशत निर्यात अभिमुख एकक चाहे उनका कोई कानूनी अस्तित्व न हो के शत-प्रतिशत निर्यात अभिमुख एककों के लिए विस्तृत रूप से व्यवस्थित से भिन्न इस नीति के अधीन किसी भी प्रावधान का लाभ प्राप्त करने के लिए विचार किये जाने के लिए पात्र नहीं होंगे।

शत-प्रतिशत निर्यात अभिमुख यूनिटों को घरेलू दर सूची क्षेत्र से सम्भरण :

418. घरेलू दर सूची से संभरण निम्नलिखित प्रक्रिया से संचालित होंगे।

(क) ऐसे मामलों में संभरकों का संगत बीजक सीमा-शुल्क प्राधिकारी-केन्द्रीय उत्पाद शुल्क द्वारा इस संबंध में पृष्ठांकित होना चाहिए कि बीजक के अंतर्गत आने वाले माल शतप्रतिशत निर्यात अभिमुख यूनिटों द्वारा प्राप्त हो गए हैं और उस यूनिट का नाम और पता भी दिया जाना चाहिए।

(ख) जहां संबंध क्रेता यूनिट के पास उसी माल के आयात के लिए आयात लाइसेंस हों तो वहां सीमा-शुल्क प्राधिकारी बीजक पर पृष्ठांकित करते समय आयात लाइसेंस को भी सीधे आयात के लिए उस सीमा तक अवैध कर देगा जो देश में ही अभिप्राप्त है।

(ग) इस व्यवस्था के अधीन स्थानीय प्राप्त माल चाहे वे आयात लाइसेंस के मद्दे या अन्यथा रूप से प्राप्त किए गए हों, उपर्युक्त पैरा में यथा निर्धारित प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के समय एकक द्वारा लाइसेंस प्राधिकारी को प्रस्तुत किए जाने वाले लेखे में शामिल किए जायेंगे। स्थानीय प्राप्त माल का उपयोग शत-प्रतिशत निर्यात अभिमुख एककों के लिए निर्धारित व्यवस्थाओं के अनुसार किया जाएगा।

(घ) माल के संभरण पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति के अंतर्गत ऐसे संभरण के मद्दे आयात प्रतिपूर्ति लाइसेंस यदि अन्यथा रूप से स्वीकार्य हो, मांग सकते हैं। आयात के लिए आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में निर्धारित तरीके से संबद्ध लाइसेंस प्राधिकारियों को भेजे जाने चाहिएं। आवेदन पत्रों के साथ निम्नलिखित दस्तावेज होने चाहिए :—

(1) आवेदन पत्र शुल्क के प्रति उपयुक्त धनराशि के लिए चालान।

(2) सीमा-शुल्क प्राधिकारी द्वारा विधिवत् पृष्ठांकित संभरक का इस संबंध में एक बीजक कि इस बीजक के अंतर्गत आने वाले माल संबद्ध क्रेता यूनिट द्वारा प्राप्त कर लिए गए हैं।

(3) प्रक्रिया पुस्तक में निर्धारित प्रपत्र में निर्यातों का एक विवरण।

(4) वह मूल्य जिसके लिए आर. ई. पी. लाइसेंस अनुमेय होंगे वह "रेल पर्यन्त निशुल्क मूल्य के गंतव्य स्थान" के लिए होंगे।

(ङ) ऐसे संभरणों पर आधारित आवेदन पत्र अलग से भेजे जाने चाहिए और किए गए वास्तविक निर्यातों पर आधारित दावों में शामिल नहीं होना चाहिए।

घरेलू दर-सूची में माल की बिक्री

(419. (1) घरेलू बाजार में अपने माल को बेचने के इच्छुक एककों को निर्यात आयुक्त से संपर्क करना चाहिए। उसे वैध आयात लाइसेंस या खुले सामान्य लाइसेंस के अधीन आने वाले के मद्दे घरेलू दर सूची क्षेत्र में संभरित की जाने वाली मद की मात्रा और यूनिट द्वारा लाइसेंसिंग वर्ष के दौरान उसी तारीख को यूनिट द्वारा उत्पादित उसी मद की मात्रा को भी दर्शाना चाहिए। आवेदन पत्र सीमा-शुल्क प्राधिकारी—बंधित क्षेत्र के केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिकारी द्वारा सत्यापित होना चाहिए।

(2) निर्यात आयुक्त के आज्ञा प्राप्त करने के पश्चात् खरीददार उस शतप्रतिशत निर्यात अभिमुख यूनिट के माध्यम से आवेदन पत्र दाखिल करे जिसे निम्नलिखित विधि के अनुसार ऐसे माल का संभरण करना है :—

(1) उन मदों के मामले में जिनके लिए बिक्री की प्रस्तावित तारीख को लागू आयात नीति के अधीन एक आयात लाइसेंस की आवश्यकता हो, तो ऐसी मदों की बिक्री के लिए आवेदन पत्र, घरेलू टैरिफ क्षेत्र (खरीदार) द्वारा प्राप्त वैध आयात लाइसेंस के साथ सम्बद्ध सीमाशुल्क/केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिकारी के पास दी जाए। यदि प्रस्तुत किया गया वैध आयात लाइसेंस (सों) में

शतप्रतिशत निर्यात अभिमुख यूनिट द्वारा बेची जाने वाली प्रस्तावित मदों के आयात शामिल हों तो संबद्ध सीमा-शुल्क/केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिकारी उपर्युक्त पैरा (ख) में संदर्भित निर्यात आयुक्त की अनुमति के अनुसरण में संभरण के मूल्य को लाइसेंस (सों) पर प्रविष्ट करने और उचित रूप से नामे डालने के बाद ऐसे संभरण के लिए अनुमति देगा। लाइसेंस को नामे डालते समय विस्तृत ब्यौरे ऐसे संभरण की तारीख, मदों का विवरण, मात्रा, मूल्य और भुगतान किए गए शुल्क का उल्लेख किया जाना चाहिए।

(2) यदि ऐसी बिक्री की तारीख को लागू नीति के अनुसार शतप्रतिशत निर्यात अभिमुख यूनिट द्वारा बेचे जाने वाले प्रस्तावित माल के लिए किसी आयात लाइसेंस की आवश्यकता न हो तो एक शतप्रतिशत निर्यात अभिमुख यूनिट जो बेचना चाहता हो, वह संबद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को रिलीज आदेश जारी करने के लिए आवेदन कर सकता है।

(3) रिलीज आदेश दो प्रतियों में जारी किया जाएगा और रिलीज आदेश का मूल्य उपर्युक्त पैरा 10 (ख) में उल्लिखित निर्यात आयुक्त की स्वीकृति के अनुपालन में लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा दाखिल किया जाएगा। माल की प्राप्ति और उसके मूल्य/मात्रा के लिए रिलीज आदेश धारक की जान पहचान करने के बाद शतप्रतिशत निर्यात अभिमुख एकक द्वारा रिहाई आदेश की मूल प्रति रख ली जाएगी। संबंध शतप्रतिशत निर्यात अभिमुख यूनिट द्वारा निर्यात के रूप में यह एक साक्ष्य होगा। निर्यात के उद्देश्य पर निःशुल्क मूल्य के रूप में समझे जाने वाला मूल्य वह मूल्य होगा जिसके लिए माल का संभरण कर दिया जाता है या रिलीज आदेश का मूल्य, इनमें जो भी कम हो, वही होगा।

उत्पादन के 25 प्रतिशत तक की विशेष अनुमति के अधीन बिक्री

420. (1) इस प्रयोजन के लिए जारी किए गए खुले सामान्य लाइसेंस के अधीन घरेलू दर सूची में अपने उत्पादन का 25% तक माल बेचने की अनुमति देने के लिए शत-प्रतिशत निर्यात अभिमुख यूनिटों के आवेदनों पर राजस्व विभाग द्वारा यथा अधिसूचित उपयुक्त सीमाशुल्क शुल्कों और अन्य करों के भुगतान की शर्त के अधीन मामले दर मामले पर गुणवत्ता के आधार पर विचार किया जाएगा। ऐसी बिक्री के लिए अनुमति मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात का कार्यालय, उद्योग भवन, नई दिल्ली में निर्यात आयुक्त द्वारा ऐसे मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसार दी जाएगी जो समय-समय पर निर्धारित किए जाएं।

(2) घरेलू दर-सूची क्षेत्र में माल का विक्रेता संबंधित माल पर उत्पाद शुल्क, बिक्री कर और ऐसे अन्य शुल्क/शुल्क जो उद्ग्राह्य हों, अदा करने के लिए देनदार होगा। ऐसी बिक्री अधिसूचना की शर्त के अधीन होगी जो राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा जारी की जाए या उनके द्वारा समय-समय पर अन्य अधिसूचना या अनुदेश जारी किए जाएं।

कर छूट

421. कर छूट का यह लाभ शतप्रतिशत निर्यात अभिमुख यूनिटों को अनुमित किया जाएगा जो निर्यात संवर्धन क्षेत्र मुक्त व्यापार क्षेत्र में स्थापित यूनिटों को अनुमेय है। यूनिटों द्वारा कर छूट का उपयोग उस यूनिट के उत्पादन के आरम्भ होने से पहले आठ वर्षों के दौरान पांच वर्षों के ब्लाक के लिए उनके विकल्प पर किया जा सकता है।

ग्रीन कार्ड

422. इस स्कीम के अधीन अनुमोदित यूनिट जो अपनी परियोजनाओं को स्थापित करने और उनको क्रियान्वित करने से संबंधित मामलों में वरीयता के व्यवहार की सुविधा के लिए पात्र हों, मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, नई दिल्ली के कार्यालय में निर्यात आयुक्त, को ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। ये ग्रीन कार्ड उन यूनिटों को जारी किए जाएंगे जिन्होंने अपनी परियोजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। ग्रीन कार्ड प्राप्त करने में संबंधित आवेदन पत्र इस पुस्तक के परिशिष्ट 23-ग में दिया गया है।

परिशिष्ट

परिशिष्ट 2क

आयात-निर्यातक कोड नंबर के आवेदन का प्रपत्र

भारत सरकार

वाणिज्य मंत्रालय

.........................का कार्यालय

आयात निर्यात कोड (आई० ई० सी०) के आवंटन और विद्यमान कम्पनी फर्म आदि के ब्यौरे में संशोधन के लिए आवेदन पत्र

नोट : 1. आवेदक शुल्क भुगतान के साक्ष्य के रूप में बैंक रसीद/डिमाण्ड ड्राफ्ट सहित निर्धारित प्रपत्र में किया जाना चाहिए।

2. आवेदन प्रपत्र साफ बड़े अक्षरों में लिखा/टाईप होना चाहिए।

3. आवेदन प्रपत्र की प्रत्येक प्रति प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा स्याही से हस्ताक्षरित होनी चाहिए।

4. आवेदन पत्र के पीछे यथा-निर्धारित समर्थित दस्तावेज जहां कहीं भी लागू हों, शामिल किए जाने चाहिए।

5. आवेदन पत्र में केवल आवेदक से सम्बन्धित सूचना ही भरी जाएं शेष पर लागू नहीं अंकित कर दिया जाए।

6. क्रम संख्या 1 से 4 में आने वाली मदों के अतिरिक्त संगत मदों को भरकर आवेदक के ब्यौरों के संशोधनों को भी इस प्रपत्र में प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

1. आवेदक का स्तर [1] नई आयात-निर्यात कोड सं० के लिए [2] स्तर के संशोधन के लिए

2. कम्पनी, फर्म का नाम आदि ____________________

3. कम्पनी, फर्म आदि का पता ____________________

नगर ____________________

के० शा० प्र० ____________________

पिन कोड [| | | | |]

4 शुल्क भुगतान का विवरण :—

(1) बैंक रसीद/डिमाण्ड ड्राफ्ट सं० ____________________

(2) जारी किए जाने की तिथि ____________________

दि०मा० मा० वर्ष वर्ष

(3) राशि (रुपयों में) ____________________

(4) जारी करने वाली ब्रांच ____________________

5. वर्तमान आयात निर्यात कोड सं० (यदि पहले आवंटित की गई है) [| | | | | | | | |]

6. वर्तमान आयात-निर्यात कोड सं० (यदि पहले आवंटित की गई है) ____________________

7. आर० बी० आई० कोड ____________________

8. कम्पनी फर्म आदि की स्थापना की तिथि ____________________

दि० दि० मा० मा० वर्ष वर्ष

परिशिष्ट 2क—जारी

9. कम्पनी/फर्म की श्रेणी कोड . . . . | 1 | सरकारी कं० | 2 | सार्वजनिक क्षेत्र लि० कं०

(कृपया उचित बक्से में निशान लगाएं) | 3 | प्राइवेट लि० कं० | 4 | स्वामित्व फर्म

| 5 | भागीदार फर्म | 6 | अन्य (कृपया निर्दिष्ट कीजिए)

10. पंजीकृत निर्यातक का प्रकार . . . . | 1 | व्यापार सदन | 2 | निर्यात सदन
(कृपया उचित बक्से में निशान लगाएं)

| 3 | व्यापारी निर्यातक | 4 | विनिर्माता निर्यातक

11. उस प्राधिकारी का नाम जिसके साथ पंजीकृत है
(केवल विनिर्माताओं के लिए लागू) . . . ——————————
(क) पंजीकरण सं०—————————— दिनांक | | | | | | | |

दिन मास वर्ष

(ख) औद्योगिक लाइसेंस सं०————(यदि कोई हो) दिनांक | | | | | | | |

दिन मास वर्ष

12. (क) क्या दुकान एवं स्थापना अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत है ? यदि हां तो— | हां | | नहीं |

पंजीकरण सं०—————————— दिनांक | | | | | | | |

दिन मास वर्ष

(ख) क्या बिक्री कर अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत है ? यदि हां तो— | हां | | नहीं |

पंजीकरण सं०—————————— दिनांक | | | | | | | |

दिन मास वर्ष

13. उन स्थानों का नाम जहां शाखा है (यदि चार से अधिक हों तो अतिरिक्त शीट जोड़ें)

1. —————— 1-क. देश —————— ख. नगर ——————
2. —————— 2-क. देश —————— ख. नगर ——————
3. —————— 3-क. देश —————— ख. नगर ——————
4. —————— 4-क. देश —————— ख. नगर ——————

क्या अतिरिक्त शीट जोड़ी है ? | हां | | नहीं |

14. निर्यात संवर्धन परिषद्/पण्य बोर्ड/भारतीय निर्यात संगठन का महासंघ आदि के साथ पंजीकरण, यदि पंजीकृत हों के ब्यौरे (यदि एक से अधिक के साथ पंजीकृत हों तो अतिरिक्त शीट जोड़ें)

(1) क. नाम——————————ख. कोड | | अनुबन्ध में दिये गए कोड के अनुसार

परिशिष्ट 2-क—जारी

ग. पंजीकरण सं० ———————— घ. किस तारीख तक वैध है

दिन	मास	वर्ष

ङ. उस अन्तिम उत्पाद का विवरण जिसके लिए पंजीकरण है (यदि छ: से अधिक हैं तो अतिरिक्त शीट जोड़ें)

विवरण	विवरण
1. ————	4. ————
2. ————	5. ————
3. ————	6. ————

क्या अतिरिक्त शीट जोड़ी है ? (छ अन्तिम उत्पादों में अधिक के लिए) [हां] [नहीं]

(2) क्या अतिरिक्त शीट जोड़ी है ? (एक पंजीकरण प्राधिकारी से अधिक के लिए) [हां] [नहीं]

15. कानूनी अस्तित्व के निदेशकों/प्रबन्ध बोर्ड में निदेशकों/साझीदारों/स्वामियों आदि के (यदि चार से अधिक हों तो अतिरिक्त शीट जोड़ें) विवरण।

1. क. नाम . . . . . ————
   ख. पिता का नाम . . . . ————
2. क. नाम . . . . . ————
   ख. पिता का नाम . . . . ————
3. क. नाम . . . . . ————
   ख. पिता का नाम . . . . ————
4. क. नाम . . . . . ————
   ख. पिता का नाम . . . . ————

क्या अतिरिणत शीट जोड़ी है ? . . . [हां] [नहीं]

1. मैं/हम एतद्द्वारा घोषणा करता हूं/करते हैं कि आवेदन पत्र और इसके साथ संलग्न दस्तावेजों में दी गई सूचना मेरी/हमारी जानकारी और विश्वास से सत्य और सही है और उसमें कुछ भी छिपाया नहीं गया है।

2. मैं/हम एतद्द्वारा घोषणा करता हूं/करते हैं कि यह आवेदन पत्र मेरे/हमारे द्वारा मुख्य/प्रधान कार्यालय की हैसियत से किया जाता है और मैंने/हमने मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात के किसी कार्यालय में इस नाम से पहले कोई भी आयातक-निर्यातक कोड सं० प्राप्त नहीं की है या कोई आवेदन पत्र दिया है।

हस्ताक्षर (प्राधिकृत व्यक्ति) ————

नाम ————

————

कार्यालय का पूरा पता ————

————

————

निवास का पूरा पता ————

————

————

स्थान ————

दिनांक ————

संलग्न किये जाने वाले समर्थक दस्तावेज

1. बैंक रसीद/डिमांड ड्राफ्ट शुल्क भुगतान के साक्ष्य स्वरूप।
2. उचित प्राधिकारी (लघु उद्योग एकक, महानिदेशक, तकनीकी विकास आदि) द्वारा किए गए पंजीकरण प्रमाण-पत्र की प्रति।
3. औद्योगिक लाइसेंस की प्रति।
4. निर्यात संवर्धन द्वारा किए गए पंजीकरण प्रमाण-पत्र की प्रति यदि उसके पास पंजीकृत हों।
5. आवेदन-पत्र के हस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में प्राधिकार पत्र ।

परिशिष्ट 2-क—जारी

क्रम संख्या पंजीकरण करने वाले प्राधिकारी का नाम	कोड
(1) (2)	(3)
1. इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद्	01
2. इलैक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्प्यूटर साफ्टवेयर एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल	02
3. रसायन और सह-उत्पाद निर्यात संवर्धन परिषद्	03
4. मूल रसायन, भेषज एवं सौन्दर्य प्रसाधन निर्यात संवर्धन परिषद्	04
5. प्लास्टिक एवं लिनोलियम निर्यात संवर्धन परिषद्	05
6. चमड़ा निर्यात परिषद्	06
7. खेल-कूद सामान निर्यात संवर्धन परिषद्	07
8. समुद्री उत्पाद निर्यात संवर्धन परिषद्	08
9. कृषि एवं संसाधित खाद्य पदार्थ निर्यात संवर्धन परिषद्	09
10. मसाला निर्यात संवर्धन परिषद्	10
11. हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्	11
12. कालीन निर्यात संवर्धन परिषद्	12
13. काजू निर्यात संवर्धन परिषद्	13
14. तम्बाकू बोर्ड	14
15. ऊन तथा ऊनी वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद्	15
16. कायर बोर्ड	16
17. सूती वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद्	17
18. वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद्	18
19. भारतीय रेशम निर्यात संवर्धन परिषद्	19
20. रत्न तथा आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद्	20
21. राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम	21
22. पटसन आयुक्त	22
23. सिंथेटिक एण्ड रेयन टेक्सटाइल एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउन्सिल	23
24. वनस्पति निदेशक	24
25. खादी एवं ग्राम उद्योग आयोग	25
26. शेलाक निर्यात संवर्धन परिषद्	26
27. चाय बोर्ड	27
28. ओवरसीज कन्स्ट्रक्शन काउन्सिल आफ इण्डिया	28

(1) (2)	(3)
29. हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद्	29
30. निर्यात संवर्धन अधिकारी, बम्बई	30
31. निर्यात संवर्धन अधिकारी, मद्रास	31
32. निर्यात संवर्धन अधिकारी, कलकत्ता	32
33. संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात (सी० एल० ए०), नई दिल्ली	33
34. राज्य के उद्योग निदेशक, अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह	34
35. राज्य के उद्योग निदेशक, अरूणाचल प्रदेश	35
36. राज्य के उद्योग निदेशक, लक्षद्वीप	36
37. राज्य के उद्योग निदेशक, मणिपुर	37
38. राज्य के उद्योग निदेशक, मिजोरम	38
39. राज्य के उद्योग निदेशक, नागालैंड	39
40. राज्य के उद्योग निदेशक, त्रिपुरा	40
41. राज्य के उद्योग निदेशक, जम्मू एवं काश्मीर	41
42. राज्य के उद्योग निदेशक, गोवा	42
43. राज्य के उद्योग निदेशक, मेघालय	43
44. राज्य के उद्योग निदेशक, दमन एवं दीव	44
45. फेडरेशन आफ इण्डियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशन	45
46. विकास आयुक्त, नोयडा निर्यात संसाधन क्षेत्र	46
47. विकास आयुक्त सीपज, बम्बई	47
48. विकास आयुक्त, कांडला मुक्त व्यापार क्षेत्र गांधीधाम, गुजरात	48
49. विकास आयुक्त, फाल्टा, निर्यात संसाधन क्षेत्र, कलकत्ता	49
50. विकास आयुक्त, मद्रास, निर्यात संसाधन क्षेत्र, मद्रास	50
51. विकास आयुक्त, कोचीन, निर्यात संसाधन क्षेत्र, कोचीन	51
52. सौल्वेण्ट एक्ट्रैक्शन एसोसियेशन आफ इण्डिया	52
53. ग्राउण्डनट एक्ट्रैक्शन निर्यात उत्पादन संघ	53
54. भारत का सोयाबीन संसाधन संघ	54
55. अखिल भारतीय काटनसीड क्रशर संघ	55
56. जूट विनिर्माण विकास परिषद्	56
57. काफी बोर्ड	57

परिशिष्ट—2ख

क्षेत्रीय लाइसेंस प्राधिकारियों की सूची (उनके डाक और तार पते तथा उनके क्षेत्राधिकार)

क्रम सं०	लाइसेंस प्राधिकारी	तार का पता	क्षेत्राधिकार
1	2	3	4
1.	संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, 4 एस्पलेनेड ईस्ट, कलकत्ता–700069	निआनिक्षेप्रा, कलकत्ता	पश्चिमी बंगाल, सिक्किम और अण्डमान और निकोबार का संघ शासित क्षेत्र।
2	संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात–निर्यात, न्यू सैन्ट्रल गवर्नमेंट आफिस बिल्डिंग, एस० ई० विंग, न्यू मरीन लाईन/चर्च गेट, बम्बई–400020	निआनिक्षेप्रा, बम्बई	महाराष्ट्र, दमन, दादर तथा नगर हवेली।
3.	संयुक्त मुख्य नियन्त्रक, आयात-निर्यात, 197, पीटरस रोड, रोयापेट्टा, मद्रास–600014	निआनिक्षेप्रा, मद्रास	तमिलनाडु।
4.	संयुक्त मुख्य नियन्त्रक, आयात-निर्यात, केन्द्रीय लाइसेंस क्षेत्र, पीयरलैस भवन, 6–7 आसफली रोड, नई दिल्ली–110002	निआनिक्षेप्रा, नई दिल्ली	दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के पांच जिले अर्थात् मेरठ, गाजियाबाद, बुलन्द-शहर, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर।
5.	संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात–निर्यात, 117/एल/444, काकादेव, कानपुर-208025	निआनिक्षेप्रा, कानपुर	उत्तर प्रदेश, उन क्षेत्रों को छोड़कर, जो संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात (केन्द्रीय लाइसेंस क्षेत्र), नई दिल्ली और उप-मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, वाराणसी और मुरादाबाद के क्षेत्राधिकार के अधीन हैं।
6.	संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात–निर्यात, 7वीं मंजिल, कावेरी भवन, पोस्ट बाक्स सं० 9688, बंगलौर–560006	निआनिक्षेप्रा, बंगलौर	कर्नाटक।
7.	संयुक्त मुख्य नियन्त्रक, आयात–निर्यात, "ए" ब्लाक, 11वीं मंजिल, गवर्नमेंट बहुमंजिली बिल्डिंग, लाल दरवाजा, अहमदाबाद–380001	निआनिक्षेप्रा, अहमदाबाद	गुजरात राज्य, किन्तु राजकोट और न्यू कांडला के कार्यालयों के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आने वाले स्थानों को छोड़कर।
8.	संयुक्त मुख्य निदेशक, आयात-निर्यात, 6–4–सी, ग्रीन फील्ड पखोवाल, लुधियाना।	कोनिम्पेक्सट्रा, लुधियाना	अमृतसर जिले को छोड़कर, पंजाब।
9.	उप-मुख्य नियंत्रक आयात–निर्यात, प्राधिकरण बाजार अवाम व्यावसायिक केन्द्र, सागर सराय, गलजारीमल धर्मशाला रोड, मुरादाबाद।	कोमिपेम्क्सट्रा, मुरादाबाद	मुरादाबाद, देहरादून, उत्तर-काशी, टेहरी–गढ़वाल, गढ़-वाल, चमोली, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, बिजनौर, नैनिताल और रामपुर।
10.	उप-मुख्य नियन्त्रक, आयात–निर्यात, लद्दा कम्पलैक्स (प्रथम तल), 5–8–196 से 207 (बी) नामपल्लि, हैदराबाद–500001	निआनिक्षेप्रा, हैदराबाद	आन्ध्र प्रदेश, किन्तु नियंत्रक, आयात तथा निर्यात विशाखापत्तनम के क्षेत्राधिकार में आने वाले क्षेत्रों को छोड़कर।
11.	उप-मुख्य नियंत्रक, आयात–निर्यात पी० बी० सं० 1129, चित्तूर रोड, एर्नाकुलम, कोचीन–6820011	निआनिक्षेप्रा, एर्नाकुलम	केरल राज्य और लक्षद्वीप के संघ शासित क्षेत्र।
12.	उप–मुख्य नियन्त्रक, आयात–निर्यात, तीसरी मंजिल, गुरुतेग बहादुर काम्प्लेक्स, न्यू मार्किट, भोपाल–46204	निआनिक्षेप्रा, भोपाल	मध्य प्रदेश।
13.	सहायक मुख्य नियंत्रक, आयात–निर्यात, सी० बी० आर० बिल्डिंग माल रोड, अमृतसर	कोनिम्पेक्सट्रा, अमृतसर	अमृतसर जिला।

परिशिष्ट—2ख—(जारी)

1	2	3	4
14.	उप-मुख्य नियन्त्रक, आयात-निर्यात, उद्योग भवन, तिलक मार्ग, जयपुर-302005	निआनि क्षे प्रा, जयपुर	राजस्थान
15.	उप-मुख्य नियन्त्रक, आयात-निर्यात आर० जी० बरुआ रोड, गोहाटी-781024	निआनिक्षेप्रा, गोहाटी	असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैण्ड और मणिपुर।
16.	उप-मुख्य नियंत्रक, आयात एवं निर्यात, म्युनिसिपल नं० एस एम 15/121, रिशिपट्टन मार्ग,(पहली मंजिल), सारनाथ, वाराणसी-221007 (उ०प्र०)	कोनिमनिक्स्टा, वाराणसी	वाराणसी, मिर्जापुर, गाजीपुर, जौनपुर, आजमगढ़, बलिया, देवनागरिया, गोरखपुर और बस्ती।
17.	उप-मुख्य नियन्त्रक आयात-निर्यात, देसाई बिल्डिंग, भूपेन्द्र रोड, न्यू टाउन हाल, राजकोट-360001	निआनिक्षेप्रा, राजकोट	सौराष्ट्र के नाम से जाने वाले गुजरात राज्य के जिले (कच्छ को छोड़कर) और दमन और द्वीप के केन्द्र शासित प्रदेश में, द्वीप।
18.	उप-मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात, रेजिडेंसी रोड, श्रीनगर-180001	निआनिक्षेप्रा, श्रीनगरर	जम्मू और कश्मीर टिप्पणी :—शरद ऋतु में उप-मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, रेजिडेंसी रोड, श्रीनगर द्वारा समय-समय पर की जाने वाली घोषणा के अनुसार प्रत्येक मास में 7 दिनों के लिए जम्मू (प्रदर्शनी ग्राउन्ड) में एक शिविर कार्यालय कार्य करेगा।
19.	नियन्त्रक ,आयात-निर्यात, मेरेलो बिल्डिंग, शिलांग, मेघालय-790001	निआनिक्षेप्रा, शिलांग	मेघालय, त्रिपुरा तथा मिजोरम।
20.	नियन्त्रक, आयात-निर्यात, आशीर्वाद बिल्डिंग, समताप्लेज पंजिम (गोवा)-403001	निआनिक्षेप्रा, पंजिम	गोवा।
21.	नियन्त्रक, आयात-निर्यात, प्रशासनिक बिल्डिंग, कांडला मुक्त व्यापार क्षेत्र, गांधीधाम, (कच्छ)-370301	निआनिक्षेप्रा, न्यू कांडला	गुजरात का कच्छ जिला और न्यू कांडला मुक्त व्यापार क्षेत्र।
22.	सहायक मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, विसकोमन भवन, पटना-800001	निआनिक्षेप्रा, पटना	बिहार।
23.	नियन्त्रक, आयात-निर्यात, सैक्टर 35, एस० सी० ओ०-288, चंडीगढ़-160023	निआनिक्षेप्रा, चंडीगढ़	हिमाचल प्रदेश और संघ शासित प्रदेश, चंडीगढ़।
24.	सहायक मुख्य नियन्त्रक, आयात-निर्यात, चौलिया गंज, नया बाजार, कटक-753004	निआनिक्षेप्रा, पकटक	उड़ीसा।
25.	उप-विकास आयुक्त (विकास), इलैक्ट्रानिक्स निर्यात संसाधन क्षेत्र, सांताक्रुज, बम्बई	सीप्रोजोन, बम्बई	इलैक्ट्रानिक्स निर्यात संसाधन सांताक्रुज, बम्बई, (सीपज)।
26.	नियन्त्रक, आयात तथा निर्यात, पी० बी० नं० 14, पांडिचेरी-605001	निआनिक्षेप्रा, पांडिचेरी	पांडिचेरी संघ शासित प्रदेश करैक्ल, माहे और यनम।
27.	सहायक मुख्य आयात तथा निर्यात, डोर सं० 43-9-166, प्रथम तल टी० एस० एन० कालोनी, विशाखापत्तनम-530016	निआनिक्षेप्रा, विशाखापत्तनम	आन्ध्र प्रदेश का सिरिकाकुलम से विशाखापत्तनम पूर्वी गोदावरी और पश्चिमी। गोदावरी जिले।
28.	सहायक मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, सनराईज बिल्डिंग, 104, विन रोड, तूतीकोरिन-628001	निआनिक्षेप्रा, तूतीकोरिन	कन्याकुमारी, तिरुनेवेली रामानापुरम, तथा मदुरै।

परिशिष्ट-2ग

आयात आवेदनपत्र शुल्क तथा अन्य आई.टी.सी. निक्षेप जमा करने/वापस लेने के लिए प्रक्रिया

शुल्क का भुगतान

(1) (क) जब तक कि आवेदक को आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 के खंड 4 के अंतर्गत शुल्क की अदायगी से छूट प्राप्त न हो जाए, तब तक आयात लाइसेंस/सीमा शुल्क निकासी परमिट के लिए प्रत्येक आवेदन पत्र के साथ सेंट्रल बैंक आफ इंडिया द्वारा विधिवत मोहर लगाई हुई बैंक रसीद की दो प्रतियां होनी चाहिए जिनमें आयात (नियंत्रण) आदेश की अनुसूची-3 के अनुसार निर्धारित अनुपात में शुल्क निक्षेप का हवाला दिया गया हो। निक्षेप संगत प्रपत्र/खजाना चालान 6 के साथ साथ किया जाना चाहिए जिसमें नीचे संकेतिक अनुसार लेखा शीर्षक स्पष्ट रूप से दर्शाया जाए :—

(ख) इम्पोर्ट लाइसेंस एप्लीकेशन फी-सबोर्डीनेट टू दी मेजर हैड 1453 फोरन ट्रेड एण्ड एक्सपोर्ट प्रोमोशन—माइनर हैड—102—इम्पोर्ट लाइसेंस एप्लीकेशन फी होगा । बैंक रसीद में विभाग का नाम उदाहरणार्थ—"आयात एवं निर्यात व्यापार नियंत्रण संगठन" और आयात लाइसेंस प्रदान करने के लिए आवेदन-पत्र के ब्यौरे दिए जाने चाहिएं अर्थात चालान प्रपत्र के कालम के पूरे ब्यौरे में उस लाइसेंस अवधि और मूल्य सहित माल का विवरण दिया जाना चाहिए जिसके लिए लाइसेंस मांगा गया है। बैंक रसीद संबंधित वेतन एवं लेखा कार्यालय के स्थान को बताते हुए वेतन एवं लेखा अधिकारी (आयात एवं निर्यात) के नाम में होनी चाहिए । खजाना चालान संबंध वेतन एवं लेखा अधिकारी का स्टेशन बताते हुए वेतन एवं लेखा अधिकारी (आयात एवं निर्यात) के नाम में भेजनी चाहिएं । आवेदन-पत्र में बैंक रसीद का विवरण भी दिया जाना चाहिए जिसके अन्तर्गत अपेक्षित शुल्क का निक्षेप किया गया है । निक्षेप सेंट्रल बैंक आफ इण्डिया की किसी भी उस शाखा में किया जाना चाहिए जो आवेदन शुल्क और अन्य आयात व्यापार नियंत्रण निक्षेप जमा करने के लिए प्राधिकृत की गई हो। सेंट्रल बैंक आफ इण्डिया की उन शाखाओं की एक सूची इस परिशिष्ट में दिखाई गई है जो आवेदन-पत्र शुल्क और अन्य आयात व्यापार निक्षेप प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत की गई है। इस प्रकार का शुल्क विदेश स्थित भारतीय दूतावासों में भी निष्पादित किया जा सकता है।

(ग) किसी भी मामले में शुल्क खजाने में जमा नहीं किया जाना चाहिए। खजाने की रसीद स्वीकार नहीं की जाएगी।

(घ) चालन फार्म टी आर-6 इस परिशिष्ट के उपाबंध-4 में दिया गया है।

बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम् से प्रेषण की सुविधा

(2) (क) लेकिन, यदि आवेदक किसी ऐसे जिले में स्थित है जहां सेण्ट्रल बैंक आफ इण्डिया की कोई भी प्राधिकृत शाखा नहीं है, तो उसके लिए आवेदन शुल्क और अन्य आयात व्यापार नियंत्रण निक्षेपों के प्रेषण की सुविधा अनुसूचित बैंक के लिए क्रास किए गए बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से भी उपलब्ध होगी। अपेक्षित धनराशि के लिए ऐसे डिमांड ड्राफ्ट उस संबद्ध लाइसेन्स प्राधिकारी के नाम में किए जाएंगे जो बैंक ड्राफ्ट को उस जगह के सेंट्रल बैंक में जमा करेगा जहां उसका बैंक खाता हो। ऐसी जगह जहां सेंट्रल बैंक आफ इण्डिया की कोई शाखा न हो तो लाइसेंस प्राधिकारी के नाम में प्राप्त किए गए डिमांड ड्राफ्ट सरकारी लेखे में जमा करने के लिए सम्बद्ध वेतन एवं लेखा अधिकारी को पृष्ठांकित किए जा सकते हैं । विभिन्न वेतन एवं लेखा अधिकारियों का क्षेत्राधिकार भी इस परिशिष्ट में बाद में संकेतित किया गया है।

(ख) जहां कहीं डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से प्रेषण की सुविधा का उपयोग किया जाता है, तो क्रास डिमांड ड्राफ्ट को आवेदन-पत्र के साथ नत्थी करके संबंधित लाइसेंस प्राधिकारी के पास भेज दिया जाना चाहिए ।

शुल्क के भुगतान से छूट

(3) (क) आवेदक की वे श्रेणियां जिन्हें शुल्क अदा करने से छूट मिली हुई है, आयात (नियंत्रण) आदेश 1955 की धारा 4 में दी गई है । उन आवेदन-पत्रों पर भी कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा, जहां आयात किया जाने वाला माल आवेदकों के व्यक्तिगत उपयोग के लिए है, (अर्थात उन प्रयोजनों के लिए जो व्यापार अथवा विनिर्माण से संबंधित नहीं है) चाहे माल का मूल्य जो भी हो । किन्तु यह छूट कार और अन्य परिवहन के आयात के लिए लागू नहीं है ।

(ख) जहां कहीं, आवेदक को शुल्क की अदायगी से छूट मिली हुई है, उसे अपने आवेदनपत्र में बैंक रसीद/बैंक ड्राफ्ट सं. और दिनांक से संबंधित कालम में स्पष्ट रूप से उल्लेख करना चाहिए और जिस प्रावधान के अन्तर्गत उसको ऐसी छूट मिली हुई है, उसका भी संकेत करना चाहिए ।

जहां बैंक रसीद खो जाती है

ऐसे मामलों में जहां ऊपर धारा (1) (क) में संदर्भित बैंक रसीद की दो प्रतियां आवेदक द्वारा खो गई हों, आवेदक को इस संबंध में स्टाम्प कागज पर एक शपथ पत्र दाखिल करना चाहिए कि संबंधित बैंक रसीद की दो प्रतियां खो गई या अस्थानस्थ हो गई है और उनका किसी अन्य तरीके से उपयोग नहीं किया गया है । आगे उसे इस बात का भी उल्लेख करना चाहिए कि यदि बाद में बैंक रसीद की उक्त प्रतियां (या बैंक रसीद दो में से कोई एक प्रति) मिल गई तो उसे सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को

लौटा दिया जाएगा और उसका किसी भी अन्य तरीके से उपयोग नहीं किया जाएगा । बैंक रसीद के ब्यौरे अर्थात् लाइसेंस अवधि प्रेषित की गई धनराशि भुगतान की तिथि आदि का भी शपथ पत्र में हवाला दिया जाना चाहिए ।

आवेदन-पत्र शुल्क की वापसी

(क) आयात (नियंत्रण) आदेश की धारा 4 में विशिष्टकृत परिस्थितियों को छोड़कर, एक बार जमा किया गया आवेदन शुल्क वापस नहीं किया जाएगा ।

(ख) जहां आवेदक आवेदन शुल्क वापसी का हकदार है, वहां इस परिशिष्ट में दिए गए निर्धारित प्रपत्र में आवेदन शुल्क वापसी के लिए एक आवेदन-पत्र उस लाइसेंसिंग प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जाना चाहिए जिसके क्षेत्राधिकार में शुल्क की अदायगी की गई है । वापसी के लिए आवेदन-पत्र देते समय, ऐसी वापसी के लिए आवेदन-पत्र के साथ बैंक रसीद (दो प्रतियां) की दोनों प्रतियां संलग्न की जानी चाहिए ।

जिस मामलों में बैंक रसीद की उक्त प्रतियां लाइसेंस के लिए आवेदन-पत्र के साथ संलग्न की गई हैं, उनमें बैंक रसीद की तीसरी प्रति प्रस्तुत की जानी चाहिए । सभी मामलों में बैंक रसीद की तारीख और संख्या तथा जिस बैंक में शुल्क जमा किया गया है उसका नाम दिया जाना चाहिए ।

(ग) शुल्क वापसी के ऐसे मामलों में जहां धनराशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा की गई है तो इसके अतिरिक्त आवेदक को निम्नलिखित सूचना भेजनी चाहिए :—

(1) डिमांड ड्राफ्ट की सं. और जारी करने की तारीख ।

(2) उस बैंक का नाम और शाखा का पता जिसने डिमांड ड्राफ्ट जारी किया था ।

(3) वह बैंक जिसके लिए डिमांड ड्राफ्ट भेजा गया है (अर्थात् भुगतान करने वाला बैंक) ।

(4) उस व्यक्ति का नाम जिसके नाम में डिमांड ड्राफ्ट देय किया गया था ।

आवेदन-पत्र प्राप्त होने पर लाइसेंस अधिकारी संबंधित वेतन एवं लेखा अधिकारी से यह सत्यापन करने के बाद धन वापसी की मंजूरी प्रदान करेगा कि विषयाधीन धनराशि भारत सरकार के लेखे में जमा करा दी गई है ।

साधारणतः शुल्क वापसी के लिए किसी भी आवेदन-पत्र को तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा जब तक कि आवेदक द्वारा शुल्क वापसी का दावा करने के पूरे कारणों का उल्लेख न किया जाए और शुल्क वापसी, जमा करने के एक वर्ष के भीतर ही मांगी गई हो । लेकिन, वास्तविक मामलों में, लाइसेंस प्राधिकारी देरी के लिए माफी दे सकते हैं किन्तु किसी भी मामले में शुल्क वापसी के लिए आवेदन-पत्र पर शुल्क वापसी का दावा करने की तिथि से तीन वर्ष व्यतीत होने के बाद विचार नहीं किया जाएगा।

(घ) 1-7-1976 से पहले खजाने में जमा की गई धनराशि की वापसी के मामले में, शुल्क वापसी के लिए आवेदन-पत्र में बैंक रसीद संख्या आदि के बजाए खजाना चालान की संख्या एवं दिनांक और खजाने का नाम लिखा होना चाहिए । ऐसे मामलों में, भुगतान के लिए वेतन एवं लेखा अधिकारी को वापसी बिल भेजने से पहले मूल जमा धनराशि का सत्यापन किया जाना चाहिए और संबंधित खजाना अधिकारी द्वारा वापसी को नोट कर दिया जाना चाहिए ।

(ङ) शुल्क वापसी के लिए आवेदन-पत्रों पर विचार करते समय, लाइसेंस प्राधिकारी आवेदक से कोई भी सूचना ब्यौरा मांग सकते हैं ।

(च) ऐसे मामलों में, जहां आवेदक से मूल बैंक रसीद खो गई हो, वहां लाइसेंस प्राधिकारी इस तथ्य के समर्थन में बैंक या वेतन एवं लेखा अधिकारी (आयात एवं निर्यात) से यह प्रमाण-पत्र भी स्वीकार कर सकते हैं कि धनराशि जमा कर दी गई है । ऐसे मामलों में, जहां मूल रसीद उपलब्ध नहीं है तो आवेदक को उपयुक्त तथा उल्लिखित ब्यौरे देते हुए शपथ-पत्र दाखिल करना पड़ेगा ।

